कार्तिक कृष्ण पक्ष सप्तमी 01:19 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 23 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 74, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मोदी-पुतिन के बीच वैश्विक परिदृश्य पर चर्चा 16

कार्तिक की भूल-भुलैया-3 का ट्रैक जाना समझो ना रिलीज 15

## व्यापारी नेता कंछल के बेटे-बहू को 2 वर्ष की कैद

### कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में 24.10 लाख का अर्थदंड भी लगाया

- लखनऊ में प्लाट दिलाने के नाम पर 20 लाख ठगी का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** पूर्व राज्यसभा सदस्य व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के बेटे-बहू को चेक बाउंस के मामले में न्यायालय ने दो साल की सजा एवं 24.10 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोप है कि लखनऊ में प्लाट दिलाने के नाम पर व्यापारी नेता के बेटे व बहू ने 20 लाख रुपये की ठगी की थी और रकम वापसी के लिए जो चेक दी थी वो बाउंस हो गई।

धोखाधड़ी का यह मामला करीब पांच साल पुराना है। सर्वोदयनगर निवासी चार्टर्ड अकाउंटेंट सुखदेव सिंह ने बताया कि बनवारी लाल कंछल के बेटे अमित व बहू अपर्णा की शिवांश इंफ्रास्टेट प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी है। कंपनी ने लखनऊ में आर्चिड रेजीडेंसी के नाम से योजना लांच की थी। जिसमें 1000 स्क्वॉयर फीट का प्लाट 10 लाख रुपये में देने की बात थी। सुखदेव सिंह ने अपनी पत्नी पूनम के नाम से चार प्लाट बुक कराए थे। एडवांस 20 लाख रुपये दिए थे। बाद में न प्लाट मिला न रुपये लौटाए गए। काकादेव थाने में तहरीर दी तो अमित कंछल ने समझौते के लिए बुलाकर मूल रकम और 3 लाख रुपये ब्याज का चेक दिया, लेकिन चेक भी बाउंस हो गई। सुखदेव की पत्नी पूनम ने चेक बाउंस का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पीठासीन अधिकारी अतिरिक्त न्यायालय सुरेश चंद्र सविता की कोर्ट ने कंपनी के डायरेक्टर अमित कंछल और उनकी पत्नी अपर्णा अग्रवाल को 2 साल की सजा एवं 24.10 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज बनाने का लक्ष्य : योगी

### योगी ने एसजीपीजीआई में 1147 करोड़ की स्वास्थ्य परियोजनाओं की शुरुआत की

- पीजीआई में खुला बच्चों के लिए प्रदेश का पहला हार्ट सेंटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जब हर जगह से मरीज को निराशा मिलती है तो उसे पीजीआई में बेड की आस होती है। ऐसे में पीजीआई में मरीजों का लोड अधिक रहता है। मरीजों को बेड न मिलने के अभाव में इलाज बाधित होता है। इसलिए सरकार का हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाने का लक्ष्य है। सभी मेडिकल कॉलेजों को टेली आईसीयू से जोड़ने का भी प्रयास है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान एसजीपीजीआई में 1147 करोड़ रुपये से बनी चार परियोजनाओं का उद्घाटन और तीन का शिलान्यास किया। टेली आईसीयू, एडवांस डायबिटीज सेंटर, सलोनी हार्ट फाउंडेशन के सहयोग से बने बच्चों का हार्ट सेंटर और कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी छात्रावास का लोकार्पण किया। एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर, सलोनी हार्ट सेंटर के सेकेंड फेज और रैन बसेरा का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री चिकित्सा शिक्षा मयंकेश्वर शरण सिंह आदि मौजूद थे।



सलोनी हार्ट सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री योगी।

#### प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में उत्कृष्ट आईसीयू सुविधा

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पीजीआई में खुले टेली आईसीयू से अभी प्रदेश के 6 मेडिकल कॉलेज जुड़े हैं। आगे सभी जिलों के मेडिकल कालेजों को इससे जोड़ा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कोरोना काल में 36 जिले ऐसे थे जहां सिर्फ एक या दो आईसीयू बेड ही थे। हर जिले में आईसीयू स्थापित करना था।

#### बच्चों का दर्द नजदीक से किया है महसूस

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रदेश में बच्चों से जुड़ी बीमारियों को नजदीक से देखा है। लगातार वह स्वास्थ्य व्यवस्था में बच्चों के लिए सेंटर खोलने के प्रयास कर रहे थे। सलोनी फाउंडेशन की मदद से पीजीआई में सलोनी हार्ट सेंटर का प्रथम चरण खोला गया, आगे इसका और विस्तार होगा। साथ ही एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर का भी शिलान्यास किया गया है जो 575 बेड का होगा और उसमें 22 विभाग रहेंगे। ऐसे में बच्चों का प्रदेश में ये पहला स्वास्थ्य संस्थान बन जाएगा।

### एक नजर

#### आतंकी हमले की जांच में 40 संदिग्धों से पूछताछ

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के गगनगीर में हुए आतंकवादी हमले की जांच के सिलसिले में जांचकर्ताओं ने पूछताछ के लिए 40 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इस हमले में सात लोग मारे गए थे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि हमलावरों ने हमले की साजिश बहुत सावधानी से रची थी और आतंकवादी सहयोगी नेटवर्क के समर्थन के कारण वे अपने मंसूबों को अंजाम देने में सफल रहे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम उन्हें देर-सबेर पकड़ ही लेंगे। हमने पूछताछ के लिए कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

#### तीस्ता सीतलवाड़ को मिली एम्सटर्डम जाने की अनुमति

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को 14 से 24 नवंबर तक अंतर्राष्ट्रीय वृत्तचित्र फिल्म महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए एम्सटर्डम जाने की अनुमति दे दी। महोत्सव के आयोजकों ने उनकी वृत्तचित्र फिल्म 'साइकल महेश' के लिए समारोह में आने का न्योता दिया है। न्यायमूर्ति बीआर.गवई और न्यायमूर्ति केवी. विश्वनाथन की पीठ ने सीतलवाड़ की अर्जी मंजूर कर ली। शीर्ष अदालत ने 2002 के गोधरा दंगों के बाद निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मामले में सीतलवाड़ को जुलाई 2023 में नियमित जमानत दे दी थी।

# रूस-यूक्रेन संघर्ष खत्म करने को भारत हर संभव सहयोग को तैयार

### ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने कजान पहुंचे प्रधानमंत्री ने पुतिन से की बातचीत

- मोदी ने कहा-समस्या का समाधान युद्ध नहीं, शांतिपूर्ण तरीके से किया जाए

कजान (रूस), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत के दौरान कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए और भारत इसके लिए हर संभव सहयोग देने को तैयार है। मोदी ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस के कजान शहर में पहुंचने के कुछ घंटों बाद पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

प्रधानमंत्री मोदी ने टेलीविजन पर प्रसारित अपनी शुरुआती टिप्पणी में पुतिन से कहा कि भारत क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली का पूर्ण समर्थन करता है। मोदी ने यह भी कहा कि पिछले तीन महीनों में रूस की उनकी दूसरी यात्रा दोनों देशों के बीच घनिष्ठ तालमेल और गहरे विश्वास को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष के मुद्दे पर लगातार संपर्क में हैं। जैसा कि मैंने पहले कहा, हमारा मानना है कि समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए।



कज़ान में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी।

उन्होंने कहा कि हम शांति और स्थिरता की जल्द बहाली का पूर्ण समर्थन करते हैं। हमारे सभी प्रयास मानवता को प्राथमिकता देते हैं। भारत आने वाले समय में हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे पास इन सभी मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर है। पुतिन ने रूस और भारत के बीच व्यापार की अच्छी स्थिति का उल्लेख किया। अपने संबोधन में मोदी ने जुलाई में मॉस्को में पुतिन के साथ अपनी शिखर वार्ता का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हमारे वार्षिक शिखर सम्मेलन के परिणामस्वरूप हर क्षेत्र में सहयोग मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन को बधाई देते हुए कहा कि कई देश अब इस समूह में शामिल होना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए कजान जैसे खूबसूरत शहर में आने का अवसर मिलना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। इस शहर के साथ भारत के गहरे और ऐतिहासिक संबंध हैं। उन्होंने कहा कि कजान में भारत के नए वाणिज्य दूतावास के खुलने से ये संबंध और मजबूत होंगे। समझा जाता है कि बैठक में यूक्रेन विवाद पर प्रमुखता से चर्चा हुई।

मॉस्को में नौ जुलाई को शिखर वार्ता में मोदी ने पुतिन से कहा कि यूक्रेन विवाद का समाधान युद्ध के मैदान में संभव नहीं है तथा बम और गोलियों के बीच शांति प्रयास सफल नहीं होते। कुछ सप्ताह बाद प्रधानमंत्री यूक्रेन गए थे।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ अपनी बातचीत में मोदी ने कहा था कि यूक्रेन और रूस को बिना समय बर्बाद किए युद्ध को समाप्त करने के लिए बैठकर बातचीत करनी चाहिए तथा भारत क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार है। भारत यह कहता रहा है कि यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से हल किया जाना चाहिए।

## अयोध्याः छावनी परिषद के कर्मचारी को सीबीआई ने पकड़ा

- सीबीआई लखनऊ की एंटी करप्शन शाखा ने मंगलवार को की कार्रवाई

**लखनऊ।** सीबीआई लखनऊ की एंटी करप्शन शाखा की टीम ने मंगलवार को अयोध्या छावनी परिषद के मेठ को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते दबोच लिया। उसे बुधवार को लखनऊ की सीबीआई कोर्ट में पेश किया जाएगा।

सीबीआई सूत्रों के मुताबिक मैनपुरी निवासी शिवम आयोध्या छावनी परिषद से नीलामी के माध्यम से 1,37,500 रुपये कीमत की लकड़ी खरीदी थी। इसका अनुमति पत्र जारी करने के लिए मेठ विजय कुमार 15 हजार रुपये रिश्वत मांग रहा था। शिवम ने इसकी शिकायत सोमवार को सीबीआई की एंटी करप्शन शाखा में की। इसके बाद एक टीम को विजय कुमार को ट्रैप करने के लिए अयोध्या भेजा गया। मंगलवार शाम को छावनी परिषद कार्यालय में जैसे ही विजय कुमार ने शिवम से रिश्वत के 10 हजार रुपये हाथ में पकड़े। सीबीआई के अधिकारियों ने दबोच लिया। सीबीआई की टीम उससे छावनी परिषद में पूछताछ कर रही है। टीम उससे पूछताछ में जानकारी हासिल करने में जुटी है कि उसने किस अधिकारी के इशारे पर रिश्वत मांगी थी। विजय को लखनऊ की सीबीआई कोर्ट में बुधवार को पेश करने की बात सामने आई है।

## ईमानदार नेतृत्व व आक्रामक हिंदुत्व से सधेगा उत्तर प्रदेश

- लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार भागवत और योगी में ढाई घंटे चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मथुरा

अमृत विचारः आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मथुरा के एक छोटे से गांव में बंद कमरे में करीब ढाई घंटे मंथन किया। इस दौरान न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि देश के राजनीतिक हालात समेत सांस्कृतिक जागरण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। भागवत ने लोकसभा चुनाव में आशानुरूप परिणाम न आने पर सीख लेने के साथ 9 सीटों पर हो रहे उप चुनाव के साथ ही वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में एकजुट ईमानदार नेतृत्व और आम आदमी के विकास के साथ आक्रामक हिंदुत्व के एजेंडे पर चलने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री मंगलवार को मथुरा में कान्हा के जन्मस्थान पर दर्शन-पूजन और ब्रज विकास परिषद की बैठक के बाद संघ प्रमुख मोहन भागवत से मिलने परखम स्थित दीनदयाल गो विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र गऊ पहुंचे। योगी और भागवत ने बंद कमरे में मुलाकात की। इस दौरान कमरे में किसी को जाने की इजाजत नहीं थी। सूत्रों के अनुसार मथुरा में संघ प्रमुख और योगी की ढाई घंटे तक बंद कमरे में चर्चा हुई। लोकसभा चुनाव के बाद यह पहला मौका था जब मोहन भागवत और योगी ने एक साथ मंथन किया। प्रदेश में 9 सीटों पर हो रहे उप चुनाव के बीच यह मुलाकात बेहद अहम है। दोनों के बीच भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व और संघ की इकाईयों से मिल रहे सहयोग समेत राजनीतिक-सामाजिक और विकास कार्यों समेत हिंदुत्व के मुद्दों पर चर्चाएं हुई। सूत्रों के अनुसार लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस के बीच हुए गठबंधन ने 80 में से 43 सीटें कैसे जीती, इस परिणाम के पीछे के निहितार्थ भी तलाशे गए।

#### ब्रज तीर्थ विकास परिषद को योगी ने दी 133 करोड़ रुपये की परियोजनाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र ब्रजतीर्थ विकास परिषद की सातवीं बोर्ड बैठक में 133 करोड़ की 8 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की। बैठक में परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत प्रस्तावित यह परियोजनाएं हैं। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए योगी ने डीएपी, यूरिया, एनपीके तथा एमओपी के डिमाण्ड के संबंध में जानकारी भी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि जनपद से डीएपी की कालाबाजारी पर रोक लगाएं। मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बाद में जनप्रतिनिधियों संग भी बैठक की।

## बहराइच हिंसा : बुलडोजर कार्रवाई पर रोक



- आरोपियों की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में हिंसा और दंगों में कथित रूप से शामिल आरोपियों के खिलाफ 'बुलडोजर' चलाने की प्रस्तावित कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई की जाएगी। फिलहाल बुलडोजर कार्यवाही पर रोक लग गयी है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह और अन्य वकीलों की शीघ्र सुनवाई करने की गुहार स्वीकार करते हुए इस मामले को 23 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कथित रूप से दंगों में शामिल लोगों के खिलाफ तोड़-फोड़ की कार्रवाई इस आधार पर करना चाहती है कि उनका निर्माण अवैध है। इस पर पीठ ने कहा कि आप इस अदालत द्वारा पारित आदेशों से अवगत हैं। यदि वे (राज्य सरकार) इन आदेशों का उल्लंघन करने का जोखिम उठाना चाहते हैं, तो यह उनकी पसंद है। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज से कहा कि उसे बुधवार तक कोई कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। इस पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने सहमति जताते हुए कहा कि हम कुछ नहीं करेंगे। उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) ने बहराइच जिले के एक गांव में धार्मिक जुलूस के दौरान संगीत बजाने को लेकर कथित रूप से सांप्रदायिक हिंसा में शामिल तीन लोगों की अचल संपत्ति के ध्वस्तीकरण के लिए नोटिस जारी किया है।

#### उप्र मदरसा कानून संबंधी अपीलों पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जिसमें मदरसों के संबंध में 2004 के उत्तर प्रदेश कानून को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के उल्लंघन के आधार पर असंवैधानिक घोषित किया गया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने लगभग दो दिन तक उत्तर प्रदेश सरकार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज के अलावा आठ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनीं और इसके बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 22 मार्च को उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के प्रति उल्लंघनकारी करार देते हुए उसे असंवैधानिक करार दिया था।

### सीएए विरोधी प्रदर्शन

## अखिल गोगोई के खिलाफ यूएपीए के तहत आरोप तय

**गुवाहाटी।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शनों में कथित भूमिका को लेकर असम के विधायक अखिल गोगोई और उनके तीन सहयोगियों के खिलाफ मंगलवार को सख्त गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की प्रासंगिक धाराओं के तहत आरोप तय किए। अदालत ने पहले इस मामले में चारों आरोपियों को 'क्लीन चिट' दे दी थी।

## यूपीआरएनएन के परियोजना प्रबंधक के नोएडा समेत छह ठिकानों पर विजिलेंस ने की छापेमारी

- मार्च में विजिलेंस लखनऊ थाने में दर्ज हुई थी आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आय से अधिक संपत्ति के मामले में विजिलेंस टीम ने मंगलवार को यूपीआरएनएन के परियोजना प्रबंधक राजवीर सिंह के नोएडा सेक्टर 105 स्थित आवास व सेक्टर 63 में यूपीआरएनएन के कार्यालय के अलावा चार अन्य ठिकानों पर छापेमारी कर कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए।

राजवीर के खिलाफ इसी वर्ष मार्च माह में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की रिपोर्ट विजिलेंस थाने में दर्ज की गई थी। लखनऊ के विजिलेंस थाने में उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम (यूपीआरएनएन) परियोजना प्रबंधक राजवीर सिंह के खिलाफ 11 मार्च को इंस्पेक्टर रामचंद्र चौधरी ने आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कराया था। जांच में पाया गया कि 2019 में पद पर रहते हुए राजवीर सिंह ने 1,78,27,143 रुपये वेतन के रूप में अर्जित किए। वहीं 2,67,32,462 रुपये खर्च कर दिए। जांच में आय से 89,05,319 लाख रुपये अधिक खर्च अधिक पाया गया था। बसपा सरकार में हुए स्मारक घोटाले में परियोजना प्रबंधक आरोपी हैं। विजिलेंस की टीम इसकी भी जांच कर रही है।

#### स्मारक घोटाला : भाजपा विधायक से होगी पूछताछ

**लखनऊ।** बसपा सरकार में हुए 1400 करोड़ रुपये के स्मारक घोटाले में भाजपा विधायक त्रिभुवन राम से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पूछताछ करेगी। इसके लिए उनको नोटिस भेजा गया है। त्रिभुवन राम बसपा सरकार में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता रहे। वर्तमान में वे भाजपा के टिकट पर वाराणसी के अजगरा सीट से विधायक हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने इनके अलावा खनन विभाग के तत्कालीन संयुक्त निदेशक एवं सलाहकार सुहैल अहमद फारुखी को भी नोटिस भेजा है। सूत्रों की मानें तो दोनों से दीपावली से पहले पूछताछ की जाएगी।

## फिर मिली 30 उड़ानों में बम की धमकी

- धमकी के बाद इंडिगो की तीन उड़ानों का मार्ग बदला गया
- एक सप्ताह के दौरान 120 से अधिक विमानों को धमकियां

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित करीब 30 घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में बम होने की सोमवार रात धमकी मिली और जेद्दा जाने वाली इंडिगो की तीन उड़ानों को सऊदी अरब एवं कतर के हवाई अड्डों की ओर मोड़ दिया गया।

सूत्रों ने बताया कि जिन उड़ानों में बम होने की धमकी मिली हैं, उनमें इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की उड़ानें शामिल हैं। पिछले करीब एक सप्ताह में भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 120 से अधिक उड़ानों में बम होने की धमकियां मिली हैं। इंडिगो के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि इंडिगो की 10 उड़ान को सुरक्षा संबंधी अलर्ट प्राप्त हुए जिसके बाद संबंधित विमानों से यात्रियों को सुरक्षित उतार दिया गया है। बेंगलुरु से जेद्दा उड़ान को दोहा, कोझिकोड से जेद्दा को रियाद और दिल्ली से जेद्दा को मदीना की ओर मोड़ दिया गया। जेद्दा, रियाद और मदीना के शहर हैं और दोहा कतर की राजधानी है।

इंडिगो की दिल्ली से दम्माम, इस्तांबुल से मुंबई, इस्तांबुल से दिल्ली, मंगलुरु से मुंबई, अहमदाबाद से जेद्दा, हैदराबाद से जेद्दा और लखनऊ से पुणे की फ्लाइट्स को भी धमकी मिली।

#### सीआरपीएफ के 3 सहित पांच स्कूलों को धमकी

नई दिल्ली। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को एक फर्जी धमकी भरा ईमेल मिला है जिसमें दावा किया गया है कि दिल्ली और तेलंगाना में उसके तीन विद्यालयों और उसके परिसरों में स्थित दो केंद्रीय विद्यालयों को विस्फोटकों से निशाना बनाया जाएगा। हालांकि, बाद में यह धमकी फर्जी साबित हुई। सीआरपीएफ के ये विद्यालय दिल्ली के रोहिणी और द्वारका तथा हैदराबाद के समीप मेडचल में स्थित हैं जबकि अर्धसैनिक बल के पंचकूला (हरियाणा) और रामपुर (उत्तर प्रदेश) में दो केंद्रीय विद्यालय स्थित हैं।

### राम मंदिर

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को पूरे हुए नौ माह, इन दिनों बढ़ी है दक्षिण के साथ उत्तर भारत के श्रद्धालुओं की संख्या

## 275 दिनों में रिकॉर्ड 3 .33 करोड़ ने किए रामलला के दर्शन

राजेंद्र पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के 22 अक्टूबर को नौ माह पूरे हो गए। 275 दिनों में राम लला के दर्शन करने वालों का आंकड़ा भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। अयोध्या पहुंचकर 3.33 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित तीन हजार से ज्यादा वीवीआईपी और साढ़े छह लाख से ज्यादा वीआईपी दर्शन-पूजन और राम लला के दरबार में मत्था टेकने के लिए पहुंचे। इन दिनों दक्षिण भारत के साथ उत्तर भारत के दर्शनार्थियों की संख्या पहले से ज्यादा हो गई है।



निर्माणाधीन राम मंदिर में 22 जनवरी 2024 को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। पीएम मोदी सहित देश के सात हजार से ज्यादा विशिष्ट जन इसमें शामिल हुए। जनवरी में तो श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी बढ़ गई की कि संभालना मुश्किल हो गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बड़े अफसरों को यहां आना पड़ा। फरवरी से श्रद्धालुओं का रेला दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचने लगा। आंकड़ों के मुताबिक 66 दिन में ही दर्शनार्थियों का संख्या डेढ़ करोड़ के पार हो गई थी। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के साथ ही राज्यपाल सहित दो हजार वीवीआईपी और लगभग डेढ़ लाख वीआईपी अयोध्या पहुंचे चुके थे। एक स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में वीवीआईपी और वीआईपी का पहुंचना भी एक रिकॉर्ड है।

> रामलला के दर्शन के लिए इन दिनों दक्षिण के साथ उत्तर भारत से आने वाले वीवीआईपी व वीआईपी की संख्या बढ़ गई है। अब तक दर्शन के लिए आने वालों वीवीआईपी व वीआईपी की संख्या साढ़े छह लाख से ऊपर पहुंच गई हैं। अब तक दुनिया के कई देशों के ढाई हजार से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। **-राजेश कुमार मिश्र,** सिटी मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल।

> श्रीराम मंदिर में राम लला के दर्शन करने के लिए इन दिनों प्रतिदिन 80 से 85 हजार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अवकाश के दिनों में संख्या खासी बढ़ जाती है। दर्शन के लिए प्रत्येक दो घंटे पर दो-दो सौ लोगों के लिए पास जारी किया जाता है। रोज ही यह सभी पास जारी हो जाते हैं। **-डॉ.अनिल मिश्र,** सदस्य, श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट।

#### ढाई हजार से ज्यादा विदेशी श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद ढाई हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने राम लला के दर्शन किए। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, नेपाल, श्रीलंका, दुबई सहित कई अन्य देशों के श्रद्धालु शामिल हैं। विदेशियों में एनआरआई की संख्या ज्यादा है।

## एक नजर

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने की समीक्षा

**अयोध्या कार्यालय।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में सड़क दुर्घटनाओं के मामलों के साथ ही विभाग के अन्य कार्यों की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। बैठक में सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट स्वाति शर्मा, एआरटीओ प्रशासन सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### स्वार्थी का प्रेम तब तक, जब तक उसके स्वार्थ में बाधा न पड़े



**अयोध्या, अमृत विचार :** पूराबाजार ऐमीआलापुर में श्री मद भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य ज्ञान चंद्र द्विवेदी ने कहा कि स्वार्थी का प्रेम तब तक, जब तक उसके स्वार्थ में बाधा न पड़े। वह राम चरित्र के आवास पर आयोजित कथा में श्रोताओं को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के माता-पिता की कथा सुनाई। कथा में आचार्य जय प्रकाश,आचार्य सूरज पाठक, विपिन त्रिपाठी, प्रदीप त्रिपाठी, राजेन्द्र ओझा,अवनीश द्विवेदी, मोहन तिवारी सहित अन्य भक्त मौजूद रहे।

# अयोध्या, प्रयागराज, मुरादाबाद व गोरखपुर सेमीफाइनल में

## प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता, आज होगा सेमीफाइनल मुकाबला

अयोध्या कार्यालय



गोरखपुर व मेरठ मंडल के क्वार्टर फाइनल में बॉल शूट करता खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र फुटबॉल संघ के समन्वय से डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चल रही प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के छठवें दिन मंगलवार को प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें अयोध्या, प्रयागराज, मुरादाबाद व गोरखपुर मंडल टीमों ने जीत दर्ज कर अंतिम चार में स्थान सुनिश्चित कर लिया। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि बुधवार को प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इसमें अयोध्या मंडल व गोरखपुर मंडल के बीच तथा प्रयागराज व मुरादाबाद मंडल टीमें खिताबी दौर के लिए संघर्ष करेंगी।

प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को पहला क्वार्टर फाइनल मैच मुरादाबाद व बरेली मंडल टीमों के बीच खेला गया। इसमें मुरादाबाद मंडल के खिलाड़ियों ने शुरू में ही दो गोल मार कर बरेली मंडल पर दबाव बना लिया। हालांकि बरेली ने एक गोल मार कर अंतर 2-1 से कम किया। दूसरे हाफ में मुरादाबाद के खिलाड़ियों ने चार गोल मारकर 6-1 से जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में स्थान बना लिया। मुरादाबाद टीम के फरमान ने तीन, मोरिस ने दो व अहद ने एक गोल तथा बरेली के अभिषेक ने एक गोल किया। गोरखपुर व मेरठ मंडल के बीच हुए दूसरे क्वार्टर फाइनल के पहले हाफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ में दो गोल मारकर गोरखपुर ने 2-0 से बरेली पर जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बना ली। गोरखपुर की तरफ से नितीश व सर्फुद्दीन ने एक-एक गोल किया। प्रयागराज व वाराणसी के बीच खेले गए तीसरे रोमांचक क्वार्टर फाइनल में पूरे समय तक कोई भी टीम गोल न कर सकी और 0-0 से ड्रॉ रहा। निर्णय के लिए टाई ब्रेकर का सहारा लिया गया। इसमें प्रयागराज ने 8-7 से जीत हासिल कर अंतिम चार में प्रवेश किया। अयोध्या व लखनऊ मंडल के बीच हुआ अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच रोमांचक रहा। पहले हाफ में लखनऊ ने गोल मारकर 1-0 से बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में अयोध्या मंडल ने जवाबी गोल मारकर 1-1 से स्कोर बराबर कर दिया। पेनाल्टी शूट आउट में 4-2 से जीत दर्ज कर अयोध्या मंडल ने अंतिम चार में स्थान सुनिश्चित कर लिया। अयोध्या के तौसीफ, हिमांशु, नन्दन व कृष्णा तथा लखनऊ के आदित्य व सतीश पंडित ने एक-एक गोल किया। इस अवसर पर चयनकर्ता व क्रीड़ाधिकारी उन्नाव मुकेश सब्बरवाल, पर्यवेक्षक आरिफ नजमी, बैडमिन्टन संघ के सचिव अनूप दुबे, उपक्रीड़ा अधिकारी शकील अहमद अंसारी, विवेक कुमार, सीडी सिंह, बबलू आदि मौजूद रहे।

## खेलों में मिली हार देती है जीत की प्रेरणा



खेल प्रतियोगिता शुरू होने से पूर्व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते पूर्व सांसद लल्लू सिंह।

पूराबाजार, अयोध्या।

**▸▸ दो दिवसीय प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता शुरू**

**अमृत विचार :** एमजेएस पब्लिक स्कूल भरतकुण्ड में आयोजित दो दिवसीय प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि खेलों में मिली हार से भी जीत की प्रेरणा मिलती है। जब कोई खिलाड़ी हारता है तो वह अगले मुकाबले में दोगुनी ऊर्जा के साथ मैदान में उतरता है और विजय हासिल करता है।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ी जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल करता है, तो वह पदक उसके साथ-साथ पूरे देश का होता है। इसलिए खिलाड़ी हमारे देश का गौरव हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती वंदना और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद हुआ। उद्घाटन मैच कबड्डी में नजीरपुर और बनके गांव के बीच खेला गया। जिसमें नजीरपुर की टीम विजयी रही। वॉलीबॉल के प्रथम मैच में पूराकलंदर व पिपरी के बीच मुकाबले में पूराकलंदर विजयी रहा। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक बलवंत सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष कमला शंकर पांडेय, ओम प्रकाश सिंह, राघवेंद्र पांडे, जिला पंचायत सदस्य इंद्रभान सिंह, आयोजन सीमित के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश वर्मा आदि मौजूद थे। संचालन व्यायाम शिक्षक विश्वनाथ सिंह ने किया। आयोजन सचिव ऋषि कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में 42 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

# मदरहिया में कटान से खौफ, सामान समेट रहे ग्रामीण

पूराबाजार, अयोध्या



पूराबाजार के मदरहिया गांव में लगी सरयू नदी की कटान।



कटान से खौफजदा ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ब्लॉक के मदरहिया गांव में कटान का खौफ पसर गया है। सरयू नदी में आई बाढ़ के बाद अब हो रही कटान की जद में आकर सैकड़ों बीघा खेत नदी की आगोश में समा चुके हैं। वहीं खौफ के मारे ग्रामीण अपना सामान समेट सुरक्षित स्थान की तलाश में जुट गए हैं।

ग्राम प्रधान रमेश निषाद ने मंगलवार को बताया कि अब तक 24 से अधिक लोगों के सैकड़ों बीघा खेत नदी में समा गए हैं। सिंचाई विभाग द्वारा बोरियां डालकर कटान रोकने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन बहाव तेज होने के कारण सफलता नहीं मिल पा रही है। कटान रोकने के लिए लगाई गई बालू की बोरियां बह गईं। उन्होंने कहा कि आबादी से कटान मात्र 15 से 20 मीटर दूर रह गई है। किसी भी समय आवासीय घर नदी में समा सकते हैं।

**▸▸ सैकड़ों बीघा खेत नदीं में समाए, बह गईं बालू की बोरियां**

जिससे मदरहिया गांव का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। दीवानचंद निषाद, मोहनलाल निषाद और संतराम निषाद ने बताया कि फसलें नष्ट हो जाने से लोगों के सामने जीविका चलाने का संकट उत्पन्न हो गया है। उर्मिला, बैजनाथ, चंद्रावती ने मांग करते हुए कहा कि हम लोगों को कछार के गांव में सुरक्षित स्थान पर आवासीय भूमि दिलाई जाए। पता नहीं घर नदी में कब समा जाए इसलिए सामान समेट रहे हैं। एसडीएम सदर विकास दुबे ने बताया कि कटान पर नजर रखने के लिए लेखपालों को गांव में कैम्प करने को कहा गया है। जिससे पल-पल की खबर मिलती रहे।बोरियों में बालू डालकर कटान रोकने का प्रयास किया जा रहा है यदि कटान नहीं रुकी तो मशीन लगाकर कटान रोका जाएगा। जिससे आवासीय घरों को बचाया जा सके।

# जल जीवन मिशन के अधिकारी को फील्ड विजिट करने के निर्देश

अयोध्या कार्यालय

**▸▸ सीएम डैश बोर्ड के आधार पर जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने मंगलवार को सीएम डैश बोर्ड के आधार विकास कार्यों की समीक्षा की। निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन के अधिकारी फील्ड विजिट करें। उन्होंने आवास निर्माण के लिए दी गई तीनों किश्तों की नियमित समीक्षा का भी निर्देश दिया।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कहा कि एक माह के पुराने मामलों को तत्काल निस्तारण कराया जाए। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास प्रथम, द्वितीय व तृतीय किश्त की नियमित समीक्षा की जाए। प्रतिमाह लक्ष्यों को निर्धारित कर समय से पूरा कराएं। जिन स्थानों पर रोड कटिंग की गई है। 15 नवम्बर तक ठीक कराएं। पर्यटन विभाग कार्यों के सत्यापन के लिए टीम का गठन कर कार्य सत्यापित कराए। लोक निर्माण विभाग ने 30 नई सड़कों का निर्माण कार्य चलना बताया। जिलाधिकारी ने अक्टूबर माह के अंत तक सड़कों के निर्माण कार्य को पूरा कराने का निर्देश दिया। इसके साथ-साथ निर्माण कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल, राजकीय निर्माण निगम, पर्यटन विकास निगम, आवास विकास, जलनिगम नगरीय, सेतु निगम, आरईएस, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम सहित अन्य संस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. संजय जैन, डीडीओ, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



सर्किट हाउस में मंत्री को ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी।

### केंद्रीय मंत्री को भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या, अमृत विचार :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर को भाकियू नेताओं ने सरकिट हाउस में उन्हें मांगो का नौ सूत्री ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सी-2 प्लस 50 के आधार पर फसलों के दाम तय करने और सभी फसलों पर एमएसपी लागू करने, छुट्टा जानवरों से खेती को बचाने ,कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण न करने, गन्ना मूल्य पांच सौ रूपये प्रति क्विंटल करने, बीकापुर तहसील मुख्यालय पर नई सब्जी मंडी की स्थापना करने सहित नौ नौ सूत्रीय समस्याओं का ज्ञापन सौंपकर समस्या समाधान की मांग की। ज्ञापन देने वालों में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा, जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास वर्मा, जिला उपाध्यक्ष भागीरथी वर्मा, विवेक वर्मा सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### वाहन सवारों ने राहगीर से की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना पटरंगा के जुनेदपुर गांव के समीप रास्ते मे साइड न मिलने से आक्रोशित चार पहिया वाहन सवार लोगों ने एक राहगीर को पीट दिया। थाना प्रभारी शशिकांत यादव ने बताया कि पुलिस ने जुनैदपुर गांव निवासी राहगीर नीतीश कुमार की तहरीर में आरोपी मंशाराम,ननकू व ओम प्रकाश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। विवेचना उपनिरीक्षक विनोद कुमार को सौंपी गई है।

### परिवार को सौंपा गया किशोर

**अयोध्या, अमृत विचार।** ऋषिकेश से चलकर अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पहुंची दून एक्सप्रेस में लावारिस मिले किशोर को मंगलवार को बाल अधिकार समिति ने उसके परिवार के हवाले किया है। रेलवे सुरक्षा बल को जाँच और तलाशी के दौरान अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर सोमवार को ऋषिकेश से वाराणसी के रास्ते हावड़ा जंक्शन जा रही दून एक्सप्रेस में एक 14 वर्षीय किशोर मिला था। पूछताछ में उसने अपना नाम-पता करण कश्यप पुत्र लालू कश्यप निवासी गुरुद्वारा गली के आगे नई बस्ती हरदोई बताया था। आरपीएफ ने मामले की जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन को देकर जिला अस्पताल में किशोर का मेडिकल परीक्षण कराया था। सूचना पर पहुंचे किशोर के परिजन सीडब्लूसी के समक्ष प्रस्तुत हुए और विधिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद समिति ने किशोर को परिवार के सुपुर्द कर दिया। बाल अधिकार समिति अयोध्या के अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी ने बताया कि वह किसी बात पर परिवार से नाराज होकर भाग आया था।

### अवध विश्वविद्यालय में पढ़ाई को लेकर छात्रों का प्रदर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय में शिक्षकों के धरना-प्रदर्शन के बीच छात्रों ने भी मोर्चा खोल दिया है। छात्रों ने मंगलवार दोपहर विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है की कुछ दिनों से विश्वविद्यालय में पठन-पाठन पूरी तरीके से ठप हो गया है। जिसे तत्काल बहाल करने की मांग की है। वहीं छात्रों ने विश्वविद्यालय की सुरक्षा पर भी सवाल उठाया। प्रदर्शन में आवासीय और बाहर से आने वाले छात्र शामिल रहे।

### विपिन बनें यूपीआईए के प्रदेश महासचिव



**अयोध्या अमृत विचार :** होटल और पेट्रोल पंप के कारोबार से जुड़े जिले के बड़े कारोबारी विपिन सिंह को उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोशिएशन ( यूपीआईए ) के प्रदेश महासचिव के पद पर मानोनीत किया गया है। एसोशिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने पत्र जारी कर बधाई भी दी है। विपिन को संबोधित पत्र में लिखा है कि उद्योग एवं उद्यमिता के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के विकास के लिए आपके उत्कृष्ट कार्यों व समर्पित सेवाओं को ध्यान में रखते हुए इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विपिन ने कहा कि मैं केन्द्र व प्रदेश की सरकार के मध्य सेतु रूप में समन्वय स्थापित कर प्रदेश में उद्योग एवं उद्यमिता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए अहम कदम उठाऊंगा।

### एआरटी सेंटर में एड्स से बचाव की दी जानकारी



जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार व अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा।

**अयोध्या।** जिला अस्पताल के एआरटी सेंटर में मंगलवार को जागरूकता कैम्प मेरा स्वास्थ्य, मेरी जिम्मेदारी का आयोजन किया गया। सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार ने मौके पर जुटे लोगों का जागरूक किया। बीमारी से बचाव की जानकारियां दी। अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा ने बताया कि एचआईवी संक्रमित मरीजों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिए जाने को लेकर यह कैम्प लगाया गया था। इस अवसर पर डॉ. आरपी वर्मा, प्रबंधक राजेन्द्र व अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### फर्जीवाड़े के आरोप में युवक गिरफ्तार

**अयोध्या।** नगर कोतवाली पुलिस ने बैंक शाखाओं में खाता खुलवा रकम के हेर-फेर में शामिल एक शख्स को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस टीम ने सोमवार मध्य रात्रि गैस गोदाम मोड़ के पास से राहुल कुमार विश्वकर्मा ( 24 ) निवासी करहरा कला थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा हाल पता कस्बा थाई मिल्कीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को गिरफ्तार किया है। जामा तलाशी में इसके पास से दो चेक बुक, आठ बैंक पास बुक, सात एटीएम कार्ड और एक मोबाइल बरामद हुआ है। पूछताछ में राहुल ने बताया कि यह लोगों को कमीशन के रूप में मोटी रकम देने का लालच देकर उनका विभिन्न बैंक की शाखाओं में खाता खोलवा देता है और इसी खाते में ठगे गए लोगों से रकम जमा करवा हेर-फेर करता है। उन्होंने बताया कि छानबीन कराई जा रही है। प्रकरण में पुलिस ने युवक के खिलाफ संगठित गिरोह बना धोखाधड़ी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करवा चालान किया गया है।



प्रदेशीय स्कूली बालिका खो-खो प्रतियोगिता की ओवरऑल विजेता वाराणसी टीम ट्रॉफी के साथ। अमृत विचार

# प्रदेशीय स्कूली बालिका खो-खो में वाराणसी मंडल ओवरऑल चैम्पियन

**अयोध्या मंडल को दोहरा उपविजेता खिताब**

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शिक्षा विभाग के संयोजन में आयोजित प्रदेशीय विद्यालयीय बालिका खो-खो प्रतियोगिता का डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम मकबरा में मंगलवार को पुरस्कार वितरण के साथ समारोहपूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता के सभी वर्गों में विजेता रही वाराणसी मंडल टीम ओवरऑल चैम्पियन रही। अयोध्या मंडल टीम अंडर-17 व 19 वर्ग में उपविजेता तथा अंडर-14 वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक योगेंद्र कुमार सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक ने कहा कि खेल में खिलाड़ी अपने राज्य, मंडल व अपने देश के लिए खेलता है। जहां जाति, धर्म, छोटा-बड़ा का कोई महत्व नहीं होता। इसके पूर्व जीआइसी के प्रधानाचार्य ओंकारनाथ, मंडलीय क्रीडा समिति के सचिव धर्मेंद्र सिंह व संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। संचालन आजाद सदक व सुषमा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर शिवकरन सिंह, विजेंद्र सिंह, राहुल वर्मा, जयेंद्र पाठक, विनीत, आशीष, आलोक, माला यादव सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।

**▸▸ 68वीं प्रदेशीय विद्यालयीय खो-खो प्रतियोगिता का हुआ समारोहपूर्वक समापन**

# साधु-संतों की अगुवाई में निकली कलश यात्रा

मसौधा अयोध्या



अध्यक्ष नंदीग्राम महोत्सव महंत भागवत दास, स्वामी छविराम दास, रामबालक दास महाराज 21 कुण्डीय महायज्ञ की शुरूआत करते।

**▸▸ 10 दिवसीय नंदीग्राम महोत्सव शुरू, महिलाओं और श्रद्धालुओं पर बरसाए गए श्रद्धा के फूल**

**अमृत विचार :** 10 दिवसीय नंदीग्राम महोत्सव का आगाज मंगलवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। यात्रा में शामिल साधु संत राम धुन में लीन रहे। संतों और महिलाओं पर पुष्प वर्षा भी की गई। कई गांवों से होकर निकली कलश यात्रा का दोपहर बाद भरत कुंड पर भव्य स्वागत हुआ।

राम भरत स्वरूप बनाए गए प्रतिपूर्ति की आरती उतार लोगों ने जय श्री राम के नारे लगाए। इस बीच समूचा नंदीग्राम परिसर भक्ति भावना में डूबा दिखा। 21 कुंडीय महायज्ञ का शुभारंभ बड़ा हनुमान मंदिर अयोध्या के पीठाधीश्वर महंत छविराम दास महाराज एवं नंदीग्राम महोत्सव के अध्यक्ष मेधा ऋषि आश्रम के महंत भगवत दास महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। जजमानों ने वैदिक मंत्रों के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ किया। इससे पूर्व नंदीग्राम महोत्सव के प्रथम दिन मंगलवार सुबह करीब 10 बजे सैंकड़ों महिलाओं की लंबी श्रृंखला के साथ निकली कलश यात्रा का प्रथम स्वागत बीबीपुर चौराहे पर हुआ। तत्पश्चाप 12 नेवादा गांव पहुंची कलश यात्रा का रमाकांत दुबे और सुनील कुमार पांडेय की अगुवाई में स्वागत किया गया। जहां कुछ क्षण विश्राम के उपरांत कलश यात्रा की लंबी श्रृंखला कई गांव का भ्रमण करते हुए दोपहर करीब एक बजे पिपरी टोल प्लाजा होते हुए शत्रुघ्न कुंड पहुंची। जहां कलश यात्रा में शामिल साधु संतों ने शत्रुघ्न कुंड पहुंचकर कुंड की परिक्रमा किया। स्थापित भरत शत्रुघ्न का नाम लिखा शिलालेख का पूजन किया। मणिराम दास छावनी उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास शास्त्री के निर्देशन में निकली कलश यात्रा का समापन पूजा अर्चना के साथ हुआ।

## भूगर्भ जलस्तर

**मापन के लिए मंडल में जीपीएस युक्त पीजोमीटर की स्थापना पर खर्च होंगे 32.22 लाख**

# ऑनलाइन रियल टाइम जानकारी के लिए बढ़ेंगे 31 ऑटोमैटिक पीजोमीटर

अयोध्या कार्यालय



**तैयारी**

**▸▸ बूंद-बूंद मिशन के तहत चल रही कवायद, भूगर्भ जलस्तर का डाटा होगा ऑनलाइन**

पीजोमीटर स्थापित किए जाने की ड्राइंग।

> भगूर्भ जल स्तर और वाटर रिचार्जिंग का रियल टाइम ऑनलाइन डाटा हासिल करने के लिए मंडल में जिलों के ब्लॉक क्षेत्रों स्थित सरकारी स्कूलों में जीपीएस सुविधा युक्त ऑटोमेटिक पीजोमीटर लगवाया जा रहा है। विभाग ने दो माह में इस योजना को पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। **-आमोद कुमार, अधिशासी अभियंता,भूगर्भ जल विभाग ( डिवीजन फैजाबाद )**

**अमृत विचार :** जलशक्ति मिशन के बूंद-बूंद योजना के तहत भूगर्भ जल स्तर के मापन और वाटर रिचार्ज इस्टीमेशन के लिए संचालित योजना के तहत भूगर्भ जल विभाग के यांत्रिक खंड ने मंडल में 31 और ऑटोमैटिक पीजोमीटर की स्थापना की कवायद शुरू तेज कर दी है। मंडल के विभिन्न खंड विकास क्षेत्रों में स्थापित होने वाले इन पीजोमीटर की स्थापना पर कुल 32.22 लाख रूपये खर्च किए जाएंगे। यह कवायद भूगर्भ जल के रियल टाइम डाटा हासिल करने के लिए शुरू की गई है, जिससे विभिन्न योजनाओं तथा नीति निर्माण के लिए ऑनलाइन डाटा हासिल हो सके।

जल ही जीवन की कहावत को चरितार्थ करने के लिए भूगर्भ जल विभाग ने जल की सुरक्षा, संरक्षण, प्रबंधन व नियमन आदि के लिए योजना पर काम शुरू किया है। योजना के तहत सरकार ने रियल टाइम भूगर्भ जल स्तर की जानकारी व निगरानी के लिए प्रदेश के 75 जिलों में जीआईएस तकनीकी के माध्यम से 6500 संयंत्र को बदल ऑटोमेटिक संयंत्र स्थापित किए जाने की योजना पर काम शुरू किया था। जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्र में 25 किमी. व शहरी में 04 किमी. के ग्रिड के आधार पर ऑटोमेटिक पीजोमीटर की स्थापना की कवायद शुरू हुई थी। जिसके तहत गत वर्ष अक्टूबर माह में मंडल के जिलों में 32.60 लाख की लागत से 32 जगह जीपीएस युक्त पीजोमीटर लगवाए गए थे और अब 31 स्थानों पर लगवाए जाने की प्रक्रिया शुरू हुई है।

### इस तरह कार्य करता है पीजोमीटर

भूगर्भ जल मापन और रिचार्ज इस्टीमेशन के लिए चिह्नित क्षेत्र में वहां के भूगर्भ जलस्तर आंकड़ों के मुताबिक बोरिंग कराई जाती है। काफी नीचे एक निश्चित स्तर पर जीपीएस युक्त ऑटोमेटिक पीजोमीटर लगाया जाता है। जो अपने बेस स्टेशन के रीडआउट डिवाइस से सर्वर के माध्यम से मुख्यालय भवन से जुड़ा होता है और मुख्यालय के सर्वर पर ऑनलाइन डाटा उपलब्ध कराता है। आधुनिकीकरण का उद्देश्य भूगर्भ जल मापन से व्यवहार की निगरानी तथा संरचना, नींव, सहायक उपकरण की स्थिरता पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव से उपजे संभावित खतरों की जानकारी हासिल करना है। जिससे निर्माण की डिजाइन में सुधार कर बुनियादी ढांचा को दुरुस्त किया जा सके।

# अनियंत्रित कार डिवाइडर पार कर मकान से टकराई

**▸▸ स्थानीय निवासी बाप-बेटा और कार सवार श्रद्धालु घायल**

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामपथ पर कैंट थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए दूसरी लेन को पार करते हुए सड़क किनारे स्थित एक मकान में जा टकराई। हादसे में कार चालक और स्थानीय निवासी बाप-बेटा घायल हो गये। बाराबंकी के थाना बदोसराय स्थित ददौली भवानी निवासी सुशील कुमार यादव (42) पुत्र रामदेव अपनी कार से दर्शन करने अयोध्या आया था। हनुमानगढ़ी पर दर्शन-पूजन के बाद सभी श्रद्धालु कार से वापस जा रहे थे। सुबह लगभग सात बजे रामपथ पर कैंट थाना क्षेत्र में सहादतगंज हनुमानगढ़ी से आगे उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और डिवाइडर को पार कर दूसरी लेन को लांघते हुए बुचनीगंज मोहल्ला में फुटपाथ किनारे सिद्दीक खान के मकान में जा टकराई। हादसे में कार चालक सुशील कुमार, स्थानीय निवासी शब्बीर खान (25) पुत्र सिद्दीक खान और उसका बेटा सरफराज (7) घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने सुशील को गंभीर हालत में दर्शननगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। चौकी प्रभारी सहादतगंज शेखरनाथ सिंह ने बताया कि अभी कोई शिकायत नहीं मिली है।




### आज का मौसम

24 घंटे में मौसम शुष्क बने रहने एवं पूर्वी हवा चलने के आसार हैं।

32.0⁰ अधिकतम तापमान | 20.0⁰ न्यूनतम तापमान

### आज के कार्यक्रम

- प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में सुबह 09 :00 बजे से।
- विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में 10 :30 बजे से।
- सर्किट हाउस में दीपोत्सव को लेकर महापौर की प्रेस वार्ता 11 :00 बजे से।
- मसौधा भरतकुंड में नंदीग्राम महोत्सव में सांस्कृतिक संध्या 07 :00 बजे से।

### चोरी के पाइप के साथ गिरफ्तार

**रुदौली, अयोध्या।** थाना मवई पुलिस ने तीन बोरी चोरी के पाइप के साथ एक को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष संदीप ने बताया कि सोमवार रात अंकित रावत को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने चोरी में शामिल होने की बात स्वीकार की है। मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा दिया है।

# दशरथ महल से शुरू होगी दीपावली, मठ-मंदिर भी होंगे जगमग

## फूलों से सजाया जा रहा दशरथ महल, सांस्कृतिक आयोजन की भी है तैयारी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** 14 वर्ष के वनवास के बाद श्रीराम के अयोध्या आगमन की सबसे बड़ी तैयारी प्राचीन व ऐतिहासिक मंदिर दशरथ महल में की जा रही है। इस मंदिर को फूलों से सजाकर भव्य और अलौकिक लुक देने का कार्य किया जा रहा है। वहीं आठवें दीपोत्सव को लेकर पर्यटन विभाग द्वारा जीर्णोद्धार कराए जा रहे मंदिरों में भी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 37 मंदिरों में लाखों की संख्या में दीप जलाए जाने की योजना बनाई गई है।

धार्मिक मान्यता है कि त्रेता युग में जब श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या पहुंचने की जानकारी मिली थी तो पूरी अयोध्या उनके स्वागत की तैयारी में जुट गया था। दशरथ महल को अद्भुत तरीके से सजाया गया था। यह वही महल है जहां आज भी माता कौशल्या अपने पुत्र की आरती उतारने के लिए फूलों से सजी थाली लेकर इंतजार करती हैं।

मंदिर के उत्तराधिकारी महंत राम भूषण दास कृपालु बताते हैं कि दशरथ महल को फूलों से सजाया जाएगा। सांस्कृतिक आयोजन भी किए जाएंगे। दीपावली की परंपरा दशरथ महल में सबसे प्राचीन परंपरा है। आज भी परंपरा को निभाने की तैयारी है। राम नगरी अयोध्या में त्रेतायुग की झलक को तैयार किया जा रहा है। सरयू घाट हो या मठ मंदिर सभी स्थानों को भव्यता के साथ सजाए जाने का कार्य किया गया है। शाम होते ही पूरी अयोध्या विश्व की अनोखी नगरी के रूप में दिखाई देने लगती है। श्री राम लला का जन्म स्थान भी लाखों दीपकों से सजाया जायेगा। पूरे आयोजन के गवाह प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अयोध्या के साधु-संत होंगे।



अयोध्या के प्राचीन दशरथ महल मंदिर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

### 37 मठ-मंदिरों में जलेंगे लाखों दीप

37 मंदिरों में जानकी घाट, बड़ा स्थान, दशरथ भवन मंदिर, मंगल भवन, अक्षरी मंदिर, राम कचेहरी मंदिर, सियाराम किला, दिगम्बर अखाड़ा, तुलसी चौराहा मंदिर, भारत किला मंदिर, हनुमान मंदिर, कालेराम मंदिर, नेपाली मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, छोटी देवकाली मंदिर, मौर्य मंदिर, राम गुलेला मंदिर, करतलिया बाबा मंदिर, तिवारी मंदिर, वेद मंदिर, मणिराम दास छावनी मंदिर, बरेली मंदिर, रंग महल मंदिर, टेढ़ीयाती महादेव मंदिर, राम पुस्तकालय मंदिर, विद्या देवी मंदिर, देवीकाली कुण्ड मंदिर, रत्न सिंहासन मंदिर समेत अन्य मंदिरों के नाम शामिल हैं। पर्यटन अधिकारी राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि राम कि पैड़ी के साथ विभिन्न मंदिरों पर दीप जलाए जाएंगे। मंदिरों के संचालकों से अनुरोध किया जा रहा है।

## फूलों से सजेगी रामपथ की रेलिंग, गड्ढा मुक्त होंगे मार्ग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** आठवें दीपोत्सव के दौरान रामनगरी को चमकाने की कवायद शुरू हो गई है। नगर निगम रामपथ के किनारों की रेलिंग को फूलों से सजाएगा। भवन के पास लगे सभी पोलों पर स्ट्रीट लाइट लगाने का निर्णय लिया गया है। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने मंगलवार को दीपोत्सव की तैयारियों के संबंध में अधिकारी व अभियंताओं के साथ बैठक की। इस दौरान दीपोत्सव को पूर्ण भव्यता से मनाने के लिए निर्देश दिए। महापौर ने रामपथ पर स्थित भवन पर व लाइटिंग पोलों पर स्ट्रीट लाइटिंग, फुटपाथ व मीडियन की सफाई धुलाई और रंगाई पुताई के निर्देश दिए। रामपथ पर दोनों छोर पर स्थापित रेलिंग पर फूलों से सजावट, चौराहों को उद्यानीकरण व फूलों की सजावट कराने के निर्देश दिए। अयोध्या धाम में स्थित मार्गों को सुदृढ़ीकरण व गड्ढामुक्त किये जाने व नाला/नालियों के क्रॉसिंग की मरम्मत व पत्थर लगाने के लिए भी कहा है। अयोध्या क्षेत्र में उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था कराने का भी आदेश दिया। विद्युत इन्सुलेटेड वायर का उपयोग किए जाने व आवश्यकतानुसार पोलों आदि पर विद्युत से किसी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के लिए पॉलीथिन लगाने के लिए कहा है। विशेष सफाई व्यवस्था व पेयजल व मोबाइल टॉयलेट आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, वागीश कुमार शुक्ला, अनिल कुमार सिंह, सुमित कुमार, महाप्रबन्धक (जल) महेश चन्द्र आजाद, मुख्य अभियन्ता पुनीत कुमार ओझा, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमल कुमार आदि मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, नगर आयुक्त संतोष शर्मा व अन्य अधिकारी।


राम की पैड़ी पर मंगलवार को दीपोत्सव के लिए पूजन करतीं कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल व मौजूद लोग। अमृत विचार

## प्रभु राम के आशीर्वाद से बनेगा विश्व रिकॉर्ड : कुलपति

**30** हजार स्वयंसेवक एक वेशभूषा में रहेंगे, घाटों की मार्किंग का काम लगभग पूरा

▸▸ आठवें दीपोत्सव में विघ्न बाधा दूर करने के लिए राम की पैड़ी पर किया पूजन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रभु राम के आशीर्वाद से प्रांतीय दीपोत्सव का नया विश्व रिकॉर्ड बनेगा। श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के बाद का पहला दीपोत्सव भारतीय जनमानस सहित देश दुनियां के लोग बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षारत है। ये बातें मंगलवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने कहीं। वह दीपोत्सव-2024 को ऐतिहासिक बनाने के लिए सुबह सात बजे राम की पैड़ी पर मुख्य यजमान के रूप में वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन-अर्चन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहीं थीं।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। जिसे दीपोत्सव के स्वयंसेवक व पदाधिकारी 30 अक्टूबर को पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व पटल पर स्थापित करेंगे। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में दीपोत्सव को और भव्य बनाने के लिए 28 लाख से अधिक दीपक सजाए जाएंगे। इन्हें जलाकर 25 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित करने का रिकॉर्ड बनाया जाएगा। इस कार्य में आवासीय परिसर, संबद्ध महाविद्यालयों, इंटर कॉलेज एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के 30 हजार स्वयं सेवक लगाए गए हैं। सभी के सहयोग से आठवें दीपोत्सव में सातवीं बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करायेंगे। इससे पूर्व सरयू मन्दिर के पुजारी नेत्रजा मिश्र सहित अन्य ने विधि विधान से दीपोत्सव की सफलता के लिए पूजन कराया। कार्यक्रम में विवि के कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र, प्रो. नीलम पाठक, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला, प्रो. गंगाराम मिश्र, प्रो. अनूप कुमार, डॉ. सुरेन्द्र मिश्र, डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. अंशुमान पाठक, प्रोग्रामर रवि मालवीय, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय व पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजेश सिंह, अभियंता आरके सिंह, आशीष मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

### 26 से घाटों पर बिछने लगेंगे दीये एक ड्रेस कोड में होंगे स्वयंसेवक

दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो .एसएस मिश्र ने बताया कि इस बार सभी स्वयं सेवक एक रंग की ड्रेस में होंगे। इसके लिए उनके लिए सफ़ेद शर्ट और टोपी की व्यवस्थाएं की गई है। बताया 25 लाख दीपों से वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए जाने के लिए 28 लाख दीप जलाए जाने की व्यवस्था की जा रही है। जिसमें लगभग एक लाख लीटर सरसों के तेल भी लगेगा। अयोध्या में पांच स्थानों पर स्टोर रूम तैयार किया गया है। नोडल अधिकारी ने बताया कि इस बार राम की पैड़ी पर 55 घाट चिन्हित कर उन पर दीयों को लगाने के क्रम में तैयारी कर ली गई है और 25 अक्टूबर को इन दीयों की घाटों पर पहुंचा कर 26 अक्टूबर से सभी घाटों पर 30 हजार स्वयंसेवक दीप बिछाये जाने का कार्य प्रारंभ करेंगे। 29 अक्टूबर तक सभी दीपों को बिछाए जाने काम पूरा करने के बाद 30 अक्टूबर को सुबह से ही बाती लगाए जाने के बाद तेल डालने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

# जनप्रतिनिधियों के साथ मंडलायुक्त ने किया दीपोत्सव स्थलों का निरीक्षण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** नगर निगम के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता, आईजी प्रवीण कुमार सहित वरिष्ठ अफसरों के साथ मंडलायुक्त गौरव दयाल ने मंगलवार को दीपोत्सव स्थल का निरीक्षण किया।

उन्होंने राम की पैड़ी, नयाघाट, सरयू आरती स्थल सहित अन्य स्थलों का पदैल घूमकर देखा। इस दौरान जो भी कमियां मिलीं उन्हें पूरा कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया। एक साथ 11 सौ लोगों से सरयू आरती किए जाने के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का खासतौर से देखा। अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल ने की जा रही तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर सहित अन्य दीपोत्सव से जुड़े विभागीय अधिकारी मौजूद थे।


निरीक्षण के दौरान नगर विधायक वेद गुप्ता से बात करते मंडलायुक्त गौरव दयाल।

## चक्रवात : सुरक्षित रहेगा पूर्वी उत्तर प्रदेश

**अयोध्या कार्यालय।** उड़ीसा और पश्चिमी बंगाल के समद्र तटीय इलाके में 24 अक्टूबर को दाना चक्रवात की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश इससे सुरक्षित रहेगा। कहीं-कहीं गरज के साथ छीटे पड़ सकती हैं। नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्विविद्यालय के मौसम विज्ञानी अमर नाथ मिश्र ने मंगलवार को बताया कि उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के तटीय इलाके में 23 अक्टूबर की रात और 24 अक्टूबर की सुबह यह चक्रवात पहुंचेगा। इस दौरान हवा की गति लगभग 120 किमी प्रति घंटा रहने का अनुमान है। चक्रवात का असर दूर तक रहने का आंकलन है लेकिन पूर्वी यूपी इससे महफूज रहने की उम्मीद जताई गई है। 24 अक्टूबर को मौसम थोड़ा बदला दिख सकता है।

## श्रृंगीऋषि धाम महोत्सव में 1.21 लाख दीपक होंगे प्रज्ज्वलित

गोसाईगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** श्रृंगीऋषि बाबा महोत्सव सेवा संस्थान के तत्वावधान में 24 से 26 अक्टूबर तक तीन दिवसीय पौराणिक स्थल श्रृंगीऋषि आश्रम परिसर में श्रृंगीऋषि धाम महोत्सव का आयोजन किया गया है। महोत्सव के पहले दिन 24 अक्टूबर को काशी के वेद पाठी पंडितों द्वारा वैदिक पूजन के साथ दुरदुरिया पूजन होगा।



मुख्य अतिथि के रुप में अयोध्या रामजन्म भूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय व विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री जयवीर सिंह और राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव रहेंगी। पहले दिन ही शाम को लोक गायिका प्रगति यादव की मंडली द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित होगा। उदयभान गुप्त और मधुवन सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि 25 अक्टूबर की शाम को कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि के मेयर गिरीश पति त्रिपाठी होंगे। 26 अक्टूबर की शाम 6 बजे एक लाख 21 हजार दीपों से पौराणिक स्थल पर दीप महोत्सव का आयोजन होगा।

## सार-संक्षेप


बर्तन भंडार में छापे की कार्रवाई के दौरान जांच करती आयकर विभाग की टीम।

### बर्तन व्यवसायी की दुकान पर आयकर का छापा

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** नगर पंचायत खिरौनी सुचितागंज बाजार की बर्तन की दुकान ओम बर्तन भंडार में मंगलवार शाम उपायुक्त श्रीप्रकाश यादव के नेतृत्व में आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा। खबर लिखे जाने तक टीम जांच में जुटी थी। कार्रवाई के शुरू होते ही बाजार के व्यापारियों में हड़कंप मच गया और कई अन्य दुकानों के भी शटर गिरने शुरू हो गए। उपायुक्त श्रीप्रकाश ने बताया कि जांच चल रही है। कार्रवाई देर रात के बाद तय हो पायेगी। मौजूद अधिकारियों में असिस्टेंट कमिश्नर सुरेंद्र कुमार, एसपीओ संगीता कुमारी शामिल रहीं।

### आर्थिक विकास में मददगार कौशल विकास योजना : सुधीर



प्रमाण पत्र के साथ कौशल विकास योजना के प्रशिक्षार्थी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कौशल विकास योजना से जुड़े लगभग 100 छात्र-छात्राओं का दीक्षांत और सम्मान समारोह पूरे कीरत कांटा स्थित मां वैष्णों महिला महाविद्यालय में मंगलवार को हुआ। प्रशिक्षणार्थियों को सम्मान प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मुख्य अतिथि सोहावल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुधीर कुमार मिश्र ने कहा कौशल विकास योजना युवा पीढ़ी के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। यह आर्थिक विकास में बेहद मददगार है। प्रशिक्षण पूरा करने वालो को स्वरोजगार के अवसर मिल रहे है। केंद्र प्रबंधक मिथिलेश सिंह, सह प्रबंधक आदित्य प्रकाश ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर चांदनी, सपना पाण्डेय शंकर जीत आदि मौजूद रहे।

### पॉवर कॉर्पोरेशन की लापरवाही से गई गोवंश की जान

**अयोध्या, अमृत विचार :** जलवानपुरा क्षेत्र स्थित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन रोड पर पॉवर कॉर्पोरेशन की लापरवाही से एक गोवंश की मौत हो गई। रायगंज पुलिस, नगर निगम व पॉवर कॉर्पोरेशन के अधिकारी भी मौके पहुंच गए। गोवंश का अंतिम संस्कार कराया गया। घटना से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन रोड पर डक्ट निर्माण का कार्य चल रहा है। खुदाई के बाद से सड़कों पर बिजली के तार बिखरे हुए हैं। इस स्थान से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। क्षीरसागर के पास कंटीले तारों में करंट उतरने से गत दिवस पांच बंदरों की मौत हो चुकी है। एसडीओ नवनीत सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। कर्मी भेज दिखवाया जा रहा है कि कैसे क्या हुआ। वहां खोदाई हो रही है।

### पौधे लगाने से ज्यादा उसकी सुरक्षा जरूरी : विधायक


पौधरोपण के बाद विधायक रामचंद्र यादव। अमृत विचार

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** पौधे लगाना जितना महत्वपूर्ण है उससे ज्यादा उसकी सुरक्षा एवं संरक्षण जरूरी है। पौधों की सुरक्षा से पर्यावरण को बचाने में आसानी होगी। ये बातें मंगलवार को विधायक रामचंद्र यादव ने कहीं। वह पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमुनियामऊ में पौधरोपण कर रहे थे। रोपित पौधे को ट्री गार्ड से सुरक्षित किया गया। इस अवसर प्रधानाध्यापक मोहम्मद कासिम, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष अविनाश पांडेय, अध्यापक अलका अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# सुविधा और सहूलियत के साथ पुख्ता रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

अयोध्या कार्यालय

▸▸ आईजी के साथ एटीएस कमांडो ने लिया जायजा

**अमृत विचार।** राम की पैड़ी पर आयोजित होने वाले आठवें दीपोत्सव की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने कवायद तेज कर दी है। आईजी प्रवीण कुमार व एटीएस के कमांडों ने मंगलवार को कार्यक्रम क्षेत्र का जायजा लिया है।

इस बार क्षेत्र विस्तार के साथ कार्यक्रम क्षेत्र में सामान्य आवागमन को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस की ओर से अतिरिक्त मोबाइल बैरियर का निर्माण कराया है। जिसकी खेप मंगलवार को रामनगरी पहुंचनी शुरू हो गई। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले दीपोत्सव को लेकर पुलिस की ओर से पहले ही सुरक्षा और व्यवस्था का खाका बनाया गया था। इसको और कैसे बैहतर किया जाए, इस पर विचार-विमर्श के बाद सुरक्षा और व्यवस्था का पुख्ता खाका तैयार किया जा रहा है। सीसीटीवी व ड्रोन से निगरानी के अलावा आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है। हमारी कोशिश है कि श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिले।

# जागा जिला अस्पताल प्रशासन, फीवर हेल्प डेस्क स्थापित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य मंत्री व प्रमुख सचिव स्वास्थ्य के आदेशों की धज्जियां उड़ाने वाला जिला अस्पताल प्रशासन मंगलवार को 'अमृत विचार' में खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आया। आनन-फानन इमरजेंसी ओपीडी के बगल फीवर हेल्प-डेस्क स्थापित करा दिया गया। पहले ही दिन करीब 55 से अधिक मरीजों का बुखार व ब्लड प्रेशर नापा गया। इसके बाद मरीजों ने ओपीडी का रुख किया।

प्रदेश में संक्रामक रोगों की बाढ़ आने के बाद शासन ने सभी अस्पतालों में फीवर हेल्प डेस्क स्थापित करने का निर्देश दिया था। आदेश साफ था कि अस्पताल में पहुंचने वाले ऐसे मरीजों की पहले हेल्प डेस्क पर जांच कर ली जाए। आदेश आए हुए महीनों बीत जाने के बाद भी आदेश का पालन न होने पर 'अमृत विचार' ने मंगलवार के अंक में 'बुखार के मरीज बढ़े, इमरजेंसी व ओपीडी में थर्मामीटर तक नहीं' शीर्षक से खबर प्रकाशित की। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा ने बताया अभी सुबह आठ से दो बजे तक ही यह डेस्क कार्य करेगी। क्योंकि इस टाइम काफी भीड़ रहती है। बाकी टाइम लोग इमरजेंसी में जाकर भी जांच करा सकेंगे। डेस्क से लोगों को इलाज में सुविधा होगी।



हेल्प डेस्क स्थापित करने के बाद मरीजों की लगी लाइन।


बुखार के मरीज बढ़े, इमरजेंसी व ओपीडी में थर्मामीटर तक नहीं
मंगलवार के अंक में प्रकाशित समाचार की पीडीएफ।

**खबर का असर**

▸▸ इमरजेंसी ओपीडी के बगल पहले दिन 55 से अधिक लोगों की हुई जांच

बदला ट्रेंड | सोने-चांदी के भाव बढ़ने के बाद ग्राहकों की बदली मांग के अनुसार ऑर्डर मंगा रहे कारोबारी

# सजा सर्राफा बाजार, हल्के-डिजाइनर गहनों की भरमार

अयोध्या कार्यालय

▸▸ धनतेरस व दीपावली की तैयारी, व्यवसायियों ने साधा सूरत-मुंबई व कोयंबटूर से संपर्क

**अमृत विचार :** धनतेरस और दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही सराफा बाजार दमकने लगा है। कारोबारियों के चेहरे चमक रहे हैं। अब उन्हें सिर्फ त्योहार का इंतजार है। इसके लिए जोर-शोर से तैयारियां कर रहे हैं। भले ही सोने का भाव बढ़ा हो, लेकिन कारोबारी खरीदारों को उदास नहीं होने देंगे। इसके लिए वे कम वजन में ही अच्छे और डिजाइनर गहने बनवा रहे हैं। महाराष्ट्र, गुजरात व कोयंबटूर आदि स्थलों से भी संपर्क साध रहे हैं।

दो देशों में चल रहे युद्ध और अमेरिका में होने वाले चुनाव का असर सोने और चांदी की कीमतों पर पड़ा है। 24 कैरेट सोने का भाव 75 हजार (10 ग्राम) व चांदी एक लाख रुपये किलो पहुंच गई है। नवरात्र और करवाचौथ के दौरान देखा गया कि ज्वेलरी शॉप पर पहुंचने वाले लोग रेट जानने के बाद हल्के में ही अच्छी डिजाइन वाले गहनों की मांग कर रहे थे। इसे देखते हुए नगर के सराफा कारोबारियों ने अंगूठी, चेन, मंगलसूत्र का ठप्पा, टॉप्स, झुमकी, कंगन, हार व अन्य सामान आम लोगों की बजट वाले मंगाए हैं।



### चांदी में आई बच्चों के दूध की बॉटल

सराफा कारोबारियों ने चांदी के जेवरात के अलावा बर्तन भी मंगाए हैं। चम्मच, कटोरी, थाली व गिलास के अलावा भी कई अन्य सामान आकर्षण का केंद्र बनेंगे। इनकी कीमत एक हजार रुपये से शुरू होगी। 100 ग्राम तक के चांदी के सिक्के भी आए हैं। बच्चों की दूध की बॉटल भी चांदी में आ गई हैं।



### आवागमन ठप हुआ तो कारोबार पर होगा असर : उत्तम



अखिल भारतीय उद्योग मंडल के राष्ट्रीय मंत्री, मंडल प्रभारी उत्तम बंसल चौक में आभूषणों का कारोबार करते हैं। उन्होंने कहा कि हल्के व डिजाइनर गहनों की मांग काफी बढ़ी है। इसे देखते हुए बड़ा ऑर्डर दिया गया है। प्रशासन से भी मांग हैं कि त्योहार के दिन आवागमन ठप न करें नहीं तो सराफा व्यवसाय पर बुरा असर पड़ेगा।

### कर्मियों को वेतन का फैसला राहत देने वाला: रामकुमार



चौक में व्यापार करने वाले अखिल भारतीय उद्योग मंडल के संगठन मंत्री रामकुमार सोनी ने बताया कि इस माह के अंत में त्योहार पड़ गया है। लोगों को थोड़ा दिक्कत होगी, लेकिन सुना है कि आदेश आया है कि त्योहार पर सभी सरकारी कर्मचारियों को वेतन दे दिया जाए। यह राहत की बात है। इस बार अच्छा व्यवसाय होने की उम्मीद है।

### त्योहार को लेकर बाजार है गुलजार : विनायक



सराफा कारोबारी विनायक अग्रवाल ने कहा कि सोने के दाम बढ़ रहे हैं। चांदी भी एक लाख रुपये किलो हो गई है। धनतेरस और दीपावली पर खरीदारी आज से नहीं हो रही है। यह एक परंपरा है। इसे हर कोई निभाता है। बड़े स्टोर्स भले ही खुल गए हों, लेकिन खरीदार सजे हुए बाजार में ही आना पसंद करता है।

## सार-संक्षेप



डॉ. एसपी बंसल को बुके भेंट करते डॉ. सत्यजीत वर्मा, डॉ. एमसी पांडेय, डॉ. जेपी तिवारी व डॉ. सरबजीत वर्मा व मौजूद अन्य स्टाफ।

### मेडिकल कॉलेज में अब उपचार नहीं करेंगे सर्जन डॉ. बंसल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : जनरल सर्जन प्रो. डॉ. एसपी बंसल मेडिकल कॉलेज में अब उपचार व ऑपरेशन करते नहीं दिखाई पड़ेंगे। 62 वर्ष की उम्र में उन्होंने सेवानिवृत्ति लेते हुए राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज को अलविदा कह दिया है। अपनी 34 वर्षों की प्रेक्टिस के दौरान उन्होंने हजारों ऑपरेशन किए हैं। मेडिकल कॉलेज की पांचवीं मंजिल पर मंगलवार को एक कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें विदाई दी गई। डॉ. एसपी बंसल ने बताया क उन्होंने 1991 से अपनी प्रेक्टिस शुरू की थी। उसके बाद देश के तमाम अस्पतालों में अपनी सेवाएं दी। बीच में कुछ वर्ष के लिए जिला अस्पताल में भी रहे। इसके बाद वह मेडिकल कॉलेज में जनरल सर्जरी विभाग में बतौर सर्जन नियुक्त हो गए। सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यजीत वर्मा ने कहा कि डॉ. बंसल का कार्यकाल सभी के लिए प्रेरणादायी रहेगा। एनेस्थेटिस्ट डॉ. जेपी तिवारी ने भी उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। डॉ. एमसी पांडेय, डॉ. सरबजीत वर्मा, डॉ.सृष्टेश तिवारी, डॉ. बृजेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने नुक्कड़ नाटक से दी 112 की जानकारी

**सोहावल, अयोध्या।** एक पहल 112 की के तहत मंगलवार को तहसील परिसर में पुलिस विभाग के कुछ कर्मी और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की टीम ने लोगों के बीच नुक्कड़ नाटक कर यह समझाने का प्रयास किया कि वर्तमान परिवेश में शासन की 112 नंबर पुलिस का कितना महत्व है। विपरीत परिस्थितियों में यह पुलिस आम जनता के लिए कैसे मदद कर सकती है। इसकी मदद लेने से परहेज न करे सभी सेवाएं निशुल्क है।

### विश्व का सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाला ग्रंथ है रामचरितमानस



रामलीला में लंका दहन का मंचन करते कलाकार।

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार** : रामचरितमानस विश्व की सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाला धार्मिक ग्रंथ है। रामलीला मनोरंजन मात्र नहीं है। रामलीला में भगवान राम के किरदार से, माता सीता के मंचन से और भगवान लक्ष्मण के अभिनय से बहुत कुछ सीख सकते हैं। यह बातें सोहावल विकासखंड क्षेत्र के मुबारकगंज चौराहे स्थित 55 वर्ष से होती आ रही रामलीला कमेटी के उपाध्यक्ष समाजसेवी संजीव सिंह ने कहीं। कमेटी के अध्यक्ष श्रीप्रकाश सिंह ने बताया पंचम दिवस पर लंका दहन का मंचन हुआ। इस मौके पर कमेटी के प्रबंधक सुनील सिंह, अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह, प्रधान मनोज सिंह, मुन्ना मिश्रा, कमलेश पांडेय, केदारनाथ मौर्य सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

### राम की पैड़ी से हटाया कांग्रेस नेताओं के नाम का पत्थर

**अयोध्या, अमृत विचार** : अयोध्या स्थित राम की पैडी से पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी और तत्कालीन सिंचाई मंत्री लोकपति त्रिपाठी के नाम का उद्घाटन पत्थर प्रशासन द्वारा हटाए जाने पर कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को कड़े शब्दों में निंदा की है। जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव और महानगर अध्यक्ष वेद सिंह के अगुवाई में कांग्रेस नेता जिला अधिकारी से मिले। उद्घाटन पत्थर को दोबारा लगाने का अनुरोध किया। जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, महानगर अध्यक्ष वेद सिंह व पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा इससे पूर्व राजीव गांधी स्मृति उद्यान से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा प्रशासन द्वारा हटा दी गई थी। हटाए गए उद्घाटन पत्थर को प्रशासन से नहीं लगाया गया तो कांग्रेस जन राम की पैड़ी पर आमरण अनशन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि शैलेंद्र मणि पांडे, प्रवीण श्रीवास्तव, उमेश उपाध्याय, रोहित यादव आदि थे।

### यूनियन ने मुख्यमंत्री को भेजा पांच सूत्री ज्ञापन

**अयोध्या कार्यालय अमृत विचार** : यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन अयोध्या क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन मंगलवार को नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। मांगों को पूरा कराए जाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष माशूक अली के नेतृत्व में नगर मजिस्ट्रेट से मिला और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए मुख्यमंत्री से मांग उठाई कि अयोध्या की गरिमा के अनुरूप आइएसओ मॉडल परिवहन निगम बस स्टेशन बनवाया जाए। परिवहन निगम कर्मचारियों को राज्य कर्मचारियों की भाति महंगाई भत्ता दिया जाये। वाह्य श्रोत कर्मचारियों की सेवा नियमावली बनवाने, कुशल कामगार का वेतन दिलाने, मृतक आश्रित की नियुक्ति किए जाने, क्षेत्रीय कार्यशाला में रिक्त पड़ी जमीन पर अधिकारी एवं कर्मचारी आवास बनवाने की भी मांग की। प्रतिनिधि मंडल में क्षेत्रीय मंत्री राजेंद्र प्रसाद पांडे, क्षेत्रीय संयुक्त मंत्री हरिकांत द्विवेदी, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष जय करन यादव, शाखा अध्यक्ष क्षेत्रीय कार्यशाला कृष्ण देव पांडे, अशोक जायसवाल, गोपेश द्विवेदी, देव प्रकाश द्विवेदी, रेवती रमन शुक्ला, गणेश दत्त पांडे आदि थे।

### जलसा मकसूद-ए-कायनात का आयोजन

**अयोध्या कार्यालय।** मोहल्ला ख्वाजा नगर चेला छावनी में जलसा मकसूद-ए-कायनात का आयोजन किया गया। जलसे की शुरूआत तिलावत-ए-कलाम पाक से कारी मुशाहिद रजा ने की। मुख्य अतिथि पीर ए तरीकत रहबर शरीयत नूरुल मसाइक अल्लामा मौलाना सैयद अब्दुल रब उर्फ चांद बाबू सज्जादा नसीन बिलहरी शरीफ ने संबोधित किया। संचालन मौलाना शम्स फैजी ने किया। जलसे में मौलाना मोहम्मद मुख्तार उल हसन फाजिल ए बगदाद, मुफ्ती शमशुल कमर कादरी, मुफ्ती रेफिउजजमा, मौलाना मोहम्मद सिराज निजामी, मौलाना शाबान, मौलाना सफाऊदीन, मौलाना अहमद, मौलाना शफीक, कारी मारूफ, कारी अकरम, कारी अबुल हसन, सैयद अरशद अत्तारी ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर सैयद अरशद अत्तारी भी मौजूद रहे। जलसे में नात-ए-पाक कारी वहीद, मोहम्मद उमम, मोहम्मद हुजैफा और हस्सान रजा ने पढ़ा।

### नहीं रहे वरिष्ठ भाजपा नेता मोहनदास



**अयोध्या, अमृत विचार** : भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहनदास का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह लगभग 70 साल की थे। फक्कड़ स्वभाव और सीधी भाषा में बात करने वाले दास काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। वह जिले में भाजपा की पहली कतार के नेताओं में थे। भाजपा के विभिन्न पदों निर्वाह किया था। जिलाध्यक्ष भी वह चुके थे। अयोध्या के श्रीराम हॉस्पिटल में उन्होंने मंगलवार दोपहर अंतिम सांस ली। उनकी निधन से हनुमानगढ़ी के संतों और पार्टी कि नेताओं में शोक की लहर फैल गई। दूसरी बेला उम्र खुशियों में जल समाधि दी गई। अंतिम संस्कार में अयोध्या के बड़े संतो के साथ ही श्री राम जन्मभूमि तीर्थ शेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय सदस्य अनिल मिश्रा, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रताप सिंह, वेद सिंह कमल, भाजपा की जिलाध्यच संजीव सिंह, महंत रामकुमार दास, राजकुमार दास, सहकारी बैंक के चेयरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, भूमि विकास बैंक चेयरमैन इंतिहान सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडे बादल, प्रकाश सिंह, कमलासन कर पांडे सहित समय लोग शामिल थे।

# प्रति वर्ष चार करोड़ से अधिक की बीज बिक्री कर रहा विश्वविद्यालय : रामनाथ

## बोले - केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि का किया दौरा

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार** : केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर मंगलवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पहुंचे। उन्होंने यहां निरीक्षण करने के साथ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

उन्होंने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव उनके पिता के मित्र थे। इसलिए भी उनका इस कृषि विश्वविद्यालय से एक गहरा लगाव है। प्रति वर्ष चार करोड़ से अधिक की बीज बिक्री पर मंत्री ने प्रसन्नता जाहिर की। कहा कि आज कृषि विवि खरीफ में दो करोड़ 80 लाख और रबी की फसल में एक करोड़ 75 लाख बीज की बिक्री कर रहा है। विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध, प्रसार, पशु, बीज एवं साफ-सफाई आदि के क्षेत्रों में तेजी के साथ आगे बढ़ा है।



कृषि विवि में निरीक्षण करते केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर साथ में कुलपति।

इससे पहले केंद्रीय मंत्री नरेंद्र उद्यान पहुंचे जहां उन्होंने आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। एनएसपी-6, डेयरी, सब्जी विज्ञान सहित विभिन्न प्रक्षेत्रों का भ्रमण कर विश्वविद्यालय में हो रहे विकास कार्यों को परखा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने विवि के विकास कार्यों से मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने ने गायों को अपने हाथों से गुड़ खिलाया और फलदार पौधे भी लगाए। बैठक के दौरान कुलपति ने प्रजेंटशन दिया। बताया कि विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय संस्थानों से अबतक 70 एमओयू हुए हैं। छह लाख किसान कृषि विज्ञान केंद्रों से जुड़कर कृषि का कार्य कर रहे हैं।

# राम राज्य के लिए राजा और प्रजा का सहयोग आवश्यक

अयोध्या कार्यालय

**संगोष्ठी का आयोजन**

**अमृत विचार** : राम राज्य केवल राजा नहीं ला सकता प्रजा का सहयोग आवश्यक है। तभी यह कल्पना से यथार्थ बन पाएगा। राम प्रताप विषमता खोई को स्थापित करने के लिए वर्ग विभाजन को मनुष्य जाति, धर्म, वर्ण, समाज किसी भी स्तर पर यह समाप्त करना होगा।

ये बातें मंगलवार को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के डीन प्रो. हरीश कुमार शर्मा ने कहीं। वह उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान लखनऊ एवं रत्नाकर शोधपीठ, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित वर्तमान परिवेश में राम राज्य विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्य वक्ता प्रो. मंजूषा मिश्रा ने कहा कि राम के राज्य को हम तभी समझ सकते हैं जब राम को समझे, क्योंकि राम राज्य स्थापित करने के लिए रामत्व के साथ एकाकार होना आवश्यक है। विशेष वक्ता डॉ. जय सिंह यादव ने कहा कि राम के मूल में है त्याग। उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव का निर्देशन प्राप्त हुआ। भाषा संस्थान की प्रभारी अंजू सिंह व डॉ. रश्मि सील ने अपने विचार रखे। अध्यक्षता करते हुए डीन कला संकाय प्रो. आशुतोष सिन्हा ने कहा कि अंत्योदय की परिकल्पना राम राज्य से ही सिद्ध हो सकती है। संचालन अवधी भाषा विभाग की डॉ. प्रत्याशा मिश्रा ने किया।

# जन-जागरूकता कार्यक्रमों का सत्यापन करेंगे अधिकारी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जल जीवन मिशन के तहत जन-जागरूकता के लिए आईएसए का चयन किया गया है। आईएसए से ग्राम पंचायत स्तर पर महिला बैठक, पुरूष-महिला बैठक, समुदाय की बड़ी बैठक, प्रभात-फेरी, हैंडवाश, दीवाल लेखन के लिए स्थान का चिन्हांकन/लेखन इत्यादि गतिविधियां की गई है।

गतिविधियों के अनुश्रवण के लिए ब्लाक मसौधा में जिला गन्ना अधिकारी, सोहावल में जिला समाज कल्याण अधिकारी, तारून में जिला विकास अधिकारी, बीकापुर में जिला जन सूचना अधिकारी, हैरिंग्टनगंज में बेसिक शिक्षा अधिकारी, मिल्कीपुर में जिला कृषि अधिकारी, अमानीगंज में अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, रूदौली में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, मवई में अधिशाषी अभियन्ता भूजल, मयाबाजार में जिला कार्यक्रम अधिकारी व पूराबाजार में जिला प्रोवेशन अधिकारी की डियूटी लगाई गई है। सीडीओ केके सिंह ने निर्देश दिया है कि ब्लॉक के आईएसए के कार्यों का अनुश्रवण करते हुए रिपोर्ट एक सप्ताह के अन्दर अधिशासी अभियन्ता जलनिगम ग्रामीण को उपलब्ध कराएं।

# रामायण मेला समिति व भातखंडे संस्कृति विवि के बीच हुआ एमओयू

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** भातखंडे संस्कृति विवि और रामायण मेला समिति के बीच मंगलवार को तीन वर्ष के लिए एक समझौता ज्ञापन मणिराम दास छावनी में किया गया। रामायण मेला समिति की तरफ से कार्यकारी महामंत्री कमलेश सिंह एवं भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय की कुल सचिव सृष्टि धवन ने समझौता हस्ताक्षर किया।

करार के अनुसार दोनों संस्थान मिलकर रामायण की महत्ता को विभिन्न कला रूपों जैसे संगीत, नृत्य, नाट्य और साहित्य के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। संयुक्त रूप से रामायण व संबंधित विषयों पर शोध पत्रिका का प्रकाशन करेंगे। इसका उद्देश्य रामायण को रंगमंच संगीत नृत्य और साहित्य के माध्यम से विभिन्न आयामों में प्रस्तुत करना होगा।



महंत नृत्य गोपाल दास की मौजूदगी में रामायण मेला समिति व भातखंडे संस्कृति विवि के बीच करार हुआ। अमृत विचार

अयोध्या में श्रीराम लला केंद्र की स्थापना की जाएगी। जिससे पर्यटकों के लिए रंगमंच के माध्यम से आकर्षण का केंद्र विकसित होगा। अयोध्या एवं अवध की विलुप्त हो रही लोक कला, लोक नृत्य, लोकगीत, लोक संस्कार एवं लोक परंपराओं का संरक्षण एवं संकलन हेतु संयुक्त रूप से प्रयास किया जाएगा। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि यह करार अयोध्या के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि समझौते में सबसे प्रमुख बिंदु यह है कि अयोध्या में श्रीराम सेंटर की स्थापना होगी। अयोध्या विधायक वेद गुप्ता ने बताया कि इसमें प्रमुख बिंदु यह है कि अयोध्या में अवध की विलुप्त हो रही लोक कला लोक नृत्य लोकगीत लोक संस्कार एवं लोक परंपराओं का संरक्षण किया जाएगा। कार्यक्रम में एसएन सिंह, श्रीनिवास शास्त्री, सरदार सुरिंदर सिंह व आशीष मिश्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# आजादी के संग्राम में काकोरी एक्शन का महत्वपूर्ण योगदान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : अशफ़ाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्यकांत पाण्डेय ने कहा कि काकोरी एक्शन का आजादी के संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसने अंग्रेजी हुकूमत की चूले हिला दी थी। एचआरए में शामिल सभी क्रांतिकारी समाजवादी विचारधारा से प्रभावित थे। वह भारत को एक धर्मनिरपेक्ष समाजवादी देश बनाना चाहते थे। उनकी शहादत को पूरा करने के लिए उनके सपनों का देश बनाना पड़ेगा।

वह मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित अमर शहीद अशफाक उल्ला खां के 124 वें जन्मदिन पर आयोजित जयंती समारोह में बोल रहे थे। भाकपा नेता शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि उन्होंने देश को एक समान विचारधारा का देश बनाने के लिए शहादत दी। भाकपा माले के अतीक अहमद ने काकोरी एक्शन पर विस्तृत चर्चा की। समारोह शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया। जयंती पर अली सदई ख़ान मशमूम फैजाबादी की नज़्म और अयोध्या प्रसाद तिवारी के गीत प्रस्तुत किया गया। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अपर पुलिस अधीक्षक प्रीतमसिंह व संचालन संस्थान के अध्यक्ष ज़फ़र इक़बाल ने किया। समारोह को ओमप्रकाश यादव, सुनील कुमार, ताज मुन्ना, इशहाक ख़ान, विवेक पांडेय, जुनैद अहमद राईन अब्दुल रहमान, विश्व प्रताप सिंह, ज़ैद ख़ान, प्रो. कृष्ण मुरारी सिंह आदि ने संबोधित किया।



प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते प्रबंध निदेशक सूर्यकांत पांडेय।

### माटी रतन चयन समिति का गठन

अमर शहीद अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान द्वारा दिए जाने वाले माटी रतन सम्मान चयन समिति की घोषणा प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने की। समिति में स्वप्निल श्रीवास्तव, रमा शरण अवस्थी, अरशद अफजाल खान को सदस्य बनाया गया है। समिति चयनित लोगों का नाम 20 नवंबर तक संस्थान को सौंपेगी। माटी रतन पाने वाले नामों की घोषणा 22 नवंबर को की जाएगी।

## स्मैक तस्कर फिर से गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार।** नगर कोतवाली पुलिस ने स्मैक की तस्करी को लेकर चर्चित दालमण्डी फतेहगंज निवासी बिन्दु कुमार अग्रवाल को फिर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से प्रतिबंधित 50 ग्राम प्राक्सीको स्पास नशीला पाउडर बरामद किया है और एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करवा चालान किया है। कुछ दिन पूर्व इसको साई दाता कुटिया निकट जनौरा के पास से स्थानीय लोगों ने स्मैक की बड़ी खेप के साथ पकड़ पुलिस के हवाले किया था। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि चौकी प्रभारी फतेहगंज उपनिरीक्षक शिवदीपक सिंह की पुलिस टीम ने बिंदु अग्रवाल को लीची बगिया के पास से पकड़ा है। उसके खिलाफ पहले से नगर कोतवाली और थाना कैंट में एनडीपीएस एक्ट के 13 मामले दर्ज मिले हैं।



सूफी नृत्य प्रस्तुत करतीं रासरंग फाउंडेशन ग्रुप की कलाकार। अमृत विचार

### रासरंग फाउंडेशन के सूफी नृत्यों पर झूमे दर्शक

**देवा महोत्सव**

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार** : देवा मेला ऑडिटोरियम में मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रासरंग फाउंडेशन ग्रुप की सरिता यादव और उनकी टीम के साथी कलाकारों ने सूफी नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर धूम मचाई। उन्होंने अपनी पहली प्रस्तुति छाप तिलक छीनी, सूफी गीत से की। इसके बाद शिव तांडव की प्रस्तुति देकर माहौल को शिवमय बना दिया। इसके बाद मेरा मुरशिद खेले होली सूफी गीत पर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। साथ ही राम सिया राम, अवध में लौटे हैं श्री राम मनाओ दीवाली गीत की प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**सुबेहा (बाराबंकी)। अमृत विचार** : सोमवार की रात एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता चलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे झाऊ का पुरवा मजरे रोहना मीरापुर के रहने वाले 45 वर्षीय त्रिलोकी पुत्र राम प्यारे का शव घर में कमरे की छत से लटका मिला। त्रिलोकी ने साड़ी को फंदा बनाया था। मंगलवार की सुबह परिवार की नजर लटकते शव पर पड़ी तो कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक सुबेहा संजीव कुमार ने बताया कि शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।

# तुझमें रब दिखता है यारा मैं क्या करूं पर झूमें श्रोता

संवाददाता, देवा (बाराबंकी)

**अमृत विचार:** देवा मेला के ऑडिटोरियम में मंगलवार को स्कूली बच्चों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने गीत व नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रा छाया ने लोकगीत की प्रस्तुति देकर की इसके बाद प्रतिभा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज नरैनी के छात्रों ने आरंभ से प्रचंड गीत की प्रस्तुति दी। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके बाद महाराणा इंटर कॉलेज की छात्रा, निशा शर्मा ने जय श्री राम जय श्री राम और छात्रा, सादिया ने, तू ही ए मुझको बता दे, मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। कंपोजिट स्कूल महमूदाबाद विकास खंड सिरौलीगौसपुर के बच्चों ने, तेरा रूप है प्रचंड की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद केजीबीवी सूरतगंज की छात्राओं ने देश भक्ति गीत, सुनो गौर से दुनिया वालों की प्रस्तुति देकर देश भक्ति का जोश भरा। प्रतिभा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज नरैनी की छात्रा ने, तुझमें रब दिखता है यारा मैं क्या करूँ, गीत की मनमोहक प्रस्तुति पर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। वहीं, देवा मेला के प्रेक्षागृह में मंगलवार की शाम इंडियन आइडियल सीजन 3 के फेम, अभिषेक राजपूत के गीतों का दर्शकों ने खूब आनन्द लिया।



मंच पर प्रस्तुति देतीं छात्राएं।



नरैनी देवा की छात्राओं को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार





## अमृत विचार क्लासीफाइड

### नन्दिनी नगर महाविद्यालय
नवाबगंज-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9848469000, 9838989000

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला/विज्ञान संकाय अन्तर्गत बी0लिब0 एवं बी0एस-सी0 (गृह विज्ञान) पाठ्यक्रम में तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय अन्तर्गत एम0लिब0 पाठ्यक्रम में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है-
अर्हता-स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, बी0लिब0 उपाधि 55% तथा सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55% अंको सहित यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाणपत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि/नेट प्रमाण पत्र।
नोट- यू.जी.सी. द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
वेतन- डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय/उत्तर प्रदेश शासन के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस में महाविद्यालय के निर्धारित आवेदन पत्र पर समस्त शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधिपत्रों तथा पी-एच0डी0 उपाधिधारी होने की स्थिति में यू0जी0सी0 रेगलेशन-2016 प्रमाणपत्र एवं शोधगंगा पोर्टल पर पी-एच0डी0 थीसिस अपलोड होने का प्रिन्टआउट की स्वच्छ छायाप्रति एवं नवीनतम फोटोग्राफ संलग्न कर आवेदन करें।
प्रबन्धक

### जगदम्बा शरण सिंह एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट
पूरेफकीर, बेलसर-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9848469000, 9838989000

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला/विज्ञान/कृषि संकाय अन्तर्गत हिन्दी, समाजशास्त्र, भूगोल, वनस्पति विज्ञान एवम् कृषि विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है-
अर्हता- स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 50% अंको सहित यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाणपत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि/नेट प्रमाण पत्र।
नोट- यू.जी.सी. द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार प्राचार्य की नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
वेतन- डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय/उत्तर प्रदेश शासन के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस में महाविद्यालय के निर्धारित आवेदन पत्र पर समस्त शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधिपत्रों स्वच्छ छायाप्रति एवं नवीनतम फोटोग्राफ संलग्न कर आवेदन करें।
प्रबन्धक

### कार्यालय ग्राम पंचायत बेलसादा, वि0ख0 भदैंया, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-21.10.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बेलसादा, वि0ख0 भदैंया, सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 22.10.2024 से दिनांक 28.10.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत बेलसादा पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 28.10.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | पीएस बेलसादा से राधेश्याम के घर होते हुए बलदेव के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। लंबाई- 200 मीटर। | 8,73,974 रुपये | इण्टरलॉकिंग ईट, सीमेंट, बालू व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0- बेलसादा,
वि0ख0- भदैंयाजनपद -सुलतानपुर

ग्राम पंचायत सचिव
ग्रा0पं0- बेलसादा,
वि0ख0- भदैंया जनपद -सुलतानपुर

### सूचना
प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्यजीवी सहकारी समिति की तीसरी बैठक ब्लाक टोडरपुर की न्याय पंचायत सुंदरपुर उमरौली के ग्राम कमालपुर में तारीख 24 अक्टूबर 2024 को मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड की तीसरी संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया जायेगा।
**रज्जन कश्यप,** मो- 9598461370,
मुख्य प्रवर्तक
प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0, उमरौली कमालपुर, हरदोई

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं डी0के0 टेन्ट हाउस द्वारा प्रोपराइटर दिनेश कुमार के नाम व स्टाइल से फर्म जिसका रजिस्ट्रेशन नं0-092500473185 व जी0एस0टी0आई0एन0 नं0-09BMNPK3718H2ZQ के नाम से संचालन करता है। मेरी उक्त फर्म के नाम, स्टाइल, पता व लेटरहेड के नाम से यदि कोई अन्य व्यक्ति धोखाधड़ी, छल-कपट व कूटरचना करके आम जनता को गुमराह करके हमारी उक्त फर्म के नाम से किसी भी तरह का कोई लेन-देन, बिलिंग व फर्म के नाम का दुरुपयोग इत्यादि करता पाया जाए तो वह फर्जी होगा तथा समस्त जिम्मेदारी फर्जीवाड़ा या स्वयं की होगी। मेरी उपरोक्त फर्म के नाम का दुरुपयोग करने पर उचित वैधानिक कार्रवाई की जायेगी तथा मेरे छोटे भाई का मुझ से कोई लेना-देना व वास्ता, सरोकार नही होगा।

### NOTICE
I, ANOOP KUMAR DUTTA S/O AJAY KUMAR DUTTA R/O BABAGANJ PRATAPGARH declare that in DL my name is printed as ANUP KUMAR DUTTA ,So all future purpose my names spelling is ANOOP KUMAR DUTTA as per my marksheets as well as Adhar card.

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **सोमेश कुमार सिंह पुत्र दिग्विजय सिंह, माता का नाम मन्जू सिंह, निवासी गोसैन्द्रपुर, अयाह, जिला गोन्डा** है, एलआईसी बीमा पॉसं0- 214550442 में मेरा नाम दीपेश सिंह दर्ज है, मुझे सोमेश कुमार सिंह व दीपेश सिंह दोनो ही नामों से जाना जाता है। अतः एल0आई0सी0 बीमा पॉ0सं0 214550442 में उक्त दोनों नामों से जाना व पहचाना जाये।

### सूचना
सूचित हो कि मैं **शीबू अहमद पुत्र इन्तजार खान, नि0-मोपुर हक डेरापुर, जिला कानपुर देहात,** मेरा हाईस्कूल परीक्षा-2013 अनुक्रमांक 1571443 तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा-2015 अनुक्रमांक-1102552 का हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट का अंक पत्र व सनद वास्तव में खो गया है।

### सूचना
मैंने अपना नाम SAUD AKHTAR से बदल कर MOHAMMAD SAUD AKHTAR रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाय। MOHAMMAD SAUD AKHTAR पुत्र FAIZ MOHAMMAD पता, PASHCHIM TARF JALALPUR AMBEDKAR NAGAR

### सूचना
सूचित हो कि मैं **कृष्ण मिश्रा पुत्र जगदीश प्रसाद मिश्रा, नि0 ग्राम पूरे पंडित मजरे आसोह तहसील महराजगंज, जिला-रायबरेली,** मेरे सभी दस्तावेज में मेरा नाम श्री कृष्ण मिश्रा पुत्र जगदीश प्रसाद मिश्रा नाम अंकित है जो कि सही है। जबकि मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स में मेरा नाम त्रुटिवश कृष्णा मिश्रा नाम अंकित है, जो कि गलत है। अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स में मेरा नाम कृष्णा मिश्रा के स्थान पर कृष्ण मिश्रा अंकित किया जाय।

### सूचना
सूचित हो कि मैने अपना नाम Vaseem Ahmed से बदलकर Vaseem Ahmad Ansari कर लिया है आज से लोग हमें इसी नाम से जाने पहचानेंगे। Vaseem Ahmad Ansari S/O Sageer Ahmad ग्राम-राजघाट, श्रीदत्तगंज-बलरामपुर

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेरी पत्नी का एक बीमा पॉलिसी संख्या 2755 31204 चल रहा था। जिसमें उसका नाम राधा रानी पत्नी जगराम यादव दर्ज है। जबकि वास्तविक नाम सोना यादव पत्नी जगराम यादव है। यह दोनों नाम मेरी पत्नी का ही है। **जगराम यादव पुत्र मातादीन ग्राम बालपुर चौकी जिला बलरामपुर**

### सूचना
सूचित करना है कि मेरा एक बीमा पॉलिसी संख्या 21 511 7523 है। जिसमें मेरा नाम ननके लाल पुत्र विश्वनाथ दर्ज है। जबकि मेरा नाम रक्षाराम पुत्र विश्वनाथ है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं। **रक्षाराम पुत्र विश्वनाथ, निवासी- ग्राम भगवानपुर पोस्ट मथुरा बाजार बलरामपुर**

# सपा से शोभावती व बसपा से अमित ने भरा पर्चा

## अब तक कुल तीन उम्मीदवारों ने पांच सेट में दाखिल किया पर्चा, 10 ने 21 सेट में खरीदा है नामांकन पत्र

**जिला संवाददात, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** कटेहरी विधानसभा उपचुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रही है राजनीतिक पार्टियां नामांकन पत्र खरीदने और दाखिल करने में जुट गई हैं। मंगलवार तक दस प्रत्याशियों ने 21 सेट में नामांकन पत्र खरीदा है।

चौथे दिन के नामांकन प्रकिया के तहत रिटर्निंग ऑफिसर उप जिलाधिकारी भीटी सदानंद सरोज ने बताया कि कटेहरी विधानसभा उप चुनाव के लिए मंगलवार को रामनरेश प्रजापति भागीदारी पार्टी प्रत्याशी द्वारा एक सेट में नामांकन पत्र और राजेश कुमार आजाद समाज पार्टी प्रत्याशी द्वारा चार सेट में नामांकन पत्र खरीदा गया। उन्होंने बताया कि अब तक कुल दस प्रत्याशियों ने 21 सेट में नामांकन पत्र खरीदा है। रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि बसपा उम्मीदवार अमित वर्मा ने दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बसपा उम्मीदवार के साथ प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल भी मौजूद रहे। वहीं समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार शोभावती वर्मा ने भी दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया हैं। शोभावती वर्मा के साथ उनके पति सांसद लालजी वर्मा, विधायक त्रिभुवन दत्त, पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव मौजूद रहे। अब तक कुल तीन प्रत्याशियों ने पांच सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया हैं। कलेक्ट्रेट में टेलीफोन व वायरलेस की सुविधा से युक्त निर्वाचन कंट्रोल रूम 24 घंटे कार्यरत है। कॉल सेंटर द्वारा मतदाताओं से वार्तालाप की व्यवस्था की गई। कंट्रोल रूम का नंबर- 05271-244440, हेल्पलाइन नंबर- 1950 है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कंट्रोल रूम में तैनात सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्राप्त शिकायतों का निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।


रिटर्निंग ऑफिसर उप जिलाधिकारी भीटी सदानंद सरोज को नामांकन पत्र सौंपती सपा उम्मीदवार शोभावती वर्मा व साथ में पति सांसद लालजी वर्मा।


रिटर्निंग ऑफिसर उप जिलाधिकारी भीटी सदानंद सरोज को नामांकन पत्र सौंपते बसपा उम्मीदवार अमित वर्मा व साथ में प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल।


रेंडमाइजेशन का जायजा लेते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह। अमृत विचार

### डीएम ने प्रथम रेंडमाइजेशन का लिया जायजा

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने कटेहरी उपचुनाव में मतदान संबंधी व्यवस्थाओं के प्रभावी अनुश्रवण, नियंत्रण और शांतिपूर्ण, निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के लिए प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एनआईसी कक्ष में ईवीएम, वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में हो रहे प्रथम रेंडमाइजेशन का जायजा लिया। ईवीएम की रेंडमाइजेशन के लिए 39 कंट्रोल यूनिट, 39 बैलेट यूनिट, 39 वीवी पैट मशीन प्रशिक्षण के लिए निकाली गई। शेष का पहला रेंडमाइजेशन किया गया, जिसमें सीयू 140 प्रतिश, वीयू 140 प्रतिशत और वी वी पैट 150 प्रतिशत है। रेंडमाइजेशन के द्वारा जो मशीन सिलेक्ट हुई है अब उन मशीनों को अंदर से निकाल करके उनका स्क्रेनिंग करके नंबर मिलान करके अब विधानसभा के अनुसार रखा जाएगा। जो रेंडमाइजेशन में नंबर आता है उन्हीं नंबर की मशीनों को निकाल कर स्कैनिंग की जाती है। इस दौरान मौके पर अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. महेश चंद द्विवेदी, प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी कर रहे हैं जातिवाद : शोभावती

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** कटेहरी विधानसभा क्षेत्र से सपा उम्मीदवार शोभावती वर्मा ने नामांकन करने के बाद जिलाधिकारी अविनाश सिंह पर जमकर हमला बोला। शोभावती वर्मा ने कहा कि जिलाधिकारी खुद चुनाव लड़ रहे हैं और वह जातिवाद कर रहे हैं।

सपा उम्मीदवार ने कहा कि कटेहरी उपचुनाव में मेरी लड़ाई किसी भी पार्टी से नहीं है। कटेहरी की जनता के कहने पर चुनाव लड़ रही हूं। हालांकि परिवार वाद के सवाल पर वह सटीक जबाब नहीं दे सकी। वहीं दूसरी तरफ सपा के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद लालजी वर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन बीजेपी के एजेंट के रूप में काम कर रहा है। जिसकी शिकायत वह चुनाव आयोग से करेंगे। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी मुस्लिम प्रधानों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए दबाव बना रहे हैं। मुस्लिम प्रधानों से कहा जा रहा है कि या तो भाजपा को वोट करिए या फिर वोट डालने मत जाइएए। प्रधानों, कोटेदारों, शिक्षकों पर वोट दिलवाने

### लगाए आरोप


कटेहरी विधानसभा उपचुनाव की उम्मीदवार शोभावती वर्मा।

राजनीति में इतना खुलकर कोई भी जिलाधिकारी सामने नहीं आया था, लेकिन उन्हें जान लेना चाहिए कि जब-जब प्रशासन ने ज्यादती किया है तब तब जनता मुंहतोड़ जबाब देती है। जाति देखकर सचिव, लेखपाल, बीएलओ की तैनाती और ट्रांसफर किया गया है। यहां तक उपजिलाधिकारी को भी बदल दिया गया है। जिलाधिकारी भाजपा को जिताने के लिए लगातार षडयंत्र कर रहे हैं, लेकिन भाजपा और जिलाधिकारी चाहे जितना षडयंत्र कर लें सपा जीत दर्ज करेगी। लालजी वर्मा ने कहा कि कटेहरी की जनता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सविधान को मानने वाली है। वह समाजवादी पार्टी के साथ है।

### एक नजर

#### मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**टांडा, अंबेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश संयुक्त बार एसोसिएशन स्रके अवाहन पर टांडा तहसील के अधिवक्ताओं ने मानव श्रृंखला बना कर तहसील में प्रदर्शन किया। संयुक्त बार एसोसिएशन के अधिवेशन में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, बीमा सुरक्षा आदि मांगों को लेकर मानव श्रृंखला बना कर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया था। मंगलवार को अधिबक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए टांडा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद मुकीम एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन अजय प्रताप श्रीवास्तव के नेतृत्व में तहसील से निकल कर टांडा बसखारी मार्ग पर मानव श्रृंखला बना कर प्रदर्शन करते हुए तहसील में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में महामंत्री संजीव कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह, अपाध्यक्ष दिनेश वर्मा, संयुक्त मंत्री अब्दुल माबूद, श्रीकांत वर्मा, शैलेन्द्र उपाध्याय, हेलाल अशरफ, पारसनाथ प्रजाति, दिलीप मांझी आदि सभी अधिवक्ता शामिल रहे।

#### किसानों को वितरित किया सब्जियों का अनुदानित बीज

**अंबेडकरनगर।** अकबरपुर नगर स्थित राजकीय उद्यान पार्क में किसानों को सब्जियों के बीज का वितरण किया गया। जिसमें आलू, टमाटर, तरोई, भिंडी समेत कई अन्य सब्जियों के बीज मुख्य रूप से शामिल रहे। किसानों से अपील की गई कि वह अधिक से अधिक सब्जी का उत्पादन करें, जिससे वह आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें। अनुदान पर बीज हासिल करने के लिए सुबह से ही किसानों का राजकीय उद्यान पार्क में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। राजकीय उद्यान कार्यालय के अनुसार किसानों के आधार कार्ड, बैंक पासबुक व खतौनी का सत्यापन कर उन्हें आवश्यकतानुसार आलू, प्याज, टमाटर, शिमला मिर्च, तरोई समेत कई अन्य प्रकार के अनुदानित बीज का वितरण किया गया। जिला उद्यान अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि किसानों में सुचारु रूप से अनुदानित बीज का वितरण किया जा रहा है। साथ ही उन्हें सब्जियों की खेती के लिए प्रेरित किया गया।

#### जिला प्रशासन पर लगाए गए आरोप हैं निराधार

**अंबेडकरनगर।** सपा और बसपा उम्मीदवार द्वारा लगाए गए आरोप के बाद जिला प्रशासन ने प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। जिलाधिकरी अविनाश सिंह ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि जिला प्रशासन पर लगाए गए सभी आरोप पूर्णतया असत्य और निराधार हैं। जिला प्रशासन पूर्णरूप से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध है।

## जल्द दूर की जाए रेलवे के अंडरपास की समस्या

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने तहसील अकबरपुर के विकासखंड कटेहरी क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत अटवाई में रेलवे विभाग द्वारा निर्मित कराए गए रेलवे अंडरपास में विगत कई महीने से जल भराव होने से आस-पास के ग्रामीणों को आवागमन में आ रही समस्याओं की प्राप्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अधिशासी अभियंता सिंचाई अयोध्या सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का भौतिक परीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अंडरपास के निर्माण में बगल से गुजर रहे नहर के जल रिसाव से संबंधित सुरक्षात्मक कार्य न करने के कारण अंडरपास में जल भराव की समस्या प्रकाश में आयी। जिसके शीघ्र अति शीघ्र समाधान के लिए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई रजनीश गौतम को तत्काल नहर के लाइनिंग का स्टीमेट बनाकर अग्रिम कार्यवाही के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह को डीआरएम रेलवे और अधिशासी अभियंता सिंचाई से समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही रेलवे और सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारियों की संयुक्त बैठक बुलाने और समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे ग्रामीणों की आवागमन समस्या का स्थाई समाधान हो सके और नियमित सुचार आवागमन सुनिश्चित हो सके।

## प्रशासन वोट दिलवाने के लिए प्रधानों पर बना रहा है दबाव : विश्वनाथ पाल

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** कटेहरी विधानसभा उपचुनाव के लिए बसपा उम्मीदवार अमित वर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल भी मौजूद रहे। नामांकन करने के बाद वापस लौट कर बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि बसपा पहले भी उपचुनाव में उतर चुकी है। इस बार सभी सीटों पर पूरी दमदारी से चुनाव लड़ेगी और जीत दर्ज करेगी। बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी कटेहरी उपचुनाव को जीतने के लिए प्रधानों पर दबाव बना रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानों से कहा जा रहा है कि वोट नहीं दिलवाओगे तो जांच शुरू करा दिया जाएगा। कोटेदार भी जांच से डरे हुए हैं। सरकारी कर्मचारियों से भीड़ लाने को कहा जा रहा है। भीड़ नहीं लाने पर निलंबित करने का डर दिखाया जाता है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वह चुनाव आयोग से जल्द ही इसकी शिकायत करेंगे।



बसपा उम्मीदवार अमित वर्मा के साथ मौजूद प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल।

### सार-संक्षेप

#### मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा


जलालपुर तहसील में मानव शृंखला बनाकर फ्लैग मार्च करते अधिवक्ता।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** संयुक्त बार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आवाहन पर जलालपुर बार एसोसिएशन द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर मानव श्रृंखला बनाते हुए फ्लैग मार्च कर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। संयुक्त बार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जलालपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा की मौजूदगी में 9 मांगों को लेकर मानव शृंखला बनाकर प्रदर्शन किया और मांग किया कि अभिलंब अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। राज्य और विधान परिषद में अधिवक्ताओं के लिए आधिकारिक सीट आरक्षित की जाए। न्यायालय में पारदर्शिता के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। बार कौंसिल में सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए, अधिवक्ताओं को स्थाई चैंबर और वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जाए। अधिवक्ताओं को सामूहिक स्वास्थ्य बीमा और टर्म पॉलिसी का लाभ दिया जाए। न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति हो, राजस्व न्यायालय में विधि स्नातक उपाधि पाने वाले अधिकारियों की नियुक्ति की जाए और नए अधिवक्ताओं को दस हजार रुपए स्टाइपेंड और 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले अधिवक्ताओं को 25 हजार रुपए मासिक पेंशन दिया जाए। तत्पश्चात अधिवक्ताओं ने तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव को ज्ञापन सौपा। इस मौके पर बार के पूर्व अध्यक्ष संत प्रसाद पांडे, सत्य प्रकाश मिश्रा, रविंद्र मिश्रा, राजपति सिंह, जगदीश चंद्र यादव, कृपा शंकर मौर्य, रामचंद्र दुबे, देवानंद द्विवेदी, महेंद्र यादव समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

#### छह वर्ष तक के बच्चों को लगाए टीके

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को नियमित टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान 18 प्रकार की बीमारियों से बचाने के लिए छह वर्ष तक के बच्चों को टीका लगाया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मारकंडेय ने बताया कि चिकित्सकों की टीम ने न सिर्फ टोका लगाया, बल्कि रोगों के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया। उन्होंने आम लोगों से अपील किया कि अभियान को शतप्रतिशत सफल बनाने के लिए वह भी इसमें सहयोग करें। सामूहिक सहयोग से ही अभियान को पूरी तरह से सफल बनाया जा सकता है।

#### संचारी रोगों से बचाव के बताएं तरीके

अंबेडकरनगर,अमृत विचार। अकबरपुर नगर के मीरानपुर स्थित संयुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिससे उन्हें संचारी रोगों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि साफ.-सफाई व जागरूकता के आधार पर संचारी रोगों के फैलने पर अंकुश लगाया जा सकता है। प्रशिक्षक शाहिद कमर ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि गांव-गांव जाकर गोष्ठी, चौपाल व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को संचारी रोगों के फैलने के कारण, लक्षण व उससे बचाव के बारे में जानकारी दें।

## डॉ. रजनीश बने भाजपा के सक्रिय सदस्य

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** भाजपा ने अपने संगठन महापर्व में प्राथमिक सदस्यता अभियान के साथ ही सक्रिय सदस्यता अभियान 16 अक्टूबर से प्रारंभ कर 31 अक्टूबर तक चला रही है। भाजपा का जनपद में सर्वाधिक 14 हजार 1 सौ 50 प्राथमिक सदस्य बनाने वाले जनपद के भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. रजनीश सिंह को भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी ने सक्रिय सदस्यता के जिला संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, सदस्यता अभियान जिला संयोजक अमरेंद्र कांत सिंह, सह संयोजक विनय पाण्डेय, पंकज वर्मा के साथ डॉ. रजनीश सिंह को उनके आवास पर जाकर मुंह मीठा कराते हुए ससम्मान सक्रिय सदस्य बनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने डॉ. रजनीश सिंह को उनके आवास पर जाकर सक्रिय सदस्यता दिलाने के बाद उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाने में जिस प्रकार से डॉप्त. रजनीश सिंह ने प्रयास किया वह सराहनीय है। इसी तरह का प्रयास यदि अन्य कार्यकर्ताओं ने भी किया होता तो भाजपा की सदस्यता अभियान में जनपद पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर होता। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास करते रहने से कठिन से कठिन लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।


भाजपा जिलाउपाध्यक्ष डॉ. रजनीश के साथ मौजूद जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी।

### डॉ. रजनीश को भाजपाइयों ने दी बधाई

डॉ. रजनीश सिंह को जनपद में सर्वाधिक प्राथमिक सदस्य बनाने पर भाजपा जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव, सुरेश कन्नौजिया, बाबा राम शब्द यादव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला कार्यालय सह प्रभारी डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह, सह जिला मीडिया प्रभारी बजरंगी पाठक, भाजपा नेता राजेश सिंह बबलू, नगर अध्यक्ष शिव पूजन राजभर, रमेश यादव आदि ने बधाई दी है।

## भाजपा सरकार में जनता परेशान समय आने पर देगी जवाब : शिवपाल

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

अमृत विचार। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव कटेहरी उपचुनाव में सपा उम्मीदवार शोभावती वर्मा के नामांकन सभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। शिवपाल यादव ने कहा कि बीजेपी सरकार से हर वर्ग परेशान है, कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है। समय आने पर जनता मुंह तोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन सत्ता के इशारे पर आम लोगों से लेकर सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीडन कर रहा है।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने अधिकारियों से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि यदि चुनाव में कोई अधिकारी गड़बड़ी करता है, तो उसका नाम लाल कलम से डायरी में लिख लें। उन्होंने आश्वासन दिया कि 2027 में सरकार आने पर उन अधिकारियों का हिसाब लिया जाएगा। प्रदेश में हो रहे उपचुनाव में भाजपा सभी सीटों पर हार जाएगी और 2027 में सत्ता से बाहर हो जाएगी। कटेंहरी विधानसभा सीट के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी शोभावती वर्मा के नामांकन के बाद उन्होंने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में नौजवानों की समस्याएं बढ़ गई हैं। उन्हें नौकरी नहीं मिल रही है और जो नौजवान नौकरी पा रहे हैं वह केवल संविदा और आउटसोर्सिंग के जरिए काम कर रहे हैं। जिसमें बहुत कम वेतन मिलता है।

### व्यापारी और किसान हैं त्रस्त

जीएसटी के कारण छोटे व्यापारी भी परेशान हैं, क्योंकि उनके यहां छापे पड़ रहे हैं। किसान इस सरकार से असंतुष्ट हैं और बिजली विभाग की छापेमारी का सामना कर रहे हैं। उन्हें डीएपी खाद नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में महिलाएं असुरक्षित हैं। इस मौके पर सपा सांसद लालजी वर्मा, सपा विधायक राम अचल राजभर, सपा विधायक त्रिभुवन दत्त, सपा जिलाध्यक्ष जंगबहादुर यादव, पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव सहित हजारों की संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हादसे में घायल की तहरीर पर दर्ज किया मुकदमा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** मोटरसाइकिल के टक्कर से घायल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है। जलालपुर कोतवाली के विकास नगर कॉलोनी फरीदपुर निवासी सत्य प्रकाश गुप्ता ने शिकायत करते हुए कहा कि बीते 25 सितंबर को वह अपने ननिहाल खानपुर थाना अहिरौला आजमगढ़ से वापस आ रहा था तभी जैतपुर थाना क्षेत्र के ढाखा मोड़ से मोटरसाइकिल से गुजर रहा था तभी अनियंत्रित मोटरसाइकिल सवार जो बिना हेलमेट के थे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मेरा दाहिना हाथ टूट गया और बाएं पंजे में काफी चोटें आयीं। हेलमेट लगाने के कारण मेरा सर फटने से बच गया, नहीं तो जान चली जाती। उक्त मोटरसाइकिल चालक शराब के नशे में था। मैंने उससे बहुत मांगी लेकिन उसने धमकी दिया कि जो करना हो कर लो। गाड़ी नंबर के आधार पर पुलिस ने अंकित पाल ग्राम जैतपुर थाना जैतपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। एसओ जैतपुर वंदना अग्रहरि ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## गर्म तेल डालने के मामले में 7 नामजद समेत 11 पर केस दर्ज

**टांडा, अंबेडकरनगर।** मेवाती देवी पत्नी स्व. मिठाई लाल निवासनी ग्राम हसनपुर सुन्थर ने आरोप लगाया है कि बीते सोमवार की देर शाम में गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम था जिसमें वह अपनी बेटी पूजा के साथ समिति के बाहरी कलाकारों के लिए संजय पुत्र श्यामलाल के साथ भोजन बना रही थी। कढ़ाई में गर्म तेल से पूड़ी छान कर निकाला जा रहा था कि शैलू उर्फ अविनाश वर्मा पुत्र सियाराम निवासी ग्राम संसारीपुर, सूरज यादव उर्फ गोलू पुत्र प्रकाश निवासी ग्राम बहोरापुर, राज यादव पुत्र अज्ञात निवासी पकड़ी भोजपुर, प्रदीप, गुड्डू, नवनीत व तीन चार अन्य गांव के प्रदीप राजभर उर्फ दीपू को गाली देते खोजते हुए आए और उससे से पूछा दीपू कहां है। अनभिज्ञत्ता जाहिर करने पर उक्त सभी मुझे व मेरी पुत्री को गाली देने लगे। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टांडा इंस्पेक्टर दीपक सिंह रघुवंशी ने बताया कि प्रकरण में विभिन्न धाराओं में मूकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट का अंकपत्र सहप्रमाणपत्र वर्ष 2020 अनुक्रमांक 2218187 वास्तव में खो गया है। पवन चौहान पुत्र श्री मोहन लाल ग्राम दौलतगंज पोस्ट जमैयतपुर थाना गोला जनपद लखीमपुरखीरी पिन कोड 262802

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने एक नई फर्म बनाई थी। जिसका नाम जय मां सन्तोषी विक्र फिल्ड था। प्रदूषण बोर्ड की सीटीओ संख्या 98524/यूपीपी सीबी/फैजाबाद बहराइच 2020 एवं 98521/यूपीपीसीबी/फैजाबाद बहराइच 2020 जो कि 13/07/2020 से 31/07/2024 तक वैद्य था। परन्तु कोविड आ जाने के कारण हम अपने उक्त फर्म का संचालन नहीं कर सके एवं अब हम अपने फर्म का संचालन करने जा रहे है तथा उसका नाम उपरोक्त से बदलकर श्री बाबा राम प्रकाश ईट उद्योग कर रहे है। अब हमारी उपरोक्त फर्म श्री बाबा राम प्रकाश ईट उद्योग के नाम से जानी जायेगी। हम उपरोक्त फर्म का किसी भी प्रकार का सरकारी, सहकारी एवं व्यक्तिगत खनन रियाल्टी, जीएसटी, जिला पंचायत कर, बैंक बकाया नहीं है। सूचना जनहित में प्रेषित है। जिस किसी को आपत्ति हो वो 31/10/2024 तक अपनी आपत्ति दर्ज कराए।

**आवेदक जय मां सन्तोषी व्रिक फिल्ड नया नाम श्री बाबा राम प्रकाश ईट उद्योग पयागपुर-बहराइच। मो. 9838324000**

**मनमानी** आय, जाति समेत अन्य कागजात को बनवाने के लिए लाखों रुपए की लागत से ग्राम सचिवालयों का कराया गया है निर्माण

# ग्राम सचिवालयों में नहीं बैठते जिम्मेदार, फरियादी परेशान

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** सरकार द्वारा ग्रामीणों को गांव में ही आय, जाति समेत अन्य सुविधाओं को प्रदान करने के लिए बने पंचायत भवन सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। यहां पंचायत सहायकों, कर्मचारियों की लापरवाही के चलते ग्रामीणों को ब्लॉक मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। यह हाल तहसील क्षेत्र के सभी ग्राम सचिवालयों का है।

बता दें कि सरकार ग्रामीणों को आय, जाति समेत अन्य कागजात को बनवाने के लिए लाखों रुपए की लागत से प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालयों का निर्माण करते हुए लाखों रुपए की कीमत से सामान उपलब्ध करा दिया है, इसके संचालन के लिए पंचायत सहायकों की नियुक्ति भी की गई है, लेकिन इसके बावजूद भी ब्लाक अधिकारियों के मनमानी के चलते कोई कर्मचारी ग्राम सचिवालय पर नहीं बैठते जिसके कारण सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रही है और उन्हें आय, जाति समेत अन्य कागजात बनवाने के लिए ब्लॉक मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इसी कड़ी में जलालपुर ब्लॉक के भदोही गांव निवासी राजेंद्र यादव ने बताया कि बीते दो सप्ताह से जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ब्लॉक व तहसील का चक्कर लगा रहा हूं, लेकिन ग्राम सचिव से मुलाकात नहीं हो पा रही है। यदि गांव में बने ग्राम सचिवालय में ग्राम सचिव बैठते या उनका मोबाइल चालू होता तो उनसे संपर्क कर बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनवा लिया जाता। वहीं करमिसिरपुर गांव निवासी विनोद यादव ने बताया कि ग्राम सचिवालय में ग्राम सचिव कभी बैठते ही नहीं बीते 15 दिन से मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए संपर्क करने का प्रयास कर रहा हूं, लेकिन संपर्क नहीं हो पा रहा, ना ही सचिवालय में मुलाकात हो रही है।

इस संबंध में उप जिलाधिकारी पवन जायसवाल ने बताया कि इस तरह की शिकायतें कई बार मिल चुकी है। इस संबंध में जल्द ही ग्राम सचिव, लेखपाल व पंचायत सहायकों के साथ बैठक कर निर्धारित समय पर बैठने का निर्देश जारी किया जाएगा। जबकि एडियो पंचायत बृजेश तिवारी ने बताया कि हर ग्राम सचिवालय पर पंचायत सहायक उपलब्ध रहते हैं।



जलालपुर स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय।

### पीड़ित बोला- मेडिकल स्टोर पर बैठते हैं सचिव

भियांव ब्लॉक के सकरा निवासी अनिरुद्ध ने बताया कि बीते एक महीने से ब्लॉक व तहसील और ग्राम सचिवालय का चक्कर लगा रहा हूं। 15 किलोमीटर दूर घर होने से पूरा दिन आने-जाने में बीत जाता है और फोन कभी-कभार जब लगता है कहते हैं कि आज बहुत व्यस्त हूं कल मुलाकात होगी। इसी तरीके से पीडित अनुरुद्ध ने बताया कि ग्राम सचिव गांव में बने पंचायत भवन में ना बैठकर कर्बला स्थित आनंद मेडिकल स्टोर के ऊपर बने कमरे में बैठते हैं, जहां पर ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान लेखपाल और दो तीन दिन मुंशी बैठते हैं। गांव में कभी भी नहीं बैठते हैं और ग्राम सचिवालय के दीवाल पर लिखा गया मोबाइल नंबर कभी कभार लगता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### सीएचसी पर नि:शुल्क नेत्र शिविर आज

**करनैलगंज, अमृत विचार :** जिला अंधता निवारण समिति के तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पर बुधवार को एक नि :शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें नेत्र संबंधी सभी बीमारियों जैसे, नखूना नासूर, बहिंगापन दूर दृष्टि व निकट दृष्टि वह चश्मा जैसे अन्य बीमारियों की जांच निशुल्क किया जाएगा। ऑपरेशन योग्य पाए गए मोतियाबिंद मरीज का लेंस प्रत्यारोपण विधि द्वारा किया जाएगा। इलाज व आपरेशन मोतियाबिंद मरीजों का निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण विधि द्वारा ऑपरेशन अयोध्या नेत्र चिकित्सालय द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी एके गोस्वामी नेत्र परीक्षण अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक बुधवार को निशुल्क नेत्र शिविर कार्यक्रम जारी रहेगा।

# महिलाओं को सशक्त बनाएगा मिशन शक्ति

▶▶ श्री लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, गोंडा



मिशन शक्ति कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं व प्रोफेसर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व महिला कल्याण विभाग ने संयुक्त रूप से श्री लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति पेज 5.0 के तहत आपरेशन मुक्ति के कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का आरंभ एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दानिश हसनैन व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन और माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया।सचिव ने विधिक जानकारी देते हुए बाल विवाह रोकथाम पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, इसको खत्म करना हम लोगों की अहम जिम्मेदारी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा ने बालिकाओं को अपने उद्देश्यों को पूरा करने के कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। बाल संरक्षण अधिकारी चंद्र मोहन वर्मा ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पॉन्सरशिप आदि योजनाओं के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी । उन्होंने कहा कि आप सभी से मेरी अपेक्षा है कि योजनाओं से अधिक से अधिक पात्र लोगों को जोड़ने में विभाग का सहयोग करें।

महिला थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह ने महिलाओं और बच्चों के लिए जारी टोल फ्री नंबर जैसे 112, 181, 1090, 1098, 108, 102, 1076, 1930 आदि की जानकारी दी। सेंटर मैनेजर चेतना सिंह ने जिले में संचालित वन स्टॉप सेंटर के बारे में बताया। श्री लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने सभी बालिकाओं को शसक्त होने के साथ-साथ पूर्ण रूप से जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। समाज सेवी रुचि मोदी ने बालिकाओं को महिलाओं के अधिकारों के बारे जानकारी दी। एलबीएस प्राचार्य डॉ रवीन्द्र ने सभी बालिकाओं को सदैव अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। नारी ज्ञानस्थली की मोनिका ने भी संबोधित किया। इस दौरान पंकज राव, देवमणि, हितेश आदि के अलावा डालसा व विद्यालय के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### एचआईवी से मुक्त करने में जागरूकता जरूरी : डॉ. अनुराग



छात्र–छात्राओं को संकल्प दिलाते विशेषज्ञ डाक्टर। अमृत विचार

**बेलसर :** जगदंबा शरण सिंह एजुकेशनल इंस्टीट्यूट बेलसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनुराग सिंह के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह के अंतर्गत प्रदेश को एचआईवी मुक्त बनाने तथा युवाओं को एचआईवी संक्रमण के कारण एवं बचाव के बारे में जागरूक किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना हाल में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण के उपरांत कार्यक्रम अधिकारी ने अनुराग सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य संक्रमण को फैलने से रोकना और संक्रमण मुक्त स्वस्थ समाज तैयार करना। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गीता रानी यादव कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुराग सिंह, विभागाध्यक्ष अल्पना सिंह ,नीता सिंह, कीर्ति पांडे ,अर्चना जायसवाल, दीक्षा सिंह, सुनीता सिंह, डॉ. प्रिया सिंह आदि उपस्थित रहीं।

### स्काउट गाइड शिविर में दी जलवायु परिवर्तन की जानकारी



विविध आयाम कराते प्रशिक्षक। अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा :** क्षेत्र के कटरा शिवदयाल गंज में पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय के द्वारा चल रही पांच दिवसीय राज्य जलवायु परिवर्तन वर्कशॉप का शिविर चल रहा है। शिविर के दूसरे दिन प्रशिक्षण में भारत सरकार के द्वारा दिए गए मिशन लाइफ के सात विंदु पर चर्चा की गई। जिसमें एनर्जी के बचत,पानी के बचत, अपशिष्ट कटौती, ई–अपशिष्ट, स्वस्थ जीवन शैली, सिंगल यूज प्लास्टिक सस्टेनेबल फूड सिस्टम के बारे में क्लाइमेट लीडर एक्शन प्लान के बारे जानकारी दी गई। इसमें इन मुख्य विंदुओं के कारण, इनसे पर्यावरण को पहुंचने वाली हानि,इसके दुष्परिणाम और इनके रोकथाम में क्या हमारे द्वारा रोकथाम किया जा सकता है।इसके बारे में बताया गया।इसके साथ ही वर्कशॉप स्थल स्काउट ट्रेनिंग सेंटर कटरा में वृक्षारोपण भी किया गया। शिविर में स्वच्छता के बारे बताया गया जिसमें हाथ धुलने के तरीके बताए गए। शिविर का नेतृत्व राज्य प्रशिक्षण आयुक्त अनुज रंजन, संचालन राज्य संगठन आयुक्त सविता पांडेय, ने किया। शिविर में आशा शर्मा, बीरेंद्र यादव, हिमांशु भारद्वाज,खुशी मिश्रा, आकांक्षा तिवारी, शिवम् कुमार ने सहयोग किया।

# 5 माह से नहीं लिया खाद्यान्न, राशन कार्ड होल्ड

▶ लगातार खाद्यान्न न लेने से शासन ने की कार्रवाई, जांच में सही पाए जाने पर फिर होगा शुरू

कार्यालय संवाददाता, गोंडा

**17000**

लोगों का राशन कार्ड शासन ने होल्ड पर रखा



**अमृत विचार:** जनपद में 17000 राशन कार्ड धारक पिछले 5 महीने से कोटे की दुकान से खाद्यान्न नहीं ले रहे थे, शासन ने इन सभी राशन कार्ड को होल्ड कर दिया है। प्रशासन की इस कदम से राशन कार्ड धारकों में हड़कंप मचा हुआ है। जिले में करीब अंत्योदय व पात्र गृहस्थी के 6 लाख से अधिक राशन कार्ड प्रचलित है। जिनको सरकार की ओर से प्रत्येक गेहूं और चावल निशुल्क दिया जा रहा है। यह सभी राशन कार्ड धारक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभ ले रहे हैं। काफी संख्या में ऐसे लोग भी हैं जो गरीब और पात्र होते हुए भी राशन कार्ड का लाभ नहीं पा रहे हैं आवेदन करने के बावजूद उनका राशन कार्ड के लिए दौड़ धूप करनी पड़ रही है लेकिन राशन कार्ड नहीं मिल पा रहा है।

इस समस्या को देखते हुए शासन की ओर से कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। शासन ने ऐसे लोगों को चिन्हित किया है, कि जो पिछले 5 से 6 महीना से कोटेदार की दुकान से खाद्यान्न नहीं ले रहे थे। ऐसे लोगों की जिले में 17000 की संख्या बताई जा रही है। इन सभी राशन कार्ड को होल्ड पर रख दिया गया है। इन राशन कार्डों पर आवंटन की रोक लगा दी गई है, और अब इनको खाद्यान्न भी नहीं मिल रहा है। शासन की ओर से जब इन राशन कार्ड धारकों को होल्ड कर दिया गया तो अब लोग जिला पूर्ति कार्यालय में दौड़ भी लगाने लगे हैं। शासन यह मानते हुए इस कदम को उठाया है कि यह ऐसे लोग हैं जिन लोगों ने राशन कार्ड तो बनवा लिया लेकिन उन लोगों को खाद्यान्न की जरूरत नहीं है। होल्ड करने के साथ यह भी आदेश दिया है कि यदि कोई ऐसा राशन कार्ड धारक आता है जिसका राशन कार्ड होल्ड है तो वह एप्लीकेशन देगा तथा उसे राशन कार्ड धारक को सही पाए जाने पर उपायुक्त खाद्य दोबारा शुरू करने का आदेश देंगे और उसका राशन कार्ड पुनः शुरू हो जाएगा और उसको खाद्यान्न भी मिलने लगेगा।

बताया जाता है कि इतनी ज्यादा संख्या में राशन कार्ड होल्ड किए जाने के बाद अभी तक दो-चार की संख्या में ही राशन कार्डधारक आए हैं, जिन्होंने खाद्यान्न न मिलने की बात कही है। उन लोगों ने उपायुक्त खाद्य देवीपाटन मंडल से मिलकर दोबारा राशन कार्ड शुरू करने की गुहार भी लगाई है। फिलहाल जांच पड़ताल कराई जा रही है सही पाए जाने पर खाद्यान्न दिए जाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिले में हजारों की संख्या में राशन कार्ड बनने के आवेदन भी विभागीय पोर्टल पर लंबित चल रहे हैं। फिलहाल शासन की ओर से हजारों की संख्या में राशन कार्ड होल्ड किए गए हैं जिस जिले में हड़कंप की स्थिति है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि पूरे जिले में करीब 17000 राशन कार्ड है जिनको शासन की ओर से होल्ड किया गया है यह ऐसे राशन कार्ड धारक हैं जिन्होंने पिछले पांच महीने से अधिक समय से कोटे की दुकान से अपने हिस्से का खाद्यान्न नहीं लिया है। इन सभी राशन कार्ड धारकों को होल्ड कर दिया गया है यदि कोई राशन कार्ड आता है और सही पाया जाता है तो उपायुक्त खाद्य देवी पाटन मंडल के आदेश पर पुनः शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल जब से राशन कार्ड को होल्ड किया गया है अभी तक मुश्किल से तीन चार राशन कार्ड धारक ही आए हैं।

## छुट्टा पशु के हमले से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**करनैलगंज:** घटना कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत भंभुआ में पड़ने वाले पचमरी गांव से जुड़ी है। यहां के निवासी 40 वर्षीय ननकारे तीन पहले जब अपने खेत को जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में एक छुट्टा भैंसा उन पर हमलावर हो गया। जब तक वह भागते और गोहार लगाते तब तक हमलावर भैंसे ने उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

बाद में गांव वालों ने किसी तरह उसे भैंसे से बचाया और इलाज के लिए गोंडा के अवध अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान मंगलवार को ननकारे की मौत हो गई। ननकारे की मौत की खबर गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। पंचमरी के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पप्पू ने बताया कि आज ननकारे की मौत हो गई है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम का नाम बदले जाने पर प्रदर्शन



प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार:** वाराणसी स्थित बाबू संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम के आधुनिकीकरण के बाद बाबू संपूर्णानंद का नाम हटाए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने अंबेडकर चौराहे पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को देकर पुनः बाबू संपूर्णानंद का नाम बहाल करने की मांग की है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने बताया कि विगत दिनों देश के प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बाबू संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम वाराणसी का आधुनिकीकरण कर पुनः उद्घाटन किया गया । आधुनिकीकरण के पश्चात् बाबू संपूर्णानंद का नाम हटा दिया गया । इसके पूर्व गुजरात में भी लौह पुरुष सरदार पटेल स्टेडियम मोटेरा का नाम बदलकर नरेंद्र मोदी स्टेडियम किया गया था और अब बाबू संपूर्णानंद का नाम हटाया गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जिन्होंने प्राचीन बनारस का वाराणसी नामकरण किया ।वर्तमान सरकार द्वारा जिस तरह से स्वंतत्रता संग्राम सेनानियों और महापुरुषों के नाम बदलने की कोशिश की जा रही है। इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी सड़क से संसद तक सरकार के निंदनीय कृत्य का विरोध करेगी। इस अवसर पर प्रवक्ता शिवकुमार दुबे, अल्पसंख्यक अध्यक्ष सगीर खान, शुक्ला प्रसाद शुक्ला, विनय त्रिपाठी रमन, ओम प्रकाश सोनकर, अरूण गौतम, अविनाश मिश्रा, भरत द्विवेदी, वसीम सिद्दीकी, अर्जुन वर्मा, अब्दुल्ला खान, हरीराम वर्मा, मो खालिद, अरविंद शुक्ला, सहित तमाम कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## मारपीट मामले में पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप

**करनैलगंज, अमृत विचार :** विगत शनिवार को नगर के चौक घंटाघर के पास स्थित सौरभ वस्त्रालय के सामने ई–रिक्शा खड़ा करने पर दुकानदार द्वारा चालक से अभद्रता करने व रविवार को व्यापारी की पिटाई मामले में पुलिस पर एक तरफा कार्रवाई का आरोप लगा है।

कोतवाली क्षेत्र के मुंडेरवा निवासी अंकुश सिंह 19 अक्टूबर को चौक घंटाघर स्थित सौरभ वस्त्रालय के सामने ई–रिक्शा खड़ा किया था जिसपर दुकानदार द्वारा उसके साथ अभद्रता की गई थी। जिसकी शिकायत पीड़ित ई–रिक्शा चालक अंकुश ने कोतवाली में किया, लेकिन पुलिस द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। दूसरे दिन रविवार को जब दूसरे पक्ष से दुकानदार आयुष रस्तोगी की पिटाई का मामला सामने आया तो पुलिस ने व्यापारियों के दबाव में एक तरफा मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई। यही नहीं रविवार को दुकानदार से मारपीट का सीसीटीवी फुटेज इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया गया लेकिन शनिवार को ई–रिक्शा चालक के साथ हुई अभद्रता का सीसीटीवी फुटेज नहीं दिखाया गया। बहरहाल यह पुलिस के जांच का विषय है। मामले में पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर तीन नामजद व पांच अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं आरोप है कि ई–रिक्शा चालक की शिकायत को नजर अंदाज कर पुलिस एक तरफा कार्रवाई कर रही है। जिसकी शिकायत पुलिस के उच्चाधिकारियों से की गई है।

## 24 कुंडीय महायज्ञ में लोगों ने किए अनुष्ठान



प्रज्ञापुराण कथा सुनते गायत्री परिवार के लोग। अमृत विचार

**मसकनवा, अमृत विचार:** मां गायत्री इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग पैरामेडिकल सांइसेज चांदनी चौक में चल रहे गायत्री महा यज्ञ में अनेक सांस्कृतिक और धार्मिक अनुष्ठान किया गया।

गायत्री महा यज्ञ में पंडित ठाकुर प्रसाद तिवारी ने मुख्य यजमान ने डॉ विजय बहादुर सिंह, सरोज सिंह, रमेश तिवारी, अरविंद गुप्ता, रीतू, रमेश चन्द, गायत्री देवी, राम सुन्दर, सीमा, रामकुमार, अजय कुमार, भरत लाल तिवारी, राधेश्याम चतुर्वेदी, सतीश कुमार, राकेश ओझा, शिव कुमार ओझा, रमेश तिवारी, गंगा राम यादव, अश्विनी कुमार, किशन कौशल, दिवाकर मिश्रा सहित 102 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन और यज्ञ किया। कथा व्यास पीठाधीश्वर डॉ अशोक ढोंगे महाराज ने प्रज्ञा पुराण कथा में यज्ञ की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि महायज्ञ की आहुति से नकारात्मक ऊर्जा का ह्रास होता है। शारीरिक और मानसिक शक्ति मिलती है। जन जन का कल्याण होता है। सभी सुखी रहते हैं सभी निरोगी होते हैं। सारी व्याधियां दूर होती है। मां गायत्री सभी के मनोकामना को पूरा करती है। संयोजक ने आभार व्यक्त किया। अवधेश कुमार मिश्रा, अनिल कुमार मिश्र, ज्ञान प्रकाश पांडेय, डॉ विजय बहादुर सिंह, सुधांशु गुप्त, विवेक शुक्ला, सूर्य प्रताप सिंह, देवा, अजय, राकेश ओझा राहुल देव, दिवाकर, बबलू त्रिपाठी, मनीष मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-230

**बाएं से दाएं**

4.1. वह जो बहुत वीर हो 2. पवनपुत्र हनुमान 3. चौबीसवें और अंतिम जैन तीर्थंकर 4. गौतम बुद्ध 5. सिंह, शेर 6. गरुड़ 7. बाज़ नामक पक्षी 8. वज्र 9. घोड़ा।

5.1. उत्कृष्ट कार्य हेतु किसी को उपहारस्वरूप दिया जाने वाला सोने, चांदी, तांबा आदि धातु का वह टुकड़ा जिसपर प्राय: देने वाले का नाम अंकित रहता है, तमगा, (मेडल) 2. पूजा हेतु निर्मित किसी देवता के चरण की प्रतिमूर्ति 3. आभूषण के रूप में पहना जाने वाला वह धातुखंड जिसपर किसी देवता के चरण–चिह्न अंकित हों 4. वैदिक पद–पाठ का ज्ञाता 5. एक प्रचीन गोत्र प्रवर्तक ऋषि।

7.1. कक्षा–प्रतिनिधि, कक्षानायक 2. कंप्यूटर सूचना–सामग्री प्रदर्शित करने वाला परदा, कंप्यूटर का वह इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जिसके परदे पर किसी प्रक्रम या प्रॉसेस को देखा जाता है।

10. शराब, मदिरा, मद्य।

11.1. मैदे से बनी एक प्रकार की प्रसिद्ध मिठाई 2. एक जंगली वृक्ष और उसका फूल 3. पक्षियों का खाद्य पदार्थ।

**ऊपर से नीचे**

1.1. एक झाड़ी जिसकी पत्तियां दवा बनाने के काम आती हैं और जिसके बीजों से लाल रंग भी निकलता है 2. इस झाड़ के बीजों से निकलने वाला लाल रंग।

2.1. वस्तुओं के इधर से उधर होने का शब्द 2. कुछ ढूंढ़ने से होने वाली आवाज़।

3.1. अनियमित रूप से व्युत्पन्न; रूढ़ 2. जिसका योग से संबंध न हो 3. जो यौगिक न हो; तत्व या मिश्रण (पदार्थ)।

6.1. स्थान; जगह; ठौर 2. दरवाज़ा; द्वार 3. दहलीज़।; अंदर; में।

8. पैर साफ़ करने का पत्थर; झामक; (प्युमिक स्टोन)।

9. बड़ी बहन का पति; बहनोई।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| 4 | | | | ■ | |
| | ■ | ■ | 5 | 6 | |
| ■ | 7 | | | | ■ |
| 8 | ■ | ■ | | ■ | 9 |
| 10 | | | ■ | 11 | |

### वर्ग पहेली -229 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 रू | ■ | 2 छु | ई | 3 मु | ई |
| ठ | ■ | ■ | ■ | ख़ | ■ |
| ना | ■ | 4 वे | ■ | ता | ■ |
| ■ | 5 फ़ो | ज | दा | री | ■ |
| ■ | ■ | यं | ■ | ■ | 6 फे |
| 7 पो | षि | त | ■ | ■ | ला |
| ■ | ■ | ■ | 8 क | ढ़ा | व |

## सुडोकू -143

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 7 | | 5 | 4 | | 2 | |
| 1 | | | 9 | | 7 | | | |
| | | 3 | | | 1 | | | 8 |
| | 4 | | 5 | | | | 7 | |
| | 9 | | 4 | | 3 | | 1 | |
| | 8 | | | | 2 | | 6 | |
| 2 | | | 8 | | | 4 | | |
| | | | 1 | | 6 | | | 7 |
| | 1 | | 2 | 7 | | 5 | | 6 |

### सुडोकू - 142 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 8 | 5 | 2 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 |
| 9 | 7 | 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 3 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 7 | 8 | 9 | 1 | 6 |
| 4 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 | 6 | 2 | 1 |
| 5 | 2 | 7 | 1 | 3 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–कार्तिक, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–सप्तमी 24 अक्टूबर 01.18 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–उत्तर। ऋतु–शरद।
चन्द्रबल– मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल–भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–पुनर्वसु पूर्ण रात्रि।

**मेष:** आज किसी पुरानी स्वास्थ्य समस्या से छुटकारा मिलेगा। साहित्य से जुड़े लोगों को महत्व मिलेगा। कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं। आप कोई साहसिक निर्णय ले सकते हैं। आपको सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी। बच्चों के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे।

**वृष:** आज धन आगमन के जबरदस्त योग बन रहे हैं। बुद्धि और पुराने समृद्ध अनुभवों का लाभ आपको कारोबार में मिलेगा। बड़ा व्यावसायिक अनुबंध कर सकते हैं। मन में संतोष की भावना रहेगी। मित्रों की सलाह का आप अनुसरण कर सकते हैं।

**मिथुन:** आज सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। आपका करियर एक नई दिशा में शुरू हो सकता है। आत्ममंथन और विचार–विमर्श के लिए दिन जबरदस्त है। आपके व्यक्तित्व में एक विशेष आकर्षण रहेगा।

**कर्क:** आज बेवजह का मानसिक तनाव न पालें। गले में इंफेक्शन और संक्रमण आदि जैसी समस्या हो सकती है। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें। योग और प्राणायाम अवश्य करें। जीवनसाथी आपसे नाराज हो सकता है। आप सिर्फ अपने विचारों को ही जिताने का प्रयास न करें।

**सिंह:** आज आपकी दिनचर्या बहुत ही अच्छी रहेगी। शेयर मार्केट में बड़ा धन निवेश कर सकते हैं। बच्चों की उपलब्धियों पर गौरवान्वित महसूस करेंगे। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। नया काम शुरू कर रहे हैं तो पहले पेपरवर्क जरूर कर लें।

**कन्या:** आज भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। ऑफिस में बॉस आपको बड़ा काम सौंप सकते हैं। युवाओं को वैवाहिक प्रस्ताव मिलेंगे। धन के लेन–देन को लेकर मित्रों से अनबन रहेगी। धार्मिक और अध्यात्मिक विचारों का आपके स्वभाव में फर्क पड़ेगा।

**तुला:** आज आप कला से जुड़ने का प्रयास करेंगे। राजनीति से जुड़े लोग चतुराई का परिचय देंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। आपको कोई गिफ्ट मिल सकता है। व्यावसायिक तनाव को दांपत्य संबंधों के बीच न आने दें।

**वृश्चिक:** आज आपकी प्रतिभा को यथोचित सम्मान नहीं मिलेगा। बड़े लोगों की राय लेना न भूलें। जीवनसाथी के साथ तीखी बयानबाजी हो सकती है। परिस्थितियां आपके अनुकूल रहने वाली है। आपको बहुमूल्य उपहार प्राप्त हो सकता है।

**धनु:** आज अधिकारी वर्ग आपकी प्रशंसा करने से नहीं चूकेगा। कारोबार की बड़ी बाधा का निवारण हो सकता है। नजदीकी संबंधों को लेकर थोड़े असहज रहेंगे। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा।

**मकर:** आज ऑनलाइन गेम्स में आप काफी रुचि लेंगे। सहयोगियों के माध्यम से आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। नया रोजगार ढूंढ रहे हैं तो दिन भाग्यशाली रहने वाला है। काम को लेकर लापरवाही न करें। शरीर में दर्द और बुखार की समस्या हो सकती है।

**कुंभ:** आज आप स्वयं को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। पुराने अनुभवों का लाभ उठा पाएंगे। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहेगा। प्रेम विवाह के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी।

**मीन:** आज यदि बहुत आवश्यक न हो तो योजनाओं को सार्वजनिक न करें। शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है। किसी के निजी मामलों में दखलंदाजी न करें। आप अपने स्वास्थ्य को लेकर तनाव में आ सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- पिघलता आसमान — सुबह : 09 .29
- वेलकम बैक — शाम : 06 .41

&pictures
- प्रलय द डिस्ट्रॉयर — सुबह : 10 .55
- करन अर्जुन — रात : 07 .30

Sony Pix
- घोस्टबस्टर्स — सुबह : 09 .54
- द मैकेनिक — रात : 09 .00

Zee Cinema
- गुमनाम — सुबह : 11 .17
- वांटेड — शाम : 04 .52

Zee Action
- आशिक — सुबह : 11 .15
- आदमी — रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 04 .52 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सुबह की चाय के साथ पत्नी बहुत सारी दवाइयां लेकर आई।
पत्नी (अपने पति से) – ये लो चाय के साथ कॉल्पोल खालो।
पति– नहीं मुझे बुखार नहीं है।
पत्नी–तो डाइजीन ले लो।
पति– नहीं मुझे गैस भी नहीं है।
पत्नी– तो फिर पुदीन हरा ले लो।
पति– नहीं मेरा पेट भी ठीक है।
पत्नी– लो कॉम्बिफ्लेम ही ले लो, हाथ–पैर दुखना बंद हो जाएगा।
पति– अरे कमाल करती हो, मुझे कुछ नहीं हुआ है, मैं एकदम ठीक हूं, तंदुरुस्त हूं।
पत्नी–तो फटाफट उठो, सफाई के साथ बहुत काम करना है।

एक नजर

### ब्लॉक निरीक्षण के लिए तैयार, नहीं आईं डीएम

**तरबगंज, गोंडा।** मंगलवार को डीएम नेहा शर्मा ने ब्लाक तरबगंज के निरीक्षण का कार्यक्रम लगाया था जिसके लिए साफ सफाई कर पूरे परिसर को चमकाया गया था। चारों तरफ चूने का छिड़काव करवा कर व्यवस्था चाक चौबंद की गई थी। सभी ग्राम प्रधान, ब्लाक प्रमुख मनोज पाण्डेय व उपजिलाधिकारी विशाल कुमार डीएम के आने का इंतजार करते रहे। पर किसी कारण से डीएम वहां नहीं पहुंच पाई और लोग निरशा दिखे।

### स्कूटी सवार ने मारी टक्कर, व्यक्ति गंभीर

**तरबगंज।** बाजार में साइकिल के सहारे खड़े व्यक्ति को स्कूटी ने टक्कर मार दी। जमाल खानी निवासी औतार ने थाने पर दी तहरीर में कहा कि उनका भाई कैलाश घर से साइकिल लेकर दही बेचने तरबगंज बाजार गया था। एक दुकान के सामने साइकिल खड़ी कर बात कर रहा था। तभी महाराज देबी बक्श सिंह इंटर कॉलेज की तरफ से तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से कैलाश गिरकर बेहोश हो गया। स्थानीय लोगों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां इलाज चल रहा है।

### सकरौरा घाट की साफ-सफाई कराने को भेजा पत्र

**करनैलगंज** : नगर के पौराणिक स्थल सकरौरा घाट पर दीपावली के दिन होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम और कार्तिक पूर्णिमा मेले के मद्देनजर साफ–सफाई और पोखरे में सिल्ट की सफाई की मांग करते हुए भाजपा के आपदा राहत विभाग अवध क्षेत्र के संयोजक मुकेश वैश्य ने अधीक्षण अभियंता सिंचाई विभाग प्रथम को पत्र भेजा है जिसमें कहा गया है कि दीपावली के दिन सकरौरा घाट पर दीपोत्सव कार्यक्रम में करीब 1100 दीपों का को जलाकर दीपोत्सव मनाया जाएगा। वही 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे।

### अभियंता ने किया निरीक्षण

**गोंडा।** ब्लॉक रुपईडीह के कंसल्टेंट इंजीनियर आशीष कुमार मिश्र ने ग्राम पंचायत देवरहना का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने ग्राम निधि के तहत ग्राम पंचायत द्वारा कराए जा रहे कूड़ा पृथक्करण केंद्र के निर्माण की गुणवत्ता के बारे में जानकारी हासिल की।

### गो आश्रय केंद्र बनाने की मांग

**रुपईडीह।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुरासी में गो आश्रय केंद्र का निर्माण कराये जाने की मांग प्रधान रामगोपाल अवस्थी ने उप जिलाधिकारी सदर से की है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में गो आश्रय केंद्र का निर्माण न होने से बेसहारा पशुओं द्वारा फसलों को क्षति पहुंचाया जा रहा है।

# नहरों की अवैध कटान पर होगी एफआईआर

## सिल्ट सफाई में कार्य प्रारम्भ से पहले तथा पूर्ण होने के बाद की हो फोटोग्राफी : डीएम

कार्यालय संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचारः** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में आगामी रबी फसली 1432 में कृषकों को सुचारू रूप से पानी की उपलब्धता के लिए सिंचाई विभाग के अभियंताओं के साथ बैठक हुई।

बैठक के दौरान एक्सईएएन सरयू नहर खण्ड-4 दुर्गेश कुमार गर्ग ने बताया कि जनपद में कुल 190 नहरें 1128 किलोमीटर की हैं। जिसमें केवल 165 नहरों की 850 किलोमीटर की सिल्ट सफाई का कार्य किया जाना है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नहरों की सिल्ट सफाई के दौरान कार्य शुरू होने से पहले एवं कार्य पूर्ण होने के बाद का फोटोग्राफ एवं वीडियोग्राफी आवश्यक रूप से कराया जाय। जनपद में जितने भी नहरों की सिल्ट सफाई किया जाना है, उन सभी नहरों के लिए संबंधी विभाग से एई एवं जेई की


बैठक करतीं डीएम व सीडीओ। अमृत विचार

ड्यूटी लगाई जाय, तथा उनको यह निर्देश दिया जाय, कि कार्य प्रारम्भ के समय बराबर निरीक्षण करें तथा अपनी उपस्थिति में गुणवत्तापूर्ण एवं समय से कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नहरों की सिल्ट सफाई में यदि कहीं गड़बड़ी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में जनपद की नहरों तथा उस पर विगत वर्ष कराये गये सिल्ट सफाई कार्यों की भी चर्चा के साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष में सिल्ट सफाई / स्कैपिंग कार्यों के लिए चयनित नहरों पर चर्चा की गयी। जिसमें जनपद में लगभग 850 किमी नहरों की सफाई कराने की तैयारी कर ली गई। उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि नहरों के अवैध कटाने करने वालों के खिलाफ तत्काल करायें एफआईआर। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा, नहर विभाग के सरयू नहर खण्ड-1,2,3 एवं 4, गोण्डा के अधिशासी अभियन्ता एवं उनके सहायक अभियन्ताओं सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### 15 दिन में ही टूटने लगी इंटरलॉकिंग, जिलाधिकारी से की शिकायत

**गोंडा** : पखवारा भर पहले लगाई गई इंटरलॉकिंग टूट रही है। मानक के विपरीत कार्य कराया गया। जब इसकी शिकायत की गई तो आरोपी मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कराये गए विकास कार्य के जांच की मांग की है। मामला विकासखंड बेलसर के ग्राम सभा माधोपुर का है। गांव के ही रहने वाले राम बिहारी की ओर से जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि गांव के मथुरा घाट तिवारी पूरावा से चौबे पूरवा तक इंटरलॉकिंग का कार्य कराया गया था। यह काम अभी 20 दिन पहले ही हुआ है, लेकिन कार्य मानक विहीन हुआ, जिससे इंटरलॉकिंग टूट रही है। इंटरलॉकिंग के किनारे जो ईट लगाई गई है। वह पुरानी है। इंटरलॉकिंग में बजरी मसाला डालते समय मानक का ध्यान नहीं दिया गया। यह कार्य पूरी तरीके से मानक के विपरीत किया गया है।

## अदम गोंडवी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**परसपुर, अमृत विचारः** प्रख्यात शायर एवं जन कवि राम नाथ सिंह अदम गोंडवी की जयंती पर मंगलवार को लोगों ने पहुंच कर उनकी समाधि स्थल पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी लिखी रचनाओं की याद को ताजा किया।

'जिस्म क्या है रूह तक सब कुछ खुलासा देखिए, आप भी इस भीड़ में घुस कर तमाशा देखिये, जो बदल सकती है इस दुनिया के मौसम का मिजाज, उस युवा पीढ़ी के चेहरे की हताशा देखिए। अपनी लेखनी से बेरोजगारी, भुखमरी व भ्रष्टाचार पर करारी चोट करने वाले ठेठ गंवई अंदाज के हिंदी साहित्य व गजल विधा के प्रसिद्ध जनकवि व शायर रामनाथ सिंह 'अदम' ने अपना सारा जीवन दीन दुखियों, गरीबों, मजलूमों के नाम समर्पित कर साहित्य जगत में जो एक लंबी लकीर खीची है उसकी भरपाई आज शायद ही कोई कर सके। अदम ने दुष्यंत के बाद हिंदी गजल विधा को बगावत के स्वर देकर उसे एक नई दिशा नए आयाम और एक नई मंजिल भी दिया। रामनाथ सिंह 'अदम गोंडवी' की 77वीं जयंती पर उनके पैतृक गांव आंटा के गजराज पुरवा में उनके नाम से बने


जनकवि रामनाथ सिंह अदम की समाधि पर श्रद्धांजलि देते लोग। अमृत विचार

अदम गोंडवी प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। अदम ने अपनी रचनाओं में लिखा है कोठियों से मुल्क के मैयार को मत आंकिये, असली हिंदुस्तान तो फुटपाथ पर आबाद है। कार्यक्रम में डॉ अरूण कुमार सिंह, बासुदेव सिंह चेयरमैन, प्रमोद मिश्रा, बी डी सिंह ताले पुरवा, कमला सिंह, आलोक सिंह, बृजेश सिंह, रामरती, बिक्रम सिंह, हंसराज सिंह, सहित सैकड़ों गणमान्य उपस्थित रहे ।

### ठेठ गंवई अंदाज से मिली अलग पहचान

अदम गोंडवी की 77वीं जयंती पर उनके गांव के परउडी की पुरानी यादें आज भी ताजा हो उठती है। उन्होंने अपने गांव के जिस बदहाली का जिक्र किया उसकी दशा लगभग आज भी वैसी ही है। उन्होंने घण्ट व्यवस्था के चारे में अपनी रचनाओं में खुद लिखा था तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है, मगर आकडें झूठे हैं और ये दावा किताबी है। आंटा का गजराज पुरखा गांव उस वक्त सुर्खियों में आया था जब जनकवि शायर अदम गोंडवी को दुष्यंत पुरस्कार मिला था। अदम ने अपनी रचना में अपने गांव के बारे में लिखा था। फटे कपड़ों में तन ढांके गुजरता है जहां कोई, समझ लेना वो पगडंडी अदम के गांव जाती है। उनकी लिखी रचनाओं की आज भी संसद विधानसभा के अंदर खूब गूंज रहती है। अदम गोंडवी 18 दिसंबर 2011 को अंतिम सांस लेते हुए दुनिया को अलविदा कह गये।

## साइबर सेल ने वापस कराए 1.37 लाख रुपये

**गोंडा, अमृत विचारः** फ्रॉड ट्रांजेक्शन के जरिए हड़पी गयी 1.37 लाख रुपये की धनराशि को जिले की साइबर पुलिस ने पीड़ितों को वापस करा दिया। अपने पैसे पाकर पीड़ितों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। पीड़ितों ने पुलिस का आभार जताते हुए उनके तत्परता की सराहना की।

कोतवाली नगर के सिविल लाइन मोहल्ले की रहने वाली संजू ने पुलिस से शिकायत की थी कि फ्रॉड ट्रांजेक्शन के माध्यम से जालसाजों ने उनके बैंक खाते से 60 हजार रुपये निकाल लिए हैं। इसी तरह मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के चौबेपुर गांव के रहने वाले इनिस कुमार वर्मा ने भी बैंक खाते से 77 हजार रुपये निकल जाने की शिकायत साइबर सेल में दर्ज करायी थी। साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सम्बंधित बैंक/ इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित कर फ्रॉड तरीके से निकाली गयी धनराशि को होल्ड कराते हुए उसे पीड़ितों के बैंक खाते में वापस करा दिया। अपनी धनराशि वापस पाकर पीड़ितों के चेहरे की मुस्कान लौट आई। दोनों पीड़ितों ने पुलिस के कार्य की प्रशंसा करते हुए एसपी विनीत जायसवाल व साइबर टीम का आभार जताया।



### फोन कॉल पर बैंक डिटेल ओटीपी शेयर करने से बचें

एसपी विनीत जायसवाल ने कहा कि साइबर ठगों से सावधान रहने की जरुरत है। किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल साझा करने से बचना चाहिए। फ्रॉड ट्रांजेक्शन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं थाने पर गठित साइबर सेल को सूचना दें तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 या डायल–112 पर भी शिकायत दर्ज कराएं।

# सोने की महंगाई में फीकी पड़ रही गरीब बेटियों की मुस्कान

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** नवरात्र खत्म होने के बाद मांगलिक कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। हर मां बाप व बेटियों की इच्छा होती है कि पूरा जीवन गरीबी में बिताया। कम से कम घर से विदा होते समय उसे जेवर के रूप में कुछ न कुछ मिलेगा। लेकिन सोने व चांदी की महंगाई ने गरीब बेटियों के अरमानों पर वज्रपात कर दिया है। बेटियों के हाथ पीले करने के दौरान दहेज की मांग व अरमान को पूरा करने के लिए तमाम लोगों को अपने खेत या तो गिरवीं रखने पड़ रहे हैं या उसे बेचना पड़ रहा है।

मौजूदा समय सोने का भाव आसमान छू रहा है। करीब 78 हजार रुपये प्रति दस ग्राम सोने का भाव, ऊपर से 18 प्रतिशत मेकिंग चार्ज तथा तीन प्रतिशत जीएसटी ने दस ग्राम सोने के भाव

**▸▸ गरीब बेटियों के हाथ पीले करने में मां-बाप को जेवर बनवाने के लिए बेचने पड़ रहे खेत**

को एक लाख से ऊपर पहुंचा दिया है। सोने को अंतरराष्ट्रीय मुक्त बाजार में डालने के बाद अब सोने चांदी के आभूषण अब केवल बड़े घराने ही प्रयोग कर रहे हैं। आज भी 80 प्रतिशत से अधिक लोग अति मध्यम परिवार या गरीब हैं। हिंदुओं में रिवाज है कि बेटी के विवाह में पांच या सात थान सोने के जेवर देने का प्रावधान है। ऊपर से लड़के वाले की डिमांड और समधन की मांग अशरफी गरीब मां बाप के कलेजे को चीर रही है। सोमवार को भी सोने का भाव 80 हजार रुपये प्रति दस ग्राम रहा। 79 हजार 900 रुपये स्टैंडर्ड सोने का भाव रहा, जबकि चांदी 97 हजार रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गया। मजबूरी में गरीब परिवार बेटियों की

> सराफा व्यवसाय पूरी तरह से चौपट है। इक्का दुक्का ही अब दुकानों पर आते हैं। धन तेरस पर केवल चांदी के सिक्कों की बिक्री ही अधिक होती है। बहुत कम लोग सोने के आभूषण खरीदते हैं।
>
> –शिवकुमार सोनी, जिलाध्यक्ष सराफा एसोसिएशन गोंडा

शादी के लिए 18 और 14 कैरेट के बने आभूषण खरीद रहे हैं। बाद में यही बेटियों के लिए विवाद की जड़ बनती है।

### बिना हालमार्क के संचालित हैं 2200 दुकानें

गोंडा जिले में गोंडा नगर, करनैलगंज, नवाबगंज, मनकापुर, परसपुर, धानेपुर, कटरा बाजार व इटियाथोक बाजार में आभूषण की बड़ी मंडी है। गोंडा नगर में करीब 300 दुकानें हैं जिसमें हालमार्क का प्रयोग होता है। यहां से आभूषण


त्योहार को लेकर सजी आभूषण की दुकान। अमृत विचार

खरीदने पर उसकी शुद्धता की गारंटी होती है। इसमें एचयूआईटी नंबर एलाट होता है और शुद्धता की परख पीआईएफ एप के जरिए मापी जा सकती है। जबकि बिना हालमार्क के दुकानों पर बिकने वाले आभूषण के शुद्धता की गारंटी नहीं है। जिले में ऐसी ही दुकानों पर लोग आभूषण खरीदते हैं।

### देवोत्थानी एकादशी के बाद शुरू हो जाएंगे मांगलिक कार्यक्रम

हिंदुओं में प्रथा है चार माह तक भगवान विष्णु सुप्तावस्था में रहते हैं। इसलिए आषाढ़ माह में देव सयनी एकादशी से कार्तिक माह की देव उठनी एकादशी तक सारे मांगलिक कार्य ठप हो जाते हैं। दीवाली के बाद देव उठनी एकादशी के बाद से विवाह, मुंडन व अन्य मांगलिक कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। 15 नवंबर के बाद से शुरू होने वाले विवाह के लिए लोग बेटियों के लिए आभूषण बनवाने की जद्दोजहद में लगे हैं। एक किसान ने बताया कि उन्होंने बेटी की शादी के लिए डेढ़ बीघे खेत बेच दिया।

### धनतेरस और दीपावली में और बढ़ेगी महंगाई

धनतेरस व दीपावली पर लोग सोने चांदी के आभूषण, देवी देवताओं की चांदी की मूर्तियां खरीदते हैं। पहले वर्षों में करीब चार करोड़ से अधिक का व्यवसाय होता रहा, लेकिन अब व्यवसायियों को लगातार घाटा लग रहा है। सोमवार को गोंडा में सोने का भाव 80 हजार तथा चांदी 99 हजार के ऊपर था। आभूषण बनवाने पर करीब 18 प्रतिशत मेकिंग चार्ज तथा तीन प्रतिशत जीएसटी की चपत अलग से लगती है।

आयोजन | नारद मोह व मनु शतरूपा की लीला का किया गया मंचन

# रामलीला में नारद मुनि ने दिया विष्णु को शाप


नारद मुनि व विष्ण के बीच वार्ता का दृश्य। अमृत विचार

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार** : सकरौरा ग्रामीण के मजरा छतईपुरवा के निकट ब्रह्मचारी स्थान पर चल रहे श्री बालरामलीला उत्सव में सोमवार की रात स्थानीय कलाकारों द्वारा नारद मोह व मनु सतरूपा की लीला का मंचन किया गया। लीला का शुभारंभ गणपति वंदना से हुई।

मंचन में दिखाया गया कि नारद मुनि हिमालय की तलहटी में रमणीक स्थान पर समाधि लगा कर तप में लीन हो जाते हैं। जिस पर देवराज इंद्र का सिंहासन हिल जाता है। सिंहासन जाने के भय से इंद्र, नारद के तप को भंग करने के लिए कामदेव और अप्सराओं को भेजते हैं। काफी प्रयत्न के बावजूद नारद मुनि का ध्यान भंग नहीं होता है तो कामदेव नतमस्तक होकर उनसे क्षमा मांगते हैं। इस पर महर्षि नारद को अहंकार हो जाता है कि उन्होंने कामदेव पर विजय प्राप्त कर लिया है। इसकी जानकारी वह एक-एक करके भगवान शंकर, ब्रह्मा और विष्णु को देते हैं। भगवान विष्णु ने भक्त को भटकने से बचाने के लिए माया की नगरी व उसमें माया के स्वयंवर की रचना की। शादी रचाने के लिए नारद ने भगवान से हरि का स्वरूप मांगा। भगवान ने नारद को बंदर का रूप दे दिया। स्वयंवर में नारद मुनि का उपहास किया गया। जिस पर उन्होंने भगवान विष्णु को शाप दे दिया कि जिस प्रकार से हम पत्नी के लिए तड़पे हैं ठीक उसी प्रकार पत्नी के वियोग में तड़पोगे और इन्हीं बंदरों के सहयोग के बाद तुम्हारा कल्याण होगा। दूसरे दृश्य में मनु और सतरूपा द्वारा भगवान विष्णु से वर प्राप्त की लीला दिखाई गई। मंचन में नारद का अभिनय कृष्ण कुमार मिश्र, ने बाखूबी निभाया। वहीं विष्णु का अभिनय कमलकांत शुक्ल ने किया। इस मौके पर रवि पाण्डेय, सोनू पाण्डेय, लालबाबू पाण्डेय, हरिकेश पाण्डेय, रणविजय शुक्ल, अविनाश पाण्डेय, डॉ महेश पाण्डेय, गुलशन पाण्डेय, बब्लू पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## कलश स्थापना के साथ हनुमान जन्मोत्सव शुरू

**गोंडा** : मुजेहना विकास खंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत पूरे सबसुख के राजस्व ग्राम सोहिला स्थित सिद्धपीठ श्री संकट मोचन हनुमान एवं मां दुर्गा मंदिर पर हनुमानजी का 29 वां प्राकट्योत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। आयोजक पंडित प्रेम नारायण मिश्रा ने बताया कि आज से 29 वर्ष पूर्व उनके पिता राम निवास मिश्रा ने सिद्धपीठ श्री संकट मोचन हनुमान एवं मां दुर्गा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की थी। मंदिर स्थापना से लेकर हर वर्ष शारदीय नवरात्र व कार्तिक मास में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया जाता है। पंडित उधो श्याम शास्त्री ने कलश स्थापना व पूजन का कार्य संपन्न कराया। यज्ञ नारायण मिश्रा, दुर्गेश नारायण, राम नारायण, जगन्नाथ शुक्ला, क्रिश्चियन शुक्ला, विष्णु सहित कई लोग उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

### प्रेम के भूखे हैं शिवः चंचल जी महाराज



**बालपुर** : स्थानीय क्षेत्र के छिटनापुर गांव नगरिया सम्मय माता के स्थान पर चल रहे नव दिवसीय राम कथा ज्ञान यज्ञ में कथा के दूसरे दिन अयोध्या धाम से आए चंचल महराज ने शिव चरित्र की कथा सुनाया । उन्होंने कहा कि शिव का नाम भोला भंडारी है। वह प्रेम के भूखे हैं । जो उनको समर्पण की भावना से याद करता है वह उसको सब कुछ दे देते हैं। भगवान भोले को जो भी याद करता है उसकी मुराद अवश्य पूरी होती है । श्रद्धा पूर्वक जो भगवान शिव को समर्पित रहता है भगवान उसके सारे कष्ट हर लेते हैं। चंचल महराज ने कहा कि भगवान शिव सत्तासी हजार वर्ष की समाधि मे एकाग्रचित थे उसी समय माता सती ने भगवान मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम जी को प्रकट किया। और निवेदन किया कि इस शरीर से आत्मा अलग हो जाए ।भगवान शिव को समाधि से जगाना और कनखल में पिता के यज्ञशाला में सती का देहत्याग तक सारी कथा विस्तार पूर्वक सुनाई। इस दौरान शुभम महराज, पुजारी मिश्रा, दीपक पांडेय, छोटू पांडेय आदि तमाम लोग मौजूद उपस्थित रहे।

### कटरा शहबाजपुर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन


खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

**करनैलगंज** : विकास खंड करनैलगंज अंतर्गत न्याय पंचायत कटरा शहबाजपुर के मेला मैदान में मंगलवार को खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। प्राथमिक संवर्ग में 100 मीटर बालिका वर्ग में प्रथम प्राथमिक विद्यालय कटरा शहबाजपुर की पल्लवी गुप्ता, द्वितीय खुशी अल्लीपुर 100 मीटर प्राथमिक बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय खजुरिया डीह के रवि अवस्थी विजेता रहे। 50 मीटर बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय धौरहरा की ज्योति यादव प्रथम रही। वहीं जूनियर वर्ग बालिका के 100 मीटर में जूनियर हाई स्कूल खजुरिया डीह की मोहिनी पाण्डेय विजेता रही। इस मौके पर संकुल शिक्षक बृजेश यादव, मान सिंह, रवि प्रताप सिंह, राम नारायण पाण्डेय, भालेन्दु कुमार सिंह, आनंद कुमार, मोहम्मद ताहिर, ओम नारायण, गायत्री शक्ति पीठ के अमिताभ मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### अंगद-रावण संवाद के बाद लक्ष्मण को लगा शक्ति बाण

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार।** क्षेत्र के कटरा शिवदयाल गंज में चल रहे श्री अवध रामलीला समिति द्वारा आयोजित श्री रामलीला महोत्सव के आठवें दिन सोमवार को अंगद रावण संवाद व लक्ष्मण शक्ति की लीला का मंचन किया गया। मंचन का शुभारंभ भोलेनाथ के परिवार की दिव्य झांकी सजाकर पूजा अर्चना के साथ हुआ। समाज सेवी डॉ अरुण सिंह ने रामलीला आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को उपहार स्वरूप अंग वस्त्र, धार्मिक पुस्तक एवं मिष्ठान देकर सम्मानित कर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। युद्ध के दौरान मेघनाथ का जब समस्त अस्त्र शस्त्र काम नहीं आया। तो मेघनाद ने शक्ति बाण छोड़ दिया और लक्ष्मण जी को लगते ही मूर्छा आ गई। लक्ष्मण के मूर्छित होते ही रामा दल में शोक की लहर दौड़ पड़ी। हनुमान ने लंका पहुंचकर राज्य वैद्य को उनके महल सहित रामा दल में ले आते हैं। राज्य वैद्य और प्रभु श्रीराम के बीच धर्म नीति पर वार्तालाप होती है। उसके बाद राज्य वैद्य द्रोणागिरी पर्वत से संजीवनी बूटी लाने को कहते हैं। हनुमान जी पवन वेग से द्रोणगिरि पर्वत की ओर जाते हैं। द्रोणागिरी पर्वत पर पहुंचकर एक हाथ से द्रोणागिरी पर्वत उठाकर लेकर चल देते हैं। पर वैद्य द्वारा संजीवनी बूंटी की औषधि बनाकर पिला देने से लक्ष्मण पुनः सचेत अवस्था में आ जाते हैं।

### खुली बैठक न होने से आहत ग्राम पंचायत सदस्यों ने दिया इस्तीफा

**गोंडा, अमृत विचार** : प्रधानी का चुनाव हुए लगभग 4 साल बीत गए, लेकिन ग्राम प्रधान ने एक भी खुली बैठक का आयोजन नहीं किया और ना ही ग्राम पंचायत सदस्यों से कोई सलाह मशविरा कर रहे हैं, जिससे आहत होकर साथ ग्राम पंचायत सदस्य ने जिला अधिकारी को इस्तीफा दे दिया है। मामला विकासखंड बेलसर के ऐली परसौली गांव का है। ग्राम पंचायत सदस्य की ओर से जिलाधिकारी को दिए गए इस्तीफ़ा में कहा गया है कि ग्राम पंचायत ऐली परसौली मे जब से चुनाव हुआ और सभी लोग निर्वाचित हुए है। तब से लेकर अब तक करीब 4 साल हो गए। इस दौरान एक भी खुली बैठक का आयोजन नहीं किया गया है ना ही ग्राम प्रधान के द्वारा ग्राम पंचायत सदस्यों से सलाह मशविरा किया गया है। खडाउ राज चल रहा है। भ्रष्टाचार का बोलबाला है। ग्राम पंचायत सदस्यों ने जिला अधिकारी से इस्तीफा स्वीकार करने की गुहार लगाई है। इस्तीफा देने वालों में ग्राम पंचायत सदस्य सुरजीत सिंह, उमेश्वर प्रताप सिंह ,नकछेद यादव, उमा, श्यामा, रामलली तथा रामनरेश यादव हैं। इन लोगों का आरोप है कि विकास का कार्य मनमानी तरीके से कराया जा रहा है , जिसमें भ्रष्टाचार हो रहा है। ग्राम सभा में कुल 15 ग्राम पंचायत सदस्य हैं। जिनमें से एक की मौत पहले ही हो चुकी है। अब सात लोगों ने एक साथ इस्तीफा दे दिया है।

### गांव की सड़क खोदने पर एसडीएम से की शिकायत

**करनैलगंज, गोंडा** : कुदाल व फावड़े से गांव की सड़क खोदे जाने की शिकायत करनैलगंज एसडीएम से की गई है। कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम पैरौरी के मजरा अमृतपुरी पुरवा निवासी सत्य प्रकाश सिंह व घनश्याम सिंह ने संयुक्त रूप से उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें कहा है कि उसके गांव गुरसड़ी ग्राम पंचायत को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण वर्ष 2020 में ग्राम पंचायत गुरसड़ी द्वारा कराया गया था। सोमवार की रात्रि ग्राम गुरसड़ा के मजरा बाछिल पुरवा निवासी कुछ लोग कुदाल व फावड़ा लेकर पहुंचे और सड़क को खोदने लगे। मना करने पर आरोपियों ने फावड़ा व कुदाल लेकर दोनो लोगों को जान से मार डालने क़ी नियत से दौड़ा लिया। वह अपनी जान बचाकर भागते हुए डायल 112 की पुलिस बुलाए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क खोदने से मना करते हुए आरोपियों को वापस घर भेज दिया। पीड़ितों ने बताया की यदि सड़क क्षतिग्रस्त हो गई तो स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगी। ग्राम प्रधान गुरसड़ी हाकिम लाल ने बताया की कुछ लोगों द्वारा सड़क खोदी जा रही थी। ग्रामीणों के हस्तक्षेप पर वह लोग चले गए। जिनके विरुद्ध ग्राम पंचायत की तरफ से उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया है। उपजिलाधिकारी भारत भार्गव ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक करनैलगंज व हल्का लेखपाल को जांच करके नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

### सड़क निर्माण कराने की मांग

**गोंडा।** ब्लॉक रुपईडीह की ग्राम पंचायत बभनी सराय से माधवपुरवा होते हुए पक्की सड़क तक जाने वाले मार्ग का निर्माण कराए जाने की मांग ग्राम प्रधान पूनम देवी ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से की है। उक्त मार्ग का निर्माण न किए जाने से क्षेत्रीय जनता को गमनागमन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। उनके इस मांग पर विधायक द्वारा शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई कराए जाने का आश्वासन दिया गया है।

**एकलव्य महाविद्यालय**
झुकिया, जपवलरोड, बहराइच (उ0प्र0)
9415458212, 9848469000, 9838989000

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला/विज्ञान/कृषि संकाय अन्तर्गत हिन्दी, उर्दू, गृह विज्ञान, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, अंग्रेजी, प्राचीन इतिहास, भूगोल, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान एवम् कृषि विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है–
अर्हता–स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55% अंको सहित यू0जी0सी0 रेगुलेशन–2016 प्रमाणपत्र सहित पी–एच0डी0 उपाधि/नेट प्रमाण पत्र।
नोट– यू.जी.सी. द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
वेतन– डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय/उत्तर प्रदेश शासन के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस में महाविद्यालय के निर्धारित आवेदन पत्र पर समस्त शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधिपत्रों तथा पी–एच0डी0 उपाधिधारी होने की स्थिति में यू0जी0सी0 रेगलेशन–2016 प्रमाणपत्र एवं शोधगंगा पोर्टल पर पी–एच0डी0 थीसिस अपलोड होने का पिन्टआउट की स्वच्छ छायाप्रति एवं नवीनतम फोटोग्राफ संलग्न कर आवेदन करें ।
प्रबन्धक

**नन्दिनी एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट**
तुरकौली, नवाबगंज–गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9848469000, 9838989000

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में प्राचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है–
अर्हता– स्नातक उपाधि 50% अंको सहित, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 50% अंको सहित यू0जी0सी0 रेगुलेशन–2016 प्रमाणपत्र सहित पी–एच0डी0 उपाधि तथा 15 वर्षो का प्राध्यापन अनुभव।
नोट– यू.जी.सी. द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार प्राचार्य की नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
वेतन– डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय/उत्तर प्रदेश शासन के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस में महाविद्यालय के निर्धारित आवेदन पत्र पर समस्त शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधिपत्रों स्वच्छ छायाप्रति एवं नवीनतम फोटोग्राफ संलग्न कर आवेदन करें ।
प्रबन्धक

# उपचुनाव में जीत के लिए आरोप लगा रहे अखिलेश

## महसी विधायक सुरेश्वर सिंह बोले, रिपोर्ट में नामजद सभी लोग भाजपा के नहीं

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव उपचुनाव में जीत के लिए भाजपा पर दंगा करवाने का आरोप लगा रहे हैं। अखिलेश यादव को उपचुनाव में हार का डर लग रहा है इसलिए वह इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। वह मंगलवार को शहर के काजीपुरा स्थित अपने आवास पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

महराजगंज में हुई हिंसा के बाद जिले का सियासी पारा चढ़ने लगा है। राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। जिले के महसी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने कोतवाली नगर में भाजयुमो के नगर अध्यक्ष प्रथम अर्पित श्रीवास्तव समेत 7 लोगों के विरुद्ध हिंसा में शामिल होने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मुद्दे को सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उठाते हुए भाजपा पर ही दंगा करवाने का आरोप लगा दिया। इसे लेकर भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने मंगलवार सुबह अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को उपचुनाव में हार का डर सता रहा है। वह उपचुनाव में जीत दर्ज कराने के लिए भाजपा पर दंगा करवाने का आरोप लगा रहे हैं। उपचुनाव के बाद सब शांत हो जाएगा। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में नामजद सभी लोग भाजपा के नहीं है। केवल रिपोर्ट दर्ज करा देने से कोई मुलजिम नहीं हो जाता। उन्होंने कहा कि उन्होंने 18 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई। इससे पूर्व उन्हें अर्पित श्रीवास्तव के भाजपा नेता होने की जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस मुकदमे से महराजगंज की हिंसा का कोई लेना देना नहीं है। जिला अस्पताल में हुए उपद्रव में शामिल लोगों ने एंबुलेंस के साथ मॉर्च्युरी में तोड़फोड़ की। जितने भी नामजद लोग हैं, सभी का सीसीटीवी फुटेज पुलिस देखेगी। विवेचना के बाद जिनकी गलती होगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई पुलिस करेगी। एक सवाल के जवाब में विधायक ने कहा कि सिर्फ दोषी लोग ही पकड़े जाएंगे। विवेचना के दौरान पुलिस किसी को परेशान नहीं करेगी। विधायक ने कहा कि 13 अक्टूबर को डीएम मोनिका रानी, एसपी वृंदा शुक्ला, डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह और नगर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में उनके बेटे अखंड प्रताप सिंह के वाहन को रोका गया और फायरिंग की गई थी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि हिंसा कुछ ही लोग करना चाहते थे। महराजगंज बाजार में पता चला है कि हिंसा से पूर्व बंदूकों की सफाई हुई थी और लोगों को एकत्र भी किया गया था।



राम गोपाल के परिजन को चेक देते विधायक और जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

### रामगोपाल मिश्रा के परिवार को मिला 12 लाख रुपये का चेक

**भगवानपुर, बहराइच।** महराजगंज हिंसा में गोली कांड का शिकार हुए रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा के परिजन को कोलकाता के बैरकपुर भाजपा के जिला मंत्री ने 12 लाख रुपये की चेक सौंपी। मंगलवार को भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह और जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार पांडेय के साथ कोलकाता के बैरकपुर भाजपा जिला मंत्री रविंद्र और रिंकी गांव पहुंचे। उन्होंने क्रिटिकल संस्था की तरफ से 12 लाख रुपये की चेक प्रदान की। इस दौरान राम गोपाल मिश्रा के पिता ने उनसे आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने और हिंसा शामिल अन्य लोगों को गिरफ्तार करने की मांग की।

### एएसपी सिटी को मिली हिंसा की जांच

**बहराइच।** हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में बीते रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इस हिंसा में रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की मौत हो गई थी। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा को सौंपी है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार को निलंबित चल रहे तत्कालीन थानाध्यक्ष आरएस वर्मा और चौकी इंचार्ज शिव कुमार का बयान भी होना था। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया।

### कार्रवाई के डर से घर से बाहर नहीं निकल रहे लोग

**महसी, बहराइच।** महराजगंज की हिंसा में शामिल लोगों को पकड़कर पुलिस पूछताछ कर रही है। अन्य लोग कार्रवाई में शामिल कर लिए जाने के डर से घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। आम लोगों से बात की गई तो पहले किसी ने भी बोलने से इंकार किया। इसके बाद सभी ने कहा कि पुलिस लोगों को पूछने के लिए पकड़ेगी या बुलाएगी। इस डर से वे लोग बाहर नहीं निकल रहे हैं। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि पूछताछ के दौरान किसी को अनावश्यक परेशान नहीं किया जा रहा है और न ही किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज, वीडियो या फोटो में जिनके चेहरे दिख रहे हैं और जो हिंसा में शामिल हैं, उन्हीं से पूछताछ की जा रही है।

### बहराइच के अधीक्षण अभियंता का इटावा तबादला

: शासन ने लखनऊ। मंगलवार को लोक निर्माण विभाग बहराइच में अधीक्षण अभियंता पद पर तैनात मलिखान का तबादला इटावा जिले में इसी पर किया है। विशेष सचिव प्रभुनाथ ने तत्काल प्रभाव से नई तैनाती स्थल पर कार्यभार संभालने का आदेश दिया है।

# हिंसा की आग में झुलस गई बाजार की रौनक



हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में बंद दुकानें। अमृत विचार

संवाददाता, महसी, बहराइच

अमृत विचार। 10 दिन पूर्व हुई हिंसा की आग में महराजगंज बाजार की रौनक झुलस कर रह गई। लोगों के दिलों में जख्म इतने गहरे हैं कि रात 10 बजे तक गुलजार रहने वाले बाजार में चहलपहल गायब हो गई है। लोगों की चहलकदमी न होने से दुकानों में आज भी ताले लटक रहे हैं। सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है।

हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में 10 दिन पहले रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान जमकर हिंसा हुई थी। इसमें एक व्यक्ति की मौत के बाद हिंसा ने और विकराल रूप ले लिया था। उपद्रवियों ने दुकानों, मकानों, प्रतिष्ठानों, वाहनों किसी को भी नहीं बख्शा था। हर जगह आग और लूट का नंगा नाच हुआ था। हालात को देखते हुए लखनऊ से एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश को भी आना पड़ा। पुलिस और पीएसी जवानों द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। हिंसा तो रुक गई लेकिन लोगों के दिलों में जख्म गहरे हो गए। जगह जगह सुरक्षा बलों के तैनात होने के बाद भी लोगों में सुरक्षा के प्रति भरोसा नहीं हो पा रहा है। पहले जैसी भीड़ बाजार में नहीं दिख रही है। भीड़ से गुलजार रहने वाला बाजार की रौनक चली गई है। आम लोगों की चहल पहल न होने से दुकानें बंद चल रही हैं। बंद दुकानें लोगों में डर के माहौल को बयां कर रही हैं। शाम होते ही सड़क पर सन्नाटा सा छा जाता है। आम लोगों से अधिक पुलिस और पीएसी के जवान दिख रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि माहौल अब पूरी तरह शांत है। उन्होंने लोगों से भयमुक्त होकर घरों से निकलने की अपील की।

## एक नजर

### करंट से अधेड़ की मौत

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** विशेश्वरगंज थाना के नौवा गंगा जमुनी गांव निवासी विनोद कुमार (54) की करंट से मौत हो गई। मृतक के परिजनों के अनुसार विष्णु घर की दीवारों पर प्लास्टर का काम करा रहे थे। साफ-सफाई के दौरान दीवार पर लगे बिजली के बोर्ड में उतरे करंट की चपेट में आकर अचेत हो गए। परिजन आननफानन में उन्हें लेकर सीएसची पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। मौत से परिजनों में कोहराम है। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह के मुताबिक अधेड़ की करंट से मौत हुई है, शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### युवक की हत्या में दंपती गिरफ्तार

**बिछिया, बहराइच, अमृत विचार।** सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम मटेही राणा फॉर्म निवासी दीपक पुत्र राधेश्याम की चार दिन पूर्व धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद शव को घर के सामने झाड़ी में फेंक दिया था। राधेश्याम की मां ने छोटे बेटे और बहू पर हत्या करने का केस दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक रमाशंकर यादव, उप निरीक्ष शंकर सिंह, एसआई रवि शंकर की टीम ने रंजीत पुत्र राधेश्याम और नेहा पत्नी रंजीत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस से प्रेम विवाह की शिकायत करने पर हत्या की बात स्वीकार की है।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए साहित्यकार सत्यव्रत

**कैसरगंज, बहराइच।** साहित्यकार व समाजसेवी स्वर्गीय सत्यव्रत सिंह की आठवीं पुण्यतिथि पर उनके नगर पंचायत कैसरगंज के ग्राम गुथिया स्थित आवास पर यज्ञ व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक सत्यवीर सिंह थे। आर्यसमाज फखरपुर के प्रधान सत्यनारायण गुप्त द्वारा विधि विधान से यज्ञ संपन्न कराया गया।

### हनुमान जन्मोत्सव में आयोजित होंगे कार्यक्रम

**बहराइच, अमृत विचार।** श्री बाबा नागेश्वर नाथ मंदिर पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाये जाने को लेकर श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति की बैठक अध्यक्ष उमाकांत शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर सहमति बनी। 30 अक्टूबर को श्री हनुमत जन्म व सामूहिक सुंदर काण्ड एवं भजन आदि कार्यक्रम होंगे। 4 नवम्बर को पूर्णाहुति, महाआरती एवं भण्डारा आयोजित किया जायेगा। इसके साथ ही प्रतिदिन प्रातः 10 बजे एवं रात्रि 8 बजे सामूहिक आरती होगी। बैठक में समिति के उपाध्यक्ष डा. राकेश कुमार दूबे, शिव गोपाल जायसवाल, महामंत्री तरुण सिंह, आरपीएन श्रीवास्तव, अमित जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# पुरस्कार पाकर चहक उठे छात्र

**क्विज प्रतियोगिता**

जरवलरोड, बहराइच



ब्लॉक संसाधन केंद्र में मौजूद पुरस्कृत छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के जरवल ब्लॉक में बीआरसी केंद्र पर विकासखण्ड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना अंतर्गत लिखित विज्ञान क्विज परीक्षा में अव्वल आये छात्रों को पुरस्कार वितरण तथा छात्रों द्वारा टीएलएम प्रदर्शनी लगाई गयी।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ई. विपेंद्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजन सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता आईपीएल सुगर मिल महाप्रबंधक टीएस राणा ने की। विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालयों से विद्यालय स्तर से चयनित उत्कृष्ट बच्चों की विकास खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम राउंड के बाद टॉप 25 बच्चों का चयन हुआ, जिनमे से द्वितीय राउंड में पांच छात्र दीपू यादव, श्रीचंद्र यादव, रामू, सौरभ, राधिका वर्मा का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। इसके अलावा एक्सपोजर विजिट हेतु प्रतियोगिता में शामिल 100 छात्रों को मुख्य अतिथियों ने प्रमाणपत्र प्रदान किये। इसके पहले बीआरसी परिसर में लगी टीएलएम प्रदर्शनी में छात्रों के बनाये गए मॉडल का मौजूद अतिथियों ने अवलोकन किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय तप्पेसिपाह के छात्रों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति पर अतिथियों द्वारा 1000 रुपये का नगद इनाम दिया गया। शुगर मिल जीएम राणा ने छात्रों से कहा की आपको शुरुआती पढ़ाई से ही ऐसे आयोजनों में हमेशा प्रतिभाग करना चाहिये। कार्यक्रम में इनका रहा सक्रिय सहयोग एआरपी कल्पना मिश्र, अब्दुल मोमिन, रियाज अहमद, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष आसिफ अली, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह, जूनियर संघ अध्यक्ष उबैदुर्रहमान, पूर्व एबीआरसी रीता सिंह, समेत विज्ञान शिक्षको का योगदान रहा।

# विकास खंड स्तरीय एक दिवसीय कृषि निवेश मेला का आयोजन

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत रबी 2024-25 में एक दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला गोष्ठी का आयोजन विकासखण्ड चित्तौरा के राजकीय कृषि बीज भण्डार डीहा चित्तौरा में किया गया।

कार्यक्रम में सदर विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा, सदर के उदय शंकर सिंह, नानपारा के सुधीर कुमार, खण्ड विकास अधिकारी चित्तौरा, प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार मनोज कुमार एवं विकासखण्ड चित्तौरा के प्रगतिशील कृषकगण उपस्थित हुए। उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी टीपी शाही द्वारा सरकार द्वारा संचालित कृषि योजनाओं की जानकारी देते हुए श्री अन्न की खेती किये जाने हेतु कृषकों को प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद के कृषकों का शासन द्वारा मूसर बीज का निःशुल्क मिनीकिट का वितरण किया जा रहा है। जिससे कृषि लागत में कमी आएगी एवं इसके साथ ही कृषकों द्वारा उत्तम गुणवत्ता बीज भी प्राप्त किया जा सकेगा। मसूर की खेती में के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि जनपद में दलहनी फसलों के उत्पादन की अपार संभावना है तथा जनपद की मृदा भी दलहनी फसलों के लिये उपयुक्त हैं यहाँ कृषक दलहनी फसलों का उत्पादन कर अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा कृषि यंत्रों पर अनुदान प्रदान किये जाने हेतु 23 अक्टूबर तक आनलाइन टोकन जनरेट किये जा रहे इच्छुक कृषक बंधु अपना टोकन जनरेट कर सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### कैसरगंज पहुंचने पर निखिल का हुआ स्वागत



निखिल को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते ब्लॉक प्रमुख व मौजूद व्यापारी।

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार।** राज भाषा अधिकारी के पद पर चयनित होने के पश्चात प्रथम बार कैसरगंज आगमन पर मंगलवार को उनका कस्बे मे भव्य स्वागत किया गया। ब्लाक प्रमुख सन्दीप सिंह विसेन व पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी ने व्यापारियो की उपस्थिति मे उन्हे प्रतीक चिन्ह व माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। निखिल कस्बे के प्रतिष्ठित सराफा व्यापारी राकेश कुमार सोनी के ज्येष्ठ पुत्र हैं। निखिल कुमार सोनी के चाचा विजय कुमार सोनी डिप्टी कमिश्नर स्टेट जी.एस.टी. के पद पर तैनात है। इस मौके पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष रामेन्द्र देव सिंह, भगवानदास सोनी, ओरीलाल सोनी, राकेश कुमार सोनी सहित तमाम व्यापारी गण मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत क्विज का आयोजन



स्कूल में परीक्षा देते छात्र।

**खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार।** जिले के ब्लाक संसाधन केंद्र शिवपुर के परिसर में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत गणित एवं विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में सम्पन्न कराई गई। प्रतियोगिता में ब्लाक में अवस्थित समस्त 64 परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के सापेक्ष 192 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परीक्षोपरांत समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को खण्ड शिक्षा अधिकारी जगन्नाथ यादव द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार दिया किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम आयोजन के समय एआरपी अमित पाठक, अश्वनी कुमार शुक्ल, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लाक अध्यक्ष पंकज वर्मा, मंत्री योगेश त्रिपाठी, जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष राधेश्याम कन्नोजिया, मंत्री रणजीत श्रीवास्तव, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष जुबैर अहमद, मंत्री कृष्ण कुमार वर्मा, अजय वर्मा, प्रवीण श्रीवास्तव, राजकुमार रावत, प्रेमकांत, जयकरन यादव, हेमंत यादव, योगेश यादव, सोनू सरोज आदि अध्यापक एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं अविभावक इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### त्योहारों पर कानून व्यवस्था के लिए सौंपी गई ज़िम्मेदारी

**बहराइच, अमृत विचार।** आसन्न धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, मैयादूज, छठ पूजा, गुरुनानक जयंती, कार्तिक पूर्णिमा आदि त्योहारों को शान्ति एवं सौहादपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी ने नगर मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस उपाअधीक्षकों को जिम्मेदारी दी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि गहरे नदी एवं तालाब के तटों पर आवश्यकतानुसार बैरीकेटिंग, गोताखोर व नावों आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए वर्तमान में धार्मिक आयोजनों के सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत गाइड लाइन का अनुपालन कराते हुए अपने स्तर से आवश्यकतानुसार अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर उपरोक्त त्योहारों को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल कराएं।

### जिले को मिले 27 ग्राम विकास अधिकारी

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले को मंगलवार को 27 ग्राम विकास अधिकारी मिले हैं। सभी 27 ग्राम विकास अधिकारी गैर जनपद से आए हैं। इनको मेडिकल के लिए भेजा गया है। जिले के कई विकास खंड में ग्राम विकास अधिकारियों के पद रिक्त हैं। जिसके चलते कई ग्राम पंचायत के प्रभार अतिरिक्त में दूसरे गांव का कार्य देख रहे हैं। इससे विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। इसको देखते हुए शासन की ओर से जिले को 27 ग्राम विकास अधिकारी भेजे गए हैं। सभी जिला मुख्यालय आ गए हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी रघुवेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि जिले को 27 ग्राम विकास अधिकारी मिले हैं। सभी को मेडिकल के लिए सीएमओ को पत्र लिखा गया है। मेडिकल के बाद सभी को तैनाती मिलेगी। गांव सभी को आवंटित किए जाएंगे। ग्राम विकास अधिकारी में नीरज चौरसिया, शिल्पी वर्मा, पंकज मिश्रा, दीक्षा वर्मा, श्यामू, मुकेश कुमार वर्मा, शुभांगिनी देवी, शुभम तिवारी, किशन श्रीवास्तव, रवि शुक्ला, निधि सिंह, वीपेंद्र मिश्रा, सौरभ कुमार गौतम, विकास सिंह पटेल, विपिन कुमार, सौरभ गुप्ता, अनुराधा चौरसिया, मनीष सिंह समेत 27 ग्राम विकास अधिकारी शामिल हैं।

### बाइक में लगाई आग, जलकर हुई राख

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार।** रिसिया थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के मोहल्ला आजाद नगर वार्ड में विजय अग्रवाल पुत्र पूरन चंद्र के आवास के धार्मिक स्थल भी है। सोमवार देर रात को सत्य नारायण पुत्र राधे श्याम ने अपनी बाइक खड़ी कर दी। करीब दस बजे रात को किसी अज्ञात व्यक्ति ने बाइक में आग लगा दी। जब तक बाइक को लोग बुझाते तब तक बाइक पूरी जल गई थी। उसकी चपेट में आकर नवनीत अग्रवाल तथा टीपू की बाइक आंशिक रूप से जल गई। सजगता से बड़ा हादसा टल गया।

# सड़क हादसों में एक की मौत, दो घायल

बहराइच/मोतीपुर

**अमृत विचार।** श्रावस्ती जनपद के इकौना सुनरही गांव निवासी रविंद्र कुमार वर्मा (36) की सडक़ हादसे में मौत हो गई। मृतक के परिजनों के अनुसार मंगलवार की सुबह बाइक से रविंद्र अपने पिता सूर्यप्रकाश के साथ बैंक से रुपये निकालने गए थे। घर लौटते समय बहराइच-बलरामपुर मार्ग पर मोहिनीपुर पेट्रोलपंप के पास खड़ी बाइक में दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। परिजन दोनों को लेकर बहराइच मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां उपचार के दौरान रविंद्र की मौत हो गई। दो संतान है, खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करते थे।

### एसडीएम ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

मोतीपुर के क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार को मुराउन पुरवा गायघाट के पास सडक़ पर नौसर गुमटिहा निवासी हुसैनी घायल अवस्था पड़े मिले। एसडीएम ने घायल को अपनी सरकारी गाड़ी से सीएचसी मोतीपुर पहुंचाया। घायल ने बाइक सवार द्वारा टक्कर मारने की बात बताई। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया।

### स्वर्ण जयंती शोभा यात्रा निकली

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार।** रिसिया नगर के गायत्री स्नातकोत्तर पीजी क़लेज की स्वर्ण जयंती और प्रो कन्हैया लाल की 19वी पुण्य तिथि पर शोभा यात्रा निकाली गई। गायत्री महाविद्यालय से यह शोभा यात्रा निकल कर कस्बे के विभिन्न मार्गो से होते हुए अग्रवाल अतिथि भवन पर समाप्त हुई। जिसे प्राचार्य दिव्य दर्शन तिवारी ने संबोधित किया। 23अक्टूबर को उद्‌घाटन, विचार गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे और 24अक्टूबर को गायत्री यज्ञ, प्रतिभा सम्मान के साथ विराट कवि सम्मेलन भी होगा, जिसमे संतोष सिंह सहित मूर्धन्य कवि सम्मिलित होंगे। शोभा यात्रा में रिसिया चेयरमैन प्रतिनिधि अजितंजय भारतीय, संस्थापकपुत्र कृष्ण लाल श्रीवास्तव, रवीन्द्र सहित मौजूद रहे।

# हिंदी नहीं पढ़ पाए सरकारी विद्यालय के छात्र

कैसरगंज, बहराइच



प्राथमिक विद्यालय कोनारी का निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी व नायब तहसीलदार।

**अमृत विचार।** ज्वाइंटमजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी आलोक प्रसाद ने प्राथमिक विद्यालय कोनारी का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापिका आकांक्षा द्विवेदी और सहायक अध्यापक मो. जावेद उपस्थित मिले, जबकि दो अन्य अध्यापिकाएं प्रीती शर्मा और अंजू गौतम अवकाश पर थीं।

एसडीएम और नायब तहसीलदार के निरीक्षण में विद्यालय में कुल पंजीकृत 103 बच्चों में से मात्र 40 की उपस्थिति पाये गए। बच्चों की लर्निंग क्षमता का मूल्यांकन करने पर पाया गया कि अधिकांश बच्चे हिंदी पढ़ने में असमर्थ थे और अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक कोई भी बच्चा नहीं पढ़ सका। गणित में भी केवल एक बच्चा ही गुणा कर पा रहा था। उप जिलाधिकारी ने विद्यालय के खराब लर्निंग आउटकम पर गहरी चिंता व्यक्त की और शिक्षकों को निर्देश दिया कि एक माह के भीतर शिक्षा के स्तर में सुधार सुनिश्चित करें। अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी से पाँचो एआरपी को निरन्तर पर्यवक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु निर्देश दिया व शिक्षकों को अभिभावकों को प्रोत्साहित कर बच्चों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। विद्यालय की सफाई व्यवस्था औसत पाई गई जिसके लिए खंड विकास अधिकारी को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर नायब तहसीलदार ब्रम्हादीन यादव सहित शिक्षक मौजूद रहे।

**आक्रोश** ग्रामीण बोले- सेंटर पर कभी नहीं आते स्वास्थ्य कर्मी

# एएनएम सेंटर बंद, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

नवाबगंज, बहराइच



एएनएम सेंटर बंद होने के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के ग्राम पंचायत चनैनी में वर्षों से बने एएनएम सेंटर में ताला लटक रहा है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते वहां पर कोई स्टाफ मौजूद नहीं है। भवन के शीशे खिड़की, समर सेबुल के पाइप अराजतत्वों ने तोड़कर कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। ताला लगने के विरोध में मंगलवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम चनैनी में ग्रामीण महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर सरकार द्वारा 2022-23 में लाखों की लागत से एएनम सेंटर का निर्माण कराया गया था। जिसमें आज तक एएनएम की तैनाती नहीं हुई है, जिससे महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। क्षेत्र वासियों द्वारा लगातार स्वास्थ्य विभाग से केंद्र पर स्वास्थ्य कार्यकत्री नियुक्ति के संबंध में निवेदन पत्र की दिया जाता रहा। ग्रामीणो ने प्रदर्शन कर बताया कि नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चनैनी में 2022 /23 में 31 लाख 71000 हजार रुपए की लागत से ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य लाभ के लिए एएनएम सेंटर का निर्माण किया गया। लेकिन अभी तक वहां पर न तो एएनएम की तैनाती हुई है न ही कोई अन्य कर्मचारी की जिस कारण एएनएम सेंटर निष्प्रयोज्य बना हुआ है। इसको लेकर ग्रामीण तुफैल अहमद, नूरुल, रफीक अहमद, उषा देवी, शांति देवी आदि ने प्रदर्शन कर एएनएम सेंटर को चालू करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि सेंटर बंद काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। अप्रशिक्षित झोलाछाप के पास उपचार के लिए जाना पड़ता है। इस संबंध में चरदा सीएचसी अधीक्षक रामनारायण वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एएनम की नियुक्ति जिले से की जाती है। रंजन यादव को उसका अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। जो टीकाकरण आदि के लिए वहां पर जाती है।

# संजय ने उत्तीर्ण की जेआरएफ परीक्षा

पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार।** पयागपुर विकास क्षेत्र के अमदापुर ग्राम के मजरा बड़कागांव निवासी संजय तिवारी ने असिस्टेंट प्रोफेसर जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। संजय की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



जिले के बक्शीपुरा मोहल्ला निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता बजरंग तिवारी के पुत्र संजय ने बीते सप्ताह संघ लोक सेवा आयोग के घोषित परिणाम में श्रम मंत्रालय में राजभाषा अधिकारी के रूप में सफलता अर्जित की है। छात्र जीवन से ही शिक्षा के प्रति गहरी रुचि रखने वाले संजय तिवारी ने जहां प्रारंभिक शिक्षा के दौरान हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर अपने ज्ञान का लोहा मनवाया वही वर्तमान में विशेश्वरगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय रामशीर में शिक्षक के पद पर कार्य करते हुए निरन्तर उच्च पदों के घोषित परिणामों में सफलता अर्जित कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहें है। आईएएस बनकर माता पिता के साथ पत्नी दिव्या के सपनों को साकार करने के लिए सतत प्रयत्नशील संजय तिवारी बताते हैं कि इतिहास विषय के लिये साठ हजार लोगों ने परीक्षा दी थी, जिसमे कुल चार सौ पैंतीस लोग सफल घोषित किये गये है। शिक्षक संजय तिवारी अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व पत्नी दिव्या के साथ गुरुजनों एवं शिक्षक साथियों को दे रहें है।

## एक नजर

### लक्ष्य के अनुरूप नहीं मिले आवेदन तो बढ़ा दी तिथि

**लखनऊ, अमृत विचार :** अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने के लिए सुरक्षा गार्ड और प्लंबरिंग ट्रेड में चार माह का सामूहिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त आवेदन न आने के कारण विभाग ने आवेदन की तिथि बढ़ाकर 25 अक्टूबर कर दी है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। विभागीय बेबसाइट www.msme.up.gov.in/ www.diupmsme.upsdc.gov.in पर इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### जुलाई से नहीं मिला मानदेय

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेशभर के मनरेगा सेल में संविदा और आउटसोर्स पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को जुलाई से मानदेय नहीं मिला है। इस कारण प्रदेशभर के कर्मचारी परेशान हैं, जो बिना मानदेय दिवाली कैसे मनाएंगे। इनकी संख्या 42 हजार के आसपास है। मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश संयोजक भूपेश कुमार सिंह ने बताया कि कर्मियों की आर्थिक स्थिति दिन पर दिन खराब हो रही है। त्योहार को देखते हुए भी मानदेय नहीं मिला है।

### जिले के मतदेय स्थलों की सूची प्रकाशित

**बलरामपुर, अमृत विचार।** डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी,लखनऊ एवं भारत निर्वाचन आयोग,नई दिल्ली के निर्देश के क्रम में जिले में मतदेय स्थलों के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया है। मतदेय स्थलों की सूची का प्रकाशन 21 अक्टूबर को कर दिया गया है। मतदेय स्थलों की सूची जनपद की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मतदेय स्थलों की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय, बलरामपुर व जनपद के समस्त संबंधित एसडीएम / निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय पर नि:शुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। मतदेय स्थलों की सूची का निरीक्षण लोक अवकाश के दिनों को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है।

# 16 कृषकों व उद्यमियों को रेशम रत्न सम्मान

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया सम्मानित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 16 कृषकों, उद्यमियों, संस्थाओं व डिजाइनरों को पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न से सम्मानित किया। प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार व द्वितीय पुरस्कार 25 हजार रुपये, स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र दिए गए।

कोकुन उत्पादन पुरस्कार में जगराम (बहराइच) को प्रथम व कुशीनगर की माला देवी को द्वितीय पुरस्कार दिया। लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार में डॉ. एनवी चौधरी निदेशक केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान केंद्रीय रेशम बोर्ड रांची झारखंड को प्रथम व हसीन अहमद अंसारी मेसर्स कासिम सिल्क इंपोरियम वाराणसी को द्वितीय पुरस्कार मिला। सर्वोत्तम डिजाइनिंग रेशम निर्मित परिधान में प्रथम पुरस्कार रामनगर वाराणसी की अंगीका कुशवाहा और द्वितीय सर्वेश कुमार श्रीवास्तव (वाराणसी) को दिया गया। इनका पुरस्कार रंजना श्रीवास्तव ने ग्रहण किया।


पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न से उद्यमी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी।

**मुख्यमंत्री ने सात वर्गों में प्रथम स्थान पाने वालों को 50 हजार का पुरस्कार देकर किया सम्मानित**

सर्वोत्तम डिजाइनिंग रेशम निर्मित अन्य उत्पाद में मुख्तार अहमद (भदोही) को प्रथम व इफ्तिखार अहमद (आजमगढ़) को द्वितीय पुरस्कार मिला। रेशम के फिनिश प्रोडक्ट वस्त्र में नवाचार प्रथम श्रेणी पुरस्कार हजरतगंज लखनऊ की अदिति जग्गी रस्तोगी व द्वितीय श्रीमती संगीता बसंत कन्या महाविद्यालय वाराणसी दिया गया। सर्वोच्च कोया विक्रेता धागा विक्रय में प्रथम पुरस्कार शशि शुक्ला पीलीभीत व द्वितीय श्रेणी का पुरस्कार सोनभद्र के राजनाथ वर्मा को मिला। सर्वाधिक वस्त्र विक्रेता रेशम फिनिश प्रोडक्ट-प्रथम पुरस्कार वीरेश शाह (वाराणसी) व द्वितीय पुरस्कार पंकज शाह (वाराणसी) को मिला। कोकुन उत्पादन में नवाचार कार्मिकों द्वारा प्रथम श्रेणी पुरस्कार पी. शिवकुमार आईएफएस व सदस्य सचिव केंद्रीय रेशम बोर्ड और द्वितीय पुरस्कार दशरथी बेहरा उपसचिव तकनीकी, केंद्रीय रेशम बोर्ड नई दिल्ली को दिया गया।

# ग्रेडिंग में सुधार की कवायद निदेशालय में बन रहे प्रश्नपत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालयों में पहली ग्रेडिंग परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप परिणाम न आने से समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के माथे पर बल पड़ गए हैं। यूपी बोर्ड और सीबीएसई के विद्यालयों की ग्रेडिंग सुधारने के लिए इस बार निदेशालय स्तर पर प्रश्नपत्र तैयार कराए जा रहे हैं।

समाज कल्याण विभाग की ओर से आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जाते हैं। अगस्त माह में निजी विद्यालयों की तर्ज पर परीक्षा (यूनिट टेस्ट) कराई गई थी। यूपी बोर्ड के 51 विद्यालयों में 9 बी श्रेणी में, 25 सी श्रेणी में और 17 डी श्रेणी में थे। एक भी विद्यालय ए श्रेणी में नहीं था। वहीं सीबीएसई के 43 विद्यालयों में एक भी ए प्लस या ए श्रेणी में नहीं आया। दोनों बोर्ड के विद्यालयों के खराब प्रदर्शन को देखते हुए निर्णय लिया गया कि परीक्षा के प्रश्नपत्र निदेशालय में तैयार कराए जाएंगे। हालांकि प्रश्नपत्र विषय विशेषज्ञ अध्यापकों से बनवाकर निदेशालय मंगवाए गए हैं। निदेशालय स्तर पर इसमें संशोधन किया जा रहा है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि दीपावली के बाद परीक्षाएं कराई जाएंगी।

# एक हजार पर दर्ज हुआ केस गिरफ्तारी एक की भी नहीं हुई

संवाददाता, बहराइच,

**अमृत विचार।** जिले के नानपारा नगर में दो सप्ताह पूर्व धार्मिक टिप्पणी को लेकर समुदाय विशेष के लोगों ने जमकर प्रोटेस्ट किया था। जिसमें पुलिस ने बहुसंख्यक समाज के एक नाबालिक को गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेज दिया था। लेकिन एक हजार दर्ज अज्ञात लोगों में से किसी की गिरफ्तारी नहीं की है।

नानपारा कोतवाली के नगर क्षेत्र के मोहल्ला सुनार मंडी निवासी और चूड़ी वाली गली निवासी दो समुदायों के किशोरों के बीच धर्म को लेकर चैटिंग हुई थी। पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एक समुदाय के हजार से अधिक लोगों ने 7 अक्तूबर को सोनार मंडी पहुंचकर दूसरे समुदाय के किशोर के घर को घेर लिया था। जिससे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई थी। सूचना पर चार थानों की पुलिस और दो कंपनी पीएसी ने मोर्चा संभाला था। मौके पर उच्चाधिकारियों ने कैंप कर हालत काबू में किये थे। एक समुदाय की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी किशोर पर मुकदमा दर्ज बाल सुधार गृह भेजा था। वहीं दूसरे पक्ष के एक हजार से अधिक अज्ञात लोगों पर भी केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने वीडियो के आधार पर शिनाख्त कर गिरफ्तारी की बात बोली थी। लेकिन घटना के दो सप्ताह बीतने के बाद भी पुलिस अभी तक एक भी आरोपी की शिनाख्त कर गिरफ्तारी नहीं कर पाई है। जिससे दूसरे समुदाय के लोगों में रोष है। नानपारा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह ने बताया अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, जांच जारी है। वीडियो फुटेज में जांच के बाद गिरफ्तारी की जायेगी।

# गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों के लगाएंगे पोस्टर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानसभा उपचुनाव से पहले समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि उपचुनाव में भाजपा को जिताने के लिए अधिकारी उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रहे हैं। यहां भी कहा कि अंबेडकरनगर के जिलाधिकारी भाजपा के जिला अध्यक्ष की तरह काम कर रहे हैं। इन आरोपों के साथ अखिलेश ने चेतावनी दी कि जो अधिकारी गड़बड़ करेंगे, हम उनकी शिकायत न केवल चुनाव आयोग में करेंगे, बल्कि जगह-जगह उनके पोस्टर लगा देंगे। सपा प्रमुख मंगलवार को पार्टी मुख्यालय पर पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

पत्रकारों के सामने एक और बड़ा आरोप लगाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि बहराइच में दंगा भाजपा ने कराया है। भाजपा के विधायक ने खुद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर दंगा कराने, षड्यंत्र कराने की एफआईआर करायी है। उन्होंने दावा किया कि बहराइच दंगे का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें स्पष्ट हो रहा है कि पुलिस ने दंगाइयों को खुली छूट दी थी। पुलिस को हटा देना या खुली छूट दे देना बड़ी साजिश का हिस्सा है।


सपा कार्यालय में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को बुद्ध की प्रतिमा भेंट करते नेता व कार्यकर्ता। अमृत विचार

**आरोप**

**उप चुनाव में भाजपा को जिताने के लिए कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रहे अधिकारी : अखिलेश**

**एकजुट रहेगा इंडिया गठबंधनः** सपा प्रमुख ने कहा कि इंडिया गठबंधन एकजुट है। उपचुनाव मिलकर लड़ेंगे। भाजपा कितना भी जोर लगा ले, लेकिन पीडीए एकजुट रहेगा। उन्होंने एक साल में उप्र. में गरीबी दूर करने के भाजपा के दावे पर कहा कि एक साल में तो सरकार ही चली जाएगी।

### कुशवाहा, शाक्य, मौर्य, सैनी समाज के नेताओं के साथ बैठक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर कुशवाहा, शाक्य, मौर्य, सैनी समाज के सक्रिय कार्यकर्ताओं, नेताओं की बैठक को सम्बोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि सामंती और पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ ही पीडीए है। भाजपा से मुक्ति समाज के हित में है। बैठक में नेताओं, कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का फूल मालाओं से स्वागत किया। कहा कि समाज पूरी ताकत से 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर ही दम लेगा।

# गैरहाजिर चल रहे चिकित्सकों की रिपोर्ट शासन को भेजी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** सरकारी अस्पतालों में तैनात चिकित्सकों के लंबे समय से अनुपस्थिति के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। लेवल वन कैटेगरी के सात चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी गई है।

सीएमओ डॉ. मुकेश रस्तोगी ने बताया कि समीक्षा में स्थिति सामने आई थी। इस पर कई बार चिकित्सकों को नोटिस जारी की गई लेकिन, काम पर न आने के बाद अब कार्रवाई के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी गई है।

चिकित्साधिकारी डॉ. श्वेता सिंह ने जिले में पांच दिसंबर 2018 को योगदान दिया। इस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैड़ास बुजुर्ग में तैनाती की गई। इसके बाद बिना किसी पूर्व सूचना के संबंधित चिकित्साधिकारी स्त्री एवं प्रसूति रोग विषय पर तीन वर्षीय पीजी करने चली गई। पीजी पर जाने के बाद 21 नवंबर 2022 को डाक के माध्यम से अवकाश की स्वीकृति के लिए आवेदन किया। इसके बाद कार्रवाई को लेकर नोटिस जारी की गई लेकिन, कोई जवाब नहीं मिला। चिकित्साधिकारी डॉ. नूरी खान ने जिले में 18 जुलाई 2022 को योगदान दिया। पहली अक्तूबर 2023 से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित चल रही थी। इस पर विभाग ने नोटिस जारी किया। जिस पर 17 फरवरी 2024 को दोबारा योगदान दिया लेकिन, इसके बाद फिर वह लगातार अनुपस्थित चल रही है।16 नवंबर 2022 को जिले में योगदान देने वाले डॉ. अन्नू चंद्रा आठ नवंबर 2023 से बिना अनुमति के लगातार अनुपस्थित चल रहे थे। नोटिस के बाद 28 फरवरी 2024 को दोबारा योगदान दिया लेकिन, इसके बाद से वह लगातार अनुपस्थित है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता पांडेय ने जिले में 18 जुलाई 2022 को अपना योगदान दिया। इसके बाद पहली नवंबर 2023 से वह अनुपस्थित है। नोटिस के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला।चिकित्साधिकारी डॉ. श्रुति वंदिता ने जिले में 24 जनवरी 2018 को योगदान दिया। इसके बाद पहली मार्च 2018 से वह अनुपस्थित चल रही है।चिकित्साधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने दो अप्रैल 2020 को जिले में योगदान दिया। इसके बाद चार दिसंबर 2023 से वह अनुपस्थित चल रहे हैं। नोटिस का जवाब तक नहीं दिया। 7 जनवरी 2017 को जिले में योगदान देने वाली डॉ. सायमा मोईद को सीएचसी सादुल्लाहनगर में तैनात किया गया था। 27 मई 2024 को सीएमओ कार्यालय में पद से त्यागपत्र देकर अनुपस्थित हो गईं। जबकि त्यागपत्र नियुक्ति प्राधिकारी को देना था।

**फैक्ट फाइल**

कुल जिला स्तरीय अस्पताल- 03
कुल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र-09
कुल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-24

### चालकों व परिचालकों को 5.11 लाख का तोहफा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने जिले के 284 चालकों व परिचालकों को दीपावली से पहले पांच लाख 11 हजार 200 रुपये को तोहफा दिया गया है। वर्दी बनवाने के लिए प्रत्येक को 1800-1800 रुपये नकदी दी गई है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) गोपीनाथ दीक्षित ने बताया कि बलरामपुर डिपो में चालकों व परिचालकों को वर्दी देने के लिए परिवहन निगम ने धनराशि जारी कर दिया है। बलरामपुर डिपो में 32 नियमित चालक व 119 संविदा चालक कार्यरत हैं। इसी तरह से बलरामपुर डिपो में चार नियमित परिचालक, 102 संविदा परिचालक एवं 27 आउट सोर्सिंग परिचालक कार्यरत हैं।

# शिक्षकों ने की गृह जनपद में स्थानांतरण की मांग

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** आकांक्षी जनपद शैक्षिक एकता समिति के बैनर तले आकांक्षी जनपदों में वर्षों से तैनात शिक्षकों ने स्थानांतरण को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। अपर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। धरने का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की स्थानांतरण संबंधी समस्याओं का समाधान करना और उन्हें न्याय दिलाना था।

बेसिक शिक्षा विभाग में आकांक्षी जनपदों से स्थानांतरण संबंधी स्पष्ट नीति न होने से सैकड़ों शिक्षक करीब दस वर्षों से अपने गृह जनपद जाने की बाट जोह रहे हैं। मंगलवार को शिक्षकों ने अपनी मांगों को शासन तक पहुंचाने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय धरना प्रदर्शन किया। जिसमें जनपद व अन्य आकांक्षी जनपदों के सैकड़ों शिक्षकों ने प्रतिभाग किया और एक सुर में पूरी एकजुटता के साथ शासन से वरिष्ठता के क्रम में आकांक्षी जनपदों से विशेष स्थानांतरण की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष अवनीश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षको में जहां उनके साथी वर्षों पहले अपने गृह जनपद पहुंच चुके हैं। वहीं यह शिक्षक अपने परिवार व समाज से पूरी तरह दूर होते जा रहे हैं। जिससे वे लोग मानसिक तनाव से ग्रसित है साथ ही पारिवारिक व सामाजिक दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पा रहे है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इस संबंध में शासन से वार्ता की जाएगी। इस दौरान संरक्षक संतोष जायसवाल, जिलाध्यक्ष अरुण यादव, अशोक यादव, संजय पाण्डेय, जयकेश वर्मा, मुकेश प्रताप सिंह, विजय बहादुर यादव, सिद्धार्थ सिंह सहित तमाम शिक्षक साथी मौजूद रहे।



स्थानांतरण की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

# प्रेमी के घर पर फंदे से लटका हुआ मिला युवती का शव

संवाददाता, उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचार।** सादुल्लाहनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरा ग्रिंट में युवती का शव उसके प्रेमी के घर में फंदे से लटका मिला। युवती पिछले वर्ष प्रेमी के साथ अपने घर से फरार हो गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की मां ने प्रेमी और उसके परिवार पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

गत सोमवार रात लगभग 7 बजे श्यामावती (19) का शव उसके प्रेमी घनश्याम चौहान के घर में दुपट्टे से बने फांसी के फंदे से छत के कुंडे से लटका मिला। मृतका की मां विद्यावती ने बताया कि 27 अक्टूबर 2023 को बेटी श्यामावती को पड़ोसी गांव का घनश्याम चौहान भगा ले गया था। मामले में थाने में मामला दर्ज कराया गया था। 2 नवंबर 2023 को दोनों पक्षों ने अदालत में समझौता किया था कि श्यामावती के बालिग होने पर घनश्याम उससे विवाह करेगा। श्यामावती के बालिग होने के पांच महीने बाद घनश्याम उसे अपने घर ले गया था। आरोप है कि घनश्याम और उसके परिवार ने बेटी को प्रताड़ित किया और हत्या कर दी। विद्यावती ने घनश्याम, उसके पिता राधेश्याम, सास बिटना सहित अन्य के खिलाफ तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अस्पतालों में लापरवाही व मुनाफाखोरी से लोग परेशान

खुर्शीद अहमद, उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचार।** उतरौला क्षेत्र में इन दिनों प्राइवेट अस्पतालों की संख्या में भारी वृद्धि देखी जा रही है। बड़े-बड़े भवनों में संचालित ये अस्पताल नियम-कायदों से कोसों दूर हैं और मरीजों से भारी मुनाफा कमा रहे हैं। खासकर गर्भवती महिलाओं के परिजनों से। प्रसव के मामलों में मुनाफा कमाने के चलते ये अस्पताल इस क्षेत्र को एक आकर्षक व्यापार का क्षेत्र मानने लगे हैं। दुर्भाग्यवश, नवजात शिशुओं की मृत्यु होने पर इन अस्पतालों से कोई ठोस जानकारी नहीं दी जाती है कि आखिर किन कारणों से शिशु की मृत्यु हुई। जब परिजनों द्वारा यह सवाल उठाया जाता है कि किस डॉक्टर ने प्रसव या ऑपरेशन किया, तो अस्पताल की ओर से कोई स्पष्ट उत्तर नहीं मिलता। जानकारों के अनुसार, अधिकतर गैर-सरकारी अस्पतालों में काम करने वाले डॉक्टर रजिस्टर्ड नहीं होते।

ये डॉक्टर बाहर से बुलाए जाते हैं और तयशुदा फीस लेकर ऑपरेशन करके चले जाते हैं। इसके अलावा, इन अस्पतालों में दलालों का भी बोलबाला है, जो गर्भवती महिलाओं के केस संभालते हैं और उनके परिजनों को समझा-बुझाकर घर भेज देते हैं।जांच टीम की भूमिका भी महज औपचारिकता भर होती है। अनियमितताओं को देखकर भी टीम वापस लौट जाती है। कुछ लोगों का मानना है कि इन अस्पतालों के संचालकों और जांच टीम के बीच मधुर संबंध होते हैं, जिससे यह व्यापार फल-फूल रहा है।

मरीज और उनके परिजन अक्सर निराश होकर रोते-बिलखते अपने घर लौटने पर मजबूर हो जाते हैं।हाल ही में पालापुर की एक महिला ने अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि उतरौला के एक प्रतिष्ठित अस्पताल में उन्होंने अपनी बेटी को जन्म दिया, लेकिन अस्पताल के अनदेखी के कारण उनकी और उनकी नवजात बेटी की तबियत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल से बाहर निकाल दिया गया और बलरामपुर में इलाज कराने की सलाह दी गई। महिला और उनकी बेटी को 15 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा।

एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी को एक नामचीन प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां गलत ढंग से चीरा लगा दिया गया। कुछ दिनों बाद संक्रमण बढ़ गया और पस निकलने लगा। अंततः उतरौला के प्रेम सेवा अस्पताल में इलाज कराना पड़ा, तब जाकर उनकी पत्नी की हालत सुधरी।सुधार की आवश्यकताआम जनता द्वारा लगातार यह मांग की जा रही है कि इन गैर-सरकारी अस्पतालों की सघन जांच की जाए और सभी नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा, सरकारी अस्पतालों में भी सुविधाओं की कमी को दूर किया जाए, ताकि लोग मजबूरी में इन गैर-सरकारी अस्पतालों का रुख करने से बच सकें।

सरकारी अस्पतालों में मशीनरी, दवाओं और डॉक्टर्स की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए ताकि लोगों को उचित और सुरक्षित इलाज मिल सके।गैर-सरकारी अस्पतालों में हो रही अनियमितताएं और मुनाफाखोरी आम जनता के लिए एक गंभीर समस्या बन गई है। इसे रोकने के लिए न केवल सरकार को बल्कि समाज को भी जागरूक होना होगा, ताकि सभी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें और इस तरह के अनैतिक कार्यों पर लगाम लगाई जा सके।

### आपराधिक मामलों की हो प्रभावी पैरवी : डीएम

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों एवं शांति व्यवस्था की मासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को हुई। डीएम ने अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं के कार्यों की समीक्षा की। महिला, बाल अपराधों एवं जघन्य आपराधिक मामलों में लोअर कोर्ट एवं सेशन कोर्ट में प्रभावी ढंग से पैरवी किए जाने एवं सजा दिलाए जाने का निर्देश दिया। कहा कि मुकदमों में निर्धारित तिथि पर ही गवाही कराया जाए। वन विभाग के मुकदमों, खाद्य विभाग के मुकदमों में भी प्रभावी पैरवी के निर्देश संबंधित को दिए। बैठक में एसपी विकास कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### 25 अक्टूबर को लगेगा वृहद रोजगार मेला

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता ने बताया कि 25 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे से लोक सेवा आईटीआई निकट बस स्टेशन बलरामपुर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कई निजी क्षेत्र की कम्पनियां प्रतिभाग योग्य आवेदकों का चयन करेंगी। मेले में हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमाधारी अभ्यर्थियों का चयन सोलर टेक्नीशियन, सुपरवाईजर, फिटर, इलेक्ट्रीशियन एवं कम्प्यूटर आपरेटर के पदों पर वेतनमान 16500 से 26500 तक के लिए किया जायेगा। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी अपनी योग्यतानुसार सेवायोजन पोर्टल http// rojgarsangam.up.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन कर रोजगार मेले मे 25 अक्टूबर 2024 को अपने समस्त अंकपत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति सहित साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते है।

### दबंग पड़ोसी ने बंद किया निकास का रास्ता

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर, अमृत विचार।** पुरानी गली के रास्ते को दबंग पड़ोसी द्वारा जबरन बंद करने की शिकायत पीड़ित ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में कर रास्ता पुन: खुलवाए जाने की मांग की है। थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम मुजहनी (भयकडीह) निवासी सगीर अहमद पुत्र रमजान अली ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उसके घर के बगल में पुरानी गली है। उसी गली में विपक्षी शाकिर पुत्र बेकारू का भी घर है। गली से दोनों का आना-जाना पूर्वजों के जमाने से होता चला आ रहा था। दोनों का दरवाजा भी लगा है। गली सरकारी भूमि पर स्थित है, किसी की निजी भूमि पर नहीं है। लेकिन विपक्षी ने अपनी सरकशी, दबंगई व धन के बल पर घर का दरवाजा बंद कर दिया है। दरवाजे के सामने ईंट व सीमेंट लगाकर बंद कर दिया गया है। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई एवं दरवाजा पुन: खोले जाने की मांग की लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। दरवाजा खोलने पर विपक्षी आमादा फौजदारी हो जाते हैं। वह कई माह से परेशान हैं और न्याय के लिए दर दर की ठोकर खा रहा है। पीड़ित ने दरवाजा खुलवाए जाने की मांग उच्चाधिकारियों से किया है।


कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

### स्टेडियम का नाम बदलने पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**बलरामपुर अमृत विचार।** वाराणसी में डॉ. संपूर्णानंद स्टेडियम का नाम बदले जाने पर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में विरोध जताया। धरने के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अपर एसडीएम प्रशिक्षु सुशांत सांवरे को सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए शहरों व रेलवे स्टेशनों का नाम बदल रही है। भाजपाइयों ने वाराणसी में स्टेडियम से डॉ. संपूर्णानंद का नाम बदल दिया है। डॉ. संपूर्णानंद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लोकप्रिय मनीषी व राजनेता थे। धरने को कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव विनय कुमार मिश्र, डॉ. प्रतीक मिश्र, अफरोज खान, इबरार खान, धर्मेंद्र मिश्र, डॉ. हबीबउल्लाह, अमिरका प्रसाद कुरील, मोहम्मद जमील, हफीजउल्ला सिद्दीकी, भुर्रे खां व विश्वनाथ यादव आदि ने संबोधित करते हुए केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। इस अवसर पर भीष्म सिंह, अजीत सिंह, डॉ. रोशन यादव, विशाल कश्यप, प्रकाश, श्रीकांत मिश्र, जहीर, इजहार व शकील अहमद सहित भारी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

### बिना उपयोग के बदहाल हो गए सामुदायिक शौचालय

**गैसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार।** स्थानीय विकासखंड की 110 ग्राम पंचायतों में बने अधिकांश सामुदायिक शौचालय बिना संचालन के ही बदहाल हो गए। अधिकांश गांवों में बने सामुदायिक शौचालयों पर ताले लटक रहे हैं। सामुदायिक शौचालय का संचालन शुरू न होने से ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ गई है। गांवों को खुले में शौच मुक्त करने के लिए सामुदायिक शौचालय तो बना दिए गए, लेकिन उनका संचालन शुरू नहीं हो सका। वहीं विभागीय अधिकारी कागजों में शौचालयों का संचालन करके नौ हजार रुपये प्रतिमाह बजट निकाल रहे हैं। बीडीओ अवनींद्र कुमार पांडेय ने बताया कि पंचायत सचिव से जानकारी ली जाएगी। संतोषजनक जवाब न मिलने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

दुर्जन:स्वस्वभावेन परकार्यं विनश्यति।
नोदर तृप्तिमायाती मूषक:वस्त्रभक्षक:॥

दुष्ट व्यक्ति का स्वभाव ही दूसरे के कार्य बिगाड़ने का होता है। वस्त्रों को काटने वाला चूहा कभी भी पेट भरने के लिए कपड़े नहीं काटता।

## संपादकीय

# जैव विविधता एवं संरक्षण

जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौती के विरुद्ध जैव विविधता सबसे मजबूत स्वाभाविक रक्षा उपाय है। भूमि व महासागर के पारिस्थितिकी तंत्र, कार्बन भंडारण का कार्य करते हैं और कुल कार्बन उत्सर्जन में से आधी सोख लेते हैं। जैव विविधता का मतलब है, सभी जीवित चीजों की विविधता, जैसे कि विभिन्न पौधे, जानवर, सूक्ष्मजीव, उनमें मौजूद आनुवंशिक जानकारी और उनके द्वारा बनाए गए पारिस्थितिकी तंत्र। जैविक विविधता भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक संपत्ति की तरह है। जैव विविधता के नुकसान से 10 लाख जानवरों और पौधों की प्रजातियों पर अब विलुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है। जैव विविधता संरक्षण की दृष्टि से कोलंबिया के कैली में सोमवार से शुरू हुआ संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन (कॉप-16) विश्व में सबसे महत्वपूर्ण आयोजन है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में ध्यान दिलाया कि समझना जरूरी है, यदि हम जीवन के सभी रूपों की रक्षा करें, तो हम अपनी रक्षा भी कर सकेंगे। भारत में जैव विविधता का महत्व इस वजह से है कि यहां दुनिया की कुल जैव विविधता का लगभग 7 से 8 प्रतिशत हिस्सा पाया जाता है। भारत विकास और जैव विविधता संरक्षण की अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। तेज आर्थिक प्रगति, शहरीकरण और औद्योगिक विस्तार देश के समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र को लगातार खतरे में डाल रहे हैं। इस समस्या से निपटने के लिए, भारत को अपनी पर्यावरणीय प्रभाव आकलन प्रक्रियाओं को मजबूत करने, व्यापक जैव विविधता मानचित्रण में निवेश करने और महत्वपूर्ण आवासों के संरक्षण को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।

दुनिया के सबसे अधिक विविधता वाले देशों में से एक के रूप में भारत को वैश्विक जैव विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। देश की जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय जैव विविधता और मानव कल्याण मिशन शुरू किया है। यह मिशन भारत एवं इसकी अर्थव्यवस्था को हरित करने, लोगों की भलाई के लिये प्राकृतिक पूंजी को बहाल एवं समृद्ध करने और अनुप्रयुक्त जैव विविधता विज्ञान में भारत को एक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने के लिए अंतःविषयक ज्ञान की शक्ति का दोहन करने का लक्ष्य रखता है। भारत में हिमालय, पश्चिमी घाट, इंडो-बर्मा क्षेत्र और सुंदरलैंड जैव विविधता हॉटस्पॉट हैं। जैव विविधता हॉटस्पॉट की रक्षा करके, भारत की समृद्ध और विविध वनस्पतियों के साथ जीवों का संरक्षण किया जा सकता है, जिससे वैश्विक स्तर पर जैव विविधता संरक्षण में योगदान मिल सकता है।

# चांद पृथ्वी से दूर ही जा रहा है



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

हमारे सबसे पास के इस खगोलीय पिंड के बारे में अनेक रोचक तथ्य हैं। हम जानते हैं कि चांद पृथ्वी के चारों ओर एक इलिप्टिकल ऑर्बिट में घूमता है, जिसमें यह कभी पृथ्वी के पास होता है और कभी दूर। इसकी पृथ्वी के सबसे पास की दूरी लगभग 3,60,000 किलोमीटर और सबसे अधिक दूरी लगभग 4,05,000 किलोमीटर होती है।

पिछले दिनों में अपने मित्र का एक संप्रेषण पढ़ रहा था, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय चंद्र-निशा अवलोकन के बारे में बताया गया था। यह चांद को देखने के लिए एक आयोजन होता है। इसे पढ़कर मुझे अपने बचपन और बाद की चांद के विषय की कुछ कल्पनाएं, धारणाएं और तथ्य याद हो आए। बचपन में कभी-कभी यह प्रश्न तो मेरे मन में आता था कि पृथ्वी चांद को नीचे खींचती है तो क्या कभी यह चांद नीचे पृथ्वी पर गिर सकता है? और यदि ऐसा हो गया तब तो दोनों ही संसार नष्ट हो जाएंगे। अब मैं जानता हूं कि चांद को पृथ्वी पर गिरने से रोकने के लिए पृथ्वी और अन्य ग्रहों को सूर्य में गिरने से रोकने के लिए और सभी तारों को केन्द्र में इकट्ठा होने से बचाने के लिए उनकी गति उत्तरदायी होती है। उस गति से प्राप्त अपकेन्द्रीय बल एवं अन्य कारक इसके लिए उत्तरदायी होते हैं। प्रारंभिक रूप से वह गति कहां से आई होती है, यह जानना भी अत्यंत महत्वपूर्ण और रोचक होता है।

मैं तो बालक ही था जब ये प्रश्न मेरे मन में आते थे, लेकिन ये प्रश्न बहुत लंबे समय से मानव जाति के मन में आते रहे हैं और वह उनके उत्तर ढूंढने का प्रयत्न करती रही है। अपने कॉसमॉस के विषय में मनुष्य की धारणाओं का विकास पढ़ना एक बहुत रोचक अध्ययन है। यह जानना रोचक है कि कैसे पहले सूर्य को एक गर्म पत्थर माना जाता था, फिर कहा गया कि नहीं, वह उससे कुछ बड़ा है, फिर कहा गया कि वह और बड़ा है और वह मास्को शहर के लाल चौक (रेड स्क्वायर) के बराबर है। अब हम जानते हैं कि सूर्य इतना बड़ा है कि उसमें 13 लाख पृथ्वियां समा सकती हैं। अब हम जानते हैं कि 'नीचे' और 'ऊपर' केवल सापेक्ष शब्द हैं। यह कोई विशेष दिशाएं नहीं होती हैं-यह गुरुत्वाकर्षण के केन्द्र और उसके सापेक्ष हमारी स्थिति पर निर्भर करती हैं। चांद की सतह पर खड़े होकर हम 'नीचे' पृथ्वी की ओर नहीं गिर सकते हैं। चांद पृथ्वी के चारों ओर क्यों घूमता है और क्या वह कभी पृथ्वी पर गिर सकता है? हम जानते हैं कि वस्तुतः चांद पृथ्वी पर इन अर्थों में निरंतर

**चांद और पृथ्वी के बीच वास्तव में बहुत व्यापक संबंध है, इसमें अनेक रोचक तथ्य हैं, इसकी अपनी गणितीय व्याख्याएं हैं और इसको काफी अच्छी तरह से समझाया जा सकता है। जब चांद का निर्माण अब से लगभग 4 .5 अरब वर्ष पूर्व हुआ था, तब यह पृथ्वी के बहुत पास रहा होगा और इसके अनेक निहितार्थ हैं, अनेक प्रभाव हैं।**

गिर रहा है कि वह पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगा रहा है। वह पृथ्वी की ओर गिर रहा है, लेकिन पृथ्वी के गोल होने और अपनी क्षैतिज गति के कारण पृथ्वी से टकरा नहीं रहा है। वस्तुतः चांद पृथ्वी से दूर ही जा रहा है। पृथ्वी से उसकी औसत दूरी निरंतर बढ़ रही है। मैं इस बात के विस्तार में नहीं जाऊंगा, लेकिन यह एक तथ्य है कि चांद और पृथ्वी के एक-दूसरे पर गुरुत्वाकर्षण बल के प्रभाव के कारण इन दोनों पिंडों में ही ज्वार-भाटीय तरंगें उत्पन्न होती हैं। इन तरंगों के कारण इन पिंडों के घूमने में प्रतिरोध पैदा होता है और इनकी अपने अक्ष पर घूर्णन की गति कम होती जाती है।

इस समय चांद पृथ्वी के साथ ग्रैवीटेशनली या टाइडली लॉक्ड स्थिति में है। यही कारण है कि चांद का अपने अक्ष पर और पृथ्वी के चारो ओर घूमने का समय बिल्कुल बराबर-27.322 दिन है। यही कारण है कि हम चांद का केवल एक पक्ष देख पाते हैं। हां चांद के पृथ्वी के चारो ओर घूमने के परवलयाकार होने के कारण चांद की सतह में पृथ्वी की सतह के सापेक्ष एक दोलन होता है, जिसके कारण हम उसकी सतह का 50 प्रतिशत से कुछ अधिक भाग देख पाते हैं। ऊर्जा के संरक्षण के नियम के अनुसार पृथ्वी के अपने अक्ष पर घूमने के जड़त्व आघूर्ण में जो कमी आती है वह उसके और चांद के बीच घूर्णीय कोणीय जड़त्व आघूर्ण के बढ़ाने से पूरी की जा सकती है। अब क्योंकि पृथ्वी और चांद की मात्रा तो निश्चित ही है इसलिए यह आघूर्ण उनके बीच की दूरी बढ़ाकर ही पूरा किया जा सकता है। यह कहने का अर्थ है कि पृथ्वी और चांद की बीच की दूरी निरंतर बढ़ रही है। यह लगभग तीन सेंटीमीटर प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रही है या हम कह सकते हैं कि यह लगभग ढाई मिलीमीटर चांद के पृथ्वी के चारो ओर प्रति चक्कर बढ़ रही है। हम कह सकते हैं कि जैसा कि मैं अपने बचपन में डरता था, उसके विपरीत, चांद पृथ्वी पर गिर नहीं रहा है, बल्कि यह हमसे दूर ही जा रहा है। हां यदि ये दोनों खगोलीय पिंड विद्यमान रहे तो अब से बहुत समय बाद ये एक-दूसरे के पास आना शुरू करेंगे। इसके अपने कारण हैं। ये एक-दूसरे के कितने पास हो जाएंगे और ऐसा कब होगा और उसके एक-दूसरे पर क्या प्रभाव पड़ेंगे, इनको समझा जा सकता है।

हमारे सबसे पास के इस खगोलीय पिंड के बारे में अनेक रोचक तथ्य हैं। हम जानते हैं कि चांद पृथ्वी के चारों ओर एक इलिप्टिकल ऑर्बिट में घूमता है, जिसमें यह कभी पृथ्वी के पास होता है और कभी दूर। इसकी पृथ्वी के सबसे पास की दूरी लगभग 3,60,000 किलोमीटर और सबसे अधिक दूरी लगभग 4,05,000 किलोमीटर होती है। अपनी कक्षा में पृथ्वी से अपनी दूरी के अनुसार इसकी गति तेज और धीमी होती रहती है। चांद पृथ्वी के चारो ओर एक चक्कर 27.322 दिन में लगा लेता है, किंतु पृथ्वी की सतह के किसी स्थान पर देखी जा रही इसकी एक कला से उसी कला तक पुनः आने में 29.5 दिन का समय लगता है। जैसे किसी स्थान पर एक पूर्णमासी से अगली पूर्णमासी 29.5 दिन में होगी। ऐसा इसलिए होता है कि पृथ्वी भी अपने अक्ष पर घूमती रहती है, उसका एक स्थान चांद के सापेक्ष आगे बढ़ जाता है और पृथ्वी के एक स्थान के सामने पुनः आने के लिए चांद को 27.322 दिन से अधिक समय लग जाता है।

चांद और पृथ्वी के बीच वास्तव में बहुत व्यापक संबंध है, इसमें अनेक रोचक तथ्य हैं। इसकी अपनी गणितीय व्याख्याएं हैं और इसको काफी अच्छी तरह से समझाया जा सकता है। जब चांद का निर्माण अब से लगभग 4.5 अरब वर्ष पूर्व हुआ था, तब यह पृथ्वी के बहुत पास रहा होगा और इसके अनेक निहितार्थ हैं, अनेक प्रभाव हैं। पृथ्वी के पास होने पर इसका ज्वार-भाटीय प्रभाव भी बहुत अधिक रहा होगा। उसका प्रभाव पृथ्वी की भू-पर्पटी में रेडियोएक्टिव पदार्थों के इकट्ठे होने पर भी होता है। यह रेडियोधर्मी पदार्थ जीवित प्राणियों के जीन्स में म्यूटेशन्स पैदा करते हैं, जो नई जातियों के निर्माण में सहायक होते हैं। यह एक कारण हो सकता है कि पृथ्वी पर इतनी अधिक विभिन्न जीव-जातियां दिखाई पड़ती हैं।

चांद और पृथ्वी का यह संबंध बहुत रोचक है। बच्चों का वह चंदा मामा, वह सूत कातती बुढ़िया और खरगोशों वाला चांद, वह अपने लिए जाड़े की रात के लिए अपनी मां से एक कुर्ता सिलवा देने का अनुरोध करने वाली कविताओं का चांद, वह कवियों की कल्पनाओं और प्रेमियों की उपमाओं का चांद, वह 'चांद सा रोशन चेहरा' जैसे वाक्यांशों को जन्म देने वाला चांद, वह लोक-कथाओं में स्थान रखने वाला चांद, वह बच्चों की लोरियों में स्थान रखने वाला चांद "चंदा मामा दूर के, पुए पकाएं पूर के, आप खाएं थाली में, मुन्ने को दें प्याली में", वह सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करके पृथ्वी पर चांदनी फैलाता हुआ चांद, अंतरिक्ष में हमारा सबसे पास का वह पड़ोसी और वस्तुतः हमारी पृथ्वी से ही जन्म लेने वाला पृथ्वी का पुत्र, जो हमारा मामा नहीं वरन हमारा भाई कहा जा सकता है, ऊबड़-खाबड़ और गड्ढों से भरी चट्टानों से बना हुआ वह चांद, जिस पर मनुष्य अपना झंडा गाड़ चुका है और चल चुका है। हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अगले कुछ वर्षों में वहां पर मानव की कॉलोनियां बस जाने का अनुमान भी है। उस चंदा मामा को देखकर अब मुझे ऐसा लगता है कि चंदा मामा अब दूर के नहीं हैं- अब वह 'टूर' के हैं - हम उन्हें हाथ बढ़ाकर छू सकते हैं, हम वहां 'टूर' पर जा सकते हैं। कोई आश्चर्य नहीं है कि चांद को देखने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय निशा का आयोजन किया जाता है।

## प्रसंगवश

# सनातन की समझ

सनातन इन दिनों एक बहु उद्धृत शब्द बन गया है। ज्यादातर लोग इसे हिन्दू धर्म (हिन्दुइज्म) के सीमित अर्थ में लेते हैं, मगर यह अपने में एक विराट वैचारिक व्यापकता समेटे हुए हैं। सनातन अपने में चिर प्राचीन और चिर नवीन है। चिर प्राचीन इसलिए कि इसके अतीत और उद्गम को हम स्पष्टतः अभी भी उद्घाटित नहीं कर पाए हैं।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

काल के प्रवाह में इसमें अनेक वैचारिक कोण, आचार-विचार और विमर्श जुड़ते रहे। सनातन में नित-निरंतर अन्वेषण का भी भाव समाहित है। हम कैसे जिएं, कैसे रहें, हमारा प्रेय श्रेय क्या हो? क्या सही है क्या गलत? क्या उचित क्या अनुचित? सभी कुछ सनातन की महायात्रा में समाहित होता रहा। शाश्वत भी इसी सनातन का ही पर्याय है। यह कब तक स्पंदित रहेगा कहा नहीं जा सकता। सृष्टि के समापन के साथ भले ही इसका लय हो जाए, इसके पहले तो नहीं। या यह भी कह लें कि सृष्टि का लय भले हो जाए यही सनातन तब भी शेष रहेगा और नव सृष्टि के उन्मेष को स्फुरण देगा। सनातन की प्रवाहमयी यात्रा निरंतर जारी है। कोई ठहराव नहीं। बस केवल सातत्य, इसी अर्थ में यह चिर नवीन है। विरोधाभासों, पारस्परिक विभिन्नताओं का समंजन ही नहीं, जहां समुच्चय है वही सनातन है। इसलिए ही एक धर्म के रूप में यह पूरे विश्व में अति विशिष्ट है, जहां विश्व के अनेक धर्म कट्टरता मूलक हैं, एक देव पूजक हैं सनातन का आह्वान है। सारे जहां में जो भी श्रेष्ठ हो वह हमें स्वीकार्य हो। यह हठवादिता को प्रश्रय नहीं देता।

यहां ठहराव की सड़ांध नहीं है। सब कुछ फ्रेश है, नव्य है, प्रदीप्त है। पथ प्रदर्शक है। यह वसुधैव कुटुंबकम को अपना ध्येय मानता है। समस्त जड़-चेतन में एक ही मूलस्थ भाव का दृष्टा है। यह अपने में वैदिक-अवैदिक किंतु तार्किक मान्यताओं को चार्वाक, महावीर बुद्ध सबको प्रतिष्ठित करता हुआ चरैवेति चरैवेति के संकल्प के साथ अग्रसर है। इतने गुण धर्म को समेटे कोई भी मान्यता क्या कभी मिट सकती है? यही कारण है कि तमाम आघातों के बाद आज भी सनातन जीवंत है। मानवता के कल्याण की यह अहर्निश यात्रा जारी है। हम अपने बहुविध योगदानों से इसे गति प्रदान करते रहें।

# मनुष्य अन्य प्राणियों से भिन्न कैसे



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

**दार्शनिकों में तर्क, सैनिकों में आत्मा और उत्पादकों में भूख प्रधान मानी जाती थी। प्लेटो ने अपने ग्रंथ रिपब्लिक में शिक्षा की व्यवस्था केवल दार्शनिकों और सैनिकों के लिए की है।**

अरस्तु ने मनुष्य की परिभाषा की है, लेकिन उससे पहले उन्होंने 'परिभाषा' की 'परिभाषा' की है। अरस्तु के अनुसार परिभाषा वह है, जो किसी वस्तु की अन्य वस्तुओं से समानता और भिन्नता बताए। इसी आधार पर मनुष्य की परिभाषा करते हुए उन्होंने कहा, मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह प्राणी है, इस अर्थ में अन्य प्राणियों के समान है, लेकिन वह सामाजिक है, इस अर्थ में अन्य प्राणियों से भिन्न है। यह परिभाषा कहां तक उपयुक्त है? चींटियां, मधुमक्खियां, हिरण, हाथी ये सभी सामाजिक प्राणी हैं। कुछ अर्थों में इनकी सामाजिकता मनुष्य की सामाजिकता से बेहतर है।

मनुष्य-मनुष्य में जितना भेद पाया जाता है, उतना एक ही प्रजाति के अन्य किसी प्राणी में नहीं। एक ही नस्ल के दो आदमियों में जितना फर्क होगा, वह एक ही नस्ल के दो कुत्तों से बहुत ज्यादा होगा। ऐसा क्यों है? मनुष्य में मन और बुद्धि ज्यादा विकसित हैं (और यही उसकी परेशानी के सबब भी हैं)। शरीर की अपेक्षा मन को और मन की अपेक्षा बुद्धि को सूक्ष्म कहा गया है। सूक्ष्म में स्थूल से ज्यादा भिन्नता की गुंजाइश होती है। इसलिए मनुष्य की मानसिक संरचना में पशुओं की अपेक्षा भिन्नता का रेंज बहुत अधिक है।

भारतीय परंपरा में मनुष्यों को मोटे तौर पर तीन श्रेणियों में बांटा गया है- सत्वगुणी, रजोगुणी और तमोगुणी, लेकिन सभी सत्वगुणी एक ही ढांचे में ढले नहीं होते, न रजोगुणी और न तमोगुणी। रजोगुण की अपेक्षा सत्वगुण के अधिक सूक्ष्म होने से, सत्वगुणियों में अधिक श्रेणियां हैं, उनसे कम श्रेणियां रजोगुणियों में हैं और उनसे भी कम तमोगुणियों में, लेकिन कुल मिलाकर मनुष्यों की अनंत श्रेणियां हो जाती हैं। बात बस इतनी है कि सत्वगुणी की निम्नतम श्रेणी रजोगुणी की उच्चतम श्रेणी से ऊपर रहेगी। सूक्ष्मता से गुणात्मक भिन्नता आती है तो स्थूलता से मात्रा या संख्या में वृद्धि होती है। किसी भी समाज में, किसी भी काल में, तमोगुणी की संख्या रजोगुणी से बहुत ज्यादा रहेगी और उसी क्रम में रजोगुणी की संख्या सत्वगुणी से बहुत ज्यादा रहेगी। पुराने यूनान में ठीक ऐसा ही भेद तर्क, आत्मा, और भूख में किया जाता था।

दार्शनिकों में तर्क, सैनिकों में आत्मा और उत्पादकों में भूख प्रधान मानी जाती थी। प्लेटो ने अपने ग्रंथ रिपब्लिक में शिक्षा की व्यवस्था केवल दार्शनिकों और सैनिकों के लिए की है। शुरू में दोनों को एक जैसी शिक्षा दी जाती है, बाद में सैनिकों में से कुछ चुने हुए लोगों को उच्च शिक्षा देकर उन्हें दार्शनिक बनाया जाता है, जो प्रशासक भी होते थे। उच्च शिक्षा का उद्देश्य तर्क (सत्व गुण) को पहचानना और उसका विकास करना है। प्लेटो के आदर्श राज्य में दार्शनिक राजा की अवधारणा है। उसे किसी कानून की जरूरत नहीं होती, बल्कि कानून उसके लिए अनावश्यक बंधन साबित होगा। दार्शनिक राजा वह है, जिसमें अपने-पराए का भेद न हो। प्लेटो का विश्वास था कि सैनिक-शिक्षा पूरी होने के बाद सैनिकों में से ऐसे लोगों की पहचान की जा सकती है, जिनमें तर्क प्रधान हो और उन्हें उच्च शिक्षा देकर दार्शनिक राजा बनाया जा सकता है। प्लेटो का प्रसिद्ध वाक्य है-गुण ही ज्ञान है। दूसरे शब्दों में ज्ञान ही गुण है तो वे मानते थे कि वास्तविक ज्ञान और गुण एक ही हैं और मनुष्य की पात्रता पहचानकर और सम्यक शिक्षा देकर उसे ज्ञानी और गुणी (जो एक-दूसरे के पर्याय हैं) बनाया जा सकता है। यह कहना कठिन है कि मनुष्य के संबंध में यह त्रिवर्ग की अवधारणा प्राचीन भारत में यूनान से आई थी या यहां से यूनान गई थी, या दोनों जगह स्वतंत्र रूप से विकसित हुई थी।

परेशानी यह नहीं है कि तमोगुणी ज्यादा और सत्वगुणी कम हैं। परेशानी यह है कि सत्वगुणी अपने को तमोगुणी और तमोगुणी अपने को सत्वगुणी समझते हैं। तमोगुणी के साथ क्या है कि वह अपने अलावा और सबको मक्कार समझता है, इसलिए अपने बारे में उनके विचारों की परवाह ही नहीं करता। उसे जो समझ में आता है, धड़ल्ले से करता जाता है। इसके विपरीत सत्वगुणी अपने को तमोगुणी और दूसरों को सत्वगुणी मानते हुए, दूसरों की बड़ी परवाह करता है और दुखी रहता है। "सुखिया सब संसार है, खावे और सोवे। दुखिया दास कबीर कि जागे और रोवे॥" तमोगुणी जब वेदांत पढ़ता है तो 'अहं ब्रह्मास्मि' तो तुरंत समझ जाता है, लेकिन 'तत्वमसि' समझने में नानी याद आ जाती है। दूसरी ओर सत्वगुणी 'तत्वमसि' पर ही अटका रह जाता है। बाप रे, कितना कठिन है और उसे 'अहं ब्रह्मास्मि' तक पहुंचने में जीवन लग जाता है। बिना तत्व मसि के हृदयंगम हुए 'अहं ब्रह्मास्मि' कितना खतरनाक हो सकता है, आज के कुछ बाबाओं के कृत्य से स्पष्ट हो जाएगा।

## सोशल फोरम

# आमने-सामने की आलोचना

किसी व्यक्ति के विषय में उसकी गैरहाजिरी में आलोचना करना हम सबको बहुत पसंद है। इसका आनंद अवर्णनीय है। इसे निंदा रस कहते हैं। प्रत्येक व्यक्ति अपने विवेक के अनुसार अपना व्यवहार निश्चित करता है। यह जरूरी नहीं कि उसका तरीका सबको पसंद आए। फिर उस पर टीका-टिप्पणी शुरू होती है। उचित-अनुचित पर तर्क दिए जाते हैं और बहस आरंभ हो जाती है।



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

यदि किसी के सामने उसकी आलोचना करने का साहस न हो या रिश्तों के बिगड़ने की बाधा न हो तो अपने मन का गुबार निकालने का यह एक मात्र तरीका है। वैसे, निंदा करने से दो फायदे होते हैं, प्रथम, इस प्रकार कुछ कह-सुन लेने से मन हल्का हो जाता है और द्वितीय, यह अत्यंत रोचक 'टाइम पास' खेल है इसलिए जिनके पास फुर्सत है, वे इसके निपुण खिलाड़ी होते हैं और जो व्यस्त हैं, वे कम शब्दों में कुछ कहकर या धीरे से मुस्कुरा कर इसका सुख प्राप्त कर लेते हैं। हम सब निंदा करने में बहुत आगे रहते हैं, लेकिन हम खुद इसे सहन नहीं कर पाते। किसी 'भेदिये' से अपने विषय में हो रही निंदा की जानकारी मिलते ही हमारे चेहरे की रंगत बदलने लगती है, कान गर्म होने लगते हैं और हमारे दिमाग में दूषित बातें जन्म लेने लगती हैं। कई बार हम अपने संबंधों पर पुनर्विचार करने लगते हैं। हमारी यह सोच न्यायोचित नहीं है। कड़वाहट की तर्ज पर आमने-सामने की आलोचना किसी का भी हृदय भेदती है और उसे जिद्दी बनाती है। यदि किसी समूह में किसी व्यक्ति की निंदा हो रही हो तो उसे रोकें और लोगों को प्रेरित करें कि भूलों की चर्चा केवल भूल करने वाले के सामने की जाएं।

किसी के पीठ पीछे उसकी आलोचना करने से होने वाली हानियां अत्यंत घातक होती हैं। किसी की गलतियां आमने-सामने भी बताई जा सकती हैं। सबसे पहले उसके अच्छे कार्यों की प्रशंसा करें, फिर धीरे से 'सूगर कोटेड' कैप्सूल की तरह उसकी भूलों की ओर इशारा करें। ध्यान रहे किसी को भी दोषी ठहराने का हक आपको नहीं है। इस प्रकार उसकी गलतियों को सुधार का अवसर देकर हम उसके कार्यों तथा व्यवहार को सही दिशा दे सकते हैं। इससे हमारे संबंध और अधिक मधुर एवं प्रगाढ़ होते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# क्रिया एक : प्रतिक्रियाएं भिन्न-भिन्न



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

**सूर्य और चंद्र ने क्रमश : पांडु पत्नी कुंती और गुरु पत्नी तारा से गमन किया, किंतु लोक पूज्य बने हुए हैं। इंद्र ने अहल्या और विष्णु ने शंखचूड़ दैत्य की पत्नी से छल करके अभिसार किया, किंतु उनकी पूजा और देवत्व पर आंच नहीं आई।**

हिंदू समाज में सामान्यतया एक पुरुष को एक स्त्री से समागम का ही वैधानिक और नैतिक अधिकार है, वह भी विधि विहित विवाह के माध्यम से। इससे इतर गर्हित और दंडनीय है, राज्य और समाज द्वारा। नीति के श्लोकों में कहा गया है, "एको देवः केशवो वा शिवो वा, एका नारी सुंदरी वा दरी वा।" हालांकि व्यवहार रूप में विवाहेतर रति करने पर भिन्न-भिन्न मानदंड अपनाए गए हैं। साधारण व्यक्ति पर तो यह नियम सदा लागू रहा, किंतु लगता है देवताओं को इससे मुक्त रखा गया।

सूर्य और चंद्र ने क्रमशः पांडु पत्नी कुंती और गुरु पत्नी तारा से गमन किया, किंतु लोक पूज्य बने हुए हैं। इंद्र ने अहल्या और विष्णु ने शंखचूड़ दैत्य की पत्नी से छल करके अभिसार किया, किंतु उनकी पूजा और देवत्व पर आंच नहीं आई। ऋषियों पर भी शायद यह नियम लागू नहीं था, क्योंकि पाराशर ने निषाद कन्या सत्यवती (मत्स्यगंधा) से उसकी इच्छा के विपरीत कम आयु होते हुए भी नौका पर रति की, जिससे व्यास उत्पन्न हुए, लेकिन ऋषि सम्मानित बने रहे। इसके अलावा संतानोतपत्ति के लिए नारी यह क्रिया अन्य से करवा सकती थी और इस पद्धति को 'नियोग' कहते थे। बस उस बाहरी रतिकर्ता की नियुक्ति स्त्री के पति, पिता या भाई द्वारा होनी चाहिए और यथा संभव वह देवर या सपिंड वाला ही हो। शर्त यह भी है कि उस क्रिया में दोनों आनंद न लें, केवल संतानोत्पत्ति के सीमित उद्देश्य का ही लक्ष्य रखें। राजा ययाति की पुत्री माधवी का यौन शोषण कई लोगों ने किया। राजा ने तो उसे गालव ऋषि को भेंट कर दिया था। गालव को अपने गुरु विश्वामित्र को दक्षिणा में 800 श्यामकर्ण घोड़े देने थे, जो उनके पास नहीं थे। इसके लिए उन्होंने क्रमशः तीन राजाओं को बारी-बारी से माधवी को सौंपा, जिन्होंने उसे रखकर एक-एक पुत्र उत्पन्न किया और वापस कर दिया। बदले में दो-दो सौ उस प्रजाति के घोड़े दिए। दो सौ देना फिर शेष रहा, तो इसके बदले विश्वामित्र ने खुद उसे रखा और दो सौ घोड़े लेना माफ कर दिया। पश्चात् वह फिर गालव के पास आ गई।

उत्तराखंड में अब तो विकास की किरण सर्वत्र पहुंच गई है, किंतु विगत में कुछ प्रथाएं रही हैं। स्टोवेल ने अपनी मैनुअल में वहां के रीति-रिवाजों पर प्रकाश डाला है। कहीं-कहीं पांडु प्रथा थी, जिसके चलते घर में ब्याह कर आई एक लड़की सभी भाइयों की पत्नी मान्य थी। इसे 'सञ्जायत' भी कहा गया। एक अन्य प्रथानुसार वधू विवाहिता पति के अतिरिक्त एक सहायक पति भी रख सकती थी। वह वर्ष में एक बार मायके अपने कौमार्यावस्था के किसी प्रेमी से मिलने भी जा सकती थी। स्टोवेल मैनुवल की मान्यता काफी समय तक कानून जैसी रही।

# टिकट बंटवारे पर खींचतान

आजकल महाराष्ट्र-झारखंड विधानसभा चुनावों और कई राज्यों व चुनावों में टिकट बंटवारे को लेकर इंडी गठबंधन में जबरदस्त खींचतान चल रही है। इसके मूल का विश्लेषण करें तो महसूस होता है कि भाजपा को हराने के संकल्प से इंडी गठबंधन में विचारात्मकता कभी रही ही नहीं। इसलिए सत्ता में आने की अति महत्वाकांक्षा पाले इंडी गठबंधन दलों के सदस्य चुनाव के समय भाजपा से लड़ने से पहले चुनावी कुरुक्षेत्र में स्वयं महाभारत करते नजर आते हैं।



राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

चुनावी रण प्रारंभ होने से पहले ही हांफते-हांफते मैदान में पहुंचते हैं और बाद में फिर वही ईवीएम और चुनाव आयोग को दोष देते हैं। अभी घोषित हुए चुनावों और पिछले एक वर्ष में इंडी गठबंधन बनने के उपरांत चुनावी नतीजों का विश्लेषण करने से तो यही निष्कर्ष निकलता है। महाराष्ट्र में कांग्रेस के नाना पटोले और शिवसेना (उद्धव) के संजय राउत के बीच में टिकटों के लिए जो वाकयुद्ध चल रहा है वह क्या दर्शा रहा है, समाजवादी पार्टी के अबू आजमी और अखिलेश ने अपनी बारह टिकटों की ताल ठोक दी है, लेकिन उनसे कोई बात ही नहीं कर रहा। उधर भाजपा ने अपने 99 प्रत्याशियों की सूची भी जारी कर दी है। झारखंड में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा बिना राष्ट्रीय जनता दल से बात किए 70 सीटों पर अपनी सहमति बना ली। इस पर राजद बिखर गया है और कह रहा है 20 सीट हमारे प्रभाव के इलाके में हैं, जहां हम लड़ना चाहते हैं। झारखंड में कुल 81 सीटें हैं, सत्तर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने सहमति कर ली है और केवल ग्यारह राजद व कम्युनिस्टों के लिए छोड़ी है। इसी बात पर इंडी में आपस में सिर फुटव्ल चल रही है, कैसे सुलझेगी किसी को नहीं पता। मध्य प्रदेश बुधनी उपचुनाव में भाजपा के सामने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर उपचुनाव है। समाजवादियों ने बिना कांग्रेस से बात किए छह सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए और बाकी बची तीन सीटों में से दो मुश्किल सीटों पर कांग्रेस को लड़ने को कह रहे हैं। कांग्रेस कोप भवन में जाकर समाजवादियों से कह रही है कि सभी सीटों पर खुद लड़ लो हम दर्शक दीर्घा से तालियां बजाएंगे। उधर वायनाड में कांग्रेस के सामने कम्युनिस्ट लड़ रहे हैं और प्रियंका का मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। आप ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की बात कह दी है। याद रहे दिल्ली में कांग्रेस और आप ने मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ा था और पंजाब में अलग-अलग। वाह क्या जबरदस्त गठबंधन है। चुनावी बिगुल बजने के बाद कुरुक्षेत्र के मैदान में जब एक पक्ष आपस में ही लड़ रहा तो सकारात्मक नतीजों की उम्मीद कैसे कर सकते हैं?

# सीएनजी के दाम बढ़ने की आशंका

अन्य दैनिक वस्तुओं के बढ़ते दामों से जूझ रहे लोगों को अब दिवाली से पहले ही सीएनजी की कीमत से झटका लग सकता है। सरकार ने सस्ती घरेलू गैस (एपीएम गैस) की आपूर्ति में 17-20 फीसदी की कमी कर दी है, जिससे सीएनजी फर्मों की लागत बढ़ेगी।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इसके चलते सीएनजी की कीमत प्रति किलोग्राम पांच रुपये या उससे ज्यादा बढ़ सकती है। सस्ती घरेलू गैस (एपीएम) भारत के कुछ खास इलाकों से निकाली जाती है और इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय दरों से कम होती है। कम कीमत होने से कंपनियों को अपनी लागत तय करने में मदद मिलती है, जिससे वे उपभोक्ताओं को कम कीमत पर सीएनजी दे पाती हैं, लेकिन हाल ही में एपीएम गैस की आपूर्ति में 17-20 फीसदी की कमी हुई है, जिससे कंपनियों पर दबाव बढ़ा है। इसी कारण सरकार ने सस्ती गैस की आपूर्ति घटा दी है, जिससे सीएनजी की कीमतें बढ़ने वाली हैं। फिलहाल खुदरा विक्रेताओं ने सीएनजी की दरें नहीं बढ़ाई हैं, क्योंकि वे समाधान के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं। अगर एक्साइज ड्यूटी में कटौती की जाती है तो खुदरा विक्रेताओं को बढ़ी हुई लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डालना पड़ेगा। जैसे-जैसे दुनिया स्वच्छ भविष्य की ओर बढ़ रही है और बेहतर ऊर्जा स्रोत खोज रही है, प्राकृतिक गैस की मांग आसमान छू रही है। ऐसे में त्योहारी सीजन में कीमतें बढ़ाई जाती हैं तो आम जनता के साथ नाइंसाफी मानी जाएगी। हालांकि इस मुद्दे पर राजनीतिक गतिविधियां भी बढ़ रही हैं, खासकर जब महाराष्ट्र झारखंड और दिल्ली में चुनाव नजदीक हैं। अब निर्णय केंद्र सरकार को लेना है।

## एक नजर

### मानवी ने नेट परीक्षा पास कर बढ़ाया मान



सुलतानपुर, अमृत विचार : शहर के एमजीएस फील्ड, नया नगर निवासी मानवी यादव पत्नी विकास यादव ने नेट परीक्षा अंग्रेजी विषय में पास कर अपने परिजनों का मान बढ़ाया है। मानवी के पिता सतीश यादव ने बताया कि मानवी बचपन से ही पढ़ने में प्रथम स्थान आती थी। मानवी की सफलता पर समस्त मित्र एवं परिजनों ने खुशी जताई।

### वीडीओ बने अनूप



बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार : बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम परसीतारा मजरे सोराव निवासी गिरीश चन्द्र पांडेय के पुत्र अनूप पांडेय का चयन ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) के पद पर हुआ है। 24 अक्टूबर को इन्हे विभाग द्वारा जॉइनिंग लेटर मिलेगा। अनूप की इस सफलता से गांव व क्षेत्र में खुशी की लहर है। अनूप ने बताया कि उन्हें समाज कल्याण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### लंबी बीमारी के चलते होमगार्ड का निधन



बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के पारा बाजार गांव के रहने वाले सुरेश कुमार गुप्ता (48) पुत्र शीतला प्रसाद चार माह से गंभीर बीमारी से लड़ रहे थे। जिनका इलाज चल रहा था। हालात में कोई सुधार न होने के चलते सोमवार की शाम करीब 6 बजे दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों मेँ चीख पुकार मच गई। मौके पर पुलिसकर्मियों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। सुरेश होमगार्ड पद पर तैनात थे।

# अशफाक हत्याकांड में तीन दोषी करार, साक्ष्य के अभाव में पांच बरी

**30 जनवरी 2018 को जगदीशपुर बाजार स्थित विजया बैंक के पास अशफाक अहमद की गोली और बम से की गई थी हत्या**

विधि संवाददाता, सुलतानपुर



दीवानी न्यायालय परिसर में वादकारी व अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचारः** अमेठी जिले के जगदीशपुर बाजार में हुए चर्चित अशफाक हत्याकांड में मंगलवार को जिला जज प्रकाश पांडेय की अदालत ने फैसला सुनाते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह समेत पांच आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया, जबकि तीन अन्य आरोपियों को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया।

एडीजीसी मनोज दुबे के मुताबिक 30 जनवरी 2018 को जगदीशपुर बाजार स्थित विजया बैंक के पास अशफाक अहमद की गोली और बम से हत्या कर दी गई थी। इस हमले में रजी अहमद समेत कुछ अन्य लोग घायल हो गए थे। मृतक के पिता अंसार अहमद ने जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर कला गांव निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह समेत अन्य लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस ने मामले की तफ्तीश के बाद आठ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। अदालत में सुनवाई के दौरान साक्ष्यों के अभाव में राजेश विक्रम सिंह, अनिल सिंह, नान्ह सिंह उर्फ सूरज, विकास खरवार,और सुभाष यादव को बरी कर दिया गया। मामले में बचाव पक्ष की ओर से रुद्र प्रताप सिंह मदन, रविवंश सिंह और काशी प्रसाद शुक्ल ने पैरवी की। अदालत ने जगदीशपुर थाना क्षेत्र के लालीपुर हुसैनगंज निवासी वंशराज यादव, बिहार छपरा के हुसैनपुर गांव निवासी अमित चौबे और मोहनगंज थाने के रामशाला निवासी सतीश उर्फ सतई को दोषी पाते हुए जेल भेज दिया, जिन्हें 25 अक्टूबर को अदालत सजा सुनायेगी।

### अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में नहीं हुई गवाही

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में मंगलवार को चश्मदीद गवाह सुहेल अहमद की जिरह नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 24 अक्टूबर नियत की है। कोतवाली देहात थाने के अलहदादपुर गांव निवासी अधिवक्ता आजाद अहमद की बीते साल छह अगस्त को भुलकी चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उनके भाई मुनव्वर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक के पिता मो. सलीम ने कोतवाली नगर के लोलेपुर गांव निवासी सिराज अहमद उर्फ पप्पू, घरहा निवासी इस्माइल उर्फ प्रिंस, सोहराब, मेराज, सलमान समेत कई आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

### राजनेताओं के विभिन्न मामलों में सुनवाई टली

**संवाददाता, सुलतानपुर। अमृत विचार :** मंगलवार को कई प्रमुख राजनेताओं के खिलाफ चल रहे मामलों में अदालतों में सुनवाई नहीं हो सकी और नई तारीखें निर्धारित की गईं। इनमें पूर्व विधायक अनूप संडा, लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, और पूर्व सपा विधायक रामचंद्र चौधरी शामिल हैं। पूर्व विधायक अनूप संडा के खिलाफ 2008 में खराब विद्युत व्यवस्था के विरोध में हाईवे जाम करने के मामले में सुनवाई टल गई। विशेष कोर्ट ने अभियोजन गवाह तत्कालीन दरोगा स्वयंबर सिंह को 6 नवम्बर को तलब किया है। इसके अलावा, 2022 के चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में भी अदालत ने 6 नवम्बर को दरोगा मुकेश कुमार को बुलाया है। लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा के खिलाफ 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जनसभा कर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में सुनवाई भी टल गई। अदालत ने अगली तारीख 6 नवम्बर निर्धारित की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ 2013 में विशेष समुदाय पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि के मामले में भी सुनवाई टल गई है। अदालत ने 7 नवम्बर को अगली सुनवाई का आदेश दिया है। इसके अलावा, पूर्व सपा विधायक रामचंद्र चौधरी के खिलाफ 2002 में कादीपुर में हुई एक दुर्घटना के बाद हुए उपद्रव के मामले में अदालत ने तत्कालीन दरोगा पारसनाथ वर्मा को 5 नवम्बर को तलब किया है। रामचंद्र चौधरी और अन्य आरोपियों पर पुलिस पर हमले का आरोप है, जो अभी अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

# संपूर्णानंद का नाम हटाने पर बिफरे कांग्रेसी

## जिलाध्यक्ष बोले- महापुरुषों की विरासत को खत्म करना चाहती है भाजपा सरकार

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**प्रदर्शन कर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन**



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बनारस में पुराने आधुनिक स्टेडियम से बाबू संपूर्णानंद का नाम हटाए जाने को लेकर कांग्रेसियों ने कड़ा विरोध जताया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की उपस्थिति में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से निकलकर राजीव गांधी (तिकोनिया पार्क) पहुंचे।

जहां उन्होंने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बनारस के पुराने आधुनिक स्टेडियम से बाबू संपूर्णानंद का नाम हटाए जाने को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने भाजपा सरकार के इस आमार्यदित्य कृत्य को हम कांग्रेस जन कड़ा विरोध करते हैं। संपूर्णानंद जैसे लोकप्रिय मनीषी, राजनेता का किसी भी प्रतिष्ठान से नाम हटा दिया जाना यह काशी वासियों के भावनाओं का ही नहीं बल्कि देश प्रदेश की भावनाओं का अपमान है। प्रधानमंत्री जी या भूल रहे हैं कि बनारस का वाराणसी नाम डॉक्टर संपूर्णानंद जी द्वारा रखा गया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओपी चौधरी ने कहा कि यह वही भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जो महापुरुषों का अनादर करती चली आ रही है। इस मौके पर शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, वरिष्ठ नेता ओपी चौधरी, नफीस फारुकी, रणजीत सिंह सलूजा, सुब्रत सिंह सनी, मनोज कुमार शुक्ला, मनोज तिवारी, हाजी फिरोज अहमद, आवेश अहमद, ममनून आलम, विनय त्रिपाठी आदि रहे।

# चोरी का खुलासा न हुआ तो होगा आंदोलन

कादीपुर, सुलतानपुर



कादीपुर में एसडीएम को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

**चोरी का खुलासा न होने से गुस्से में व्यापारी, सौंपा ज्ञापन**

**अमृत विचारः** कस्बे में मोबाइल की दुकान पर हुई चोरी का खुलासा न होने से व्यापारियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को आक्रोशित व्यापारियों ने भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल के नेतृत्व में एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी को ज्ञापन देकर चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा किए जाने की मांग की है।

दिए गए ज्ञापन में क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर व्यापारियों सहित समाज के अन्य लोगों में दहशत व्याप्त है। क्षेत्राधिकार विनय गौतम ने मोबाइल की दुकान की चोरी के प्रकरण का दो दिन के अंदर खुलासा किए जाने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक मामले का खुलासा नहीं हो पाया। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि 72 घंटे में चोरी का खुलासा नहीं किया गया तो व्यापारी अपनी दुकानों को बंद कर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। 19 अक्टूबर की रात कस्बे के सुल्तानपुर मार्ग पर एक मोबाइल की दुकान से 100 से अधिक मोबाइल सेट चोरी हो गए थे। एसडीएम एवं सीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि प्रशासन इस मामले को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। ज्ञापन देने वालों में पीड़ित सौरभ सिंह, जन उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष संतोष अग्रहरि, विजय गिरी, राजित राम, जयहिंद सिंह, सुरजीत मौर्य, शिवमंगल सिंह, राकेश कुमार, अकबर खान, तौहीद, शुभम सिंह, वीर बहादुर सिंह, संदीप, शिव प्रताप सिंह सहित काफी संख्या में व्यापारी रहे।

# बार-बेंच की बैठक में उठा उगाही का मामला

कादीपुर, सुलतानपुर

**प्राइवेट कर्मियों पर धन उगाही का आरोप, न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता**

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने की मांग को लेकर मंगलवार को अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। इसके पूर्व बार एसोसिएशन के कार्यालय में बार एवं बेंच में सामंजस्य स्थापित करने के लिए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में बार एवं बेंच की एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अधिवक्ताओं ने तहसील में व्याप्त समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि कई कर्मचारी लगभग 20 वर्षों से इसी तहसील में कार्यरत हैं। उन कर्मचारियों का प्रत्येक गांव में लोगों से संपर्क है, जो मिलकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। सीमांकन की कार्रवाई में धन उगाही का मामला जोर-शोर से उठाया गया। बैठक में मौजूद एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी, एसडीएम न्यायिक शिव प्रसाद, तहसीलदार घनश्याम भारती ने अधिवक्ताओं की बात सुन कर समस्याओं का निराकरण कराये जाने का आश्वासन दिया।

# जूनियर में नरायनपुर तो प्राथमिक में अटरा बना चैंपियन

संवाददाता, सुलतानपुर



विजेता खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत। अमृत विचार

**अमृत विचारः** भदैंया ब्लॉक में आयोजित भपटा न्याय पंचायत परिषदीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम प्रधान बृजेश सिंह एवं गायत्री सिंह अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक महिला शिक्षक संघ द्वारा फीता काटकर किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 600 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर बालिका में नौबस्ता की आलिया प्रथम, 100 मीटर में लोदीपुर की प्रिया प्रथम रही, 200 मीटर में प्रिया लोदीपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक में 50 और 100 मीटर में अटरा के आनंद ने बाजी मारी। 200 मीटर में आयुष विजेता बने। खो खो में अटरा तो कबड्डी में असवा ने बाजी मारी। जूनियर स्तर पर 100 एवं 400 मीटर में नरायनपुर के अस्लम विजेता रहे। वहीं 200 मीटर में वैभव ने जीत दर्ज की। कबड्डी बालक में नरायनपुर ने उचहरा को हराया, खो खो में भी ऊंचहरा को हरा बना विजेता। बालिका वर्ग खो खो एवं कबड्डी में भी जूनियर नरायनपुर ने जीत दर्ज की। प्राथमिक संवर्ग में प्राथमिक विद्यालय अटरा व जूनियर संवर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर ओवरऑल चैंपियन बना। कार्यक्रम का समापन खंड शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार यादव ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर किया। संचालन मुनेंद्र मिश्र और इंद्रभान यादव ने किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री दिनेश कुमार उपाध्याय, विपिन यादव, धर्मेन्द्र राय, मनोज सिंह, विजय यादव, जूनियर संघ के जिला मंत्री कलहू पाल, नोडल शिक्षक विशेष श्रीवास्तव, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शिव प्रताप सिंह, संदीप श्रीवास्तव, अमरेंद्र सिंह, शशांक सिंह, राजकुमार आदि रहे।

# बैठक में व्यापारियों ने गिनाईं समस्याएं

संवाददाता, सुलतानपुर



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई जिला उद्योग बंधु की बैठक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला उद्योग बंधु की बैठक हुई। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर फूड सेफ्टी एवं ड्रग, विद्युत पावर कारपोरेशन के पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि उन्हें तत्काल निपटाया जाए।

बैठक में उपायुक्त उद्योग समिति को अवगत कराया गया कि वित्त पोषित योजनाओं में एमवाईएसवाई योजना एवं ओडीओपी में जनपद को आवंटित संचयी लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कर ली गयी है। जनपद में 23 विभागों द्वारा हस्ताक्षरित एमओयू की प्रगति के सम्बन्ध में उद्यमी मित्र द्वारा अवगत कराया गया। नये औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने व भूमि के चिन्हांकन की प्रगति के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। विद्युत से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में विद्युत विभाग के पदाधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने सीडीओ को बताया कि जयसिंहपुर बिजली विभाग के एक अधिकारी कई वर्षों से जयसिंहपुर तथा ढ़ेमा उपकेंद्र के चार्ज पर हैं। वहां के कई व्यापारियों का कहना है उनकी ओर से अवैध वसूली की जाती है। सीडीओ से संबंधित समस्याओं के निदान के लिए जिम्मेदारों को निर्देशित किया। बैठक में देवी प्रसाद सोनी, हिमांशु मालवीय, विनय बरनवाल बिन्नू, अनूप श्रीवास्तव समेत अन्य रहे।



केएनआईपीएसएस के इंजीनियरिंग संकाय में कैंपस प्लेसमेंट में चुने गए विद्यार्थी।

### केएनआई के 16 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

**संवाददाता, सुलतानपुर। अमृत विचार :** फरीदीपुर परिसर स्थित केएनआईपीएसएस के इंजीनियरिंग संकाय में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए प्राइवेट कंपनियों द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। संस्थान के डीन अकादमिक रत्नेश सिंह ने सभी कंपनी प्रतिनिधियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कंपनी के एजीएम तुमुल जायसवाल ने शुरुआत में छात्रों को कंपनी और जॉब के बारे में बताया। साथ ही इंडक्शन प्रोग्राम के बारे में भी अवगत कराया। इंडक्शन प्रोग्राम के बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से 16 छात्रों का चयन किया। संस्थान के निदेशक प्रो. डीएस पुंडीर ने सभी छात्रों को बधाई दी। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के राघवेन्द्र त्रिपाठी, जेपी श्रीवास्तव, और मृत्युंजय कुमार ने इस प्लेसमेंट ड्राइव में चयनित छात्रों को बधाई दी। कैंपस प्लेसमेंट में चयनित होने वाले छात्र मो. दानिश खान, अहराज अहमद, विशाल बौद्ध, शिवेंद्र दुबे, अंकित भारती, कुलदीप मिश्र, शुभम प्रजापति, अंजनेय सिंह, अमन राय, नेहा, कोमल, निखिल सिंह, अनुपम विश्वकर्मा, निर्वन प्रजापति, मीनाक्षी सिंह, सोनल साहू शामिल रहे।

# सर्वांगीण विकास पर केंद्रित होता है रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षणः डॉ. सुनीता

संवाददाता, सुलतानपुर



प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ मौके पर बोलते प्राचार्य प्रो आलोक सिंह।

**अमृत विचारः** कमला नेहरू संस्थान के वार्षिक रोवर्स रेंजर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। छात्रा प्रियांशी व आंचल आदि ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन रोवर्स रेंजर्स संयोजिका डॉ. सुनीता राय ने किया। उन्होंने कहा कि रोवर्स रेंजर्स छात्र-छात्राओं के लिए हमेशा से ही उपयोगी रहा है। यह प्रशिक्षण छात्रों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित होता है। संयोजिका ने स्काउट गाइड संस्था से आये हुए जिला संगठन आयुक्त गौरव सिंह महेंद्र वर्मा एवं अन्य प्रशिक्षकों का स्वागत किया। प्राचार्य ने कहा कि प्रशिक्षण धारी रेंजर्स परोपकार, देश प्रेम, भाईचारा, अनुशासन, एवं प्रकृति प्रेम का पाठ न केवल सीखेंगे, बल्कि इससे सदैव लाभान्वित भी होंगे। इस मौके पर प्रो. प्रवीण कुमार सिंह, डॉ. राज कुमार मिश्र, डॉ. शक्ति सिंह, सुधांशु प्रताप सिंह, डॉ. कुलदीपक पांडेय, डॉ. अतुल मिश्रा, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. नीरज सिंह, डॉ. बीना सिंह, दृष्टी, आशीष प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रकृति की पूजा ही परमात्मा की सच्ची पूजा हैः शैलेन्द्र

चांदा, सुलतानपुर



शैलेन्द्र जी महाराज। अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रतापपुर कमैचा में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस में वृंदावन से पधारे भागवताचार्य शैलेन्द्र जी महाराज ने भागवत भक्तों के समक्ष कथा श्रवण कराते हुए बाल कृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। पूतना उद्धार, काली नाग की कथा, अघासुर, बकासुर, धनु का सुर आदि कई राक्षसों के उद्धार की कथा का वर्णन किया।

कथा को आगे बढ़ाते हुए अचार्य श्री ने कहा कि भगवान ने माखन चोरी लीला करके मानो समाज को संदेश दिया कि पहले अपने परिवार को पुष्ट करें फिर विक्रय करें। चीर हरण लीला के अंतर्गत प्रभु ने समझाया कि जलाशय में कभी भी निर्वस्त्र होकर स्नान ना करें। ऐसा करने से जल के देवता वरुण देव का अपमान होता है। आज हमारे देश की नदियां प्रदूषित हो गई हैं समाज को एकजुट होकर नदियों को प्रदूषण से मुक्त कराना चाहिए। गोवर्धन पर्वत पूजा करवाई श्री कृष्ण ने ब्रज वासियों से पर्वत पूजा का उद्देश्य भगवान श्री कृष्ण का यही था की प्रकृति की पूजा ही परमात्मा की सच्ची पूजा है। इसके पूर्व मुख्य यजमान गौरी शंकर शर्मा ने व्यास पीठ का पूजन किया। इस मौक़े पर विद्याधर तिवारी, जगदीश कुमार, हरीश शर्मा, रवि मोदनवाल ने व्यास महराज को पुष्पहार भेट किया। कथा को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रवण किया।

### प्रभु तक पहुंचने का मार्ग संतः बजरंगदास

**कादीपुर, सुलतानपुर। अमृत विचार :** बाबा बजरंगदास ने कहा कि जो भगवान से विरोध कर लेता है उसकी रक्षा कोई भी नहीं कर पाता। जीव जब चारों ओर से निराश होता है तो वह संत की शरण में जाता हैं क्योंकि भगवंत तक पहुंचने का मार्ग संत ही बताते हैं। वह जूनियर हाईस्कूल मैदान में चल रही नौ दिवसीय संगीतमय रामकथा के दूसरे दिन प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान न तो परीक्षा से मिलते हैं न ही समीक्षा से उन्हें केवल प्रतीक्षा से प्राप्त किया जा सकता है। जयंत की चर्चा करते हुए कहा कि एक बार राम और सीता जंगल में लेटे हुए थे। उसी समय प्रभु की परीक्षा लेने हेतु इन्द्र के पुत्र जयंत ने कौआ बनकर मां सीता के स्तन पर चोंच से हमला किया। जिससे खून निकल कर भगवान राम के ऊपर गिरा। राम ने तुरंत ही एक सींक का बाण उठाकर उसकी तरफ फेंक दिया। जयंत आगे आगे बाण पीछे पीछे चल रहा था। जयंत ब्रह्मा,शिव , इन्द्र सबके पास गया लेकिन कोई भी उसकी सहायता नहीं कर पाया।ऐसे में नारद मुनि जयंत से मिले तो उन्होंने कहा कि यह बाण तुम्हें मारना चाहता तो तुरंत मार देता यह बाण तुम्हारी रक्षा करने के साथ साथ शिक्षा भी दे रहा है कि प्रभु के बैरी का कोई ठिकाना नहीं है। अब तुम्हें सिर्फ प्रभु ही बचा सकते हैं।उन्हीं के पास जाओ। नारद के कहने पर जयंत प्रभु की शरण में गया और मां सीता से माफी मांगी।

## सार-संक्षेप

### जहरीले जंतु के काटने से बालिका की मौत

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बघौना बाजार निवासी सुखदेव गुप्ता की पुत्री अंशिका (09) सोमवार की रात खाना खाने के बाद कमरे में सोने के लिए चली गयी थी। देर रात को कमरे में किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। वह दर्द की वजह से रोने लगी। उसके रोने की आवाज सुनकर माता पिता जाग गए। कमरे से सांप निकलता देख सभी के होश उड़ गए। परिजन आनन फानन अंशिका गुप्ता को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सक ने अंशिका का इलाज किया उसके बाद उसे घर भेज दिया। जहां पर उसकी मौत हो गई। बेटी की मौत की खबर सुनते ही परिजन में चीख पुकार मच गई। उधर सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस भी मौके पर आ गई। बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत

**संवाददाता, धनपतगंज, सुलतानपुर। अमृत विचार :** अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर घटनास्थल पर बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं, दुर्घटना के बाद कार सवार फरार हो गया। मंगलवार को सोहगौली थाना कुड़वार निवासी उदय राज (45) कूरेभार बाजार मजदूरी कर के सेवरा गांव जा रहा था। जब वह टीकर गांव के निकट स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के अंडरपास से निकल रहा था तभी सर्विस रोड चंदीपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कार की चपेट में आ गया। जिसके चलते वह कुछ दूर तक कार में फंसे घिसटते चला गया। घटनास्थल पर इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने उसे लेकर धनपतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी रामाशीष उपाध्याय ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई है। सीसीटीवी कैमरे से गाड़ी की जल्दी पहचान की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए विधिक कार्यवाही शुरू की गई है।

### घर जाते समय छात्रा से छेड़छाड़, पिता ने दी तहरीर

**संवाददाता, सुलतानपुर। अमृत विचार :** कुड़वार थाना क्षेत्र के जनता इंटर कॉलेज बेला पश्चिम की कक्षा 12 की छात्रा से विद्यालय से घर जाते समय रास्ते में छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बालिका के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। मंगलवार को कुड़वार थाना क्षेत्र के एक इंटर की छात्रा अपने चचेरे भाई के साथ स्कूल से घर वापस जा रही थी। तभी रास्ते में स्कूल के ही कई छात्रों ने बालिका के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। भाई के मना करने पर गाली गलौज करने का भी आरोप है। घर पहुंचकर बालिका द्वारा पिता को घटना के बारे में बताने पर उन्होंने इसकी सूचना प्रधानाचार्य को देते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान वर्मा ने बताया कि दोनों पक्ष स्कूल के बच्चे है। तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

### संसारीपुर में मनरेगा के कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप

**भदैंया, सुलतानपुर। अमृत विचार :** भदैंया के दक्षिणी किनारे पर स्थित संसारीपुर गांव चर्चा में ही रहता है। साल भर पहले यहां आरक्षित महिला प्रधान पर गबन लगने के बाद मौत हो गयी थी जिसके बाद यहां दोबारा उपचुनाव हुआ है जिसमें शीला देवी प्रधान चुनी गयी है। साल भर के अंदर ही नयी प्रधान पर मनरेगा का काम कागजो पर कर करीब चार लाख से अधिक का फर्जी भुगतान करने का मामला सामने आया है। गांव के जियालाल सहित ग्रामीणों ने 16 अक्टूबर को मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत कर संसारीपुर मे मनरेगा के कागजी काम का फर्जी भुगतान का आरोप लगाया है। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने बताया कि शिकायत मिलने पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### महिला की मौत के मामले में केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर। अमृत विचार :** बाइक के टक्कर मार देने से लखना की हुई मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के लौहरा गांव की लखना पत्नी लहरी (62) की सोमवार को मालापुर गांव के पास परिहार नगर नहर के पुल पर विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। मृतका के पुत्र गौरी शंकर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### सड़क की नाप करने आए कर्मियों को ग्रामीणों ने रोका

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर। अमृत विचार :** मोतिगरपुर चौराहे से दियरा बाजार को जाने वाली करीब 4 किमी लंबी सड़क मोतिगरपुर से कोड़रिया तक (करीब 2 किमी.) पूरी तरह से उखड़कर खस्ताहाल हो गई है, जबकि कोड़रिया से दियरा बाजार के बीच भी कई गड्ढे है। ठेकेदार द्वारा चंद रोज पहले सड़क को गड्ढामुक्त करने का काम शुरू किया गया था। मंगलवार को विभाग के निर्देश पर गड्ढामुक्त की गई सड़क की माप करने करने के लिए विभाग के बेलदार राम शिरोमणि पाल और खियाली पहुंचे थे। तभी बेलवारी और दियरा गांव के दर्जन भर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विरोध जताते हुए उन्हें सड़क की माप करने से रोक दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि 3 मीटर चौड़ाई वाली सड़क गड्ढों के चलते कही 2.50 मीटर है तो कही 2.75 मीटर ही चौड़ी है। जगरानी हॉस्पिटल और उसके आगे कई जगह आज भी गड्ढे बने पड़े है। ग्रामीण अजय सिंह, कौशिक, संतोष सिंह, सुधीर सिंह, पवन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राकेश, प्रभाकर, दिनकर, हैप्पी सिंह आदि का आरोप है कि विभागीय मिलीभगत से ठेकेदार महज खानापूर्ति करके सड़क को गड्ढामुक्त दिखाकर पैसे निकालना चाहता है। बेलवारी के बूथ अध्यक्ष राकेश सिंह ने मामले की शिकायत सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय से भी की है। लोक निर्माण के अवर अभियंता संदीप मौर्य ने कहा कि गड्ढा मुक्ति में लापरवाही नहीं बर्दाश्त की जाएगी। वह स्वयं निरीक्षण कर स्थिति देखेंगे।

## एक नजर

### पुलिस ने की पटाखों की दुकानों की जांच

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। प्रभारी निरीक्षक लोटन द्वारा थाना क्षेत्र के करबा में अवैध पटाखों के भंडारण के संबंध में दुकानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक लोटन राजेश कुमार गुप्ता ने पुलिस टीम के साथ थानाक्षेत्र के कस्बा लोटन बाजार में अवैध पटाखों के भंडारण के संबंध में दुकानों की जांच की। उन्होंने दुकानदारों को सुरक्षा के लिए आवश्यक निर्देश दिये।

### निरस्त ट्रेन का बहाल किया गया संचालन

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोरखपुर-गोंडा रेल खंड पर स्थित डोमिनगढ़-जगतबेला के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग कार्य एवं कुसम्ही-गोरखपुर कैंट-गोरखपुर तीसरी लाइन के परिप्रेक्ष्य में डोमिनगढ़ स्टेशन पर 14 से 25 अक्टूबर तक प्री-नान इंटरलॉकिंग कार्य तथा 26 एवं 27 अक्टूबर को नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन, रि-शिड्यूलिंग एवं नियंत्रण किया गया था, जिसमें 11123/11124 ग्वालियर-बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस का पुनर्संचलन निम्नवत किया जायेगा। पूर्व में 23 से 26 अक्टूबर तक ग्वालियर से चलने वाली निरस्त की गई 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस का संचलन 23 एवं 24 अक्टूबर को बहाल कर दिया गया है। पूर्व में 24 से 27 अक्टूबर तक बरौनी से चलने वाली निरस्त की गई 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस का संचालन 24 एवं 25 अक्टूबर को बहाल कर दिया गया है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# पात्रों तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभ : रंगाराव

## राजस्व परिषद के सदस्य (न्यायिक) ने सीडीओ के साथ नौगढ़ के बर्डपुर नं. 14 में लगायी चौपाल

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। राजस्व परिषद के न्यायिक सदस्य एसवीएस रंगाराव ने मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार के साथ विकास खण्ड नौगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बर्डपुर नं-14 में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का सत्यापन एवं स्थलीय निरीक्षण एवं ग्राम चौपाल का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार न्यायिक राजस्व परिषद के सदस्य को शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। रंगाराव ने ग्राम पंचायत में शौचालय, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालयों का निर्माण, खाद्यान्न वितरण, मिड-डे मील की गुणवत्ता, विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति, सौभाग्य योजना, पेंशन, टीकाकरण व अन्य योजनाओं के बारे में लाभार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा जन कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की गई हैं जिससे पात्र व्यक्ति लाभान्वित होकर अपने जीवन स्तर में सुधार ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाये। कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने पाये। जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है उनका आयुष्मान कार्ड बनवायें। सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाये जाने के लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि गांव में एक कैम्प लगाने का निर्देश दिया। किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी को प्रमाण-पत्र, स्वयं सहायता समूह की लाभार्थी को सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री सुमंगला कन्या योजना की लाभार्थी को प्रमाण-पत्र दिया गया।

### गौशाला का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। राजस्व परिषद के सदस्य (न्यायिक) एसवीएस रंगाराव ने मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार के साथ विकास खण्ड नौगढ़ के अन्तर्गत महादेवा लाला में बनी गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सदस्य (न्यायिक) एसवीएस रंगाराव ने गाय की बछिया का पूजन किया। इसके साथ ही गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि गौवंश के लिए हरा चारा, पानी, भूसा, पशुआहार आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। गौवंश का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण कराया जाये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा आदि थे।



गौशाला में अभिलेख का निरीक्षण करते एसवीएस रंगाराव।

# ईओ की तलाकशुदा पत्नी की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, सिद्धार्थनगर,



अंशु (फाइल फोटो)

अमृत विचार। जनपद मुख्यालय के इंदिरानगर मोहल्ले में किराए पर रह रहे जिले के इटवा नगर पंचायत के ईओ संदीप कुमार की तलाकशुदा पत्नी अंशु सोनी (28) का संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार की देर शाम कमरे में पंखे से लटकता शव मिला।

2017 में संदीप कुमार की शादी अंशु सोनी से लव मैरिज के रूप में हुई थी। 2022 में दोनों का तलाक हो गया। इसके बावजूद पिछले करीब 2 महीने से संदीप के साथ सोनी रह रही थी। बताया जाता है कि सोनी शादी के बाद दिल्ली में मॉडलिंग की ट्रेनिंग कर रही थी लेकिन उसे सफलता नहीं मिली।

इस संबंध में ईओ ने बताया कि सोनी जब मॉडलिंग में सफल नहीं हुई तो वह डिप्रेशन में चली गई। उसकी दवा भी चल रही थी। इसके लिए उसके घर वाले भी खुश नहीं थे। 2 महीने पूर्व वह मेरे साथ रहने लगी। संदीप की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई। वही जब पोस्टमार्टम में क्या निकला इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ को मोबाइल फोन किया गया तो रिसीव नहीं हुआ।

# क्विज के लिए 5 छात्र चयनित

संवाददाता, शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर

**दिखायी प्रतिभा**

▸▸ जिलास्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मिलेगा मौका

अमृत विचार। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत बढ़नी (परसा) बीआरसी परिसर में ब्लाक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बीईओ रामू प्रसाद व एआरपी प्रमोद कुमार त्रिपाठी की देख-रेख में मंगलवार को हुआ।

इसमें उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों के पांच विद्यार्थियों को जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। ब्लाक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में सभी विद्यालयों के तीन-तीन विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सभी बच्चों से 25-25 प्रश्नों की प्रश्नोत्तरी हल कराया गया। इसमें अधिकतम अंक पाने वाले 25 विद्यार्थियों को चयनित किया गया। इसके बाद इन सफल 25 बच्चों को पांच समूहों में बाटा गया। इन पांच समूहों में प्रत्येक समूह के सर्वश्रेष्ठ एक-एक बच्चे को जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। बीईओ ने बताया कि ये पांच विद्यार्थी जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। सफल विद्यार्थियों को एआरपी उमेश कुमार गुप्ता (विज्ञान), एआरपी अरविन्द कुमार आर्य (सावि), एआरपी ध्रुव नारायण सिंह (गणित) व एआरपी रामनारायण (अंग्रेजी) ने मेडल, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया। इस मौके पर अध्यापकों में जावेद आलम, देवेन्द्र कुमार, अरुण त्रिपाठी, मो. अरशद खान व अप्रशिसं के महेन्द्र कुमार मिश्रा, बच्चन राम, दिनेश कुमार, द्वारिका प्रसाद विनीत कुमार भास्कर, बुद्धिराम, कलीम अहमद खान, देवेन्द्र कुमार यादव, असलम खां, अजय कुमार चौधरी, जयप्रकाश नारायण यादव, दिलीप सिंह, सोनी, अरुणा देवी, सरिता यादव, विकास कसौंधन तथा बीआरसी परिवार से हरे कृष्ण यादव, शोभित श्रीवास्तव, प्रमोद, सुरेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# अवैध पट्टों की शिकायतों का करें निस्तारण

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर.। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी उमाशंकर की उपस्थिति में राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

डीएम ने निर्विवाद वरासत की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि अवैध पट्टों की जो शिकायत प्राप्त हो रही हैं उसके निरस्तीकरण की कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, तहसीलदार को निर्देश दिया कि निर्विवाद वरासत की कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। यदि किसी तहसील की शिकायत प्राप्त होगी तो संबधित तहसीलदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि समस्त एसडीएम/एसडीएम न्यायिक, तहसीलदार/तहसीलदार न्यायिक, नायब तहसीलदार प्रत्येक माह 15-18 दिन कोर्ट में बैठकर वादो का निस्तारण करें। आरसीएमएस पोर्टल पर सभी वादों को फीड करायें तथा प्रतिदिन पोर्टल चेक करें। 5 वर्ष से ऊपर के वादों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र आय प्रमाण-पत्र, हैसियत प्रमाण-पत्र की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रमाण-पत्रों को जारी करने के लिए अनावश्यक रूप से लेखपाल लम्बित न रखें। इसकी समीक्षा तहसीलदार अपने स्तर से करें। समस्त उपजिलाधिकारी/तहसीलदार प्रतिदिन जनसुनवाई करें। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने समस्त तहसीलों के राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सीमा स्तम्भ लोक निर्माण विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर समस्त उपजिलाधिकारी, अपर उपजिलाधिकारी कुणाल, समस्त उपजिलाधिकारी न्यायिक, समस्त तहसीलदार, समस्त तहसीलदार न्यायिक, नायब तहसीलदार आदि मौजूद थे।

# परिवर्तित मार्ग से चलायी जाएंगी यात्री ट्रेनें



संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के गोविन्दपुरी स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-1 पर ट्रैक निर्माण हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं दिये गये अस्थाई ठहराव को निम्नवत समाप्त किया गया है।

**मार्ग परिवर्तन :** गाजीपुर सिटी से 08 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक चलने वाली 09062 गाजीपुर सिटी-उधना साप्ताहिक विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग चन्दारी-कानपुर लोको-गोविन्दपुरी-पनकीधाम के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चन्दारी-कानपुर सेण्ट्रल-पनकीधाम के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी गोविन्दपुरी स्टेशन के स्थान पर कानपुर सेण्ट्रल स्टेशन पर 18.20 बजे पहुंचकर 18.25 बजे छूटेगी। नाहरलागुन से 08 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक चलने वाली 09526 नाहरलागुन-हापा साप्ताहिक विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग चन्दारी-कानपुर लोको-गोविन्दपुरी-पनकीधाम के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चन्दारी-कानपुर सेण्ट्रल-पनकीधाम के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी गोविन्दपुरी स्टेशन के स्थान पर कानपुर सेण्ट्रल स्टेशन पर 19.35 बजे पहुंचकर 19.40 बजे छूटेगी। बनारस से 08 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक चलने वाली 12946 बनारस-वेरावल साप्ताहिक एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग चन्दारी-कानपुर लोको-गोविन्दपुरी-पनकीधाम के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चन्दारी-कानपुर सेण्ट्रल-पनकीधाम के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी गोविन्दपुरी स्टेशन के स्थान पर कानपुर सेण्ट्रल स्टेशन पर 12.35 बजे पहुंचकर 12.40 बजे छूटेगी। बनारस से 08 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक चलने वाली 20962 बनारस-उधना साप्ताहिक एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग चन्दारी-कानपुर लोको-गोविन्दपुरी-पनकीधाम के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चन्दारी-कानपुर सेण्ट्रल-पनकीधाम के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी गोविन्दपुरी स्टेशन के स्थान पर कानपुर सेण्ट्रल स्टेशन पर 22.25 बजे पहुंचकर 22.30 बजे छूटेगी।

छपरा से 08 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक चलने वाली 15101 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग चन्दारी-कानपुर लोको-गोविन्दपुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चन्दारी-कानपुर सेण्ट्रल-गोविन्दपुरी के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी गोविन्दपुरी स्टेशन के स्थान पर कानपुर सेण्ट्रल स्टेशन पर 07.50 बजे पहुंचकर 07.55 बजे छूटेगी।

ठहराव को अस्थाई रूप से नही दिया जाना -

लखनऊ जं. से 08 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक चलने वाली 11110 लखनऊ जं.-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी एक्सप्रेस का गोविन्दपुरी स्टेशन पर ठहराव नहीं रहेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# पीड़ित ने की घर न गिराने की अपील

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिले के तहसील शोहरतगढ़. अन्तर्गत आर्य नगर में आबादी की जमीन पर बना अर्धनिर्मित मकान व छप्पर में निवास करने वाले माधव के मकान को गिराने सोमवार को लेखपाल व अन्य लोग पहुंच गये। पीड़ित ने कार्रवाई रोकने की मांग की है। वहीं सूत्रों की मानें तो माधव पुत्र पंच गुलाम गाटा संख्या-274 जो खतौनी में आबादी दर्ज है पर पीड़ित माधव के बाप-दादा के समय से उपभोग कर रहा है। आरोप है कि उक्त भूमि पर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा दूसरे को कब्जा दिलवाया जाने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित को उक्त भूमि पर बना छप्पर जल जाने पर वर्ष 2005 में 1500 की सहायता भी तहसीलदार द्वारा दी जा चुकी थी।

## सार-संक्षेप

### पुलिस ने की सौहार्द बनाये रखने की अपील

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जनपद पुलिस द्वारा लक्ष्मी पूजा, छठ, दीपावली के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त की गयी। साथ ही आमजन से संवाद स्थापित कर लोगों से आपस में सौहार्द बनाये रखने की अपील की गयी। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के निर्देशन में जनपद के क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त की गयी।



पैदल गश्त करता पुलिस बल।

### मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित




मेधावी छात्रों के साथ शिक्षक व विद्यालय के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। बर्डपुर के परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं का बुद्ध विद्यापीठ इण्टर कालेज में सम्पन्न हुए ब्लाक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी के छात्र बृजेश कुमार, अभिषेक कुमार पाण्डेय व मोहिनी भारती ने प्रतिभाग किया। उनमें दो छात्र क्रमशः बृजेश कुमार व अभिषेक कुमार पाण्डेय टॉप रैंक में स्थान हासिल करने में कामयाब रहे। प्रतियोगिता के अन्त में खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा मेडल, शिक्षण सामग्री तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था। प्रतियोगिता के दूसरे दिन विद्यालय पहुंचने पर प्रतिभागी बच्चों की सफलता से खुश होकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सन्तोष कुमार चौधरी ने दोनों छात्रों को फूल माला पहनाकर तथा मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राम बचन पाण्डेय, अनुदेशिका नीलम देवी, मोहम्मद काशिफ, निर्मला देवी, सरस्वती आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

### सिद्धार्थनगर व महाराजगंज के बीच हुआ क्रिकेट मैच

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन और गोरखपुर क्रिकेट एसोसिएशन की संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पूर्वांचल चैंपियन्स लीग में सिद्धार्थनगर स्टेडियम में दूसरे मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन महाराजगंज ने निर्धारित 30 ओवरों में 28.3 बाल में 10 विकेट खोकर 129 रन बनाये। जिसमें सर्वोदय ने 19, अरुण और प्रद्युम्न ने 14-14 रनों का योगदान दिया। सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से राम हरेश ने 3 व विजय, शैलेन्द्र और रौनक ने 2 - 2 और देवराज ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से प्रिन्स ने नाबाद 52, सफीकुर्रहमान ने नाबाद 37, व प्रेम साहनी ने 32 रनों का योगदान दिया। महाराजगंज की तरफ से सनी थापा ने दो विकेट लिया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाड़ी राम हरेश को दिया गया। मंगलवार के मैच के मुख्य अतिथि जिला क्रीडा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री रहे। इस अवसर पर सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश चौबे, रवि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अम्बिका त्रिपाठी, सचिव विवेक त्रिपाठी, संयुक्त सचिव विपिन त्रिपाठी, सदस्य मनीष यादव, अमित राय आदि लोग मौजूद रहें। मंगलवार के मैच के कमेंट्रेटर प्रयाग भास्कर, अम्पायर मानस व सचिन और स्कोर साबिर व इमरान रहे। बड़ी संख्या में स्थानीय क्रिकेटप्रेमियों ने मैच देखा और खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया।

### श्यामसुंदर ने रजत, सेजल ने जीता कांस्य पदक

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। 68 वीं प्रदेशीय विद्यालयी योगासन बालक एवं बालिका प्रतियोगिता अंडर -14, 17 और 19 आयु बालिका वर्ग जो 18 अक्टूबर से 22 अक्टूबर को हुई थी। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 मंडलों से कुल 540 बालिका एवं बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। योगासन प्रतियोगिता में मण्डल बस्ती के सिद्धार्थनगर और संतकबीर नगर से कुल 15 छात्रा तथा 5 छात्रों ने अपने अपने कोच और टीम मैनेजर के साथ प्रतिभाग किया। बेसिक शिक्षा परिषद के पूर्व माध्यमिक विद्यालय विकास क्षेत्र बर्डपुर से महेश कुमार एवं अर्चना वर्मा ने अंडर - 14 से 5 बालिका रंभा, सेजल, सावित्री, नीमा और लक्ष्मी तथा 5 बालक श्याम सुन्दर, गौरी शंकर, राज, नागेश्वर तथा करण ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। इसमें आर्टिस्टिक योगासन वर्ग में मण्डल बस्ती जनपद सिद्धार्थनगर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय विकास क्षेत्र बर्डपुर से जहां श्याम सुंदर ने सिल्वर मेडल तथा सेजल ने ब्रॉन्ज ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया वहीं गौरीशंकर ने रिदमिक बालक वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर मण्डल बस्ती को 03 मेडल दिलवाकर इतिहास रच दिया।

# रेल संपत्ति के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। आरपीएफ बलरामपुर एवं अपराध आसूचना शाखा गोंडा ने सोमवार को बढ़नी स्टेशन यार्ड से 2 शातिर चोरों को रेलवे सम्पत्ति चोरी कर ले जाते हुए गिरफ्तार किया। इसी दिन आरपीएफ गाजीपुर सिटी एवं अपराध आसूचना शाखा वाराणसी यूसुफपुर स्टेशन यार्ड से 1 शातिर चोर को रेल सम्पत्ति चोरी कर ले जाते गिरफ्तार किया। सोमवार को ही आरपीएफ गोरखपुर को प्लेटफार्म संख्या-02 पर 13 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त लड़की को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 20 अक्टूबर को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को प्लेटफार्म संख्या-02 पर 15 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त लड़की को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया गया। 20 अक्टूबर को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल गाजीपुर को गाजीपुर सिटी स्टेशन पर 16 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को वन स्टॉप सेंटर, गाजीपुर को सुपुर्द किया गया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# मार्च तक पूरा करें कार्य : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

संवाददाता, गोरखपुर



नाले का निरीक्षण करतीं ज्वाइंट मजेस्ट्रेट/एसडीएम मृणाली अविनाश जोशी। अमृत विचार

अमृत विचार। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने गोड्धोईया नाले के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि मार्च 2025 तक निर्धारित समय के अंतर्गत निर्माण कार्यों को हर हालत में पूरा करें जिससे शहर के विकास कार्यों में चार चांद लग सके।

उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नाले के इंटरसेप्शन, डायवर्जन और ट्रीटमेंट प्लांट का काम भी इसी के साथ खत्म हो जाना चाहिए। इसमें लापरवाही बिलकुल नहीं होनी चाहिए। नाला निर्माण के साथ ही सीवर लाइन भी डाली जा रही इससे 17 वार्डों के 2.20 लाख लोगों को फायदा होगा। अलग-अलग इंटरसेप्ट सीवर लाइन से इन वार्डों के गंदे पानी को एसटीपी में लाकर साफ कर दिया जाएगा। इसके बाद पानी राप्ती नदी में छोड़ा जाएगा। पहले फेज में गोड़धोइया नाले के दोनों तरफ इंटरसेप्ट सीवरलाइन बिछाने के काम को पूरा किया जा रहा नाला निर्माण के मद में 474 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे। दरअसल, 9.7 किलोमीटर लंबे नाले का निर्माण काम हो रहा है। गोड़धोइया नाले के दोनों तरफ इंटरसेप्ट सीवर लाइन डाली जा रही है। इस सीवर लाइन को एसटीपी से जोड़ा जाएगा।

**दिखाया दम** 31वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2024 का दूसरा दिन

# पूर्वोत्तर रेलवे ने सीमान्त रेलवे को 41-22 अंकों से हराया

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे के तत्त्वावधान में 21 से 24 अक्टूबर तक सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में खेली जा रहीं 31वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2024 के दूसरे दिन मंगलवार को पूर्वोत्तर रेलवे एवं पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे के मध्य मैच खेला गया।

इसमें पूर्वोत्तर रेलवे ने अपने दमदार प्रदर्शन से पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे को 41-22 अंको से शिकस्त देकर मैच जीत लिया। पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से राम आसरे यादव, ए.बी. जडेजा, दीपक कश्यप, अजय मल्ल, अजीत तिवारी, सुनील महला ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

मंगलवार खेले गये अन्य मैच में दक्षिण रेलवे ने पश्चिम रेलवे का 48-38 अंकों से एवं रेलवे सुरक्षा विशेष बल ने मध्य रेलवे को 39-21 अंकों से तथा पश्चिम मध्य रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को 29-20 अंकों से, पश्चिम मध्य रेलवे ने पश्चिम रेलवे को 39-37 अंकों से तथा दक्षिण रेलवे ने उत्तर रेलवे को 59-48 अंकों से हराया।

इसके पूर्व 21 अक्टूबर को देर शाम हुए मैच में उत्तर रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को 49-38 अंकों से, दक्षिण रेलवे ने पश्चिम मध्य रेलवे को 46-08 अंकों से, पूर्वोत्तर रेलवे ने रेलवे सुरक्षा विशेष बल को 52-29 अंकों से, पश्चिम रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को 47-25 अंको से, मध्य रेलवे ने पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे को 49-12 अंकों से तथा उत्तर रेलवे पश्चिम मध्य रेलवे को 43-38 अंकों से हराया।

देर सायं तक इस प्रतियोगिता के अन्य मैच खेले जा रहे थे। इस अवसर रेलवे सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

# पुलिस ने पैदल गश्त कर कराया सुरक्षा का अहसास

गोरखपुर, अमृत विचार। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर एसपी सिटी अभिनव त्यागी क्षेत्राधिकारी कैंट योगेंद्र सिंह कैंट थाना प्रभारी संजय सिंह ने मंगलवार को दलबल के साथ कैंट थाना क्षेत्र में पैदल गश्त करके आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने भीड़भाड़ वाले इलाकों में दुकानदारों से मुलाकात करके सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली। गोरखपुर की पुलिस लगातार विभिन्न थाना क्षेत्र में पैदल गश्त करके त्योहार को आपसी सौहार्दपुण तरीके से संपन्न कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। पुलिस ने हिदायत दी कि गाड़ियों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें।

# चुनावी वादे पूरे होते तो हर एक गांव हो जाते विकसित

## प्रत्येक चुनाव में मिलता है आश्वासन, वादों तक रहता है सीमित

प्रशांत श्रीवास्तव , बनकसिया, संतकबीरनगर।

**अमृत विचार।** भारत वर्ष की बड़ी आबादी देहाती इलाके में बसती है। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की झलक भी इन देहाती इलाकों में बखूबी दिखाई देती है। देश को अनाज देने वाले ज्यादातर किसान भी इन्ही क्षेत्रों से आते हैं। बावजूद इलाके की बड़ी आबादी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। इनकी मानें तो आजादी के बाद से नेताओं ने जितने वादे किए यदि उनमें एक फीसद भी विकास कर देते तो जिले के अधिकतर गांव तमाम सुविधाओं से लैस होते। किसान एवं ग्रामीण खुशहाल होते। केंद्र और राज्य सरकार गांव के विकास के लिए मनरेगा, कृषि, सचाई, बागवानी, पशुपालन, गायपालन सहित कई योजनाएं चला रही है। बावजूद गांव के विकास की रफ्तार काफी धीमी है। आज भी गांव में लोगों को सड़क,बिजली,शिक्षा और स्वच्छ पेयजल का घोर अभाव है। पढ़े लिखे युवा रोजगार की तलाश में दूसरे प्रदेशों में जाने को विवश हैं।

जिले के गोरखपुर जनपद की सीमा से सटे मेंहदावल ब्लॉक क्षेत्र चार दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ के लिए करीब 20 किलोमीटर की दूरी तय करके नगर पंचायत मेंहदावल स्थित सीएचसी पर आना मजबूरी है। वैसे सांसद आदर्श गांव सांडे खुर्द में भी पीएचसी स्थापित है,लेकिन यहां शाम को डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी नहीं मिलते है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों ने बढ़या ठाठर में सीएचसी की स्थापना किए जाने की मांग कर रहे है। विकास खंड मेंहदावल के पूर्वी कछार क्षेत्र की 50 हजार की आबादी स्वास्थ्य सेवा से वंचित हो रही हैं।

गोरखपुर जनपद की सीमा से सटे गांव घूरापाली, चिकनियाडीह, नहुनी, बेलौली, खैरा,घोलवा, थरौली, नगपुर जैसे तमाम गांव है, जहां के लोगों को उपचार कराने के लिए 20 किलोमीटर की दूरी तय करके सीएचसी मेंहदावल आना पड़ता हैं। वर्ष 2014-15 में सीएचसी मेंहदावल के अधीक्षक डॉक्टर डीएनपी गुप्ता ने जिला प्रशासन के माध्यम से बढ़या ठाठर में सीएचसी खोलने का प्रस्ताव शासन को भेजा था।


आदित्य प्रताप सिंह।


रविन्द्र यादव।


सूरज तिवारी।

### लोगों ने क्या कहा

मेहदावल विकासखंड के क्षेत्र पंचायत सदस्य सूरज तिवारी "धतूरा" ने कहा कि यहां किसी को भी छोटी सी बीमारी के लिए भी 20 किलोमीटर का सफर तय करके मेंहदावल सीएचसी जाना पड़ता है, जिससे लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वही आदित्य प्रताप सिंह ने कहा कि नेता हर चुनाव में वादे करते हैं लेकिन वादों का क्या, वादा तो वादा ही रहता है कभी यह वादा पूरा नहीं हुआ। वही रविन्द्र यादव ने कहा कि पिछले 15 वर्षों से पूर्वी कछार क्षेत्रों में एक सीएचसी का स्थापना की बातें सुन रहे हैं लेकिन यह स्थापना कब होगा यह तो आने वाला वक्त और नेता ही बता पाएंगे।

### 2021 में पूर्व विधायक ने लिखा था पत्र

2021 में मेहदावल के पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर भ क्षेत्र के बढ़या में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित होने के लिए पत्र लिखकर मांग की थी, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने सक्रियता दिखाई लेकिन मामला अधर में अटक गया।

# हरियाणा : बॉक्सिंग में वैष्णवी ने जीता कांस्य



**संवाददाता कुशीनगर,अमृत विचार।** भारतीय खेल प्राधिकरण नेशनल बॉक्सिंग अकैडमी रोहतक हरियाणा में आयोजित टैलेंट हंट बॉक्सिंग प्रतियोगिता में आर के बॉक्सिंग क्लब एवं स्पोर्ट्स अकैडमी कुशीनगर उत्तर प्रदेश की जूनियर बालिका वैष्णवी बर्नवाल पुत्री संदीप बर्नवाल वार्ड नंबर 19 आजाद नगर हाटा निवासी 50 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर इनके कोच राजेश कुमार गुप्ता और इनके टूर्नामेंट प्रशिक्षक सीनियर पंकज कुमार गुप्ता एवं क्लब के समस्त खिलाड़ियों एवं खेल प्रतिनिधियों ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दी।

# विज्ञान प्रदर्शन व प्रतियोगिता में अंश प्रथम

**कुशीनगर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग जनपद कुशीनगर द्वारा मंगलवार को आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में हाटा ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित 7 बच्चों ने प्रतिभाग किया। चुने गए सर्वश्रेष्ठ पांच बच्चों में उच्च प्राथमिक विद्यालय बतरौली हाटा के कक्षा 8 के छात्र अंश सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी कुशीनगर राम जियावन मौर्य ने छात्र को सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी हाटा अमितेश कुमार, प्रधानाध्यापक राजेंद्र सिंह, विज्ञान प्रतियोगिता की तैयारी कराने वाले राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सुनील सिंह ने अपना विशेष योगदान दिया।

# एसपी ने बैडमिंटन टीम को किया सम्मानित


बैडमिंटन टीम को सम्मानित करते एसपी। अमृत विचार

संवादाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता ने गोरखपुर जोन की 41वीं उप्र . पुलिस बैडमिन्टन कलस्टर (बैडमिन्टन/टेबल टेनिस) प्रतियोगिता 2024 में प्रतिभाग करने वाली जनपद संतकबीरनगर टीम को सम्मानित किया ।

गोरखपुर पुलिस लाइन में गोरखपुर जोन की 41वीं उ0प्र0 पुलिस बैडमिन्टन कलस्टर (बैडमिन्टन/टेबल टेनिस) प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संतकबीरनगर पुलिस टीम ने भी भाग लिया गया। इस प्रतियोगिता में आयोजित महिला टीम चैम्पियनशिप (बैडमिन्टन), महिला ओपेन सिंगल्स (बैडमिन्टन), महिला ओपेन डबल्स (बैडमिन्टन), महिला वेटरन डबल्स (बैडमिन्टन), महिला ओपेन सिंगल्स (टेबल टेनिस), महिला ओपेन डबल्स (टेबल टेनिस), महिला वेटरन डबल्स (टेबल टेनिस), महिला वेटरन डबल्स (टेबल टेनिस) में संतकबीरनगर की टीम विजेता रही। महिला टीम चैम्पियनशिप (टेबल टेनिस), मिक्स्ड डबल्स चैम्पियनशिप (टेबल टेनिस) में संतकबीरनगर की टीम उपविजेता रही ।

## सार-संक्षेप

### किशोर स्वास्थ्य मंच में किशोरियों को किया गया जागरूक



**संवाददाता, बस्ती, अमृत विचार।** जीजीआईसी में मंगलवार को जिला महिला अस्पताल की ओर से सीमा सिंह ( किशोरी स्वास्थ्य काउंसलर ) एवं जिला चिकित्सालय से बिष्णु प्रसाद यादव ने किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीएमओ डॉ. आरएस दुबे ने किया। सीएमओ डॉ. आरएस दूबे ने किशोरियों को खूनी की कमी होने वाली बीमारी ( एनिमिया) दुष्प्रभाव एवं बचाव, आयरन एवं कृमि गोली का उपभोग की जानकारी दी। डीपीएम राकेश कुमार पाण्डेय ने मानसिक स्वास्थ्य, किशोरियों के लिए जिलास्तर सभी कार्यक्रमों के बारे बताया। जिला समन्वयक एस एन चौरसिया ने स्वच्छता, हाथ धुलने के विधि के बारे, एवं सीमा सिंह ने किशोरियों को कुपोषण, माहवारी और उन में होने वाले शारीरिक व मानसिक बदलाव के बारे में जागरूक किया। बिष्णु यादव ने एनसीडी, लिंग आधारित हिंसा एवं चोट, नशावृत्ति के बारे में बताया। कार्यक्रम में पोस्टर, भाषण, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्रेया वर्मा, द्वितीय–रूबी वर्मा एवं तृतीय–प्रीति सिंघानिया को सीएमओ प्रदान किया। किशोर मंच में 116 से अधिक किशोरियों ने प्रतिभाग किया। स्कूल के प्रधानाचार्या सन्धिला चौधरी ने कहा कि किशोरियों को खानपान का उचित ध्यान रखना चाहिए। सभी किशोरियों के होमोग्लोबिन एवं बीएमआई जांच की गई। इस अवसर पर एल टी अजय कुमार, अरुण कुमार, रोहन धवन, इरसाद अंसारी, पुनीत आदि मौजूद रहे।

### स्थानीय निकाय प्राधिकारी उन्मुखीकरण कार्यक्रम आज

**संवाददाता, मेंहदावल , संतकबीरनगर। अमृत विचार :** क्षेत्र में स्थानीय निकाय प्राधिकारी का शिक्षा को लेकर उन्मुखीकरण कार्यक्रम बुधवार को ब्लॉक परिसर में होगा। यह सूचना देते हुए बीईओ ज्ञानचंद्र मिश्र ने प्रधानाध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापकों को संबंधित ग्राम प्रधानों के साथ 11 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पंहुचने का निर्देश दिया।

### अवैध बालू खनन में ट्रक सहित दो ट्रैक्टर ट्राली सीज

**संवाददाता, कुशीनगर, अमृत विचार :** जिले में हो रहे अवध खनन को लेकर मंगलवार को खनन विभाग व जटहा पुलिस टीम की संयुक्त छापेमारी में अलग. अलग जगहों से एक मोरंग लदा ट्रक व दों टेक्टर ट्राली सफेद बालू खनन अधिकारी द्वारा पकड़ा गया। गाड़ियों को सीज कर थाने को सुपुर्द कर दिया गया।कटाई भरपूरवा के दियरा क्षेत्र में काफी दिनों से अबैध रूप से सफेद बालू खनन के कारोबार खनन माफीयाओं द्वारा चल रहा था सुचना के आधार पर खनन अधिकारी कुशीनगर अभिषेक सिंह व थानाध्यक्ष जटहा ओमप्रकाश तिवारी की संयुक्त छापेमारी की गईं। जिसमे पड़रही चौराहे के पास से दों ट्रेक्टर ट्राली अवैध बालू लदा पकड़ा गया।इसी तरह पड़री पिपरपाती चौराहे पर बिना परमिट के मोरंग बालू लदा एक ट्रक को पकड़ा गया तीनों गाड़ियों के चालक मौके से भाग निकले।

### लेखपालों को मिला अपना भवन

**संवाददाता, धनघटा , संतकबीरनगर। अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में लेखपालों को खोजने के लिए किसानों को इधर–उधर भटकना पड़ता था ।अब किसान लेखपालों को संघ भवन में आसानी से मिलकर अपना काम करवा सकेंगे। इसी तरह से यात्रियों को धनघटा चौराहे पर शौचालय न होने के कारण उन्हें परेशानी होती थी अब शौचालय निर्माण से सुविधा मिलेगी। लेखपाल संघ भवन व शौचालय का उद्घाटन करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नीलमणि ने कहा कि लेखपाल संघ भवन निर्माण से किसानों को सुविधा मिलेगी किसान लेखपालों को खोजने के लिए इधर–उधर भटकते थे अब इस भवन निर्माण से एक स्थान पर लेखपालों के मिलने की व्यवस्था रहेगी जिससे अब उन्हें सुविधा मिलेगी ।इसी तरह से धनघटा चौराहे पर यात्रियों को शौचालय न होने से परेशानी होती थी अब शौचालय बनने से यात्री आसानी से जरूरत पड़ने पर उसका उपयोग कर सकेंगे। इस मौके पर एसडीएम रमेश चंद ,तहसीलदार योगेंद्र पांडेय, नायब तहसीलदार हरेराम यादव ,लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष सुरजीत यादव, प्रभुनाथ यादव ,विकास कुमार, संजय कुमार , अनुभव शुक्ल, अवधेश उपाध्याय, राजेश चतुर्वेदी, आकाश, आलोक कटियार, रिपुंजय सिंह ,कर्मराज, अरविंद सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### उप कृषि निदेशक ने एसडीएम को लिखा पत्र

**संवाददाता धनघटा , संतकबीरनगर। अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के तीन गांवों के किसानों को किसान सम्मान निधि खतौनी फीडिंग न होने के कारण नहीं मिल पा रही है। जिसके लिए धनघटा विधानसभा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व नगर पंचायत हैसर के अध्यक्ष प्रतिनिधि राजस्व परिषद के अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया था। जिस पर खतौनी फीडिंग का कार्य शुरू किया गया और उप कृषि निदेशक ने एसडीएम को पत्र देकर किसानों को सम्मान निधि दिलवाने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। उप कृषि निदेशक ने एसडीएम को भेजे गए पत्र में लिखा है कि विधानसभा धनघटा के पूर्व प्रत्याशी व नगर पंचायत हैसर बाजार के अध्यक्ष प्रतिनिधि नीलमणि ने छपरा मगर्वी, चपरा पूर्वी व अगापुर गुलरिहा के गांव के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि खतौनी फिडिग न होने के कारण लाभ से वंचित रहने की बात को लेकर राजस्व परिषद के अध्यक्ष से मिले थे। जिसके लिए सम्मान निधि योजना में भूलेख अंकन करने के संबंध में निर्देश दिया गया। इस क्रम में गांव के किसानों को सम्मान निधि योजना में पुराने खतौनी के आधार पर भूलेख अंकन कराकर किसान सम्मन निधि दिलवाने का निर्देश दिया। इसकी सूचना मिलने पर किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। किसान देवेंद्र यादव ,हरिराम यादव, फूल बदन आदि लोगों का कहना है कि यह किसान हित के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इससे किसानों को लाभ मिलेगा।

### संपूर्णानंद स्टेडियम का नाम बदलने से कांग्रेसी नाराज

**संवाददाता, बस्ती। अमृत विचार :** वाराणसी में 'संपूर्णानंद स्टेडियम' का नाम बदलकर 'वाराणसी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स' किये जाने से नाराज कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर सरकार से फैसला वापस लेने की मांग किया। जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' की अगुवाई में शास्त्री चौक पर इकट्ठा हुये कांग्रेसी लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद सरकार विरोधी नारे लगाते हुये कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम शत्रुघन पाठक को सौंपकर स्टेडियम का नाम 'संपूर्णानंद स्टेडियम' बहाल करने की मांग किया। जिलाध्यक्ष ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार सुनियोजित तरीके महापुरूषों के नाम पर स्थापित धरोहरों का नाम बदलकर उनकी छबि धूमिल कर रही है। ताजा प्रकरण वाराणसी का है जहां 'संपूर्णानंद स्टेडियम' का नाम बदलकर 'वाराणसी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स' कर दिया गया। प्रवक्ता मो. रफीक खां व रामभवन शुक्ल ने कहा महापुरूषों के नाम पर स्थापित धरोहरों के साथ छेडछाड़ भाजपा की राजनीति का हिस्सा है। इस मौके पर डॉ. आलोक रंजन वर्मा, जिपंस. अनिल भारती, नर्वदेश्वर शुक्ल, रामभवन शुक्ल, गंगा प्रसाद मिश्र, डीएन शास्त्री आदि मौजूद रहे।

## निकाली गई ब्राह्मण जागृति यात्रा

**संवाददाता, बस्ती। अमृत विचार :** जिले में मंगलवार को मखौड़ा धाम से श्रृंगी नारी मंदिर तक ब्राह्मण जागृति यात्रा निकाली गई। यात्रा के जरिए समाज के लोगों को एकजुट होने के प्रति जागरुक किया गया। आयोजकों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इसबार भी समाज के लोगों का बढ़ चढ़कर समर्थन मिला। जिले और जिले के बाहर के लोगों ने यात्रा में हिस्सा लिया। जागृति यात्रा मखौड़ा धाम से श्रृंगी नारी मंदिर तक निकाली गई। वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम एवम भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सौरभ चतुर्वेदी, जिला पंचायत प्रत्याशी सर्वेश पाण्डेय, अजीत पाण्डेय, सोनू भईया, राजहंस मिश्रा मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने ब्राह्मण समाज के लोगों को एकजुद होने का संदेश दिया।

# डीएम ने सड़क सुरक्षा व जागरूकता कार्यक्रम में दिए अहम दिशा-निर्देश

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति व जिला परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में सड़क सुरक्षा के मद्देनजर जनपद में निर्धारित ब्लैक स्पॉट प्वाइंट पर चर्चा हुई जिसमें पीडब्लूडी के अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि ब्लैक स्पॉट पर लघु सुधारात्मक कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है।

डिप्टी सीएमओ द्वारा अवगत कराया गया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार 03 जगहों पर आई कैम्प लगाकर नेत्रों का परीक्षण भी किया गया। जिसपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि स्कूल ड्राइवर एवं बस यूनियन से सम्पर्क कर समस्त बस चालकों एवं ट्रक वाहन चालकों के नेत्रों का परीक्षण करावें एवं एनएच के नजदीक एम्बुलेंस की तैनाती की जाए ताकि 10 मिनट के अन्दर दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के पास एम्बुलेंस पहुंच जाय जिससे शीघ्र चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जा सकें। शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्कूली वाहनों को के ड्राइविंग लाईसेंस विद्यालय प्रबन्धक जांच कर लें।नाबालिक वाहन चलाकर विद्यालय न आये। साथ ही विद्यालयों में सड़क सुरक्षा संबंधित जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाए। एआरटीओ बताया गया कि बिना हेल्मेट, ओवर लोडिंग आदि के विरूद्ध कार्यवाही जारी है। जिस पर जिलाधिकारी निर्देशित किया कि विगत वर्षों में जो घटनायें गन्ने लदे ट्राला ट्राली वह ट्रक आदि से हुई हैं। कहा कि समस्त अधिकारी व कर्मचारी सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें।

# कुशीनगर के 140 स्कूलों में 'परख' का होगा सर्वे

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार:** सीबीएसई व राज्य सरकार के संयुक्त तत्वाधान में 'परख' 2024 का सर्वे होना है जिसमें कक्षा 3, 8 व कक्षा 10 के छात्रों के विभिन्न विषयों में बौद्धिक स्तर का आकलन किया जाएगा। जिसके लिए कुशीनगर जनपद के लगभग 140 विद्यालयों में आर्वजर्वर की तैनाती की गई है।

'परख' को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन के रूप में प्रस्तावित है, जिसमें नए मूल्यांकन पैटर्न और नवीनतम शोध के बारे में स्कूल बोर्डों को सलाह देने और उनके बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिये एक मानक-निर्धारण निकाय की परिकल्पना की गई है। इस सर्वे के आधार पर शिक्षण अधिगम को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए उपयुक्त दिशा निर्देश जारी करेगी। एनएस सर्वे के जिला समन्वयक राहुल तिवारी ने बताया कि जिले के समस्त 40 सीबीएसई विद्यालयों, पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालयों में नियोजकों से अधिगम कि सर्वेक्षण में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि निर्धारित संरचना बच्चे की क्षमता, संज्ञानात्मक विकास के चरणों के साथ-साथ सामाजिक और शारीरिक जागरूकता को पूरा करने में सहायता करेगी।

# भागवत कथा से होता है मन का शुद्धिकरण : वेदव्यास

संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीरनगर


कथा सुनाते आचार्य दयानंद मिश्र।

**अमृत विचार:** बुधवार को मंझरिया तिवारी में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में आचार्य दयानंद मिश्र ने कहा कथा की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब इसे हम जीवन में उतारें। व्यवहार में धारण कर समाज का कल्याण करें।

उन्होंने कहा कि अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। अन्यथा यह कथा केवल मनोरंजन कानों के रस तक ही सीमित रह जाएगी । भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है और शांति व मुक्ति मिलती है। इसलिए सदगुर की पहचान कर उनका अनुकरण एवं निरंतर हरि स्मरण,भागवत कथा श्रवण करने की जरूरत है। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। इस अवसर पर संयोजक सावित्री देवी, जितेन्द्र मणि त्रिपाठी, छोटकू बाबा, नृपेंद्र त्रिपाठी, सौर्य त्रिपाठी, विश्वनाथ, वीरेंद्र सिंह, राजकुमार कई श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।

# बच्चों के शैक्षिक स्तर का किया जाएगा आकलन

संवाददाता, मेंहदावल , संतकबीरनगर

- ओएमआर शीट के जरिए परखी जाएगी बच्चों की पढ़ाई और लिखाई
- टेस्ट के पहले बच्चों को ओएमआर शीट भरना सिखाया जाना चाहिए : बीईओ


ओमआर सीट के बारे में जानकारी देते बीईओ ज्ञानचंद्र मिश्र। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शासन ने प्रारंभिक शिक्षा में विद्यार्थियों के उपलब्धि स्तर का जायजा लेने के लिए कक्षा 3 और 6 के विद्यार्थियों का 4 दिसम्बर को पूरे देश में एक साथ परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 एनसीईआरटी की गाइडलाइंस के अनुसार चार दिसंबर को होना प्रस्तावित किया है। ऐसे में बच्चों को ओएमआर शीट भरने का अभ्यास कराया जाना चाहिए। जिस आंकलन सही रूप से हो सके। मंगलवार को बीईओ ज्ञानचंद्र मिश्र ने कंपोजिट विद्यालय अछियां पर निरीक्षण के क्रम में बच्चों एवं शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा।

उन्होंने कहा कि एनएएस 2024 में ब्लॉक के बेहतर परिणाम के लिए क्षेत्र में सभी विद्यालयों में ओलम्पियाड अभ्यास प्रश्नबैंक एवं विगत वर्षों के एनएएस आधारित प्रश्नों के आधार पर छात्र-छात्राओं की तैयारी कराई जा रही है। साथ ही कक्षा तीन और छः के बच्चों को स्वयं सिद्धि चेटबोट एप्प के माध्यम से शिक्षक विद्यालय में कक्षा संबंधित कक्षाओं के बच्चों को कार्य कराया जा रहा है। इस उपलब्धि सर्वे में छात्र-छात्राओं से पूछे जाने वाले प्रश्न उनकी उच्च स्तरीय क्षमताओं जैसे विश्लेषण, तार्किक चिंतन और अवधारणात्मक स्पष्टता को जांचने की प्रकृति के होते हैं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के क्रम में प्राथमिक विद्यालय समोगर व पड़रिया, पूर्व माध्यमिक विद्यालय समोगर, दूर्गजोत व अमरडोभा पर इससे संबंधित कार्य ठीक नहीं मिला। संबंधित जिम्मेदारों को त्वरित कार्रवाई करते हुए रिपोर्टिंग करने का निर्देश दिया गया। प्राथमिक पटवरिया, कंपोजिट विद्यालय अछियां पर सर्वेक्षण से संबंधित अभ्यास कार्य सराहनीय मिला। इससे संबंधित विवरण विद्यालयों पर सुरक्षित रखे जाने का निर्देश दिया गया है।

# डस्टबिन में डालें कूड़ा, घर के बाहर मिला तो लगेगा जुर्माना

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर

- नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ की सफाई अभियान को लेकर पहल
- दुकानों के बाहर रखा गया डस्टबिन, लोगों से गंदगी न फैलाने की अपील की


बाजार में डस्टबिन रखवाते नगर पंचायत कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** हैंसर बाजार धनघटा नगर पंचायत होने के बाद से ही लगातार साफ-सफाई, सड़क व नाला निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। सफाई कर्मचारियों द्वारा दिन में दो पाली (सुबह-शाम) सभी वार्डों व प्रमुख चौराहों पर सफाई कर जहां अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन किया जा रहा है।

वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष रिंकू मणि व उनके पति पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नील मणि व अधिशासी अधिकारी ईओ उमेश कुमार पासी के द्वारा स्थानीय लोगों से यह अपील की जा रही है कि कूड़े को पैक करके बाहर रखें, लेकिन बार-बार कहीं ना कहीं लापरवाही सामने आ रही है। इसको लेकर अब नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ के द्वारा एक नई पहल की गई। जिसमें प्रमुख चौराहों पर सभी दुकानों के सामने नगर पंचायत द्वारा डस्टबिन रखा गया है और बकायदा उन दुकानदारों के मोबाइल नंबर व नाम नोट किए जा रहे हैं और उनको यह बताया जा रहा है कि अपने यहां से निकलने वाले सभी कूड़े डस्टबिन में ही डालें। यदि ऐसा नहीं करते हैं और बाहर बेतरतीब ढंग से कूड़ा दिखा तो अब उनकी खैर नहीं है और जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है। यह इसलिए किया जा रहा है ताकि नगर साफ व स्वच्छ दिखे। नगर पंचायत अध्यक्ष रिंकू मणि ने कहा कि नगर पंचायत को साफ सुथरा बनाने के साथ-साथ सभी वार्डों में विद्युतीकरण, प्रकाश , नाली, जल निकासी, सड़क आदि का कार्य प्रगति पर है । उन्होंने बताया कि नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मी व सफाई नायकों को सख्त हिदायत दी गई है कि वह अपने-अपने वार्डों में साफ सफाई का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि चौराहों पर दुकानों के सामने अक्सर कूड़ा फेंका हुआ दिखता है जिससे नगर साफ नहीं दिखता है। उन्होंने बताया प्रमुख चौराहा पर दुकानों के सामने डस्टबिन रखा जा रहा है, जिससे कूड़ा डस्टबिन में रखें। उन्होंने बताया कि यदि डस्टबिन के अलावा कूड़ा बाहर फेंक पाया गया तो जो भी नियम संगत है, उसी प्रकार की कार्यवाही की जाएगी। साफ सफाई और नगर स्वच्छ रखने का काम नगर वासियों और नगर पंचायत की सभी कर्मचारी का है।

# वन गमन का मंचन देख दर्शक भाव-विभोर

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर


वन गमन का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** हैसर ब्लॉक क्षेत्र के बरपरवा गांव में आयोजित रामलीला मंचन के चौथे दिन सोमवार रात इसकी शुरुआत भगवान शंकर की आरती के साथ हुई। कलाकारों ने दशरथ प्रतिज्ञा पालन से राम वनगमन तक का मंचन किया। राम, लक्ष्मण व सीता के वन प्रस्थान का मंचन देख श्रद्धालुओं की आंखें भर आईं।

कलाकारों ने मंचन करते हुए दिखाया कि इससे पूर्व रानी कैकेई, अपनी दासी मंथरा की बातों में आकर कोपभवन में जाती हैं। जहां राजा दशरथ के पहुंचने पर उनसे राम के लिए 14 वर्ष का वनवास और भरत के लिए राजगद्दी मांगती हैं। यह सुनकर राजा दशरथ अत्यंत दुखी होते हैं। वनवास जाने का आदेश पाकर भगवान राम प्रसन्न होते हैं, लेकिन पिता की दशा देख दुखी हो जाते हैं। फिर माता पिता की आज्ञा से श्रीराम भाई लक्ष्मण और सीता के साथ वन को प्रस्थान करते हैं। यह दृश्य देख सभी लोग भाव विभोर हो उठते हैं। इस दौरान समिति के डारेक्टर अरविंद सिंह एडवोकेट, प्रभु नाथ सिंह, गणेश उपाध्याय, विवेक सिंह बरपरवा, प्रमोद कनौजिया ग्राम प्रधान, विशंभर सिंह, धर्म विजय सिंह सिंहासन सिंह, अमित प्रताप मिश्रा, अभिमन्यु उपाध्याय, विजय श्याम विश्वकर्मा, राजन प्रताप मिश्रा, गब्बर शुक्ला, दीपक उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ (आरआर 21) 2360–2800 गेहूँ (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूँग खड़ा 10000–10500 मूँग दाल10500–11000 मूँग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला11500–12500 मूँगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 आटा 3000–3100 आटा 2700–2900 रवा 3000–3050

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 80,450 |
| सोना रवा | 80,300 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 98,400 |
| चांदी (999) | 98,300 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# भारत वृद्धि के नए अवसरों का लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में : वित्त मंत्री

## सीतारमण ने कोलंबिया विवि में भारत की आर्थिक मजबूती पर दिया व्याख्यान

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**


न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (एनवाईएसई) के अध्यक्ष लिन मार्टिन के साथ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

- **कहा- भारत अपनी घरेलू क्षमताओं को बढ़ाने तथा बाहरी झटकों के प्रति मजबूती विकसित करने की दिशा में कर रहा है काम**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक आर्थिक माहौल चुनौतियां पेश कर सकता है, लेकिन भारत वृद्धि के नए अवसरों का लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में है। उन्होंने जोर दिया कि जब आपूर्ति श्रृंखलाओं का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं, तो भारत को उम्मीद है कि वह वस्तुओं व सेवाओं के स्रोतों में विविधता लाने के इच्छुक देशों के लिए प्रमुख साझेदार बनेगा।

सीतारमण ने सोमवार को कोलंबिया विश्वविद्यालय में चुनौतीपूर्ण तथा अनिश्चित वैश्विक माहौल के बीच भारत की आर्थिक मजबूती व संभावनाएं विषय पर विशेष व्याख्यान में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत घरेलू क्षमताओं को बढ़ाने तथा बाहरी झटकों के प्रति मजबूती विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है। सीतारमण ने न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में भारत में निवेश पर गोलमेज सम्मेलन को संबोधित किया। साथ ही आईबीएम के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरविंद कृष्ण से उन्होंने आर्थिक सुधारों तथा आर्थिक वृद्धि पर चर्चा की। न्यूयॉर्क से सीतारमण वाशिंगटन डीसी जाएंगी। वहां अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों, जी-20 वित्त मंत्रियों व केंद्रीय बैंक गवर्नर की बैठकों, जी-20 एफएमसीबीजी, पर्यावरण मंत्रियों एवं विदेश मंत्रियों की बैठक और जी-7 में हिस्सा लेंगी।

# सोने का सफर, बड़ा असर, अभी और तेजी के आसार

**शैलेश अवस्थी, कानपुर**



- **एक साल में कमाल की चाल, 30% तक दाम बढ़े, डेढ़ साल में एक लाख तक पहुंच सकता है सोना**

अमृत विचार : सोने की तेज चाल देख सराफा बाजार ही नहीं हर किसी की आंखें चौंधियां रहीं हैं। एक साल पहले अक्टूबर में 62 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम वाला सोना अब 80 हजार पार कर गया। यानी 30% से ज्यादा का मुनाफा। इतना मुनाफा तो जमीन-जायदाद या निवेश में भी नहीं मिलता।

एक साल में सोने के दाम काफी तेजी रही है। एक साल पहले दिवाली पर 62 हजार में सोना खरीदा, उसे 18 हजार का फायदा। इसे कहते हैं दिवाली का शुभ लाभ। विशेषज्ञ के अनुसार सोने की यही चाल रही तो एक-डेढ़ साल में एक लाख पार हो जाएगा। 1947 में सोना 64 रुपये तोला था जो 1950 में 99 रुपये हो गया। 1960 में 111 तो 1970 में 184 और 1980 में 1360, 2005 में 7000, 2010 में 18500, 2015 में 26343 रुपये प्रति 10 ग्राम थे, जो 2024 के अक्टूबर में 80000 रुपये पार कर चुके हैं। सोचिये, नौ साल में चार गुना बढ़ोतरी। सराफा कारोबारी राजेंद्र शुक्ला का कहना है कि अब भी सोने की खरीदारी में समझदारी है। जब जरुरत हो तत्काल बिक जाएगा। अन्य निवेश में भुगतान को कागजी कार्यवाही में समय लगता है। तेजी के चलते रिटेल कारोबार कम हुआ है, लेकिन निवेश में मांग बढ़ी है।

### त्योहारी मांग ने भी बढ़ाए दाम

बिरहना रोड पर आभूषण के बड़े कारोबारी श्रेयांश कपूर ने बताया कि त्योहार (करवाचौथ, धनतेरस, दिवाली) पर सोने की मांग रिकॉर्ड स्तर तक बढ़ी है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने भी इस पर असर डाला है। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच केंद्रीय बैकों ने सोने की खरीदारी बढ़ा दी है। कस्टम शुल्क में कटौती से भी इस धातु की खरीदारी बढ़ी है। इन कारणों से भी दाम बढ़े हैं।

### पुराने गहने बाजार में आए

सोने में तेजी को देखकर लोग पुराने गहने (दादा-दादी के जमाने के) बेच रहे है और इसके बदले कुछ लोग हल्की डिजाइनर ज्वेलरी खरीद रहे हैं। साथ ही पुराने गहने बेचकर तगड़ा मुनाफा उठा रहे हैं। सुरक्षित निवेश और बेहतर रिटर्न के चलते सोने की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा है।

### हल्की ज्वेलरी की हो रही ज्यादा खरीदारी

भाव में जबरदस्त तेजी से हल्की ज्वेलरी की खरीदारी ज्यादा हो रही है। पांच हजार में भी अंगूठी मिल जाएगी। सोने का सेट 80 हजार में भी उपलब्ध है। अन्य आभूषण भी आठ से 80 हजार तक में खरीद सकते हैं। दाम में तेजी से हल्के डिजाइनर गहने लोगों को लुभा रहे हैं। निवेश के मद्देनजर ठोस सोना खरीदना बेहतर है। बेचने पर कोई कटौती नहीं होती।

### एक-दो बार कम भी हुए दाम

चीन से युद्ध के दौरान 1962-63 में सोने के दाम 199 से घटकर 97 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया था। 1964 में गोल्ड कंट्रोल लागू हुआ तो दाम 72 रुपये, 1978 में कंट्रोल हटा तो कीमत 590 रुपये पर पहुंच गई। 1970 में कंट्रोल के दौरान भी भाव 184 रुपये तक पहुंचा। 1995 में दाम 4680 थे जो पांच साल बाद 2000 में गिरकर 4400 पर आ गए थे, लेकिन इसके बाद बढ़त लगातार जारी है।

## ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में बढ़ी

**नई दिल्ली।** कृषि श्रमिकों और ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर क्रमशः 6.36 और 6.39% हो गई। यह आंकड़ा इस साल अगस्त में क्रमशः 5.96 और 6.08% था। श्रम मंत्रालय ने कहा कि कृषि मजदूरों (सीपीआई-एएल) और ग्रामीण मजदूरों (सीपीआई-आरएल) के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में सितंबर, 2024 में 7-7 अंक की वृद्धि हुई है। ये दोनों सूचकांक क्रमशः 1,304 और 1,316 अंक पर है। अगस्त, 2023 में सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल 1,297 और 1,309 अंक पर थे।

# भारत का समय आ गया है : देवव्रत पात्रा

**न्यूयार्क, एजेंसी**



- **न्यूयॉर्क फेड सेंट्रल बैंकिंग सेमिनार को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने किया संबोधित**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा ने कहा है कि भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 2024-25 में 7.2% और अगले वित्त वर्ष में 7% रहने का अनुमान है। इसकी संभावना है कि वृद्धि दर 8% के रुख पर वापस आ जाएगी।

उन्होंने सोमवार को फेडरल रिजर्व द्वारा आयोजित न्यूयॉर्क फेड सेंट्रल बैंकिंग सेमिनार में कहा कि मैं पूरे विश्वास के साथ यह मानता हूं कि भारत का समय आ गया है। देश 28 साल की औसत आयु वाली दुनिया की सबसे युवा आबादी के साथ भविष्य की ओर बढ़ रहा है। दुनिया के कई देशों के विपरीत, कामकाजी उम्र के लोगों की आबादी बढ़ रही है। कामकाजी उम्र की श्रेणी में हर छठा व्यक्ति भारतीय है। पात्रा ने कहा कि 1947 में आजादी के बाद से, आर्थिक वृद्धि के रुख को लेकर भारत में तीन संरचनात्मक बदलाव हुए हैं। यह 2002 से 2019 के दौरान बढ़कर सात प्रतिशत हो गयी है। उन्होंने कहा कि महामारी के दौरान आर्थिक वृद्धि में भारी गिरावट आई। वहीं 2021 से 2024 के दौरान वृद्धि दर औसतन 8% रही। भारत को अब दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था माना जाता है। पात्रा ने कहा कि भारत विनिमय दर के मामले में पहले से ही पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और यह 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर कदम बढ़ा रहा है। वहीं क्रय शक्ति समानता के मामले में देश पहले से ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि हमारा अनुमान कि भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 2024-25 में 7.2 प्रतिशत और 2025-26 में लगभग 7.0 प्रतिशत होगी... उसके बाद, इस बात की प्रबल संभावना है कि भारत आठ प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करेगा। पात्रा ने मुद्रास्फीति पर कहा कि 2024-25 में इसके औसतन 4.5 प्रतिशत और 2025-26 में 4.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# 2024 में 7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था : आईएमएफ

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार 2025 में और घटकर 6.5% रहने का अनुमान**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मंगलवार को कहा कि भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के 2023 के 8.2% से घटकर 2024 में 7% पर आने का अनुमान है। 2025 में यह और घटकर 6.5% रहेगी।

आईएमएफ ने कहा कि कोविड महामारी की वजह से बनी दबी मांग खत्म हो गई है, क्योंकि अर्थव्यवस्था अपनी क्षमता के साथ फिर से आकार ले रही है। आईएमएफ ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के बारे में कहा कि मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई काफी हद तक जीत ली गई है, हालांकि कुछ देशों में कीमतों का दबाव बना हुआ है। प्रमुख मुद्रास्फीति 2022 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 9.4% की ऊंचाई पर पहुंच गई थी, जिसके बाद यह 2025 के अंत तक गिरकर 3.5% तक आ सकती है। आईएमएफ ने यहां जारी वार्षिक विश्व आर्थिक परिदृश्य में अनुमान लगाया कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि 2024 और 2025 में 3.2% पर स्थिर रहेगी। आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गौरींचस के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था मुद्रास्फीति को काबू में करने के दौरान असामान्य रूप से जुझारू रही।

## राष्ट्रीय

# कानूनों में स्पष्टता की कमी से हस्तक्षेप की जरूरत : शाह

## केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा- कानून बनाने के लिए जिम्मेदार लोग इसमें अस्पष्टता छोड़ देते हैं

**गांधीनगर, एजेंसी**


गांधीनगर में 14वें अखिल भारतीय नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड सम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री भूपनेद्र पटेल।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानूनों में स्पष्टता की आवश्यकता पर जोर देते हुए मंगलवार को कहा कि न्यायपालिका तभी हस्तक्षेप कर सकती है जब कानून बनाने के लिए जिम्मेदार लोग इसमें अस्पष्टता छोड़ देते हैं। केंद्रीय मंत्री विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों के लिए विधान तैयार करने के प्रशिक्षण संबंधी कार्यशाला के तहत गुजरात विधानसभा को संबोधित कर रहे थे।

शाह ने कहा कि मैं जानता हूं कि मैं जो कुछ भी बोलने जा रहा हूं, उससे विवाद पैदा होगा, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि न्यायपालिका तभी हस्तक्षेप करेगी, जब आप कानून का मसौदा तैयार करने में कोई अस्पष्टता छोड़ देंगे। कानून में जितनी अधिक स्पष्टता होगी, अदालतों का हस्तक्षेप उतना कम होगा। सदन में विधायकों, सांसदों के साथ पूर्व विधायकों और अध्यक्षों की भी उपस्थिति थी। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के कदम का हवाला देते हुए उन्होंने कहा जब अनुच्छेद का मसौदा तैयार किया गया था, तो यह स्पष्ट रूप से लिखा गया था कि यह संविधान का एक अस्थायी प्रावधान है जिसे संसद में साधारण बहुमत से पारित किए जाने वाले संशोधन के माध्यम से हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर यह लिखा होता कि यह अस्थायी के बजाय संवैधानिक प्रावधान है, तो हमें मतदान के दौरान साधारण बहुमत के बजाय दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होती। अधिक स्पष्टता से न्यायिक हस्तक्षेप कम होता है। 2019 में केंद्र ने अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को खत्म कर दिया था। बाद में उच्चतम न्यायालय ने भी इसे अस्थायी प्रावधान बताते हुए निरस्त करने के फैसले को बरकरार रखा।

### राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखना जरूरी

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि किसी भी कानून का मसौदा तैयार करते समय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखा जाना चाहिए और आम आदमी को भी इसकी भाषा समझ में आनी चाहिए। उदाहरण देते हुए, शाह ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार भारतीय परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। शाह ने कहा अगले तीन-चार साल में जब ये कानून पूरी तरह लागू हो जाएंगे, प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई तक, तीन साल के भीतर न्याय मिलेगा। आने वाले दिनों में यह सुधार दुनिया का सबसे बड़ा सुधार माना जाएगा।

## महाराष्ट्र के हिंगोली में भूकंप के हल्के झटके

**हिंगोली।** महाराष्ट्र में हिंगोली जिले के वासमत तालुका के कुछ गांवों में मंगलवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली से जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र को प्राप्त जानकारी के अनुसार हिंगोली जिले के वासमत तालुका के कुछ गांवों में आज सुबह 0652 बजे भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.8 मापी गयी। भूकंप का केंद्र नांदेड़ जिले के सावरगांव में था। कलेक्टर अभिनव गोयल ने निवासियों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं बल्कि सतर्क रहें और भूकंप से पहले , उसके दौरान और बाद में सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने सभी संबंधित प्रणालियों को इस प्राकृतिक आपदा के संबंध में आवश्यक सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं।

# घटनास्थल का उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किया दौरा

**श्रीनगर, एजेंसी**

**गांदरबल आतंकी हमला**

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके का दौरा किया, जहां एक सुरंग निर्माण स्थल पर हुए आतंकवादी हमले में सात लोग मारे गए थे। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि सिन्हा ने मध्य कश्मीर जिले में श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर गगनगीर में जेड-मोड़ सुरंग पर आतंकी हमला स्थल का दौरा किया।

उन्होंने बताया कि उपराज्यपाल ने सुरंग निर्माण एजेंसी एपीसीओ इंफ्राटेक के अधिकारियों और श्रमिकों से बातचीत की, स्थिति का जायजा लिया और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा की। रविवार को सुरंग निर्माण स्थल पर आतंकवादियों के हमले में एक चिकित्सक और छह मजदूरों की मौत हो गई थी। आतंकवादियों ने यह हमला उस समय किया था जब गांदरबल के गुंड में सुरंग परियोजना पर काम कर रहे मजदूर और अन्य कर्मचारी शाम में अपने शिविर लौटे थे। माना जा रहा है कि आतंकवादियों की संख्या कम से कम दो थी और उन्होंने मजदूरों के समूह पर अंधाधुंध गोलीबारी की। इस घटना में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि चार अन्य और एक चिकित्सक की बाद में मौत हो गई। पांच लोगों का इलाज किया जा रहा है।

## एक नजर

### शालीमार एक्सप्रेस के दो डिब्बे नागपुर में बेपटरी

**नागपुर।** लोकमान्य तिलक टर्मिनस-शालीमार एक्सप्रेस के दो डिब्बे मंगलवार दोपहर यहां पटरी से उतर गए, लेकिन इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुंबई से कोलकाता जा रही लोकमान्य तिलक टर्मिनस-शालीमार कुरला एक्सप्रेस की पार्सल वैन के चार पहिए और एक डिब्बे के चार पहिए नागपुर में कलमना लाइन पर पटरी से उतर गए। यह घटना दोपहर करीब दो बजे हुई। अधिकारी ने बताया कि घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ और रेलवे की टीम पांच मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गई। उन्होंने बताया कि शीर्ष अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और डिब्बों को पटरी पर लाने का काम जारी है।

### ड्रोन दिखने पर एलओसी पर तलाशी अभियान शुरू

**मेंढर/जम्मू।** सुरक्षा बलों ने मंगलवार को एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर सेना के जवानों द्वारा की गई संक्षिप्त गोलीबारी के बाद जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ लगे अग्रिम इलाकों में तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन मेंढर इलाके में भारतीय क्षेत्र में कुछ देर तक मंडराने के बाद पाकिस्तान की ओर लौट गया। सुरक्षा बलों ने ड्रोन से कोई सामग्री गिराए जाने की आशंका के चलते अग्रिम क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया।

# पश्चिम बंगाल में नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या

**जयगांव, एजेंसी**

- **पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार भारत-भूटान सीमा के जिले में हुई घटना**

भारत-भूटान सीमा पर पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले के जयगांव में एक दुखद घटना में नाबालिग बच्ची का शव बरामद हुआ है जिसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसडीपीओ प्रसान्ता देबनाथ ने मंगलवार को बताया कि बच्ची का शव झाड़ियों में मिला और उसकी पहचान सात वर्षीय किशोरी के रूप में हुई है। बच्ची के परिवार ने उसके अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने तलाश शुरू की थी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की तलाश कर के आरोपी को भारत-नेपाल सीमा से आज सुबह पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी का नाम मोहम्मद बबलू मिया मुनीर है। पकड़े गए आरोपी के बयान से यह मालूम हुआ है कि उसके साथ दो और लोग थे। पकड़े गए बबलू मियां के वक्तव्य से उन दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय जयगांव की थाना आईसी पाल्जर भूटिया ने आक्रोश लोगों को समझा बूझकर शांत करने में सफल होते देखा गया। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# डीसीडब्ल्यू ने संविदाकर्मियों की सेवा की समाप्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **अकेजरीवाल ने नौकरी वापस दिलाने का आश्वासन दिया**

आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दिवाली से पहले दिल्ली महिला आयोग के सैकड़ों संविदा कर्मचारियों की आजीविका छीनने का आरोप लगाया और उन्हें आश्वासन दिया कि उन्हें बहाल किया जाएगा। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने सोमवार को एक आदेश जारी कर अपने सभी संविदा कर्मचारियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दीं। केजरीवाल ने प्रभावित संविदा कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी उनकी नौकरी बहाल कराने के लिए संघर्ष करेगी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैं डीसीडब्ल्यू से निकाली गईं अपनी बहनों को आश्वासन देता हूं कि मैं उन्हें उनकी नौकरियां वापस दिलाऊंगा, इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने डीसीडब्ल्यू में संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने के लिए भाजपा की आलोचना की। सिसोदिया ने कहा कि यह कदम भाजपा के घोषणापत्र में किये गए रोजगार सृजन के वादे का विरोधाभासी है। उन्होंने कहा भाजपा ने दिवाली से ठीक पहले लोगों की नौकरियां छीनकर गलत किया है। उनके घोषणापत्र में रोजगार देने की बात की गई है, लेकिन वे पिछले 30 वर्षों से अनुबंध पर काम कर रहे लोगों की नौकरियां छीन रहे हैं।

### भाजपा नौकरियां छीनने वाली

सिसोदिया ने कहा भाजपा नौकरियां छीनने वाली पार्टी है और रोजगार देने की उनकी बात दिखावा है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी प्रभावित संविदा कर्मियों के साथ खड़ी है और उनका समर्थन करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। आप ने कहा कि यह विरोधाभासी है कि भाजपा दिल्ली की सत्ता में आने पर संविदा कर्मियों को नियमित करने का वादा करती है जबकि केंद्र द्वारा नियुक्त उपराज्यपाल ने डीसीडब्ल्यू के संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त कर दीं।

## बजरंग पूनिया बने किसान कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी में शामिल हुए पहलवान बजरंग पूनिया को किसान कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है और कहा है कि पार्टी ने हमेशा अन्नदाता को महत्व दिया है उम्मीद जताई कि पुनिया युवा शक्ति को जोड़कर किसान कांग्रेस को मजबूती प्रदान करेंगे। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा, पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह, किसान कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुखपाल खैरा तथा हाल में कांग्रेस में शामिल हुई विनेश फोगाट की मौजूदगी में पुनिया को यहां पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान किसान कांग्रेस की जिम्मेदारी सौंप गई। सैलजा ने इस मौके पर कहा कि पार्टी ने पूनिया को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है और उन्हें उम्मीद है कि पूनिया किसान कांग्रेस की मजबूती के लिए खैर के साथ सहयोग करेंगे और किसान कांग्रेस को नयी बुलंदी तक पहुंचाएंगे।

# चक्रवात की आशंका के चलते 150 से अधिक ट्रेन निरस्त

**कोलकाता, एजेंसी**

गंभीर चक्रवाती तूफान के 25 को ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों से टकराने की आशंका के मद्देनजर दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) क्षेत्र से गुजरने वाली 150 से अधिक एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। एसईआर के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रद्द की गई ट्रेन में हावड़ा-सिकंदराबाद फलकनुमा एक्सप्रेस, कामाख्या-यशवंतपुर एसी एक्सप्रेस, हावड़ा-पुरी शताब्दी एक्सप्रेस, हावड़ा-भुवनेश्वर शताब्दी एक्सप्रेस और हावड़ा-यशवंतपुर एक्सप्रेस शामिल हैं। एसईआर के अधिकारी ने कहा कि रद्द की गई ट्रेन 23 से 25 अक्टूबर तक अपने शुरुआती स्टेशनों से प्रस्थान करने वाली थीं। जरूरत पड़ने पर दक्षिण पूर्व क्षेत्र से गुजरने वाली और भी ट्रेन रद्द की जा सकती हैं। कोलकाता मुख्यालय वाले एसईआर क्षेत्र में पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड आदि आते हैं।

## सलमान खान से पांच करोड़ रुपये मांगने वाले ने मांगी माफी

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथ कथित तौर पर दुश्मनी निपटाने के लिए पांच करोड़ रुपये की मांग करने वाले एक व्यक्ति ने एक नए व्हाट्सएप संदेश में माफी मांगी है और कहा है कि यह संदेश गलती से भेजा गया था। धमकी भरे संदेश की जांच कर रही पुलिस ने पुराने व्हाट्सएप नंबर से भेजे गए नये सन्देश के मामले में एक और जांच शुरू कर दी है। मुंबई पुलिस के ट्रैफिक विभाग को गुरुवार को व्हाट्सएप संदेश मिला था जिसमें कहा गया था अगर सलमान ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथ दुश्मनी निपटाने के लिए पांच करोड़ नहीं दिए तो उनकी हालत बाबा सिद्दीकी से भी बदतर होगी।

# दृश्यम फिल्म की तरह गर्लफ्रेंड की हत्या कर शव लगाया ठिकाने

**नागपुर, एजेंसी**

- **जांच के दौरान विश्वासघात, धोखा और जघन्य अपराध का खुलासा हुआ, मामले में सेना का जवान गिरफ्तार**

नागपुर में बॉलीवुड फिल्म दृश्यम' की तरह महिला मित्र की हत्या कर और उसके शव को सीमेंट से ढकने के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 32 वर्षीय पीड़िता 28 अगस्त को लापता हुई थी जिसके बाद मामले की जांच के दौरान विश्वासघात, धोखा और जघन्य अपराध का खुलासा हुआ।

पुलिस अधिकारी ने कहा यह मामला फिल्म दृश्यम से मिलता-जुलता है, जिसमें आरोपी ने हत्या की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि अपराध के पीछे प्रथम दृष्टया मंशा आरोपी के परिवार द्वारा उनकी शादी का विरोध किए जाने के कारण प्रेम संबंधों में खटास आना प्रतीत होता है। उसने बताया कि आरोपी की पहचान अजय वानखेड़े (33) के रूप में हुई है, जो नागपुर के कैलाश नगर इलाके का निवासी है और नगालैंड में तैनात है। मामले की जांच कर रहे अधिकारियों के मुताबिक वानखेड़े की तलाकशुदा ज्योत्सना आकरे से मुलाकात एक विवाह पोर्टल के जरिए हुई थी और उनकी दोस्ती जल्द ही प्रेम संबंध में तब्दील हो गई। अधिकारी ने बताया कि हालांकि, चीजें तब बदतर हो गईं जब वानखेड़े के परिवार ने उनके विवाह का विरोध किया और उसकी शादी दूसरी महिला से करा दी। उन्होंने बताया कि वानखेड़े ने इसके बाद आकरे को नजर अंदाज करना शुरू कर दिया और उससे मुक्ति पाने के लिए हत्या की योजना बनाई। अधिकारी ने बताया कि वानखेड़े पर आकरे को नशीला पदार्थ देने, गला दबाकर उसकी हत्या करने और फिर उसके शव को नागपुर जिले में सुनसान जगह पर दफनाने का आरोप है। उन्होंने बताया कि अपराध छिपाने को उसने शव को सीमेंट से ढक दिया।

# राहुल-सरफराज के बीच एक स्थान के लिए जंग: टेन डोएशे

- मुख्य कोच गौतम गंभीर कर्नाटक के बल्लेबाज को पर्याप्त मौके देने के इच्छुक

पुणे, एजेंसी

भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए मध्यक्रम के बल्लेबाज केएल राहुल और सरफराज खान के बीच एक स्थान के लिए जंग है हालांकि मुख्य कोच गौतम गंभीर कर्नाटक के बल्लेबाज को पर्याप्त मौके देने के इच्छुक हैं। बेंगलुरु में शुरुआती टेस्ट में आठ विकेट से मिली हार के बाद भारत वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध है।



अब जब कि वाशिंगटन सुंदर को भी टीम में शामिल कर दिया गया है तो सभी का ध्यान टीम संयोजन पर लगा होगा। शुभमन गिल और ऋषभ पंत गुरुवार से शुरू होने वाले मैच के लिए पूरी तरह से फिट होना चाहेंगे। डोएशे से अभ्यास सत्र से पहले पूछा गया कि क्या राहुल और सरफराज के बीच टीम में जगह बनाने को जंग है तो उन्होंने कहा कि इसमें किसी एक का पक्ष लेने की बात नहीं है। मध्यक्रम में एक स्थान के लिए जंग है।

### सात में से छह बल्लेबाज को फिट करना होगा

टेन डोएशे ने कहा कि सरफराज ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन राहुल की फॉर्म चिंता का विषय नहीं है। लेकिन निश्चित तौर पर हमें इस टेस्ट मैच के लिए सात बल्लेबाजों में से छह को टीम में फिट करना होगा। सरफराज ने बेंगलुरु मैच में दूसरी पारी में 150 रन बनाए, जबकि राहुल दोनों पारियों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। टेन डोएशे ने स्वीकार किया कि राहुल को टेस्ट प्रारूप से बाहर रखना मुश्किल है तथा मुख्य कोच गंभीर भी उन्हें पर्याप्त मौके देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि हम उसकी फॉर्म को लेकर चिंतित हैं। यदि आप पिछले तीन महीनों को देखें जब से गौतम ने मुख्य कोच का पद संभाला है, वह उसे (राहुल) जितना संभव हो उतना मौके देना चाहते हैं। हमें उस पर पूरा भरोसा है। टेन डोएशे ने कहा कि लेकिन साथ ही टीम के अंदर बहुत ही प्रतिस्पर्धी माहौल है। सरफराज ने ईरानी ट्रॉफी फाइनल में 150 से अधिक रन (नाबाद 222) बनाए। कोई भी फैसला टीम के हित को ध्यान में रखकर किया जाएगा, लेकिन हम निश्चित रूप से सभी खिलाड़ियों का समर्थन करेंगे। पंत ने पहले टेस्ट मैच के अधिकतर हिस्से में विकेटकीपिंग नहीं की जबकि गिल गर्दन में अकड़न के कारण उस मैच में नहीं खेल पाए थे। टेन डोएशे ने कहा कि ऋषभ काफी अच्छा है और लग रहा है कि गिल भी इस टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# न्यूजीलैंड को सामंजस्य बैठाना होगा : मिचेल

पुणे, एजेंसी

ऑलराउंडर डेरिल मिचेल ने कहा है कि न्यूजीलैंड को बेंगलुरू टेस्ट में मिली जीत को छोड़कर गुरुवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में संभावित रूप से स्पिन के अनुकूल हालात से तेजी से सामंजस्य बैठाना होगा।

न्यूजीलैंड ने भारत को उसके मैदान पर 36 साल में पहली बार शिकस्त देते हुए तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है लेकिन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में जगह बनाने का दावा मजबूत करने के लिए भारत के पुणे में स्पिन की अनुकूल पिच पर पलटवार करने की उम्मीद है। मिचेल



- दूसरे टेस्ट में संभावित रूप से स्पिन पिच को लेकर बोले न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर

ने मंगलवार को न्यूजीलैंड के ट्रेनिंग सत्र के बाद कहा कि एक जीत जो हम नहीं कर सकते, वह यह है कि हम सतह को नहीं बदल सकते। इसलिए हमारे सामने जो है हमें उसे देखते हुए प्रतिक्रिया देनी होगी और तेजी से सामंजस्य बैठाना होगा। उन्होंने कहा कि कीवी खिलाड़ी के तौर पर हमें इस पर गर्व है कि हम वर्तमान में जीते हैं, हम अपने पैर जमीन पर रखते हैं और जितना अधिक संभव को वर्तमान में रहने की कोशिश करते हैं। मिचेल ने कहा कि हम विकेट नहीं बदल सकते। वह जैसी है वैसी रहेगी। लेकिन मुझे यकीन है कि रणनीति के साथ उतरेंगे और 20 विकेट चटकाने का तरीका ढूंढ लेंगे और उम्मीद करते हैं कि कुछ रन भी बनाएंगे। मिचेल ने कहा कि मेहमान टीम बेंगलुरू में मिली जीत से आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, कि देखिए हमारे लिए अब यह एक अन्य टेस्ट मैच की तरह है। यह अतीत की बात है।

## खेल डायरी

### रुबलेव के एटीपी फाइनल्स में जगह बनाने की उम्मीदें

बासेल। शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट में अपने पदार्पण मैच में जीत हासिल की और अगले महीने होने वाले एटीपी फाइनल्स के लिए लगातार पांचवीं बार क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाए। रुबलेव ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को 6-3, 6-2 से हराया। एटीपी फाइनल्स में चोटी के आठ खिलाड़ी भाग लेते हैं। रुबलेव अभी आठवें स्थान पर हैं। अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट ने स्विस क्वालीफायर जेरोम किम को 6-4, 6-7 (5), 7-5 से हराया। अगले दौर ने उनका मुकाबला डेविड गोफिन से होगा जिन्हें इटली के माटेओ अर्नाल्डी को 6-7 (5), 6-3, 6-2 से हराने के लिए पसीना बहाना पड़ा। एक अन्य मैच में सातवीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स ने जर्मन क्वालीफायर डेनियल अल्टमायर को 7-6 (5), 6-3 से हराया।

### भारत चैलेंजर स्तर की चार स्पर्धाओं की करेगा मेजबानी

नई दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने सोमवार को पुष्टि की कि देश फरवरी 2025 में चार एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, जिसकी शुरुआत चेन्नई में एटीपी 100 टूर्नामेंट से होगी। एआईटीए ने कहा कि एटीपी ने चैलेंजर स्पर्धाओं के लिए तारीखों और स्थानों को मंजूरी दे दी है। चेन्नई तीन फरवरी से इसकी मेजबानी करेगा। इसके बाद बेंगलुरु (10 फरवरी से), पुणे (17 फरवरी से) और नई दिल्ली (24 फरवरी से) में चैलेंजर टूर्नामेंटों का आयोजन होगा। चेन्नई, बेंगलुरु और पुणे में टूर्नामेंट एटीपी 100 स्तर की जबकि दिल्ली में चौथा टूर्नामेंट एटीपी 75 स्तर की प्रतियोगिता होगी। एटीपी 100 में एकल खिताब विजेता को 100 रैंकिंग अंक के साथ 17,500 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलती है, जबकि एटीपी 75 रैंकिंग प्रतियोगिता में चैंपियन को 11,200 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलती है। भारत ने 2024 तीन चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक एआईटीए 2025 सत्र के दौरान देश में और अधिक चैलेंजर प्रतियोगिता लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### ओसाका पीठ की चोट से डब्ल्यूटीए के बाकी सत्र से बाहर

हांगकांग। जापान की स्टार खिलाड़ी नाओमी ओसाका पीठ की चोट के कारण महिला टेनिस टूर डब्ल्यूटीए के बाकी सत्र में नहीं खेल पाएगी। हांगकांग ओपन के आयोजकों ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया मंच पर इसकी घोषणा करते हुए कहा कि चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन न केवल इस टूर्नामेंट से हट रही है, बल्कि वह मौजूदा सत्र में आगे किसी भी प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएगी। डब्ल्यूटीए ने अपनी वेबसाइट पर भी इसकी घोषणा की। ओसाका तीन सप्ताह पहले चाइना ओपन में कोको गॉफ के खिलाफ चौथे दौर के मैच से हट गई थी और उसके बाद उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है।

### नेमार की एक साल बाद प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी

अल ऐन। ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार ने चोट के कारण एक साल बाहर रहने के बाद सोमवार को प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी की तथा एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के ग्रुप चरण में अल हिलाल को संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन को 5-4 से हराने में मदद की। नेमार ने अगस्त 2023 में सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के साथ अनुबंध किया था लेकिन पिछले साल अक्टूबर में चोटिल होने से पहले वह अपने इस नए क्लब की तरफ से केवल पांच मैच खेल पाए थे। उन्होंने 369 दिन के बाद चार बार के एशियाई चैंपियन अल हिलाल की तरफ से अपना अगला मैच खेला। मैच समाप्त होने में जब केवल 13 मिनट का समय बाकी था तब नेमार ने मैदान पर कदम रखा। उन्होंने आते ही गोल पर करारा शॉट जमाया लेकिन वह गोल पोस्ट से टकरा गया। अल हिलाल की टूर्नामेंट में यह लगातार तीसरी जीत है।

### सोफिया केनिन पैन पैसिफिक ओपन के दूसरे दौर में

तोक्यो। ऑस्ट्रेलियाई ओपन की पूर्व चैंपियन सोफिया केनिन ने मंगलवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पैन पैसिफिक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। अमेरिका की इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दौर में चीन की दसवीं वरीयता प्राप्त वांग ज़िन्यू को 6-1, 6-4 से पराजित किया। केनिन की वांग ज़िन्यू के खिलाफ यह लगातार चौथी जीत है। कनाडा की बियांका एंड्रीस्कू और अमेरिका की लेयला फर्नांडीज भी दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे। इस वर्ष पैन पैसिफिक में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग क्विनवेन हैं।

# ग्लासगो राष्ट्रमंडल 2026 से नौ खेल किए गए बाहर

## हॉकी, निशानेबाजी, क्रिकेट, बैडमिंटन, कुश्ती सहित कई प्रमुख खेल किए गए बाहर, भारत की पदक जीतने की उम्मीदों को पहुंचा नुकसान

commonwealth games GLASGOW 2026

- लागत कम करने को टेबल टेनिस स्क्वाश व ट्रायथलॉन को भी हटाया
- चार स्थानों पर किए जाएंगे इन खेलों के आयोजन











लंदन, एजेंसी

भारत की राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने की उम्मीद को नुकसान हुआ है क्योंकि मेजबान शहर ग्लासगो ने हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे खेलों को 2026 में होने वाले कार्यक्रम से हटा दिया है तथा केवल 10 खेलों को जगह दी है। लागत कम करने को टेबल टेनिस, स्क्वाश व ट्रायथलॉन को भी हटाया गया है। बर्मिंघम में 2022 में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल नौ खेल अगले खेलों का हिस्सा नहीं होंगे। ये खेल चार स्थानों पर आयोजित होंगे।

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने कहा कि इन खेलों में 10 खेल शामिल होंगे ताकि इनके आयोजनों का स्वरूप भी बना रहे तथा वित्तीय और संचालन संबंधी चिंताओं से भी निपटा जा सके। कार्यक्रम में एथलेटिक्स व पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एवं फील्ड), तैराकी और पैरा तैराकी, कलात्मक जिमनास्टिक, ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बाउल्स और पैरा बाउल्स, 3x3 बास्केटबॉल और 3x3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल शामिल है। राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 23 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित होंगे। ग्लासगो ने इससे पहले 2014 में राष्ट्रमंडल खेल की मेजबानी थी। इन खेलों का आयोजन चार स्थलों स्कॉट्सटाउन स्टेडियम, टोलक्रॉस इंटरनेशनल तैराकी केंद्र, एमिरेट्स एरेना और स्कॉटिश प्रतियोगिता परिसर (एसईसी) में होगा। खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ को होटल में ठहराया जाएगा।

सीजीएफ ने कहा कि ग्लासगो में होने वाले खेलों का आयोजन आठ मील के दायरे में स्थित चार स्थानों पर होगा। इनमें 10 खेल शामिल है। निशानेबाजी को बाहर किया गया है क्योंकि 2014 में इस खेल का आयोजन डंडी में बैरी बुडन सेंटर में हुआ था जो ग्लासगो से 100 किमी दूर है। साथ ही तीरंदाजी भी बाहर है। यह खेल आखिरी बार दिल्ली में 2010 में राष्ट्रमंडल का हिस्सा था। राष्ट्रमंडल 2014 में हॉकी और कुश्ती की मेजबानी करने वाले ग्लासगो ग्रीन और स्कॉटिश प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र को आयोजन स्थलों की सूची से हटाया है, जबकि सर क्रिस होय वेलोड्रोम, जहां उस वर्ष बैडमिंटन हुआ था, इस बार केवल साइकलिंग की मेजबानी करेगा। आयोजकों ने कहा कि इसके लिए लागत और संचालन संबंधी जोखिम मुख्य कारक थे। इनको ध्यान में रखते हुए यह फैसला हुआ कि अतिरिक्त स्थान को जोड़ना महंगा होगा। हॉकी को बाहर करने का कारण यह हो सकता है कि इन खेलों के समाप्त होने के दो सप्ताह बाद 15 से 30 अगस्त तक वावरे, बेल्जियम और एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड में हॉकी विश्व कप होगा। पहले इन खेलों का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के राज्य विक्टोरिया में होना था लेकिन लागत को देखते हुए वह हट गया था। इसके बाद स्कॉटलैंड ने मेजबानी के लिए हामी भरी थी।

### खेलों को बाहर किए जाने से भारतीय खेल समुदाय स्तब्ध

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों से कई खेलों के बाहर होने से भारतीय खिलाड़ी और प्रशासक स्तब्ध हैं। टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने कहा कि यह अफसोसनाक है कि टेबल टेनिस को हटाया गया है। स्क्वाश खिलाड़ी दीपिका पल्लीकल ने कहा कि जब भी ऐसा लगता है कि हम खेल के लिए कुछ कदम आगे बढ़ रहे हैं, तो हम दो कदम पीछे हट जाते हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि उन खेलों को हटाया गया है जिनमें भारत पदक जीतता रहा है। भारतीय ओलंपिक संघ को इस मामले को उठाना चाहिए। हमने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ के सामने शिकायतें रखी हैं और वे इस मामले को सीजीएफ के साथ उठा रहे हैं। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने कुश्ती में अच्छा प्रदर्शन किया है। बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा कि यह चौंकाने वाला और भारतीय खेलों के लिए बड़ा झटका है। राष्ट्रीय राइफल संघ के प्रमुख कलिकेश सिंह देव ने कहा कि यह बहुत अलग राष्ट्रमंडल खेल होगा, जिसमें कई लोकप्रिय खेल नहीं होंगे जो ओलंपिक का अभिन्न अंग हैं। वहीं भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना उनकी टीम का लक्ष्य था। हमारा लक्ष्य इस बार उसमें स्वर्ण पदक जीतना था।

### भारतीय संभावनाओं को पहुंची क्षति, अधिकत्तर खेलों में जीते हैं पदक

राष्ट्रमंडल खेलों का यह कार्यक्रम भारत की पदक संभावनाओं के लिए झटका है, क्योंकि इससे पहले उन्होंने अधिकतर पदक उन खेलों में जीते थे जिन्हें हटाया गया है। निशानेबाजी को बर्मिंघम खेलों के कार्यक्रम से भी हटाया गया था और उसकी वापसी की उम्मीद थी। भारत की पुरुष हॉकी टीम ने तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते हैं, जबकि महिलाओं ने 2002 में स्वर्ण सहित तीन पदक जीते हैं। बैडमिंटन में भारत ने 10 स्वर्ण, आठ रजत और 13 कांस्य पदक सहित कुल 31 पदक जीते हैं। निशानेबाजी में 135 पदक जीते थे जिनमें 63 स्वर्ण, 44 रजत और 28 कांस्य हैं। कुश्ती में 114 पदक मिले हैं, जिनमें 49 स्वर्ण, 39 रजत और 26 कांस्य हैं। क्रिकेट को 2022 में फिर से राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल कर दिया गया था, जिसमें भारतीय महिला टीम ने रजत जीता था। पैरा खिलाड़ी 2002 से इन खेलों का हिस्सा रहे हैं और अगले खेलों में भी बने रहेंगे। सीजीएफ ने कहा कि पैरा खेल को एक बार फिर प्राथमिकता दी जाएगी। इस बार छह पैरा खेल कार्यक्रम में शामिल है। भारत ने 2022 में बर्मिंघम में 16 खेलों में 210 खिलाड़ी उतारे थे। इन खेलों में उसने 61 पदक जीते थे जिनमें 30 पदक उन खेलों में हासिल किए थे जिन्हें अगले राष्ट्रमंडल खेलों के कार्यक्रम से हटा दिया गया है।

# 10 साल बाद दिल्ली में हॉकी, जर्मनी से हिसाब चुकाने को भारत तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर दस साल बाद अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की वापसी होगी और विश्व चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में बुधवार को भारतीय टीम ओलंपिक सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने के इरादे से उतरेगी। दिल्ली में 2013 से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैच नहीं खेला गया है। हाल ही में महिला अंतर विभागीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खेली गई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम और पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी के खिलाफ दोनों मुकाबले इस मैदान पर हॉकी की वापसी को यादगार बनाने का दम रखते हैं।

सूत्रों के अनुसार निजी टिकट पोर्टल पर 12000 से अधिक प्रशंसकों ने मुफ्त टिकट के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। नेशनल स्टेडियम की क्षमता 16400 दर्शकों की है। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के



बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। पेरिस में भारतीय टीम सेमीफाइनल में जर्मनी से 2-3 से हार गई थी। हरमनप्रीत सिंह ने टेस्ट श्रृंखला की घोषणा के बाद कहा था कि यह दो टीमों के बीच मुकाबला ही नहीं है बल्कि दिल्ली में हॉकी की वापसी भी है। हमें उम्मीद है कि इससे ज्यादा से ज्यादा युवा हॉकी के प्रति आकर्षित होंगे। मौजूदा विश्व चैम्पियन जर्मनी को हराना आसान नहीं है।

### कोच फुल्टोन और कप्तान हरमनप्रीत के लिये खास है मेजर ध्यानचंद स्टेडियम

नई दिल्ली। क्रेग फुल्टोन ने तीन दशक पहले इसी मैदान पर बतौर खिलाड़ी पदार्पण किया था और हरमनप्रीत सिंह के जूनियर कैरियर की शुरुआत यहीं हुई लिहाजा मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर लौटना भारत के कोच और कप्तान दोनों के लिये अतीत की यादें ताजा करने जैसा है। भारत और जर्मनी के बीच 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले टेस्ट मैचों के जरिए दिल्ली में एक दशक बाद अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है। इंदिरा गांधी गोल्ड कप के जरिये 1995 में यहां अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में दक्षिण अफ्रीका के लिये बतौर खिलाड़ी पदार्पण करने वाले भारत के कोच फुल्टोन ने कहा कि मैंने यहीं से शुरुआत की थी। यहां वापिस आकर अच्छा लग रहा है। पिछले साल एशियाई खेल के बाद यहां एक कार्यक्रम में भाग लिया था, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी थे लेकिन अब एक कोच के रूप में खेलने के लिए यहां आकर अच्छा लग रहा है।

### सैफ महिला फुटबॉल : भारतीय टीम की नजरें ग्रुप में शीर्ष स्थान पर

- भारत तीन अंक लेकर अभी शीर्ष पर, बांग्लादेश और पाकिस्तान के एक-एक अंक

काठमांडू। सेमीफाइनल में जगह पहले ही पक्की कर चुका भारत बुधवार को सैफ महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के अंतिम ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा तो उसकी नजरें अपना दबदबा बरकरार रखने पर टिकी होंगी। बांग्लादेश की टीम अगर मुकाबले में जीत दर्ज करती है तो ग्रुप के शीर्ष पर रहेगी। भारत अभी तीन अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर चल रहा है। बांग्लादेश और पाकिस्तान के समान एक-एक अंक हैं। बांग्लादेश (0) हालांकि बेहतर गोल अंतर के कारण पाकिस्तान (-3) से आगे दूसरे स्थान पर है। भारत के खिलाफ ड्रॉ खेलकर बांग्लादेश दो अंक के साथ ग्रुप में उप विजेता रहेगा। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 5-2 की जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की थी लेकिन अब उसकी नजरें ग्रुप में शीर्ष पर रहने और बांग्लादेश से 2022 का बदला चुकता करने पर टिकी होंगी।

### साक्षी मलिक के किताब विटनेस में किए दावे पर बोलीं स्टार पहलवान

# यह उसकी निजी राय, मैं उससे सहमत नहीं हूं : विनेश फोगाट

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार पहलवान और कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने मंगलवार को साक्षी मलिक के उन दावों पर असहमति जताई कि एशियाई खेलों के ट्रायल से छूट लेने के उनके और बजरंग पूनिया के फैसले से बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ उनका प्रदर्शन कमजोर पड़ा।

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी ने अपनी किताब विटनेस में दावा किया है कि विनेश और बजरंग के फैसले से उनका आंदोलन स्वार्थपूर्ण लगने लगा। विनेश ने कहा कि यह उसकी निजी राय है। मैं इससे सहमत नहीं हूं। जब तक मैं कमजोर नहीं हूं, लड़ाई कमजोर नहीं हो सकती। यह मेरा मानना है। जब तक साक्षी, विनेश और बजरंग

- कहा- जब तक साक्षी, विनेश और बजरंग जिंदा है, यह लड़ाई कमजोर नहीं हो सकती



जिंदा है, यह लड़ाई कमजोर नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि जिन्हें जीतना है, उन्हें कभी कमजोर नहीं होना चाहिए। उन्हें हमेशा मैदान पर डटकर लड़ना चाहिए। इसके लिए कठोर होना और चुनौतियों का सामना करना जरूरी है। हम लड़ाई के लिये तैयार हैं। साक्षी ने किताब में बताया कि जब बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू किया तो उनके विरोध प्रदर्शन में दरार आने लगी। इन तीनों ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण पर अपने कार्यकाल के दौरान महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और मामला दिल्ली की अदालत में चल रहा है। डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद तदर्थ समिति ने कुश्ती का कामकाज देखना शुरू किया जिसने बजरंग और विनेश को 2023 एशियाई खेलों के ट्रायल्स में छूट दी लेकिन साक्षी ने अपने साथियों के सुझाव के बावजूद ऐसा नहीं करने का फैसला किया। अंत में साक्षी एशियाई खेलों में हिस्सा नहीं ले सकीं लेकिन विनेश खेलों से पहले चोटिल हो गईं और बजरंग पदक जीतने में असफल रहे।

## बॉलीवुड हलचल

# गो नोनी गो में नजर आएंगी डिंपल



मुंबई। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया रोमांटिक कॉमेडी फिल्म गो नोनी गो में काम करती नजर आएंगी। डिंपल की फिल्म गो नोनी गो उनकी बेटी ट्विंकल खन्ना की शॉर्ट स्टोरी सलाम नोनी अप्पा पर आधारित है। ट्विंकल खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म गो नोनी गो का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा कि गो नोनी गो अपनी पहली स्क्रीनिंग के लिए पूरी तरह तैयार है ! सलाम नोनी अप्पा एक कहानी के रूप में शुरू हुई जिसे मैंने पहली बार अठारह साल की उम्र में लिखना शुरू किया था और अपने 40 साल की उम्र में पूरा किया। फिल्म गो नोनी गो का प्रीमियर बुधवार को मुंबई फिल्म फेस्टिवल में होगा। इस फिल्म में डिंपल कपाड़िया, आयशा रजा, मानव कौल और अथिया शेट्टी भी हैं। इस फिल्म को सोनल डबराल और निखिल सचान ने लिखा है और सोनल डबराल ने ही इसे निर्देशित किया है। यह फिल्म पचास के दशक की एक महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी एकमात्र साथी उसकी जिंदादिल बहन है। इस फिल्म को समीर नायर, दीपक सहगल, ट्विंकल खन्ना, तनुज गर्ग और अतुल कस्बेकर के सहयोग से बनाया गया है।

### किशोर कुमार की बायोपिक में काम करेंगे आमिर



मुंबई। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खन, महान पार्श्वगायक किशोर कुमार की बायोपिक में काम करते नजर आ सकते हैं। आमिर इन दिनों सितारे जमीन पर में काम कर रहे हैं। चर्चा है कि निर्देशक अनुराग बसु ने आमिर खान को किशोर कुमार की बायोपिक फिल्म ऑफर की है। इस फिल्म का प्रोडक्शन भूषण कुमार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि किशोर कुमार की बायोपिक निर्देशक अनुराग बसु और निर्माता भूषण कुमार के दिल के काफी करीब है। दोनों इस कहानी को बेहतरीन अंदाज में दुनिया के सामने रखना चाहते हैं। आमिर खान भी किशोर कुमार के बड़े प्रशंसक हैं और उन्हें अनुराग बसु का विजन बहुत पसंद आया। इससे पहले, ऐसी खबरें आई थीं कि रणबीर कपूर, किशोर कुमार का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं।

### कार्तिक की भूल भुलैया-3 का ट्रैक जाना समझो ना रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 का रोमांटिक ट्रैक जाना समझो ना रिलीज हो गया है। भूल भुलैया 3 के रोमांटिक ट्रैक जाना समझो ना को तुलसी कुमार और आदित्य रिखारी ने गाया है। यह गाना कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी पर फिल्माया गया है। इसे लिजो जॉर्ज, डीजे चेतस, और आदित्य रिखारी ने कंपोज किया है, और इसके लिरिक्स आदित्य रिखारी ने लिखे हैं। फिल्म भुल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी नज़र आएंगी। इस फिल्म को अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है और भूषण कुमार ने इसे प्रोड्यूस किया है। भूल भुलैया 3 इस दीवाली यानी 1 नवंबर को रिलीज होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## अलर्ट



बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहे चक्रवाती तूफान का 24 की रात ओडिशा तट को पार करने का अनुमान है। इसलिए एहतियातन मछुआरों को समुद्र तुरंत छोड़ने की सलाह दी गई है।

## सिंगापुर के रक्षा मंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की

**नई दिल्ली।** भारत की यात्रा पर आये सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एनजी इंग हेन ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। डॉ. हेन का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और सिंगापुर के बीच द्विपक्षीय सहयोग का समृद्ध इतिहास है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी की हाल की सिंगापुर यात्रा और भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के दूसरे दौर के समापन से और बढ़ावा मिला है। उन्होंने इस बात पर खुशी जतायी कि ये संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ गये हैं। राष्ट्रपति ने पहले आसियान-भारत समुद्री अभ्यास की सफलतापूर्वक सह-मेजबानी करने के लिए सिंगापुर को बधाई दी, और संयुक्त अभ्यास की आगामी श्रृंखला के लिए सशस्त्र बलों को शुभकामनाएं दीं।

# सीमा पर विश्वास बहाली के प्रयास करेंगे तेज : सेना प्रमुख

## भारत-चीन वार्ता की सफलता पर कहा- दोनों पक्षों को एक दूसरे को आश्वस्त करना होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त को लेकर चीन के साथ एक समझौता होने की भारत की घोषणा के एक दिन बाद सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि फिलहाल हम विश्वास बहाली के प्रयास कर रहे हैं और इसे हासिल करने के लिए दोनों पक्षों को एक दूसरे को आश्वस्त करना होगा।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी यहां रक्षा विचार मंच यूएसआई द्वारा आयोजित एक व्याख्यान के बाद एक संवाद सत्र में बोल रहे थे। भारत ने सोमवार को घोषणा की कि भारतीय और चीनी वार्ताकार पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त के लिए एक समझौते पर सहमत हुए हैं। इस समझौते को रूस में इस हफ्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच संभावित मुलाकात से पहले पूर्वी लद्दाख में चार वर्षों से अधिक समय से जारी सैन्य गतिरोध के समाधान की दिशा में एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। सेना प्रमुख ने कहा, जहां तक हमारा सवाल है, हम देख रहे हैं... हम अप्रैल 2020 की यथास्थिति पर वापस जाना चाहते हैं। इसके बाद, हम सैनिकों को हटाने और वास्तविक नियंत्रण रेखा के सामान्य प्रबंधन पर गौर करेंगे। और, एलएसी का यह सामान्य प्रबंधन सिर्फ वहां से शुरू नहीं होगा। इसमें भी चरण हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को कहा था कि दोनों पक्षों के बीच पिछले कई हफ्तों तक हुई बातचीत के बाद इस समझौते को अंतिम रूप दिया गया और यह 2020 में पैदा हुए गतिरोध के समाधान का मार्ग प्रशस्त करेगा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा था कि भारतीय और चीनी सैनिक एक बार फिर उसी तरह से गश्त शुरू कर सकेंगे।



### गश्त से अनुकूल परिस्थिति मिलती हैं

सेना प्रमुख ने कहा कि मैं यही कह रहा हूं। अप्रैल 2020 से हमारा यही रुख रहा है...और आज भी यही है। इसलिए, अभी तक, हम विश्वास बहाली की कोशिश कर रहे हैं। विश्वास बहाली कैसे होगी। विश्वास तब बहाल होगा जब हम एक-दूसरे से मिलेंगे और हम एक-दूसरे को बफर जोन' के संबंध में समझा पाएंगे और, दोनों को एक-दूसरे को आश्वस्त करना होगा। उन्होंने कहा कि गश्त से आपको इस तरह की अनुकूल परिस्थिति मिलती है और यही शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा, और, जैसे-जैसे हम विश्वास बहाल करेंगे, अन्य चरण भी पूरे होंगे।

## एक नजर

### गोलीबारी में पांच लोगों की मौत, किशोर हिरासत में

**फॉल सिटी।** अमेरिका में सिएटल शहर के दक्षिण-पूर्व में स्थित एक मकान के अंदर सोमवार सुबह हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक किशोर को हिरासत में लिया गया है। किंग काउंटी शेरिफ कार्यालय के प्रवक्ता माइक मेलिस ने सोमवार दोपहर पत्रकारों को बताया लोगों ने सुबह करीब पांच बजे पुलिस को फोन कर वाशिंगटन राज्य के फॉल सिटी में गोलीबारी की सूचना दी।

### 14 करोड़ अमरीकी डॉलर की नशीली दवाएं जब्त की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नौसेना ने नशीली गोलियों की एक बड़ी खेप सहित बड़ी मात्रा में ड्रग्स को सफलतापूर्वक जब्त कर लिया है। सेना ने सोमवार शाम एक बयान में यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि नौसेना ने ऑपरेशन के दौरान दो हजार किलोग्राम हशीश, 370 किलोग्राम बर्फ (क्रिस्टल मेथ) और 50 किलोग्राम हेरोइन जब्त की।

### नेपाल में 20 लाख रुपये की अवैध नकदी बरामद

**काठमांडू।** नेपाल के कपिलवस्तु जिले में गैरकानूनी रूप से 20 लाख रुपये की नकदी रखने के आरोप में मंगलवार को दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के निवासी सलमान कुरैशिया (33) और उमेश सखाराम खानडागले (39) को नेपाल-भारत सीमा पर नियमित सुरक्षा जांच के दौरान कपिलवस्तु जिले के कृष्णानगर इलाके से गिरफ्तार किया गया। वे भारतीय नंबर प्लेट वाले अलग-अलग वाहनों में सवार थे।

### रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने 18 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराये

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने रूसी क्षेत्रों में घुसे 18 यूक्रेनी ड्रोनों को हवा में मार गिराया है जिनमें अधिकांश ड्रोन ब्रांस्क क्षेत्र में थे। रक्षा मंत्रालय ने एक रिपोर्ट में कहा, कीव शासन द्वारा रूसी क्षेत्र को निशाना बनाने के खिलाफ ड्रोन भेजकर आतंकवादी हमला करने के प्रयास को रूस ने विफल कर दिया गया। वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने 18 यूक्रेनी मानव रहित ड्रोनों को रोका और उन्हें नष्ट कर दिया।

# भारत-रूस द्विपक्षीय साझेदारी करेंगे सशक्त

## कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के नेताओं के बीच हुई गहन मंत्रणा

**कजान, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के बीच 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व यहां यूक्रेन-रूस संघर्ष सहित वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य पर गहन विचार मंत्रणा हुई। मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मंगलवार दोपहर को रूस के कजान पहुंचे जहां उनकी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई। मोदी का हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया गया।

प्रधानमंत्री ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल के आतिथ्य और सत्कार के लिए रूसी राष्ट्रपति का हार्दिक आभार व्यक्त किया। मोदी ने मेजबान रूस के राष्ट्रपति के साथ बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा राष्ट्रपति पुतिन के साथ यहां बहुत अच्छी मुलाक़ात हुई। भारत और रूस के बीच संबंध बहुत गहरे हैं, हमारी बातचीत इस बात पर केंद्रित थी कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारी द्विपक्षीय भागीदारी को और सशक्त कैसे किया जाये। मोदी ने आज यहां पुतिन से द्विपक्षीय बातचीत की, जिसमें दोनों देशों की विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी को और मज़बूत बनाने पर चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री ने कहा, महानुभाव, मैं गर्मजोशी भरे आतिथ्य और सत्कार के लिए आपका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। मेरे लिये खुशी की बात है कि कजान जैसे खूबसूरत शहर में आने का अवसर मिला है। इस शहर के साथ तथ्य गहरे और ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। कजान में भारत के नये वाणिज्य दूतावास के खुलने से यह संबंध और मजबूत होंगे। मोदी ने कहा, "पिछले तीन महीनों में मेरा दो बार रूस आने हमारे करीबी समन्वय और गहरी मित्रता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जुलाई में मॉस्को में हुई वार्षिक शिखर सम्मेलन से हर क्षेत्र में हमारे सहयोग को बल मिला है।



कजान में ब्रिक्स सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाथ मिलाते राष्ट्रपति पुतिन।



प्रधानमंत्री से मिलते भारतीय समुदाय के लोग।

### रूसी कृष्ण भक्तों ने भजन गाकर कजान में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया

**कजान।** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए मंगलवार को कजान पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत इस्कॉन के कृष्ण भक्तों द्वारा संस्कृत स्वागत गीत, रूसी नृत्य और कृष्ण भजन के साथ किया गया। भारतीय समुदाय के लोगों ने होटल कॉर्स्टन में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। वे भारतीय तिरंगा लेकर नारे लगा रहे थे। कई लोग अपने मोबाइल फोन से सेल्फी लेते भी दिखे। जब प्रधानमंत्री ने उनमें से कुछ लोगों से हाथ मिलाया तो उन्होंने संस्कृत में एक स्वागत गीत गाया। पारंपरिक भारतीय परिधान पहने रूसी कलाकारों की एक टीम ने रूसी नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे मोदी ने बड़ी दिलचस्पी से देखा।



केक देकर मोदी का स्वागत करती रूसी महिला।

### ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए मोदी ने दी बधाई

मोदी ने कहा कि पिछले एक वर्ष में ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए मैं आपकों बधाई देता हूं। पंद्रह वर्षों में ब्रिक्स ने अपने विशेष पहचान बनायी है और अब विश्व के अनेक देश इससे जुड़ना चाहते हैं। मैं ब्रिक्स समिट में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष पर हम लगातार एक दूसरे के संपर्क में रहे।

# अफ्रीका में औद्योगिकीकरण के लिए मदद की अपील

- द. अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा ने ब्रिक्स के समक्ष रखी मांग

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने ब्रिक्स के अन्य देशों से अपील की है कि वे अफ्रीकी महाद्वीप के देशों के औद्योगिकीकरण में सहायता करें। उन्होंने कहा कि अफ्रीकन कान्टिनेन्टल फ्री ट्रेड एरिया (एसीएफटीए) व्यापार, निवेश और औद्योगिक विकास के लिए बड़े पैमाने पर अवसर पैदा कर रहा है और महाद्वीप अपने 1.3 अरब लोगों की क्षमता को और बढ़ाने के लिए साझेदारों की तलाश कर रहा है।

रामफोसा ने रूस के शहर कजान में आयोजित 'ब्रिक्स बिजनेस फोरम में कहा एसीएफटीए की सफलता के लिए बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश की आवश्यकता है। इसलिए हम ब्रिक्स देशों से अपील करते हैं कि वे हमारे साथ जुड़कर सड़कें, आयात-निर्यात के लिए बंदरगाह, रेल, ऊर्जा और दूरसंचार नेटवर्क बनाएं, जिससे अफ्रीका का औद्योगिकीकरण हो सके और वह दुनिया भर के अन्य देशों के साथ व्यापार कर सके। उन्होंने समूह से महिला स्वामित्व वाले और छोटे व्यवसायों को समर्थन देने की अपील करते हुए कहा अफ्रीका में युवा, डिजिटल रूप से जुड़े लोगों की आबादी रहती है और यहां तेजी से शहरीकरण हो रहा है। अफ्रीका में कौशल विकास में निवेश बढ़ रहा है। व्यापार और निवेश के विस्तार और विविधता लाने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए 'ब्रिक्स बिजनेस फोरम की सराहना करते हुए रामफोसा ने कहा कि इस समूह में वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में महत्वपूर्ण बदलाव लाने की क्षमता है।



### मोदी ने रूस में ईरान के राष्ट्रपति से मुलाकात की

**कजान।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से मुलाकात की। जुलाई में चुनाव जीतने के बाद राष्ट्रपति बने पेजेशकियन और मोदी के बीच यह पहली मुलाकात है।

# संघर्ष विराम के लिए इजराइल पहुंचे ब्लिंकन

- इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से 11वीं बार इस क्षेत्र की यात्रा

**तेल अवीव, एजेंसी**

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से 11वीं बार इस क्षेत्र की यात्रा पर मंगलवार को इजराइल पहुंचे। उनके हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार की हत्या के बाद संघर्ष विराम के प्रयासों को फिर से शुरू करने की अमेरिका की उम्मीदों के बीच शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात करने की संभावना है।

ब्लिंकन के इजराइल पहुंचने से कुछ घंटों पहले मंगलवार को हिजबुल्ला ने मध्य इजराइल में कई रॉकेट दागे, जिससे देश के सबसे घनी आबादी वाले इलाकों और उसके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सायरन बजने लगे। अभी हमले में किसी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इजराइली सेना ने बताया कि लेबनान से उनके देश में पांच रॉकेट दागे गए और ज्यादातर को इजराइली की मिसाइल रक्षा प्रणाली ने नष्ट कर दिया। एक रॉकेट एक खुले इलाके में गिरा।



### हिजबुल्लाह ने तेल अवीव पर 20 रॉकेट दागे

**यरूशलम।** लेबनान स्थित हिजबुल्ला आंदोलन ने मंगलवार को इजराइल के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले राज्य तेल अवीव और देश के उत्तरी क्षेत्र पर करीब 20 रॉकेट दागे। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा, लेबनान से तेल अवीव क्षेत्र की ओर जाने वाले पांच प्रोजेक्टाइल की पहचान की गई, जिनमें से अधिकांश को रोक दिया गया। इस हमले में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

## लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर घोषित

**लाहौर।** पाकिस्तान के सांस्कृतिक शहर लाहौर को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर घोषित किया गया है, क्योंकि यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 394 पर पहुंच गया है। पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने धूम कोहरे (स्मॉग) के प्रभाव को कम करने के लिए कृत्रिम बारिश की योजना बनाई है। एक्यूआई हवा में विभिन्न प्रदूषकों की सांद्रता का माप है। न्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच को संतोषजनक, 101 और 200 के बीच को मध्यम, 201 और 300 के बीच को खराब, 301 और 400 के बीच को बहुत खराब और 401 और 500 के बीच को गंभीर माना जाता है। फसल के अवशेषों को जलाने और औद्योगिक उत्सर्जन के कारण वायु प्रदूषण का संकट बढ़ गया है।

# रिपब्लिकन नेताओं ने नीतिगत मुद्दों पर हैरिस की निंदा की

- गलत आव्रजन, आर्थिक और विदेश नीतियों की आलोचना की

**वाशिंगटन, एजेंसी**

रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े तीन भारतीय-अमेरिकी नेताओं बॉबी जिंदल, निक्की हेली और विवेक रामास्वामी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार एवं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की कथित रूप से गलत आव्रजन, आर्थिक और विदेश नीतियों की आलोचना की है। लुइसियाना के पूर्व गवर्नर बॉबी जिंदल ने एक वीडियो में दावा किया कि हैरिस की चिकित्सा संबंधी मेडिकेयर योजना से 1.2 करोड़ अवैध प्रवासियों को गोल्ड प्लेटेड स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा।

जिंदल का यह वीडियो विज्ञापन के तौर पर सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। राजनीतिक मामलों की एक कार्य समिति अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा जारी वीडियो में जिंदल ने कहा, इससे अमेरिका में अवैध प्रवासियों की बाढ़ आ जाएगी।, कृपया अपने परिवार और मित्रों को इस झूठ के झांसे में नहीं आने दें। जिंदल (53) 2008 से 2016 तक लुइसियाना के गवर्नर थे। 2016 में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने का असफल प्रयास किया था।



## सिंगापुर के संस्थापक के बेटे ने कहा, मैं ब्रिटेन में एक राजनीतिक शरणार्थी

**सिंगापुर।** आधुनिक सिंगापुर के संस्थापक, दिवंगत ली कुआन यू के सबसे छोटे बेटे ली सीन यांग ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अंतिम विकल्प के रूप में ब्रिटिश सरकार से शरण देने की मांग की थी, जिसे मंजूर कर लिया गया है और अब वह ब्रिटेन में एक राजनीतिक शरणार्थी हैं। चैनल न्यूज एशिया (सीएनए) ने यांग के एक फेसबुक पोस्ट के हवाले से खबर प्रसारित की, जिसमें उन्होंने कहा है, मैं अब भी सिंगापुर का नागरिक हूं और उम्मीद करता हूं कि किसी दिन (मेरे लिए) स्वदेश लौटना सुरक्षित होगा। पूर्व प्रधानमंत्री ली सीन लूंग के छोटे भाई यांग ने उनके खिलाफ सिंगापुर सरकार के 'हमलों' का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने साल 2022 में "अंतिम विकल्प के रूप में ब्रिटिश सरकार से शरण देने की मांग की थी।

# डा. मनीष नाजा बने एरीज के नए निदेशक, कार्यभार संभाला

- खगोलीय व पर्यावरण संबंधी शोधकार्यों को देंगे बढ़ावा

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के नवनियुक्त निदेशक डा मनीष नाजा ने मंगलवार को एरीज के निदेशक पद पर कार्यभारग्रहण कर लिया है। उन्होंने कहा कि खगोलीय व पर्यावरण संबंधी शोधकार्यों को बढ़ावा देंगे। वर्तमान में एरीज में अत्याधुनिक तकनीक व सुविधाओं के विकास में हरसंभव सहयोग देंगे।

कार्यवाहक डा . बृजेश कुमार से एरीज के पूर्ण कालिक निदेशक का पदभार ग्रहण किया है। डा नाजा की 2006 में एरीज में नियुक्ति हुई। निदेशक का पद संभालने से पहले वे वैज्ञानिक-जी के पद पर कार्यरत थे। पिछले चार वर्षों से संस्थान के वायुमंडलीय विज्ञान विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने लगभग 90 शोध पत्रों का सह-लेखन किया है और आठ छात्रों का पीएचडी के लिए मार्गदर्शन किया है। उनका शोध प्राथमिक रूप से निचले वायुमंडल के विभिन्न अल्प मात्रा की गैसों, एरोसोल, मौसम विज्ञान, पवन गतिकी, वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित रहा है। मध्य हिमालय की वायुमण्डलीय स्थिति पर मुख्यरूप से अध्ययन रहा है।



## एअर इंडिया बम विस्फोट के संदिग्ध हत्या के दो आरोपियों ने दोष स्वीकारा

**ओटावा।** एअर इंडिया कनिष्क आतंकवादी बम विस्फोट मामले में बरी किए गए रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या के दो आरोपियों ने कनाडा की एक अदालत में हत्या का दोष स्वीकार कर लिया है। मीडिया में आयी खबरों में यह जानकारी दी गयी है। टैनर फॉक्स और जोस लोपेज ने 75 वर्षीय मलिक की हत्या के मामले की सुनवाई की पूर्व संध्या पर सोमवार को ब्रिटिश कोलंबिया (बीसी) की उच्चतम न्यायालय में अपना दोष स्वीकार किया। मलिक की 14 जुलाई 2022 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मलिक और सह-आरोपी अजायब सिंह बागरी को 1985 में हुए दो बम विस्फोटों से संबंधित सामूहिक हत्या और साजिश के आरोपों से 2005 में बरी कर दिया गया था।

**सहमति** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ . एन जी इंग हेन के बीच हुई चर्चा

# भारत-सिंगापुर रक्षा सहयोग बढ़ाने व मजबूत करने पर सहमत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और सिंगापुर ने रक्षा सहयोग का दायरा बढ़ाते हुए इसे मजबूत बनाने तथा इसे नयी उंचाई पर ले जाने पर सहमति व्यक्त की है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एन जी इंग हेन के बीच मंगलवार को यहां हुई छठी भारत-सिंगापुर रक्षा मंत्रिस्तरीय वार्ता के दौरान इस आशय की सहमति बनी।

दोनों रक्षा मंत्रियों ने इस वार्ता की सह-अध्यक्षता की और क्षेत्रीय शांति, स्थिरता तथा सुरक्षा पर दृष्टिकोण साझा किये। इस बैठक को भारत की एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक पूरे होने की पृष्ठभूमि में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें सिंगापुर ने आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र के देशों के साथ रणनीतिक कनेक्टिविटी विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। हाल के वर्षों में दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच नियमित बातचीत हुई है। वर्ष 2025 में भारत और सिंगापुर के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 60 साल पूरे हो रहे हैं दोनों मंत्री रक्षा सहयोग को और बढ़ाने पर सहमत हुए और नई उपलब्धियां हासिल करने पर सहमत हुए। वे संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण पर द्विपक्षीय समझौते को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाने पर भी सहमत हुए। दोनों देश रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन शुरू करने के लिए स्वाभाविक भागीदार हैं, दोनों पक्ष उद्योग सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए, जिसमें स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे विशिष्ट डोमेन में सहयोग की संभावनाओं का पता लगाना भी शामिल है।

दोनों मंत्रियों ने साइबर सुरक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने का भी निर्णय लिया। सिंह ने 2021 से 2024 तक आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक - प्लस में भारत के लिए समन्वयक देश के रूप में सिंगापुर के समर्थन के लिए डॉ. एनजी इंग हेन को धन्यवाद दिया।



सिंगापुर के रक्षामंत्री के साथ द्विपक्षीय चर्चा करते राजनाथ सिंह।

### शांति और स्थिरता के लिए रणनीतिक आवाज बना भारत

सिंगापुर के रक्षा मंत्री ने माना कि भारत एशिया की शांति और स्थिरता के लिए एक रणनीतिक आवाज है। हाल ही में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया था। वार्ता से पहले सिंगापुर के रक्षा मंत्री का औपचारिक स्वागत किया गया और तीनों सेनाओं की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले, सिंगापुर के रक्षा मंत्री ने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद नायकों को पुष्पांजलि अर्पित की।